# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-08-2023

# हॉस्पिटल मैनेजर और संचालक गये जेल

**महिला व नवजात की मौत का मामला**

गोरखपुर (एसएनबी)। कैंपियरगंज के चौमुखा स्थित मां दुर्गा हास्पिटल में मंगलवार को हुई महिला व नवजात की मौत के मामले पुलिस ने गुरुवार को अस्पताल के मैनेजर महराजगंज के कोटा मुकुंदपुर निवासी श्यामसुंदर पासवान को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने बुधवार को संचालक गोरखनाथ के पचपेड़वा निवासी शैलेन्द्र नाथ सोलंकी को गिरफ्तार किया था। दोनों को आज कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि वर्ष 2019 से हास्पिटल का रजिस्ट्रेशन रिनुवल नही हुआ था। अस्पताल में डाक्टर व अन्य स्टाफ के पास कोई डिग्री नही है। लिहाजा पुलिस ने मुकदमे में गैर इरादतन हत्या की जगह अब हत्या की धारा बढ़ा दी है। पुलिस अब अपरेशन करने वाले फर्जी डॉक्टर चिलुआताल निवासी मोहम्मद असलम, टेकिनीशियन व नर्स कैम्पियरगंज निवासी अनिता गिरी तथा नीतू भारती की तलाश में जुटी है।

एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर और पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी, एएसपी मानुष पारीक ने गुरुवार को संयुक्त रूप से पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया की मंगलवार को चौमुखा के वार्ड नम्बर 14 निवासी शैलेश चौरसिया की पत्नी सरिता चौरसिया को प्रसव पीड़ा होने पर माँ दुर्गा हास्पिटल में भर्ती कराया गया था । मंगलवार की सबुह आपरेशन से बच्चा हुआ । कुछ समय के बाद बच्चे की मौत हो गयी । हास्पिटल में भर्ती महिला की शाम के दौरान हालत बिगड़ने पर हास्पिटल संचालक शैलेन्द्र सोलंकी ने दो साथियों के साथ चिलुआताल क्षेत्र के नकहा नम्बर एक के पास निर्मला अस्पताल पहुंचा दिया, जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । मामले की सूचना पर चिलुआताल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही किया । एसएसपी के निर्देश पर मृतका के पति शैलेश की तहरीर पर अस्पताल संचालक समेत 5 पर गैर इरतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया। जांच के दौरान मामला सामने आया कि अस्पताल 2019 में स्थापित हुआ था। 30 अप्रैल 2020 से रजिस्ट्रेशन रिन्यूवल नही है, संचालक केवल बीएएमएस है। जिस डाक्टर ने आपरेशन किया वह लैब टेकिनीशियन था। वही अनिता व नीतू के पास भी कोई डिग्री नही था। बाद पुलिस ने हत्या की धारा बढाई और दोनों को जेल भेज दिया। अन्य तीन आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।



बिना लाइसेंस के अस्पताल संचालित करने के आरोप में कैम्पियरगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त शैलेन्द्र नाथ सोलंकी व श्याम सुन्दर पासवान के बारे में मीडिया को जानकारी देते एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर।

**फर्जी डाक्टर व कम्पाउंडर सहित 3 अन्य की तलाश में छापेमारी**

**संचालक व डॉक्टर समेत 5 लोगों पर दर्ज हुआ था है केस, बढ़ी हत्या की धारा**

**बिना रजिस्ट्रेशन और डिग्री के चला रहा था चौमुखा के मां दुर्गा अस्पताल**

**आरोपितों पर लगेगा गैंगस्टर : डा. गौरव ग्रोवर**

एसएसपी ने कहा कि बीते 6 माह में इस तरह के मामले में 36 अवैध हास्पिटल सीज कराए गए हैं और 17 अस्पताल के जिम्मेदारों पर केस दर्ज हुआ है। सत्यम हास्पिटल के मामले में गैंगस्टर दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा गया है। इस अस्पताल के जिम्मेदारों पर भी गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी। अभी हाल ही में कमिश्नर की बैठक में सीएमओ ने कहा था कि जिले में कोई अवैध अस्पताल नही चल रहा है, फिर भी इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं।

# दो पशु तस्कर गिरफ्तार, तीन गोवंश बरामद

**पिकअप से महिला को ठोकर मार कर भाग रहे थे तस्कर**

**पुलिस के रोकने पर किया कुचलकर हत्या का प्रयास**

भटहट (एसएनबी)। गुलरिहा थाना क्षेत्र के आयुष विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन गेट के सामने साइकिल सवार महिला को ठोकर मार कर भाग रहे पिकअप सवार दो पशु तस्करों को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने पिकअप पर क्रूरतापूर्वक लादे गए तीन गोवंश भी बरामद किया। पुलिस के मुताबिक पशु तस्करों को रोकने का प्रयास किया गया तो उन्होंने पिकअप से कुचलकर उन्हें मारने का प्रयास किया। एक तस्कर मौके से भाग निकलने में कामयाब रहा।

मिली जानकारी के अनुसार आयुष विवि चौकी प्रभारी राजेश पाण्डेय ने तहरीर में लिखा है कि बुधवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान वाहन चेकिंग के लिए तरकुलहां चौराहे पर खड़े थे। तभी मुखबिर खास से सूचना मिली कि एक पिकअप रामनगर चौराहे से कुशीनगर की ओर जा रहा है। जिसमें लदे हुए गौवंशों को काटने के लिए कुशीनगर ले जा रहें है। पिकअप सवार तस्कर महिला को ठोकर मार कर तेज रफ्तार से भाग रहे है।

सूचना मिलते ही वह हमराहियों के साथ तरकुलहा चौराहे पर घेराबंदी करके संदिग्ध पिकअप को देखकर रुकने का इशारा किया तो चालक पुलिस वालों पर जान से मारने की नीयत से ठोकर मारने का प्रयास किया, पुलिस वाले सड़क के नीचे उतर गए। वहीं पीकअप दलदल के कारण गड्ढे में फंस गई। जैसे ही पुलिस पिकअप के तरफ बढ़ी उसमें सवार तीन तस्कर उतर कर भागने लगे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो तस्करों को दबोच लिया वहीं तीसरा भागने में कामयाब रहा। पिकअप में तीन गौवंश क्रूरता पूर्वक बंध हुए छटपटा रहे थे। पुलिस ने हाथ पैर और मुंह की रस्सी काटकर उनको बंधक मुक्त करा कर नगर निगम के कान्हा उपवन भेज दिया।

पकड़े गए एक तस्कर ने अपना नाम प्रदीप चौधरी पुत्र चन्द्रकेश चौधरी दूसरे ने राकेश चौधरी पुत्र जोखन चौधरी निवासी कुसौनाकला थाना मेंहदावल जनपद कुशीनगर बताया। इन्हीं दोनो ने मौके से भाग निकले तस्कर छोटू का नाम पता पुलिस बता दिया है। पुलिस के पूछताछ तस्करों ने बताया कि सड़क के किनारे घूम रहे छुट्टा पशुओं को रात में पिकअप पर लाद कर काटने के लिए कुशीनगर ले जा रहे थे। पुलिस उक्त तीनो तस्करों के खिलाफ धारा 279, 337, 338, 307 और 3/5ए/8 गौ हत्या तथा पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केश दर्ज कर प्रदीप चौधरी और राकेश चौधरी को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के जुर्म में 20 साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म के जुर्म ने विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट राहुल आनंद ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल नकहा नम्बर दो नरिया टोला निवासी अभियुक्त देवीलाल को 20 साल के कठोर कारावास एवं 44 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल तीन माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र राम त्रिपाठी का कहना था कि घटना 15 मई 2019 की रात करीब 12.30 बजे की है। वादी की नाबालिग बच्ची घर पर अकेली सोई हुई थी। उसी समय अभियुक्त घर में घुस गया और वादी की नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म किया। आवाज सुनकर वादी का लड़का आया तो अभियुक्त वादी के बच्चों को गाली गुप्ता देते हुए मारने पीटने लगा और जान मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।

# भू माफिया कमलेश पर दो और केस, पत्नी भी आरोपी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एम्स पुलिस ने बहरामपुर निवासी भू माफिया कमलेश यादव पर दो और जालसाजी का केस दर्ज किया है। एक मुकदमे में उसकी पत्नी मीना भी आरोपी बनी है। इससे साफ है कि अबतक की कार्रवाई में पुलिस भू माफिया के खिलाप गैंगस्टर की कार्रवाई तय मानी जा रही है। वर्तमान में कमलेश जेल में बन्द है, वही उसके गिरोह की साथी अन्नू भी जेल में है। साथ ही कमलेश के पास ग्राहक लाने वाले मनोज को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अब पुलिस उसके साथी शब्बीर , अजय शर्मा, दयानंद व पत्नी मीना की तलाश में जुटी है। पुलिस जल्द ही कमलेश व गिरोह के उसके साथियों पर गैंगस्टर की कार्यवाही कर कमाई की गई अवैध सम्पत्तियों को जब्त करेगी।

**नंदानगर प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के अनुसार तमकुहीराज कुशीनगर निवासी सन्तोष गुप्ता ने तहरीर में बटाया की कुसम्ही में विंध्यवासिनी टेर्डर्स के नाम से प्रॉपर्टी डीलर का धंधा करने वाले कमलेश यादव से रूद्रापुर में 1300 वर्ग जमीन बैनामा कराया था। जिसके बदले 10 लाख रुपया अदा किया गया था। प्रार्थी चिन्हित जमीन पर मकान बनवा कर रह रहा है। लेकिन अब पता चला है कि जमीन का गाटा नंबर सही नहीं है तथा बैनामा भी दूसरे को खड़ा कर कराया गया है। तहरीर के आधार पर एम्स पुलिस कमलेश व कथित भू स्वामी अजय

**पुलिस ने तैयार किया खाका, गैंगस्टर की तैयारी**

**वर्तमान में जेल में बंद है कमलेश, बुधवार को उसका साथी मनोज भी हुआ था गिरफ्तार**

शर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसी क्रम में सेमरा हरदोपट्टी तम्कुहीराज कुशीनगर निवासी रंजना देवी पत्नी रविंद्र सिंह ने तहरीर देकर बताया है कि वर्ष 2013 में मीना देवी पत्नी कमलेश यादव व कमलेश यादव निवासी बहरामपुर से रूद्रापुर में जमीन खरीदा था। तथा 12 लाख 50 हजार रूपया दिया था। अब पता चला है कि जिस जमीन का बैनामा किया गया है वह दूसरे के नाम दर्ज है। पुलिस ने कमलेश व पत्नी मीना पर केस दर्ज किया है। एम्स पुलिस ने कमलेश व उसके साथियों पर एक महीने में 8 केस जमीन को लेकर जालसाजी का दर्ज किया है।

कमलेश व अन्नू को पुलिस ने 31 जुलाई को फौजी की पत्नी दानिश परवीन के तहरीर पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। आरोप था कि 25 लाख लेकर दूसरे की जमीन बेच दी गयी। गिरफ्तार अन्नू फर्जी भूस्वामी नीतू बनकर रजिस्ट्री की थी। वह एक साथी मनोज को बुधवार को इसी मामले में गिरफ्तार किया गया था। अन्य की तलाश में पुलिस जुटी है। कमलेश ने अबतक कई लोगो से करोड़ो की ठगी जमीन के नाम पर की है। सभी ने तहरीर दी है। अभी कमलेश पर कुछ और मामले दर्ज हो सकते है। कमलेश पर पहले से ही खोराबार व चौरीचौरा में 7 केस जालसाजी के दर्ज है। उसपर अबतक कुल 16 केस दर्ज हो चुके है। सेना से रिटायर्ड होने के बाद कमलेश प्रापर्टी डीलर बना। सीलिंग की जमीन को बेचकर वह लोगो को ठग रहा है।

# गैर इरादतन हत्या के जुर्म में आठ साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर जनपद न्यायाधीश जयप्रकाश ने गोला थाना क्षेत्र के चांदपार निवासी अभियुक्त राजकुमार को आठ साल के कठोर कारावास से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार मिश्र एवं राम प्रकाश सिंह का कहना था कि 30 नवम्बर 2015 की शाम 430 बजे वादी सब्जी बेचकर घर आ रहा था।उसी समय वादी का भाई राजकुमार अपने छत से वादी के ऊपर ईट से प्रहार किया।जिससे वादी के सिर पर चोट आई।वादी के परिवार वालों ने देखा तो बीच बचाव किया।जिसके बाद अभियुक्त राजकुमार वादी के दरवाजे पर आया और बरामदे में आकर वादी के पिता त्रिवेनी मौर्या के सिर पर ईट से प्रहार किया।जिससे वादी के पिता की मृत्यु हो गई।

# टेबल फैन में उतरे करंट से व्यक्ति की मौत

**सोनबरसा (एसएनबी)।** एम्स थाना क्षेत्र के सोनबरसा बाजार निवासी छोटेलाल सिंह (55) पुत्र पृथ्वीनाथ सिंह गुरुवार को टेबल फैन में उतर रहे विद्युत करंट की चपेट में आकर झुलस गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कालेज ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

छोटेलाल पीडब्ल्यूडी मे बेलदार के पद पर कार्यरत थे। उनकी पत्नी राजकुमारी देवी का रो- रो कर बुरा हाल है। वह पांच बच्चों गुड़िया देवी (30), खुश्बू देवी (25), किरन देवी (22),अनामिका और एक पुत्र अरुण कुमार सिंह (19) के पिता थे। तीन पुत्रियों की शादी हो चुकी है। छोटी पुत्री और पुत्र अविवाहित है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार को अपराह्न 3 बजे मृतक के घर शिवचर्चा हो रहा था। वही पर वह टेबल फैन लगा रहे थे तभी टेबल फैन मे अचानक करन्ट उतर गया और टेबल फैन की चपेट मे आकर झुलस गए थे।

# सीएम का ओएसडी व मंत्रियों का पीए बन ठगी करने वाला

**गोरखपुर (एसएनबी)।** झंगहा पुलिस ने गुरुवार को एक ऐसे व्यक्ति को उसके साथी संग गिरफ्तार किया जो सीएम का ओएसडी, मंत्रियों व डीजीपी का पीए बन लोगो की मदद करने के बहाने से ठगी करता था। साथ ही वह पुलिस अधिकारियों व थानेदारों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को फोन पर धमकी देता था ताकि उसका काम आसानी से हो जाय। उसकी पहचान बलिया के रसड़ा थाना के छितौनी निवासी चांदनी उर्फ चंदन के रूप में हुई है। वही उसके गिरफ्तार साथी की पहचान देवरिया गौरीबाजार के देवतहा निवासी अशोक यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनो को कोर्ट में पेशकर जेल भिजवा दिया। दोनो के पास से पुलिस ने एक लाल डायरी, 4 सादा सपा का परिचय पत्र, दो आधार, एक मोबाइल व श्रम विभाग के सचिवालय का पास व 5 मोबाइल फोन बरामद किया है।



झगहां पुलिस द्वारा साक्ष्यों के साथ पकड़े गये फर्जी अधिकारी किन्नर चांदनी उर्फ चन्दन व अशोक यादव के बारे में मीडिया को जानकारी देते एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर। फोटो : एसएनबी

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी नार्थ मनोज अवस्थी व एएसपी मानुष पारीक ने बताया कि झंगहा थानेदार गौरव कनौजिया के पास एक व्यक्ति ने फोन किया और सुरेंद्र यादव व गुलाब यादव के मामले को लेकर उलझ गया। उस व्यक्ति

**परिवहन मंत्री व डीजीपी का पीए बन झंगहा थानेदार को धमकाया था पकड़ा गया आरोपी**

**20 जिलों के पुलिस अधिकारियों व थानेदारों तथा अन्य विभागों में फोन पर हड़का कर कराता था काम**

**लाल डायरी में विभिन्न जिलों एसपी डीसीआर व अधिकारियों के नम्बर मिले,बैंक खाते में पांच लाख से अधिक है रकम**

**गिरफ्तार आरोपी बलिया का है रहने वाला, देवरिया में लिया था शरण**

ने खुद को भाजपा का
चांदनी बताया। थानेदार
बाद दूसरे नम्बर से
और कहा कि भाज
है। डीजीपी नाराज
तीसरी बार अन्य
मंत्री दयाशंकर का
धमकी दी। सभी
आवाज में बोल
जानकारी दी। जिस
जांच में जुट गई।
सर्विलांस पर लगा
चांदनी उर्फ चंदन
कर लिया। पुलिस
कलर पर भी
मुख्यालय, एसपी
जिससे फोन उठाने
और किसी को उ
बार वह आवाज ब

# कैश में लेते हैं पेमेंट, थमा देते हैं टूरिस्ट वीजा

## एयरपोर्ट पर मिल जाता है एक आदमी, एक रूम में भेड़-बकरी की तरह रहने का कर देता है व्यवस्था

**गोरखपुर (एसएनबी)।** विदेश जाकर नौकरी करने का अरमान पालने वाले ज्यादातर युवकों संग कुकुरमुत्ते की तरह दुकान खोलकर बैठे शातिर धोखा कर रहे हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि ज्यादातर के पास लाइसेंस तक नहीं है फिर भी मुकामी पुलिस से मिलकर अपनी दुकान चला रहे हैं। विदेश में नौकरी दिलाने का दावा करते हैं लेकिन बेरोजगारों को थमा देते हैं टूरिस्ट वीजा। इसको ठगी नहीं तो और क्या कहेंगे? यही नहीं विदेश जाने वालों से रकम कैश लेते हैं। मंडल में सैकड़ों युवक ऐसे मिल जाएंगे जो ठगी के शिकार हो लाखों रुपये गंवाकर घर बैठे हुए हैं। कई तो अभी भी विदेशों में फंसे हुए है और घर वापस लौटने का इंतजार कर रहे हैं।

कस्बा और चौराहे पर विदेश भेजने वाले धंधेबाज दुकान खोलकर बैठे हुए हैं। कई तो ठीक हैं लेकिन ज्यादातर तो ठगी ही करते हैं। बातचीत में दुकान खोलकर बैठने वाले दावा तो इस तरह से करते हैं जैसे विदेशों में इनकी ही कंपनी है जिसमें वे नौकरी दे रहे हों। कारपेंटर से लगायत फीटर तक की नौकरी झूठ बोलने वाले धंधेबाज देते हैं। बात इतनी लंबी-चौड़ी करते हैं कि हर कोई इनके झांसे में आसानी से आ जाता है। डेढ़ से दो लाख कैश वसूलने के बाद बेरोजगार को दिल्ली या मुंबई भेज दिया जाता है। इनकी 'सेटिंग' इतनी अच्छी रहती है कि वहां से इनको

### विदेश में नौकरी के नाम पर हो रही धोखाधड़ी

**नौकरी की गारंटी के साथ बेरोजगारों को भेज देते हैं विदेश दो माह में खुलती है पोल**

**बेरोजगारों को कहा जाता है कि वहां जाते ही मिल जाएगा वर्क परमिट**

फ्लाइट पकड़वा दी जाती है। विदेश में एयरपोर्ट के पास इनके ही आदमी रहते हैं जो नौकरी करने की इच्छा लेकर जाने वालों को माह-दो माह रोकते हैं लेकिन नौकरी नहीं दिलवा पाते। इसके बाद पैसा देने वाला बेरोजगार फोन करके थक जाता है लेकिन जिसने उसे विदेश भेजा है वह फोन ही नहीं उठाता। वहां शहर के किसी हाल में इनके रहने की व्यवस्था भेड़-बकरी की तरह कर दी जाती है। इसके बाद यह कहा जाता है कि घर से टिकट मंगवा लो और साथ में शपथ-पत्र भी। इस तरह का काम विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले कर रहे हैं। वापस लौटकर अगर कोई युवा वापस भी आता है तो दुकान पर चढ़कर पैसा मांगा तो मुकामी पुलिस को दुकानदार बुला लेता है। पुलिस तरह-तरह की कहानी सुनाकर ठगी के शिकारों को समझाकर वापस घर भेज देती है। अभी झंगहा क्षेत्र में कार्यालय खोलकर बैठे शातिर के द्वारा दर्जनभर को नौकरी दिलाने के नाम पर सउदी अरब भेजा गया। वहां से लिबिया जहां से कुछ वापस आ गए लेकिन अभी भी 14 बेरोजगार फंसे हुए हैं। इसमें 10 बिहार के रहने वाले है। ज्यादातर ने खेत व पत्नी का जेवर बंधक रखा है तो कई ने सूद पर पैसा लिया हुआ है। नौकरी की इच्छा पालकर विदेश जाने वाले यह सोचकर गए थे कि घर की स्थिति सुधर जाएगी लेकिन यहां तो बैठे-बिठाए लाखों के कर्जदार हो गए।

# महिला को घायल कर भाग रहे दो गिरफ्तार

गोरखपुर। गुलरिहा क्षेत्र में बुधवार सुबह पिकअप पर गौवंश लादकर पशु तस्कर जा रहे थे। आयुष विश्विद्यालय के समीप एक साइकिल सवार मजदूर महिला को पिकअप से ठोकर मार दिया। भागते समय गुलरिहा पुलिस ने दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दुर्घटना में घायल महिला का इलाज भटहट के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने तस्करों के खिलाफ हत्या केस प्रयास सहित दो तस्करों को जेल भेज दिया है।

# बच्ची से दुष्कर्म में 20 साल की सजा

गोरखपुर। नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म के जुर्म ने विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट राहुल आनंद ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल नकहा नम्बर दो नरिया टोला निवासी अभियुक्त देवीलाल को 20 साल के कठोर कारावास एवं 44 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल तीन माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

# बैंक कर्मी की पिटाई में व्यवसायी गिरफ्तार

उरुवा बाजार। उरुवा कस्बा स्थित यूको बैंक में बैंककर्मी से हुए विवाद के मामले में पुलिस ने गुरुवार को आरोपी व्यवसाई को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया। उरुवा के व्यवसाई धरम जायसवाल 19 अगस्त को बैंक में पैसा निकालने पहुंचे थे। वहां किसी बात पर कैशियर से उनका विवाद हो गया था। पुलिस ने आरोपी धरम को गिरफ्तार कर लिया गया।

# गैर इरादतन हत्या में आठ साल की सजा

गोरखपुर। गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर जनपद न्यायाधीश जयप्रकाश ने गोला थाना क्षेत्र के चांदपार निवासी अभियुक्त राजकुमार को आठ साल के कठोर कारावास से दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार मिश्र व राम प्रकाश सिंह का कहना था कि 30 नवम्बर 2015 की शाम वादी के भाई राजकुमार पर ईंट से प्रहार किया।

# महिला शराब कारोबारी सहित दो की खुली हिस्ट्रीशीट

गोरखपुर। एसएसपी के निर्देश पर राजघाट पुलिस ने महिला शराब कारोबारी सहित दो बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली है। राजघाट पुलिस ने जिन अपराधियों को दुराचारी घोषित किया है उनमें एक महिला भी है।

पुलिस के मुताबिक महिला रचली शराब की कारोबारी है। राजघाट के चकरा अव्वल अमरुदमंडी निवासी गोकुल की पत्नी रचली के खिलाफ 15 मुकदमा दर्ज है। राजघाट पुलिस अब महिला हिस्ट्रीशीट की निगरानी करेगी। वहीं दूसरी तरफ सम्भू सोनकर पुत्र स्व. मिठाईलाल निवासी अमरुदमण्डी चकरा अव्वल थाना राजघाट की हिस्ट्रीशीट खुली है। शंभू के खिलाफ छह केस दर्ज है।

# विवेचक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश

- मुकदमे में गवाही देने न आने पर दिया आदेश
- 11 सितम्बर को कोर्ट में पेश करने को कहा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। अपर जनपद न्यायाधीश सुबोध वार्ष्णेय ने एक मुकदमे में गवाह विवेचक को गिरफ्तार कर 11 सितम्बर को कोर्ट में पेश करने के लिए एसएसपी को कहा है।

ज्ञात हो कि अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (यूपी एसईबी) के न्यायालय में सरकार बनाम आदर्श पासवान का मामला लंबित है। इसमें अभियुक्त जिला कारागार में निरुद्ध है। पत्रावली में विवेचक संतोष कुमार के अतिरिक्त सभी गवाहों के बयान हो चुके हैं। संतोष कुमार के न्यायालय के समक्ष उपस्थित न होने पर उनके विरुद्ध जारी गैर जमानती वारंट व धारा 350 दंड प्रक्रिया संहिता की नोटिस तामील कराते हुए उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कराने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखा है।

इस मामले में आला कत्ल नुकीला चाकू, खोल व घटना स्थल का खूनालुदा मिट्टी व सादा मिट्टी परीक्षण हेतु विधि विज्ञान प्रयोगशाला गोरखपुर भेजा गया। परंतु आज तक विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट पत्रावली में प्राप्त नहीं हुई। जिससे पत्रावली का निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

# अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। एम्स पुलिस ने नाबालिग के अपहरण के आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान धीरज उर्फ राहुल पुत्र राजेश मूल निवासी ग्राम बेलवली थाना बेल्थरा जिला बलिया हाल मुकाम हनुमान मंदिर के निकट उमा नगर राजेंद्र चौक थाना कोतवाली जनपद देवरिया के रूप में हुई। आरोपित के कब्जे से पुलिस ने नाबालिग लड़की को मुक्त कराया। पुलिस ने गुरुवार को उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

# घर में घुस कर चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। घर में घुसकर चोरी करने के आरोपित को शाहपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसकी पहचान अभिषेक कुमार सिंह उर्फ अंकित कुमार सिंह निवासी बिछिया जंगल तुलसीराम सरस्वतीपुरम के रूप में हुई। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

बिना अनुमति मंदिर परिसर में उड़ा रहा था ड्रोन, पुलिस ने किया जब्त

# गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र में उड़ाया ड्रोन, मुकदमा

**सख्ती**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने के साथ ही परिसर का फोटो व वीडियो शूट करने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल, ड्रोन, हार्डडिस्क जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

गोरखनाथ इलाके के नथमलपुर का रहने वाला मयंक बरनवाल 21 अगस्त की शाम 7 बजे गोरखनाथ मंदिर के ऊपर ड्रोन उड़ा रहा था। साथ ही वह ड्रोन के जरिए मंदिर परिसर और आसपास का फोटो और वीडियो भी शूट कर रहा था। इस बीच सुरक्षा में तैनात जवानों की नजर ड्रोन पर पड़ी। उन्होंने तत्काल पुलिस को अलर्ट कर दिया।

पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए तत्काल ड्रोन उड़ाने वाले व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और ड्रोन को नीचे उतरवाया। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह सिर्फ ड्रोन से फोटो और वीडियो शूट कर रहा था। लेकिन, उसके पास मंदिर परिसर में ड्रोन उड़ाने की कोई अनुमति नहीं थी। इसके बाद पुलिस ने ड्रोन, हार्ड डिस्क और मयंक का मोबाइल कब्जे में लेकर उसे जब्त कर लिया। पुलिस टीम ने घंटों पूछताछ कर उससे यह जानने की कोशिश की कि आखिर वह मंदिर परिसर में ड्रोन क्यों उड़ा रहा था, उसका इसके पीछे मंशा क्या था। मयंक का कहना है कि उसे नहीं पता कि ड्रोन उड़ाना अपराध है। इसलिए उससे यह अनजाने में हो गया। इस मामले में गोरखनाथ पुलिस ने सब इंस्पेक्टर रूपेश कुमार पाल की तहरीर पर पुलिस ने मयंक पर केस दर्ज किया है।



**21** अगस्त की शाम की घटना, दरोगा की तहरीर पर दर्ज हुआ केस

**24** जुलाई को श्रावस्ती के माता प्रसाद करिया की गाड़ी में मिला था कारतूस

## मंदिर के चारों तरफ लगेगी जिओ फेंसिंग

गोरखनाथ मंदिर को ड्रोन की उड़ान से पूरी तरह से सुरक्षित करने के लिए मंदिर परिसर से आधा किमी की परिधि में जिओ फेंसिंग लगाई जाएगी। कोई भी ड्रोन इस बाड़े को पार नहीं कर पाएगा। अगर कोई व्यक्ति जिओ फेंसिंग यानी बाड़ा के अंदर ड्रोन उड़ाने का काम करता है तो उसका ड्रोन से नियंत्रण खत्म हो जाएगा। यही नहीं ड्रोन को मार गिराने के लिए लेजर गन का भी प्रयोग किया जा सकता है।

## जिला प्रशासन को भी बनानी पड़ी गाइडलाइन

गोरखनाथ मंदिर परिसर के ऊपर ड्रोन उड़ाने की घटना के बाद जिला प्रशासन भी अलर्ट हुआ और बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से लोगों को बताया गया कि अब गोरखनाथ मंदिर, रेलवे स्टेशन, खाद कारखाना, एम्स, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय सहित अन्य क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाने के लिए अनुमति लेनी पड़ेगी। अगर कोई ऐसा नहीं करता है तो उसके खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।

## गोरखनाथ मंदिर में चेकिंग में मिला था तमंचा-कारतूस

- 24 जुलाई 2023 को श्रावस्ती के भाजपा नेता माता प्रसाद करिया की गाड़ी में कारतूस मिला था। नेता की हत्या के बाद उनके भाई रिश्तेदारों के साथ मंदिर में जनता दर्शन में आरोपितों की गिरफ्तारी की गुहार आ रहे थे। भाजपा नेता के भाई के खिलाफ आर्म्स एक्ट में कार्रवाई हुई।
- 15 जुलाई 2023 को गोरखनाथ मंदिर में चेकिंग के दौरान बिहार के व्यापारी सुबोध मिश्रा के बैग से 315 बोर का तमंचा मिला था। आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया गया था।

# शादी का झांसा देकर रेप का आरोपित दबोचा

गोरखपुर। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपित कृष्ण दूबे पुत्र मुकेश दूबे निवासी ग्राम बगलहा पो. खजुरी थाना नेबूआ नौरंगिया जिला कुशीनगर व हाल मुकाम घोषीपुरवा गीता वाटिका थाना शाहपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया है जहां से आरोपित को जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक दोनों एक ही पेशे में थे और इसीलिए युवती का कृष्ण दुबे के किराए के मकान पर आना जाना था।

# गैंग लीडर समेत चार पर गैंगस्टर

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने जालसाजी के मामले में चार बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। इंस्पेक्टर कैंट ने बताया कि गैंग का लीडर मनोज दूबे है। वह खुखुन्दु देवरिया का निवासी है, जबकि राधेश्याम सिंह उर्फ मुन्ना सिंह निवासी धतुराखास टोला बडीललिया थाना गौरी बाजार देवरिया, अमित कुमार शुक्ला निवासी गायत्री नगर कूड़ाघाट और मुरलीधर यादव निवासी जंगल सराय बेलवारिया जप्ती थाना गोला का रहने वाला है।

# नकली नोट के धंधे ने बनाया 'गवर्नर'

**हि फॉलोअप**

**कौड़ीराम, हिसं ।** नकली नोट के कारोबार में पकड़ा गया राहुल सिंह उर्फ राहुल राय इलाके में 'गवर्नर' के नाम से मशहूर था। राहुल का असल घर वाराणसी में है। उसकी मां गगहा क्षेत्र में स्वास्थ्यकर्मी थी। ससुराल से अनबन के बाद वह चार बच्चों के साथ गगहा में रहने लगी। गगहा में रहने के दौरान राहुल नकली नोट के धंधेबाजों के संपर्क में आ गया। कुछ दिन तक वह गोरखपुर से लेकर देवरिया और आसपास इलाकों में नकली नोट खपाने का काम करने लगा। धीरे धीरे उसने नकली नोट के कारोबार में महारत हासिल कर ली और खुद ही नोट छापने और खपाने लगा। उसने अपना नेटवर्क भी तैयार कर लिया। नकली नोट के कारोबार में उसकी धमक ने उसे 'गवर्नर' नाम से मशहूर कर दिया।

## बांसगांव-गगहा में भी फैला है राहुल का नेटवर्क

राहुल राय का नकली नोट का कारोबार सिर्फ धनौड़ा तक ही सीमित नहीं है। यह कारोबार बांसगांव और गगहा थाना क्षेत्र के भी फैला है। बांसगांव क्षेत्र के एक प्रधान के करीबी समेत क्षेत्र के कई सफेदपोश भी इस धंधे में शामिल हैं।

**राहुल सिंह से बन गया राहुल राय:** राहुल की मां की शादी वाराणसी में हुई थी। राहुल के पैतृक गांव मे लोग अपने टाइटल में सिंह लिखते हैं। राहुल का भी शुरुआती दौर में नाम राहुल सिंह था लेकिन पिता से संबंध विच्छेद के बाद धनौड़ा आने के बाद राहुल ने अपने नाम का टाइटल बदल दिया और वह राहुल सिंह से राहुल राय बन गया। राहुल चार भाइयों में दूसरे नंबर का है।

**शाम होते ही लगता था जमावड़ा, सजती थी शराब की महफिल:** राहुल राय के धनौड़ा स्थित आवास पर दिन भर सन्नाटा छाया रहता था लेकिन शाम ढलते ही घर पर लोगों का जमावड़ा लग जाता। दरवाजे पर करीब आधा दर्जन बाइक और चार पहिया वाहन खड़े होते थे। घर के अंदर शराब और मीट की दावत चलती थी। लोग इसे राहुल की अमीरी समझ रहे थे लेकिन कारोबार के खुलासे के बाद लोग हैरान रह गए।

**सरकारी जमीन पर बना है मकान:** राहुल का मकान धनौड़ा स्थित सरकारी जमीन पर बना है। राहुल के अपने पैतृक घर से नाता टूटने के बाद उसने ननिहाल में घर बनाकर रहने की योजना तैयार की। राहुल के नाना ने गांव में स्थित घूर गड्ढा की सरकारी जमीन पर मकान बनाने की सहमति दे दी। राहुल की अवैध गतिविधियों से वाकिफ इसके मामा ने मकान बनाने पर आपत्ति जाहिर कर काम रोक दिया था लेकिन बाद में राहुल ने मकान बना लिया।

# सीएनजी व पेट्रोल पंप के नाम पर 1.20 लाख ठगे

**पादरी बाजार।** शाहपुर के खजांची चौराहा निवासी मार्बल व्यवसायी को पेट्रोल व सीएनजी पंप दिलाने के नाम पर जालसाज ने 1.20 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस जांच कर रही है।

खजांची चौराहा निवासी नितीश ने बताया कि अप्रैल में पेट्रोल पंप लगवाने के लिए गूगल पर नंबर खोज रहा था। इसी दौरान एक नंबर से व्हाट्सएप और ईमेल पर वेबसाइट भेज कर कहा गया कि इस पर पंप व सीएनजी के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने आवेदन किया। उसके बाद जालसाज ने फोन कर रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर 25 हजार ऑनलाइन ले लिया। फिर अलॉटमेंट लेटर भेजकर 19 लाख रुपये मांगे। लेकिन नीतीश ने 95 हजार भेजे। लेटर लेकर पेट्रोलियम कार्यालय पहुंचा तो विभाग ने फर्जी बताया।

# अस्पताल के संचालक और प्रबंधक गए जेल

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कैंपियरगंज के चौमुखा स्थित मां दुर्गा हास्पिटल में प्रसव के बाद नवजात की मौत और बाद में प्रसूता की मौत के मामले में पुलिस ने गुरुवार को अस्पताल के मैनेजर महराजगंज के कोटा मुकुंदपुर निवासी श्यामसुंदर पासवान को गिरफ्तार कर लिया, जबकि बुधवार को संचालक गोरखनाथ के पचपेड़वा निवासी शैलेन्द्र नाथ सोलंकी को गिरफ्तार किया था। दोनों को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

उधर, पुलिस की जांच में सामने आया है कि अस्पताल फर्जी तरीके से चल रहा था। पता चला है कि वर्ष 2020 से ही हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण नहीं हुआ था। मौके पर मरीज देख रहे डाक्टर व अन्य स्टाफ के पास कोई डिग्री नहीं है। लिहाजा पुलिस ने मुकदमे में गैर इरादतन हत्या की जगह अब हत्या की धारा बढ़ा दी है। पुलिस ने ऑपरेशन करने वाले फर्जी डॉक्टर चिलुआताल निवासी मोहम्मद असलम, टेकिनीशियन व नर्स कैम्पियरगंज निवासी अनिता गिरी तथा नीतू भारती की तलाश में जुटी है।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर और पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी, एएसपी मानुष पारीक ने बताया कि मंगलवार को चौमुखा के वार्ड नम्बर 14 निवासी शैलेश चौरसिया की पत्नी सरिता को प्रसव पीड़ा होने पर माँ दुर्गा हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार सबुह ऑपरेशन से बच्चा हुआ। कुछ समय के बाद बच्चे की मौत हो गयी। हास्पिटल में भर्ती महिला की शाम को हालत बिगड़ने पर हास्पिटल का संचालक शैलेन्द्र सोलंकी ने दो साथियों के साथ चिलुआताल क्षेत्र के नकहा नम्बर एक के पास निर्मला अस्पताल पहुंचा दिया। जहां के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवारीजनों के हंगामे पर पहुंची चिलुआताल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही के लिए भेज दिया। एसएसपी के निर्देश पर सरिता के पति शैलेश की तहरीर पर पुलिस ने अस्पताल संचालक समेत 5 पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



पुलिस की गिरफ्त में अस्पताल संचालक और प्रबंधक ।

## रजिस्ट्रेशन रिन्यूवल नहीं

जांच में सामने आया कि अस्पताल का 2019 में स्थापित हुआ था। 30 अप्रैल 2020 से रजिस्ट्रेशन रिन्यूवल नहीं था। संचालक के पास बीएएमएस की डिग्री थी। जिस डॉक्टर ने ऑपरेशन किया वह केवल लैब टेकनीशियन था। वहीं कर्मचारी के पास भी कोई डिग्री नहीं थी, जिसके बाद पुलिस ने हत्या की धारा बढ़ाई है।

# जुआ खेलते छह लोग पकड़े गए

कुसम्ही बाजार। एम्स पुलिस ने गुरुवार को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते छह लोगों को पकड़ा है। बाद में सभी को मुचलके पर छोड़ दिया।

**67 सौ रुपया नकद भी बरामद :** थानाध्यक्ष एम्स मदन मोहन मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग महादेव झारखंडी शिव मंदिर के पीछे रामगढ़ताल के किनारे जुआ खेल रहे हैं। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर जुआ खेल रहे छह लोगों को दबोच लिया। उनके पास से 67 सौ रुपया नकद भी बरामद हुआ है।

थानाध्यक्ष ने पकड़े गए लोगों का नाम विरेन्द्र यादव गिरधरगंज, बृजेश यादव टोला, मुकेश जायसवाल नीना थापा झरना टोला, सुधाकर साहनी दिव्यनगर कैंट व सौरभ यादव निवासी दिव्यनगर थाना कैंट बताया है।

## अफसरों को रौब में लेकर लोगों से काम के नाम पर लेता था पैसा, आवाज बदलने में माहिर है आरोपी

# मुख्यमंत्री का ओएसडी बनकर जालसाजी, किन्नर गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखपुर पुलिस ने बलिया के रहने वाले एक ऐसे जालसाज को पकड़ा है जो कभी मुख्यमंत्री का ओएसडी तो कभी डीजीपी का पीए बनकर अफसरों पर रौब जमाता और काम के बदले आम लोगों से रुपये वसूलता था। आवाज बदलने में माहिर आरोपी किन्नर पर गोरखपुर सहित पांच जिलों में 11 मुकदमे दर्ज हैं।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने धरपकड़ का खुलासा करते हुए बताया कि झंगहा इलाके में अगस्त के पहले सप्ताह में एक व्यक्ति ने थानेदार को फोन किया और खुद को अफसर बताकर अपशब्द बोले। इस मामले में केस दर्ज कर छानबीन शुरू हुई तो पता चला कि कई थानेदारों और अफसरों के पास इस तरह की कॉल आ चुकी है। उसके बाद जिन नम्बरों से कॉल आई थी, उन्हें सर्विलांस से ट्रेस कर गुरुवार को दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। एक की पहचान किन्नर चांदनी उर्फ चन्दन निवासी छितौनी, थाना रसड़ा, बलिया और दूसरे का अशोक यादव निवासी देवतहा, थाना गौरीबाजार, देवरिया के रूप में हुई।

**13 नाम, नौ नम्बर और पांच मोबाइल से कॉल :** जांच के बाद पता चला कि चंदन उर्फ चांदनी उर्फ पुष्पा किन्नर ने अब तक 13 नामों का इस्तेमाल किया। नौ मोबाइल नम्बर उसके पास मिले। वहीं पांच मोबाइल फोन से वह कॉल करता था। जांच में सामने आया कि जो अफसर बात नहीं सुनता उसका ट्रांसफर कराने की धमकी देता था।




मुख्यमंत्री का ओएसडी बनकर जालसाजी करने का आरोपी गिरफ्तार। एसएसपी ने गुरुवार को कार्रवाई का खुलासा किया।

### पांच जिलों में है चंदन का जालसाजी का नेटवर्क

एएसपी मानुष पारिक ने बताया कि चंदन पहले ट्रेन में घूम कर पैसा मांगता था। बीते 15 साल से वह जालसाजी करने लगा था। जालसाज चंदन के पास से सपा और भाजपा के चार-चार आईडी कार्ड भी बरामद हुआ है। उसके पास पुणे के पते का पैन नम्बर और बलिया तथा जौनपुर के पते का आधार कार्ड मिला है। उसके खाते में पांच लाख रुपये भी मिले हैं।

### मुख्यमंत्री का ओएसडी बनकर वसूले 70 हजार

10 अगस्त 2023 को झंगहा बरही के रहने वाले राम दरश का अपने पड़ोसी शंकर व सुरेन्द्र तथा संजय से भूमि विवाद चल रहा है। रामदरश के पक्ष में मदद करने के लिए चंदन से बरही पुलिस चौकी के पास पास बात हुई। उसने खुद को मुख्यमंत्री का ओएसडी बता पांच लाख रुपये में काम कराने की बात कही। राम दरश ने कथित ओएसडी को 70 हजार रुपये दिए। बाकी पैसा काम होने के बाद देने के लिए कहा। उसने एसपी डायल 112 बनकर पीआरवी टीम को मौके पर भेजकर काम रुकवा दिया। उसके बाद राम दरश से और पैसे मांगे। रामदरश के रुपये देने मना करने के बाद उसने विरोधी पक्ष से भी पैसा लेकर एसओ झंगहा और एसडीएम चौरीचौरा को विश्वास में लेकर दोनों पक्षों का चालान करा दिया। बाद में यह मामला खुला।

### जमीन विवाद में थानेदार को हड़काया तब खुली पोल

पांच अगस्त 2023 को दिन में करीब डेढ़ बजे और तीन बजे झंगहा थानेदार गौरव के व्यक्तिगत मोबाइल नम्बर पर फोन आया। फोन करने वाले ने करही थाना झंगहा से संबंधित सुरेन्द्र यादव और गुलाब यादव से जुड़े जमीन के मामले में बात करने के दौरान थानेदार से अपशब्दों का प्रयोग कर ट्रांसफर की भी धमकी दी। इसी क्रम में एक दूसरे नम्बर से तीन बजकर नौ मिनट पर फिर फोन आया। इस बार भी अपशब्दों का प्रयोग करते हुए ट्रांसफर की धमकी दी गई। वहीं डीसीआर द्वारा एक तीसरे मोबाइल नम्बर की आरटी सेट से सूचना दी गई कि यह नम्बर डीजीपी कंट्रोल रूम का है। इस नम्बर पर कार्यलेखा पर मौजूद दीवान या मुंशी तुरंत बात करें। हेड कांस्टेबल मनोज मिश्र ने फोन मिलाकर एसओ से बात कराई। उस नम्बर पर भी उसी प्रकरण में बात की गई। इसके अलावा तीन अन्य नम्बरों से भी फोन आए। थानेदार ने इस मामले में अपने अधिकारियों को सूचना देकर केस दर्ज किया। छानबीन में मामला खुल गया।

### हेड कांस्टेबल को कहा था, बना दूंगा थानेदार

चंदन ने जौनपुर के एक हेड कांस्टेबल को एसओ बनाने के लिए पैसेकी डिमांड की थी। हेड कांस्टेबल से कहा था कि वह डीजीपी का पीआरओ बोल रहा है। उसे किसी थाने का चार्ज मिल जाएगा।

### मामले में किया था फोन

पिपराइच में कुछ दिन पहले एक महिला के मामले में चंदन ने एसएसपी पीआरओ, एसपी नार्थ व एसएसपी को किन्नर समाज का अध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) बन फोन किया और पैरवी की थी।

# फल व्यवसायी से 5.80 लाख की ऑनलाइन ठगी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। महेवा फल मंडी में फलों का कारोबार करने वाले एक व्यवसायी से 5.80 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी हुई है। जालसाजों ने बगैर ओटीपी का प्रयोग किए कारोबारी के खाते से तीन बार में लाखों रुपये उड़ा लिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने बैंक और साइबर थाने को सूचित करने के साथ ही तत्काल नेशनल साइबर क्राइम इंसीडेंट पर ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई है। जबकि घटना के एक सप्ताह बाद भी राजघाट थाना पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

राजघाट थानांतर्गत अलहदादपुर छोटी मस्जिद निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता महेवा फल मंडी में फल के आढ़ती हैं। उनके मुताबिक 17 अगस्त की रात 11 बजे के बाद उनके यूनियन बैंक ऑफ इंडिया नौसढ़ ब्रांच के खाते से बगैर किसी ओटीपी के पहली दफा 5 लाख और क्रेडिट कार्ड से दो बार में क्रमशः 60 हजार और 19,500 रुपए जालसाजों ने ऑनलाइन निकाल लिए। रात 12.53 और 1.16 पर मोबाइल पर बैंक द्वारा एसएमएस अलर्ट आने पर उन्हें लाखों रुपये निकाले जाने की जानकारी हुई। अपने साथ साइबर फ्राड होने की जानकारी होते ही प्रदीप ने तत्काल बैंक के टोल फ्री नम्बर पर कॉल करके अपना खाता फ्रीज करा दिया। दूसरे दिन सुबह ही ब्रांच पर जाकर जानकारी दी। 18 अगस्त को ही उन्होंने इस संबंध में थाना राजघाट, साइबर थाना एवं नेशनल साइबर क्राइम इंसीडेंट को लिखित सूचना दी। नेशनल साइबर पर ऑनलाइन एफआईआर भी दर्ज कराया।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी के मामले में केस

गोरखपुर। कैंट थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। पीड़ित माया देवी का आरोप है कि विदेश में काम दिलाने के नाम पर टूरिस्ट वीजा पर भेजकर दूसरे काम पर लगा दिया। कैंट पुलिस ने तीन के खिलाफ विश्वास में लेकर धोखाधड़ी एवं जान से मारने की धमकी का केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# पेट्रोल का दाम मांगने पर मैनेजर को पीटा

बांसगांव। चिलुआताल निवासी उग्रसेन मल्ल का बांसगांव के ग्राम सरबसी में पेट्रोल पम्प है। ग्राम सवंरूपुर निवासी शेषनाथ सिंह पंप पर मैनेजर हैं। तहरीर के अनुसार, गुरुवार दोपहर बांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम देवनाथपुर निवासी मनबढ़ प्रितोष यादव अपने 6-7 अज्ञात साथियों के संग पेट्रोल पम्प पर तेल भरवाया और बिना रुपये दिए जाने लगा। रोकने पर मैनेजर को पीट दिया।

# डाक्टर बन टेक्नीशियन चला रहा था अस्पताल

## दो आरोपित किए गए गिरफ्तार, 30 अप्रैल 2020 को समाप्त हो गया था मां दुर्गा अस्पताल का पंजीकरण

**22** अगस्त को हो गई थी जच्चा-बच्चा की मृत्यु

**5** लोगों पर पुलिस ने दर्ज किया था हत्या के प्रयास का मुकदमा

**2019** में सीएमओ कार्यालय से हुआ था पंजीकरण

**3** आरोपित इस मामले में चल रहे हैं फरार, इन पर लगेगा गैंगस्टर

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : कैंपियरगंज के चौमुखा में अवैध रूप से चल रहे मां दुर्गा हास्पिटल का पंजीकरण 30 अप्रैल, 2020 को समाप्त हो गया था। यहां का ओटी टेक्नीशियन मो. असलम सिद्दीकी ही फर्जी डाक्टर बनकर अस्पताल चला रहा था। उसकी लापरवाही से 22 अगस्त को जच्चा-बच्चा की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में संचालक, फर्जी डाक्टर समेत पांच पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया था। गुरुवार को संचालक गोरखनाथ के पचपेड़वा के शैलेंद्रनाथ सोलंकी और मैनेजर महराजगंज के कोटा मुकुंदपुर के श्यामसुंदर पासवान की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने धारा बढ़ाते हुए गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया। दोनों आरोपितों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया। फर्जी डाक्टर व कंपाउंडर समेत तीन की पुलिस तलाश कर रही है।

पुलिस लाइन में घटना का पर्दाफाश करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि आरोपित संचालक ने वर्ष 2019 में मां दुर्गा अस्पताल का पंजीकरण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से कराया था। एक वर्ष बाद ही अस्पताल का पंजीकरण समाप्त हो गया था। इसके बाद संचालक द्वारा चिलुआताल के भीटिनी के रहने वाले आपरेशन थियेटर का टेक्नीशियन मो. असलम को डाक्टर, कैंपियरगंज की रहने वाली अनीता गिरी और नीतू भारती को नर्स बनाकर अस्पताल चलाया जा रहा था। श्यामसुंदर इस अस्पताल का मैनेजर था।



गिरफ्तार अस्पताल संचालक व मैनेजर के बारे में जानकारी देते एसएसपी व अन्य • जागरण

### छह माह में 17 अस्पतालों के जिम्मेदारों पर दर्ज हुआ केस

पुलिस ने छह माह के अंदर अवैध तरीके से चल रहे 36 अस्पतालों की जांच कर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उन्हे सीज कराया है। वहीं 17 अस्पतालो के जिम्मेदारों पर केस दर्ज किया है। सत्यम हास्पिटल के मामले मे गैंगस्टर की कार्रवाई कर आरोपितों को जेल भेजा गया है।

### आयुर्वेद की डिग्री पर चला रहा था एलोपैथ का अस्पताल

पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि मां दुर्गा हास्पिटल के संचालक शैलेंद्रनाथ सोलंकी के पास बीएएमएस (बैचलर आफ आयुर्वेद मेडिसिन एंड सर्जरी) की डिग्री है। इसके बाद भी वह एलोपैथ का अस्पताल चला रहा था। ऐसे में संचालक समेत अन्य आरोपितों ने बिना डिग्री के महिला का आपरेशन कर दिया और उसकी मृत्यु हो गई, इसलिए पुलिस ने हत्या की धारा बढ़ा दी है। फरार चल रहे अन्य तीन आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की जाएगी।

### यह था पूरा मामला

21 अगस्त को चौमुखा वार्ड नंबर-14 के शैलेश चौरसिया ने पत्नी सरिता चौरसिया को मां दुर्गा अस्पताल में भर्ती कराया। 22 की सुबह आपरेशन से बच्चा हुआ, जिसकी कुछ देर में मृत्यु हो गई। आपरेशन होने के बाद महिला की हालत काफी गंभीर हो गई तो शाम को अस्पताल का संचालक उसे लेकर चिलुआताल के नकहा नंबर-एक के पास निर्मला अस्पताल पहुंच गया, जहां डाक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पति शैलेश चौरसिया ने अस्पताल के संचालक समेत पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

# गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र में उड़ाया ड्रोन, मुकदमा

- बिना अनुमति के मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र की खींची तस्वीर
- दारोगा ने दर्ज कराया मुकदमा, जब्त किया गया ड्रोन, हार्ड डिस्क व फोन

जासं, गोरखपुर : गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र में बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने और परिसर व आसपास के क्षेत्र की तस्वीर खींचने वाले युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। ड्रोन के साथ ही हार्ड डिस्क व उसका मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है। गोरखनाथ थाने के दारोगा रूपेश कुमार पाल ने उस पर निषेधाज्ञा के उल्लंघन व ड्रोन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

21 अगस्त की शाम सात बजे नथमलपुर में रहने वाला मयंक बरनवाल गोरखनाथ मंदिर के ऊपर ड्रोन उड़ा रहा था। ड्रोन के जरिये मंदिर परिसर और आसपास की फोटो खींचकर वीडियो भी शूट कर रहा था। इस बीच मंदिर की सुरक्षा में तैनात जवानों की नजर ड्रोन पर पड़ी। यह देख सुरक्षाकर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। उन्होंने तत्काल पुलिस को अलर्ट कर दिया। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए तत्काल ड्रोन उड़ाने वाले युवक को हिरासत में ले लिया और नीचे उतरवाया। पूछने पर पता चला कि युवक के पास मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने की अनुमति नहीं है। इसके बाद पुलिस ने ड्रोन, हार्ड डिस्क और उसका मोबाइल कब्जे में लेकर जब्त कर लिया। युवक पर मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि हिरासत में लिए गए युवक का शांति भंग में चालान किया गया है।

**एलआइयू व पुलिस ने घंटों की पूछताछ** : गोरखनाथ थाना पुलिस व एलआइयू की टीम ने मयंक से पूछताछ कर यह जानने की कोशिश कि आखिर वह ड्रोन क्यों उड़ा रहा था? इसके पीछे उसकी क्या मंशा थी? उसका कहना है कि उसे नहीं पता था कि ड्रोन उड़ाना अपराध है, इसलिए यह अनजाने में हो गया।

# शौचालय की टंकी के निर्माण को पुलिस ने रोकवाया

**भटहट** : गुलरिहा थाना क्षेत्र के जमुनिया में गुरुवार को दूसरे वर्ग की महिला द्वारा पूजा स्थल के समीप शौचालय की टंकी का निर्माण कराया जा रहा था। लोगों ने इसकी जानकारी गुलरिहा थाने पहुंचकर पुलिस को दी। इंस्पेक्टर जेएन शुक्ल के निर्देश पर मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक संजय सिंह ने निर्माण रोकवा दिया। दिया। उप निरीक्षक ने बताया कि धार्मिक स्थल के पास शौचालय की टंकी का निर्माण करना गलत है। (जासं)

# कच्ची बेचने वाली रचली समेत दो की हिस्ट्रीशीट खुली

**गोरखपुर** : कच्ची बेचने वाली रचली व नशे का धंधा करने वाले शंभू सोनकर की राजघाट थाना पुलिस ने हिस्ट्रीशीट खोली है। रचली के विरुद्ध राजघाट थाना में 15 मुकदमे दर्ज हैं। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि चकरा अव्वल की रहने वाली रचली 18 वर्ष से कच्ची बेच रही है। चकरा अव्वल के शंभू सोनकर पर एनडीपीएस, मारपीट, दहेज उत्पीड़न व आबकारी एक्ट के छह मुकदमे दर्ज हैं। (जासं)

# गैर इरादतन हत्या के मामले में पुत्र को आठ वर्ष की सजा

गोरखपुर : पिता की गैर इरादतन हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर जनपद न्यायाधीश जयप्रकाश ने गोला के चांदपार निवासी राजकुमार को आठ वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राम प्रकाश सिंह एवं धर्मेंद्र कुमार मिश्र का कहना था कि 30 नवंबर 2015 की शाम 4.30 बजे वादी ओमप्रकाश सब्जी बेचकर घर आ रहा था। उसी समय उसका भाई राजकुमार छत से ईंट से प्रहार कर दिया, जिससे उसके सिर पर चोट आई। परिवार वालों ने देखा तो बीच-बचाव किया। वादी दवा कराने जा रहा था तभी राजकुमार वादी के दरवाजे पर आया और वादी के पिता त्रिवेनी मौर्य के सिर पर ईंट से प्रहार कर दिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निर्णय दिया। (जासं)

# दुकान से डेढ़ लाख कीमत के मोबाइल फोन चोरी

मुंडेरा बाजार : चौरीचौरा तहसील गेट के पास विकास इलेक्ट्रानिक की दुकान में छत के रास्ते घुसे चोरों ने 15 मोबाइल फोन व कुछ इलेक्ट्रानिक उपकरण चुरा लिया। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसी कैमरे में कैद है। पीड़ित दुकानदार विकास जायसवाल ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच कर रही है। (जासं)

# पशु तस्करों ने पुलिस की गाड़ी में ठोकर मारने का किया प्रयास

जासं, भटहट : आयुष विश्वविद्यालय के सामने महिला को ठोकर मारकर भाग रहे पिकअप को पुलिस ने बुधवार को पकड़ा था। इस पर लदे तीन गोवंश को काटने के लिए पशु-तस्कर कुशीनगर जा रहे थे। पुलिस ने चालक को रुकने का इशारा किया तो वह जान से मारने की नीयत से पुलिस के वाहन में ठोकर मारने का प्रयास किया। पुलिस पिकअप की तरफ बढ़ी तो उसमें सवार तीन पशु-तस्कर उतर कर भागने लगे। इस पर पुलिस ने दो पशु-तस्करों को पकड़ लिया। तीसरा भागने में सफल हो गया। पकड़े गए एक पशु-तस्कर ने अपना नाम प्रदीप चौधरी, दूसरे ने राकेश चौधरी निवासी कुसौना कला थाना मेंहदावल, संतकबीर नगर बताया। इन्हीं दोनों ने मौके से भाग निकले तस्कर पीपीगंज निवासी छोटू का नाम पता पुलिस को बताया है।

# भू-माफिया पर दो और केस, पत्नी भी आरोपित

जासं, गोरखपुर : भू-माफिया कमलेश यादव के विरुद्ध गुरुवार को एम्स थाना पुलिस ने जालसाजी के दो और मुकदमे दर्ज किए। एक मामले में उसकी पत्नी मीना भी आरोपित बनी है। चार दिन के अंदर कमलेश के विरुद्ध पुलिस नौ मुकदमे दर्ज कर चुकी है।

कुशीनगर तमकुहीराज के संतोष गुप्ता ने गुरुवार को एम्स थाने में पहुंचकर पुलिस को बताया कि उसने 10 लाख रुपये देकर कमलेश से रुद्रापुर में जमीन बैनामा कराया था, जो फर्जी है। पुलिस ने कमलेश और कथित भू-स्वामी अजय शर्मा पर केस दर्ज किया। कुशीनगर के तमकुहीराज हरदोपट्टी की रहने वाली रंजना देवी ने तहरीर देकर बताया कि वर्ष 2013 में बहरामपुर की रहने वाली मीना देवी और उसके पति कमलेश यादव से 12.50 लाख में रुद्रापुर में जमीन खरीदी थी। वह दूसरे के नाम पर दर्ज है।

# सीएनजी व पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर 1.20 लाख हड़पे

**जासं, पादरी बाजार :** सीएनजी व पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर जालसाज ने शाहपुर के खजांची चौराहे के रहने वाले नितिश से 1.20 लाख रुपये हड़प लिए। उनकी तहरीर पर शाहपुर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

नितिश ने बताया कि अप्रैल में पेट्रोल पंप लगवाने के लिए गूगल पर नंबर खोज रहा था। इसी दौरान एक नंबर से वाट्सएप और ई-मेल पर वेबसाइट भेज कहा गया कि इस पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन किया तो जालसाज ने फोन कर रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर 25 हजार रुपये आनलाइन मांगा। इसके बाद अलाटमेंट लेटर भेजकर 19 लाख रुपये की मांग की। पैसा न होने की वजह से 95 हजार रुपये भेजकर लेटर लेकर पेट्रोलियम कार्यालय पहुंचा तो विभाग ने बताया कि लेटर फर्जी है। इसके बाद आए नंबर पर फोन करने पर वह बंद बता रहा है।

## फल व्यवसायी से 5.80 लाख रुपये की आनलाइन ठगी

**जासं, गोरखपुर :** राजघाट क्षेत्र के अलहदादपुर छोटी मस्जिद के पास रहने वाले प्रदीप गुप्ता से साइबर अपराधियों ने 5.80 लाख की आनलाइन ठगी कर ली। उन्होंने स्थानीय और साइबर थाने में तहरीर दी है। प्रदीप का कहना है कि मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। थानेदार उच्चाधिकारियों से शिकायत करने को कह रहे हैं। प्रदीप ने बताया कि महेवा फल मंडी में उनकी दुकान है। 17 अगस्त की रात मोबाइल फोन पर 12:53 बजे और 1:16 बजे पांच लाख निकलने का बैंक का मैसेज आया। अगले दिन यूनियन बैंक आफ इंडिया नौसढ़ ब्रांच पर गया तो पता चला एक बार में चार लाख 20 हजार 500 और क्रेडिट कार्ड से दो बार में 60 हजार और 19 हजार 500 निकाले गए हैं।

## चार जालसाजों पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज

**जासं, गोरखपुर :** जालसाजों के गिरोह पर कैंट थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। चार आरोपितों में दो देवरिया के हैं। बेलीपार के ठीकेदार को लाटरी निकलने का झांसा देकर आरोपितों ने चार लाख रुपये ले लिए थे। सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि बेलीपार के रहने वाले व्यापारी को टीका दिलाने का झांसा देकर चार जालसाजों ने रुपये ले लिए थे। घटना मोहद्दीपुर के एक होटल में हुई थी। आरोपितों को कैंट पुलिस ने जेल भेजा था। प्रभारी निरीक्षक ने गुरुवार की सुबह गिरोह के सरगना देवरिया, खुखुन्दु में भलुअनी के मनोज दूबे, गौरीबाजार के धतुराखास गांव में रहने वाले राधेश्याम सिंह उर्फ मुन्ना के अलावा गायत्री नगर कूड़ाघाट के अमित शुक्ला व गोला के बेलवारिया जप्ती गांव के रहने वाले मुरलीधर यादव के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया।

## दो पंपिंग सेट लदे पिकअप के साथ चोर गिरफ्तार

**जासं, भटहट :** चौकी पुलिस ने दो पंपिंग सेट लदे पिकअप के साथ दो चोरों को गुरुवार की सुबह पिपराइच थाना क्षेत्र के बड़ेगांव चौराहे के समीप से गिरफ्तार किया। बरगदही के रविंद्र निषाद और निशा का पंपिंग सेट पिकअप पर लाद कर चोर उठा ले गए थे। मुकदमा दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश कर रही थी। बरगदही – पिपराइच मार्ग पर स्थित एक घर के बाहर लगे सीसी कैमरे में चोरों के कुछ फुटेज मिले थे। इसी आधार पर गुरुवार की सुबह पुलिस को सफलता मिली। पूछताछ के दौरान चोरों ने अपना नाम नागेंद्र यादव और करन यादव निवासी कस्बा पिपराइच बताया। चोरों ने 14 जुलाई की रात में भटहट बीआरसी के दीवार में लगी सीमेंट की जाली तोड़ कर दो इनवर्टर बैटरी, एक सीपीयू व एक यूपीएस भी चुराने की बात स्वीकार की।

# सीएम का ओएसडी तो कभी मंत्री बन जमाता था धौंस

### पुलिस ने साथी संग किया गिरफ्तार, परिवहन मंत्री व डीजीपी का पीए बन थानेदार को जमीन मामले में दी थी धमकी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** सीएम का ओएसडी, मंत्रियों व डीजीपी का पीए बनकर अधिकारियों को धमका कर कार्य सिद्ध करने वाले चंदन उर्फ चांदनी को पुलिस ने गुरुवार को साथी संग गिरफ्तार कर लिया। चंदन बलिया के रसड़ा के छितौनी का रहने वाला है। 15 वर्ष से वह अपने साथी देवरिया, गौरीबाजार के देवतहा के अशोक यादव के साथ मिलकर ठगी कर रहा था। इसके पहले वह चांदनी किन्नर बनकर बधाई मांगता था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि कुछ दिन पहले झंगहा थाना प्रभारी के पास चंदन ने फोन किया। उसने खुद को भाजपा कार्यकर्ता व किन्नर समाज का अध्यक्ष चांदनी बताते हुए जमीन संबंधी मामले में सुरेंद्र यादव के पक्ष में न सिर्फ पैरवी की, बल्कि थानेदार को अपशब्द भी कहे। कुछ देर बाद दूसरे नंबर से डीजीपी का पीए बनकर फिर फोन किया और भाजपा कार्यकर्ता से गाली गलौज करने की शिकायत मिलने की बात कहकर धमकाया। तीसरी बार अन्य नंबर से परिवहन मंत्री का पीए बनकर ट्रांसफर करवाने की धमकी दी। हर बार अलग-अलग आवाज में बात की। पुलिस अभी मामले की जांच कर ही रही थी कि सुरेन्द्र यादव ने चंदन के विरुद्ध तहरीर दे दी। सुरेन्द्र ने बताया कि उसने जमीन का मामला हल कराने के लिए पांच लाख मांगे थे। 75 हजार रुपये देने पर यूपी 112 नंबर की पुलिस भेजकर काम रुकवाया था। और पैसा न मिलने पर वह गुलाब का काम कराने लगा। पुलिस ने सभी नंबरों को सर्विलांस पर लगाया तो



पुलिस की गिरफ्त में आए चंदन व अशोक●

### इन सामान की हुई बरामदगी

● उच्चाधिकारियों के मोबाइल नंबर लिखा प्रपत्र कुल 44 पीस, सपा के चार और भाजपा के चार परिचय पत्र, पांच मोबाइल फोन और नौ सिम कार्ड, उद्यान मंत्री व श्रम सचिवालय का कार्ड, खाते में पांच लाख रुपये।

चंदन पकड़ में आ गया। चंदन ने पूछताछ में बताया कि वह अशोक के साथ तहसीलों के आसपास घूमता था। इस दौरान जो पीड़ित प्रार्थना पत्र लेकर मिलता था, अशोक उससे बात कराता था। फिर काम कराने के बदले पैसे की बात होती थी।

**दर्जा प्राप्त मंत्री बन एसएसपी के पास किया था फोन:** सीओ चौरी चौरा मानुष पारीक के अनुसार बीते दिनों पिपराइच में एक महिला और उसके बेटे द्वारा एक कांस्टेबल और दारोगा पर त्रिशूल से हमला कर घायल कर दिया गया था। अखबार से जानकारी होने के बाद चंदन ने महिला से संपर्क कर उसे बचाने का वादा कर पैसा लिया। उसने डायल 112 का एसपी बनकर थाना प्रभारी पिपराइच और एसपी उत्तरी के पास फोन कर मामले को रफा-दफा करने को कहा। फिर दर्जा प्राप्त मंत्री बन एसएसपी को भी फोन किया। चौरीचौरा के डुमरी के भूमाफिया रामगोपाल यादव को सीएम का ओएसडी बन काल की। जौनपुर के एक हेड कांस्टेबल को डीजीपी का पीए बन थानेदार बनवाने के लिए पैसे मांगे। एएसपी के अनुसार उसके फोन नंबर ट्रूकालर पर सचिवालय, डीजीपी, मंत्री, पुलिस मुख्यालय, एसपी डायल 112 आदि लिखकर आते थे। वह अधिकारियों के साथ फोटो खिंचवाकर उसे प्रसारित करता था।

**रखे थे चार नाम, पूना व बलिया का मिला पैन व आधार:** एएसपी के अनुसार जालसाज ने चंदन धोबी, चंदन शर्मा, चांदनी किन्नर और पुष्पा नाम रख रखे थे। वह चार तरह की आवाज में बात कर सकता है। उसके पास मिले पैन कार्ड में पता पुणे तो आधार पर बलिया का पता है। वह जौनपुर, आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर, बलिया, कुशीनगर आदि जनपदों में कई से ठगी कर चुका है।

# बच्ची से दुष्कर्म के मामले में 20 वर्ष की सजा

विसं, गोरखपुर: नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म का मामला सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट राहुल आनंद ने गुलरिहा के जंगल नकहा नंबर दो नरिया टोला निवासी देवीलाल को 20 वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही 44 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष तीन माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र राम त्रिपाठी का कहना था कि घटना 15 मई 2019 की रात करीब 12:30 बजे की है। वादी की नाबालिग बच्ची घर में अकेली सोई थी। उसी समय अभियुक्त घर में घुस गया और उसके साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म किया। आवाज सुनकर वादी का लड़का आया तो अभियुक्त उसे मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।

## 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

**खजनी** : एक वर्ष पूर्व किशोरी का अपहरण कर फरार 10 हजार के इनामी बदमाश बाबूलाल को खजनी पुलिस ने बांसगांव के हरनही पुलिस चौकी के अंडरपास से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। वह सिकरीगंज थाना क्षेत्र के भिटहा कुंवर का रहने वाला है। (जासं)

## झंगहा में छात्रा का अपहरण 19 दिन बाद मुकदमा दर्ज

**झंगहा** : क्षेत्र की नौंवीं की छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। वह चार अगस्त को स्वजन से सहेली के घर जाने की बात कह कर निकली थी। किशोरी की मां के तहरीर पर झंगहा पुलिस ने 19 दिन बाद अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# घर में घुसकर पिता-पुत्र को पीटा, क्षतिग्रस्त की स्कार्पियो

गगहा : क्षेत्र के जिवकर नेवादा के राकेश कुमार सिंह ने मनबढ़ों पर मारने-पीटने और स्कार्पियो गाड़ी क्षतिग्रस्त करने की तहरीर दी है। उन्होंने लिखा है कि बुधवार की रात आठ बजे बेटा भोलू स्कार्पियो से घर आ रहा था। जनता पूर्व माध्यमिक विद्यालय के पास गांव के ही चार युवक और कई महिलाएं लाठी-डंडा और असलहा लेकर गाड़ी रोक कर गाली देने लगे। वह गाड़ी लेकर भाग आया। इसके बाद सभी मनबढ़ पीछा करते हुए घर आ गए और घर में घुसकर पिटाई किए। बीच-बचाव करने पर मुझे भी कट्टे के बट से मारकर घायल कर दिए। लौटते समय मनबढ़ों ने दरवाजे पर खड़ी स्कार्पियो गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी। (जासं)

# गवाही में नहीं आ रहे इंस्पेक्टर गिरफ्तार कर लाने का आदेश

जासं, गोरखपुर : अपर सत्र न्यायाधीश सुबोध वार्ष्णेय ने मुकदमे में गवाह/विवेचक इंस्पेक्टर संतोष कुमार के न्यायालय के समक्ष उपस्थित न होने पर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष 11 सितंबर, 2023 तक प्रस्तुत कराने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है।

न्यायालय में सत्र बाद संख्या 1706 / 2021 सरकार बनाम आदर्श पासवान धारा 302 थाना गोला की पत्रावली लंबित है। इसमें अभियुक्त जिला कारागार में निरुद्ध है। पत्रावली में विवेचक संतोष कुमार के अतिरिक्त सभी गवाहों के बयान अंकित हो चुके हैं। विभिन्न तिथियों पर न्यायालय द्वारा आदेश दिए जाने के बाद भी आज तक विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट पत्रावली में प्राप्त नहीं हुई जिससे पत्रावली का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। न्यायाधीश ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर विवेचक दारोगा के विरुद्ध धारा 350 दंड प्रक्रिया संहिता का तामिला कराते हुए गिरफ्तार कर पेश करने एवं विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

# सीएम का ओओएसडी बन ठगी करने वाला गिरफ्तार

## पुलिस-प्रशासनिक अफसरों पर धौंस जमा करता था ठगी

गोरखपुर। कभी खुद को मुख्यमंत्री का ओएसडी, मंत्री या डीजीपी का पीए बताकर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों पर धौंस जमाने और आम लोगों से काम कराने के नाम पर वसूली करने के आरोपी बलिया के चंदन और उसके साथी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए आरोपी ने पिपराइच के एक मामले में पहले एसएसपी के पीआरओ को फोन किया। जब बात नहीं बनी तो उसने एसएसपी पर दर्जा प्राप्त मंत्री बनकर दबाव बनाया। इसके साथ ही झंगहा एसओ को फोन पर निलंबित कराने की चेतावनी तक दे डाली। झंगहा थानेदार ने इस मामले में केस दर्ज करा दिया। जांच हुई तो ठगी का पूरा खेल सामने आ गया।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि आरोपी का पैन कार्ड पुणे के पते पर है और आधार कार्ड बलिया के पते पर। चार अलग-अलग नाम से पहचान पत्र बनवाने वाला चंदन समय पड़ने पर किन्नर चांदनी बनकर भी ठगी करता था। चंदन मूलरूप से बलिया के रसड़ा के छितौनी का निवासी हैं। जबकि, उसका साथी देवरिया के गौरी बाजार के देवतहा गांव का रहने वाला अशोक यादव है।

एसएसपी ने बताया कि पिपराइच इलाके में रहने वाले सुरेंद्र और गुलाब के बीच जमीन का विवाद है। गुलाब निर्माण करवा रहा था। पैरवी के लिए चंदन ने दूसरे पक्ष से 70 हजार रुपये वसूल लिए। फिर झंगहा के थानेदार गौरव कन्नोजिया को फोन किया। थानेदार से उसने खुद को भाजपा कार्यकर्ता व किन्नर समाज का अध्यक्ष चांदनी बताया।





पुलिस की गिरफ्त में चंदन और अशोक।

### परिवहन मंत्री व डीजीपी का पीए बन झंगहा एसओ को धमकाने के मामले की जांच हुई तब आया पकड़ में

कुछ देर बाद दूसरे नंबर से खुद को डीजीपी का पीए बताते हुए फोन किया और कहा कि भाजपा कार्यकर्ता से क्यों गालीगलौज हुई है। डीजीपी नाराज हैं, शाम को संज्ञान लेंगे। इसके बाद तीसरी बार अन्य नंबर से फोन कर खुद को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का पीए बताया और ट्रांसफर करवाने की धमकी दी। सभी फोन कॉल पर वह अलग-अलग आवाज में बोल रहा था। थानेदार ने एसएसपी को पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद झंगहा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर। >> किन्नर चांदनी से ओएसडी बना चंदन ठग : पेज 2

# ट्रेनों में नाचने वाली किन्नर चांदनी से फर्जी ओएसडी बना चंदन ठग

## चार तरह की आवाजों में बात करता था, कई नाम के परिचय पत्र बरामद

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। सीएम का ओएसडी बनकर ठगी करने वाले चंदन के कई नाम के प्रमाण और परिचय पत्र बरामद हुए हैं। वह चार तरह की आवाजों में बातें करता था। यही नहीं कई तरह से ठगी भी करता था। 20 साल पहले वह किन्नर चांदनी बनकर ट्रेन में नाचकर यात्रियों से पैसे वसूलता था। धीरे-धीरे ठगी के तरीके बदलते हुए अब बड़े हाथ साफ करने लगा था, मगर एसएसपी को धमकी देने के चक्कर में पकड़ा गया।

एएसपी मानुष पारिक ने बताया कि आरोपी चंदन ने ठगी के लिए अपने चार नाम रख लिए थे। चंदन धोबी, चंदन शर्मा, चांदनी व पुष्पा। यह चार तरह की आवाज में बात करता था। साथ ही उसके पास से अलग-अलग पते वाले दस्तावेज भी मिले हैं। पैन कार्ड पर पुणे, आधार कार्ड पर बलिया का पता था। उसके पास अलग-अलग पार्टियों के सदस्यता वाले परिचय पत्र भी मिले हैं। वह समय-समय पर पार्टियों में सदस्य बन जाता था।

श्रम विभाग के सचिवालय का पास भी उसने बनवा रखा था। वहीं, 20 जिलों के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, थानों व डीसीआर यानी जिला कंट्रोल रूम के नंबर भी मिले हैं। वह जौनपुर, आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर, बलिया, कुशीनगर सहित अन्य जनपदों के लोगों को ठगता था और अधिकारियों को धमकाता था।

एएसपी के मुताबिक, चंदन 20 साल पहले किन्नर बनकर ट्रेनों में नाचता था। इसके बाद वह यात्रियों से लोगों से रुपये मांगता था। ...
दसवीं पास है। कुछ दिनों त...
तरह से जीवन-यापन के ...
उसने ठगी का धंधा शुरू किया।





चंदन कभी फर्जी ट्रैफिक पुलिसकर्मी तो कभी गनर के साथ अपनी फोटो सोशल मीडिया पर डालता था। स्रोत-सोशल मीडिया

### *अखबार से जुटाता था विवादित मामलों की जानकारी*

*पुलिस की जांच में सामने आया है कि आरोपी चंदन अपने साथ कई लोगों को जोड़े हुए है। ये लोग तहसील, पुलिस मुख्यालय के पास घूमते हैं और उसे विवादित मामलों की जानकारी देते थे। इसके अलावा वह अखबार की खबरों से भी विवादित मामलों की जानकारी जुटाता था। इसके बाद एक पक्ष को पैरवी करने का भरोसा देता था। कहीं बड़े मंत्रियों, अधिकारियों व प्राइवेट गनर आदि के साथ अपनी फोटो किसी बहाने खींचकर वायरल करता था, ताकि लोग उसको बड़ा आदमी मान लें। उसके पास कई फर्जी मुहर भी मिले हैं।*

### छोटे विवाद से लेकर भू-माफिया की पैरवी की थी

चांदनी उर्फ चंदन ने झंगहा के करही निवासी दो भाइयों के विवाद में पैरवी की थी। पहले सुरेंद्र यादव को एसपी डायल 112 बन फोन कर कहा कि वह उनका निर्माण करवा देगा। उनसे पांच लाख में सौदा किया। 70 हजार एडवांस लिया। अधिकारियों को फोन कर उनका काम शुरू करा दिया। लेकिन, जब सुरेंद्र बाकी रकम नहीं दे पाए तो निर्माण रुकवाने में जुटे विपक्षी गुलाब की तरफ से पैसा लेकर पैरवी की। लेकिन पुलिस ने दोनों पक्ष का चालान कर दिया। इसके बाद उसने झंगहा थानेदार को धमकाना शुरू किया था। इसी तरह पिपराइच में कुछ दिन पहले एक महिला का किसी से विवाद हुआ था। पुलिस पहुंची तो पथराव कर दिया। पुलिस ने महिला व उसके बेटे पर केस दर्ज किया। बेटा जेल गया और महिला फरार है। इस मामले में भी चंदन ने एसएसपी के पीआरओ, एसपी नार्थ व एसएसपी को किन्नर समाज का दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बताकर फोन किया और पैरवी की थी। वहीं, चौरीचौरा के डुमरी निवासी भूमाफिया रामगोपाल यादव, जिस पर 60 केस दर्ज हैं, उसकी पैरवी के लिए एसपी को सीएम का ओएसडी बनकर कॉल की थी।

### ट्रूकॉलर से भी खा गए गच्चा

शातिरों ने पुलिस को चकमा देने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ी थी। पुलिस के अनुसार उसके फोन नंबर ट्रूकॉलर पर भी सचिवालय, डीजीपी, मंत्री, पुलिस मुख्यालय, एसपी डायल 112 आदि लिखकर आते थे। इससे फोन उठाने वाला अधिकारी उसे वही समझता था और किसी को उसपर शक नहीं होता था। साथ ही हर बार वह आवाज बदल लेता था। चंदन ने एसएसपी को भी पिपराइच के एक मामले में पैरवी के लिए फोन किया था। आरोपी के पास से सपा और भाजपा कार्यकर्ता के चार-चार परिचय पत्र, दो आधार कार्ड, पांच मोबाइल फोन और सचिवालय का पहचान पत्र बरामद किया गया है।

View All Pages | Page 02 of 18

... ठगी कर रहा है। इसके लिए वह ... उसके चार बैंक खाते मिले हैं, ... कुल पांच लाख है। पुलिस इन खातों को फ्रीज कराएगी।

# पशु तस्करों ने पुलिस कर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की, दो गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

भटहट (गोरखपुर)। गुलरिहा थाना क्षेत्र के आयुष विश्वविद्यालय के पास बुधवार की सुबह महिला को टक्कर मार कर भाग रहे पिकअप सवार जांच में गो तस्कर निकले। पिकअप को दौड़ाकर पकड़ने के दौरान पुलिस कर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया गया। संयोगवश पिकअप गड्ढे में फंसने के कारण पकड़े गए।

चौकी प्रभारी आयुष विश्वविद्यालय की तहरीर पर तीन तस्करों पर हत्या के प्रयास , गो हत्या व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया। पिकअप सीज करने के साथ ही पकड़े गए दो आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजे गए। आरोपियों की पहचान संतकबीरनगर के मेंहदावल थाना क्षेत्र के कुसौना कला निवासी प्रदीप चौधरी व राकेश चौधरी के रूप में हुई।

## महिला को टक्कर मारकर भागने पर पुलिस ने किया था पीछा

पुलिस के अनुसार, पिकअप को रुकने का इशारा किया तो चालक गाड़ी चढ़ाने का प्रयास करने लगा । पुलिस कर्मी सड़क के नीचे उतर गए। पिकअप दलदल के कारण गड्ढे में फंस गई। पिकअप में सवार तीन तस्कर भागने लगे। पुलिस ने दो तस्करों को दबोच लिया। तीसरा भागने में कामयाब रहा।

# प्रसूता की मौत..टेक्नीशियन ने किया था ऑपरेशन

## कैंपियरगंज के मां दुर्गा हॉस्पिटल के प्रबंधक-संचालक गिरफ्तार, बिना लाइसेंस के चल रहा था नर्सिंग होम

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कैंपियरगंज के चौमुखा में स्थित मां दुर्गा हॉस्पिटल में ओटी टेक्नीशियन मोहम्मद असलम सिद्दीकी ने डॉक्टर बनकर ऑपरेशन कर दिया था। इस वजह से नवजात और प्रसूता की मौत हो गई थी। पुलिस ने पांच आरोपियों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर मैनेजर श्यामसुंदर पासवान और संचालक शैलेंद्र नाथ सोलंकी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगी है।

आरोपी श्यामसुंदर पासवान महराजगंज के कोटा के मुकुंदपुर और संचालक शैलेंद्र गोरखनाथ इलाके के पचपेड़वा का रहने वाला है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर और एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पकड़े गए आरोपियों के बारे में जानकारी दी।

एसएसपी ने बताया कि मंगलवार को चौमुखा के वार्ड नंबर 14 निवासी शैलेश चौरसिया की पत्नी सरिता चौरसिया को प्रसव पीड़ा होने पर मां दुर्गा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार की सुबह ऑपरेशन से बच्चा हुआ। कुछ समय के बाद बच्चे की मौत हो गई। हॉस्पिटल में भर्ती महिला की शाम को हालत बिगड़ने पर हॉस्पिटल का संचालक शैलेंद्र सोलंकी ने दो साथियों के साथ चिलुआताल क्षेत्र के नकहा नंबर एक के पास निर्मला अस्पताल पहुंचा दिया। जहां के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

चिलुआताल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। अब पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों को जेल भिजवाई है। एसएसपी ने बताया कि जांच में सामने आया है कि वर्ष 2019 में हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन खत्म हो गया था। उसके बाद से पंजीकरण नहीं हुआ है। यहां पर काम करने वाले डॉक्टर से लेकर नर्स तक सब फर्जी हैं। अब पुलिस दर्ज केस की धारा को हत्या में तब्दील करने की तैयारी में है। पुलिस ऑपरेशन करने वाले फर्जी डॉक्टर चिलुआताल निवासी मोहम्मद असलम, टेक्नीशियन व नर्स कैंपियरगंज निवासी अनिता गिरी तथा मीतू भारती की तलाश में जुटी है।

### फर्जी डॉक्टर व कंपाउंडर समेत तीन अन्य की तलाश में पुलिस



अस्पताल का संचालक गिरफ्तार, पांच पर केस

24 अगस्त को प्रकाशित खबर।



23 अगस्त को प्रकाशित खबर।



संचालक और मैनेजर के बारे में जानकारी देते एसएसपी। संवाद

कैंट इलाके के एक नर्सिंग होम में हुई घटना

# मरीज की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

## लापरवाही का लगाया आरोप, डॉक्टर से बातचीत के बाद माने

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शहर के छात्रसंघ चौराहे पर स्थित एक नर्सिंग होम में मरीज की मौत के बाद बृहस्पतिवार को परिजनों ने हंगामा किया। आरोप लगाया कि इलाज में लापरवाही से जान गई है। हंगामा की सूचना पर कैंट पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हालांकि, बाद में डॉक्टरों से बातचीत के बाद परिजन मान गए। परिजनों ने पुलिस से कार्रवाई न करने की बात कहते हुए शव लेकर चले गए। करीब आधे घंटे तक नर्सिंग होम में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

जानकारी के मुताबिक, हरपुर बुदहट इलाके के रहने वाले एक शख्स को हर्निया की दिक्कत थी। परिजनों ने एक अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां पर ऑपरेशन के बाद मरीज की तबीयत बिगड़ गई। तबीयत खराब होने पर छात्रसंघ चौराहे पर नर्सिंग होम में आए। वहां पर बृहस्पतिवार सुबह में मरीज की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। वह डॉक्टर से इलाज के बारे में पूरी जानकारी चाहते थे।

बाद में डॉक्टरों की टीम ने परिजनों को समझाया, जिसके बाद परिजन मान गए और इलाज न कराने की दलील देते हुए शव लेकर चले गए। प्रभारी निरीक्षक रणधीर मिश्रा ने बताया कि आपस में विवाद होने की सूचना पर पुलिस गई थी। पीड़ित परिवार ने कार्रवाई कराने से इंकार कर दिया और शव लेकर चले गए।



नर्सिंग होम में युवक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। संवाद



नर्सिंग होम में युवक की मौत के बाद हंगामा करते लोग। संवाद

आपके शहर की हर खबर amarujala.com पर

स्त्रियों के स्वास्थ्य एवं निखार के लिये

INSTITUTE OF AIRCRAFT MAINTENANCE ENGINEERING
Approved by DGC[illegible]
ADM[illegible]

View All Pages

# बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

गोरखपुर। बच्ची के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म के जुर्म ने विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट राहुल आनंद ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल नकहा नंबर दो नरिया टोला निवासी देवीलाल को 20 साल की सजा सुनाई है। 44 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में बताया कि 15 मई 2019 की रात वादी की बच्ची घर पर अकेली सो रही थी। उसी समय देवीलाल घर में घुस गया और बच्ची के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म किया। ब्यूरो

# भू-माफिया कमलेश पर दो और रिपोर्ट दर्ज, पत्नी भी आरोपी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। एम्स पुलिस ने बुधवार को भू-माफिया कमलेश यादव पर जालसाजी के दो और केस दर्ज कर लिए। एक केस में उसकी पत्नी मीना को भी आरोपी बनाया गया है। वर्तमान में कमलेश जेल में है।

पुलिस उसके साथियों शब्बीर, अजय शर्मा, दयानंद व पत्नी मीना की तलाश में जुटी है। पुलिस ने कमलेश व उसके साथियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई कर अवैध संपत्ति को जब्त करने की तैयारी भी शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, कुशीनगर जिले के तमकुहीराज निवासी संतोष गुप्ता ने एम्स पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कुसम्ही में कमलेश यादव से उन्होंने रुद्रापुर में 1300 वर्ग फुट जमीन का बैनामा कराया था। इसके बदले 10 लाख थे। अब पता चला है कि जमीन का गाटा नंबर सही नहीं है। एम्स पुलिस ने कमलेश व कथित भूस्वामी अजय पर केस दर्ज किया है। दूसरा केस कुशीनगर के तमकुहीराज के सेमरा हरदोपट्टी निवासी रंजना देवी पत्नी रविंद्र ने दर्ज कराया है।

## अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश

# गोरखनाथ मंदिर परिसर में उड़ा रहा था ड्रोन, केस

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने के साथ ही फोटो-वीडियो शूट करने के मामले पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ के बाद युवक पर आईपीसी की धारा 188 और ड्रोन अधिनियम 10 तथा 10 ए के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन, ड्रोन, हार्डडिस्क भी जब्त कर लिया।

गोरखनाथ इलाके के नथमलपुर निवासी मयंक बरनवाल 21 अगस्त की शाम सात बजे गोरखनाथ मंदिर के ऊपर ड्रोन उड़ा रहा था। वह ड्रोन के जरिए मंदिर परिसर और आसपास का फोटो-वीडियो भी शूट कर रहा था। इस बीच गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात जवानों की नजर ड्रोन पर पड़ी। यह देख मंदिर की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस कर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। उन्होंने तत्काल वरिष्ठ अफसरों को इसकी जानकारी दी।

पुलिस कर्मियों ने ड्रोन नीचे उतरवाया और उड़ाने वाले शख्स को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसकी पहचान गोरखनाथ इलाके के नथमलपुर निवासी मयंक बरनवाल के रूप में हुई। उसने पुलिस को बताया कि वह सिर्फ ड्रोन से फोटो-वीडियो शूट कर रहा था, लेकिन उसके पास मंदिर परिसर में ड्रोन उड़ाने की अनुमति नहीं थी। पुलिस ने ड्रोन, हार्ड डिस्क और मयंक का मोबाइल फोन कब्जे में ले लिया। पूछताछ में युवक ने बताया कि उसे इस बात की जानकारी नहीं थी कि गोरखनाथ मंदिर परिसर के आसपास ड्रोन उड़ाना अपराध है, इसलिए उससे अनजाने में गलती हो गई। इस मामले में गोरखनाथ पुलिस ने सब इंस्पेक्टर रुपेश कुमार पाल की तहरीर पर मयंक पर केस दर्ज किया है।

बता दें मंगलवार की सुबह सीएम योगी के गोरखनाथ मंदिर परिसर में मौजूदगी के दौरान भी एक ड्रोन मंदिर परिसर के नजदीक उड़ता मिला था। पुलिस ने ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच की तो सामने आया कि दो युवकों ने नासमझी में ड्रोन उड़ा दिया था। इसके बाद बुधवार को शहर में ड्रोन उड़ाने को लेकर गाइडलाइन जारी की गई थी। गोरखनाथ मंदिर समेत जिले के छह प्रमुख स्थानों के दो किलोमीटर के सीमा क्षेत्र (परिधि) में बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित कर दिया गया था।



**पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन, ड्रोन और हार्डडिस्क भी किया जब्त**

# फल व्यवसायी से 5.80 लाख की ठगी, रिपोर्ट नहीं लिख रही पुलिस

## यूनियन बैंक के खाते और क्रेडिट कार्ड से जालसाजों ने तीन बार में निकाली रकम

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। महेवा फल मंडी के एक फल व्यवसायी से 5.80 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी हुई है। जालसाजों ने बगैर ओटीपी का प्रयोग किए व्यापारी के खाते से तीन बार में रुपये उड़ा लिए। जानकारी होने पर पीड़ित ने बैंक और साइबर थाने को सूचित करने के साथ ही नेशनल साइबर क्राइम इंसीडेंट पर ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई है।

घटना के करीब एक सप्ताह बाद भी राजघाट थाना पुलिस व्यापारी की तहरीर पर केस दर्ज नहीं कर रही है। जवाब मिलता है कि एडीजी जोन या आईजी रेंज से आदेश कराओ तभी केस दर्ज होगा। रकम तुम्हारी गलती से गई है तो आरोपियों को भी तलाशो। कोई सुराग मिले तो बताना।

जानकारी के अनुसार, राजघाट थाना क्षेत्र के अलहदादपुर छोटी मस्जिद निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता महेवा फल मंडी में आढ़ती हैं। उनके मुताबिक 17 अगस्त की रात 11 बजे के बाद उनके यूनियन बैंक ऑफ इंडिया नौसड़ शाखा के खाते से बगैर किसी ओटीपी के पहली दफा पांच लाख रुपये और क्रेडिट कार्ड से दो बार में क्रमश: 60 हजार और 19,500 रुपये जालसाजों ने ऑनलाइन निकाल लिया। रात 12:53 और 1:16 बजे मोबाइल फोन पर बैंक की ओर से एसएमएस अलर्ट आने पर उन्हें रुपये निकाले जाने की जानकारी हुई।

साइबर फ्राड होने की जानकारी पर प्रदीप ने बैंक के टोल फ्री नंबर पर कॉल कर खाता फ्रीज करा दिया। दूसरे दिन सुबह बैंक शाखा पर जाकर जानकारी दी। 18 अगस्त को उन्होंने इस संबंध में थाना राजघाट, साइबर थाना एवं नेशनल साइबर क्राइम इंसीडेंट को लिखित सूचना दी। नेशनल साइबर पर ऑनलाइन एफआईआर (नं. 20230031S454) भी दर्ज कराया, लेकिन राजघाट थाने में कोई सुनवाई नहीं हुई।

### पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर 1.20 लाख रुपये हड़पे

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके के खजांची चौराहा निवासी मार्बल व्यवसायी को सीएनजी और पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर जालसाज ने 1.20 लाख रुपये ठग लिए। शाहपुर पुलिस ने बृहस्पतिवार को धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाहपुर इलाके के खजांची चौराहा निवासी नीतिश ने बताया कि अप्रैल में पेट्रोल पंप लगवाने के लिए गूगल पर नंबर खोज रहा था। इसी दौरान एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप और ईमेल पर वेबसाइट का नाम भेज कर कहा गया कि इस वेबसाइट पर पेट्रोल और सीएनजी पंप के लिए आवेदन कर सकते हैं। पीड़ित ने जालसाज के झांसे में आकर वेबसाइट पर आवेदन किया। उसके बाद जालसाज ने फोन कर रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर 25 हजार रुपये ऑनलाइन ले लिया। फिर आवंटन पत्र भेज कर 19 लाख की मांग की। पीड़ित 95 हजार भेजकर लेटर लेकर पेट्रोलियम कार्यालय पहुंचा तो विभाग ने फर्जी बताया। उसके बाद पीड़ित ने साइबर थाना और शाहपुर पुलिस को तहरीर दी। ब्यूरो

**शाहपुर इलाके की घटना, केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी**

### सरकारी ठेका के चक्कर में गंवाए एक लाख

सहजनवां। थाना क्षेत्र के दुमरी निवासी शैलेष मद्धेशिया को सरकारी ठेका दिलाने के नाम पर एक लाख रुपये हड़प कर आरोपी फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने देवरिया जिले के भभौली निवासी रजनीश दुबे पर रुपये हड़पने का केस दर्ज किया है। ब्यूरो

### तीन लाख के गहने ले उड़े जालसाज

चौरीचौरा। मुकामी थाना क्षेत्र के फुलवरिया में तंत्रमंत्र के जरिए गहने को डबल करने का झांसा देकर जालसाजों ने एक महिला से तीन लाख रुपये से अधिक के जेवर लेकर फरार हो गए। बृहस्पतिवार को पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, फुलवरिया निवासी राजू विश्वकर्मा ने बताया कि 16 अगस्त को दो जालसाज सुबह करीब 10:30 बजे पत्नी सरिता देवी से तंत्रमंत्र से जेवर को डबल करने की बात पर जेवर ले लिए। सभी जेवर एक पोटली में बांधकर चावल में रखने को दे दिया। जब पत्नी ने चावल से गहने निकाले तो नहीं थे। चौरीचौरा पुलिस का कहना है कि जालसाजों की तलाश की जा रही है। ब्यूरो

# एजेंट से 1.23 लाख की लूट

संवाद न्यूज एजेंसी

अहरौला (आजमगढ़)। थानाक्षेत्र के बहेरा नहर के पास बुधवार की रात बाइक सवार दो बदमाशों ने असलहा सटाकर फाइनेंस कंपनी के एजेंट से 1.23 लाख लूट लिए। एजेंट समूहों से वसूली कर लौट रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

गोरखपुर जिले के बांसगांव थाना अंतर्गत मसूरिया गांव निवासी रणविजय चौहान एक फाइनेंस कंपनी में एजेंट है। वह गांव में संचालित समूहों से रुपये लेने बुधवार को अहरौला थानाक्षेत्र में आया था। रात लगभग आठ बजे वह चगौना गांव से वसूली कर बाइक से लौट रहा था। बहेरा नहर के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने ओवरटेक कर उसे रोका। जब तक वह कुछ समझ पाता एक ने उसे असलहा सटा दिया और रुपयों भरा बैग छीन लिया। बाइक की चाभी व मोबाइल फोन भी छीन लिया। बदमाश उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

**बदमाशों ने बांसगांव के रहने वाले रणविजय से बाइक की चाबी और मोबाइल भी छीना**

## चार बदमाशों पर गैंगस्टर लगा, दो की हिस्ट्रीशीट खुली

गोरखपुर। पुलिस ने जालसाजी के आरोपी चार बदमाशों पर गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया। इसके अलावा दो की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। देवरिया जिले के खुखुंदू थाना क्षेत्र के भलुवनी निवासी मनोज दुबे गिरोह का सरगना है। जबकि, गौरीबाजार के बड़ीललिया निवासी राधेश्याम सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, कूड़ाघाट निवासी अमित कुमार शुक्ला, जंगल सराय निवासी मुरलीधर यादव गुर्गे हैं। उधर, राजघाट पुलिस ने रचली साहनी निवासी अमरूतानी और शंभू की हिस्ट्रीशीट खोली है। ब्यूरो

# इनामी बदमाश गिरफ्तार, जेल भेजा

गोरखपुर। लड़की को बहला-फुसला कर भगाने के आरोपी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर दस हजार रुपये का इनाम भी था। आरोपी की पहचान सिकरीगंज के भीटहां कुवर निवासी बाबू लाल के रूप में हुई। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा गया

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व धोखे से गर्भपात कराने के आरोपी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान कुशीनगर के खजुरी निवासी कृष्ण दुबे के रूप में हुई। वर्तमान में वह गीता वाटिका के पास रहता है। ब्यूरो

# युवक की पिटाई कर मोबाइल फोन छीना

खोराबार। इलाके के भइसहा गांव के चार युवकों ने चौरीचौरा के एक युवक की पिटाई कर मोबाइल फोन छीन लिया। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है। चौरीचौरा के अमकोला गांव निवासी अशोक का बेटा दिव्यांशु 21 अगस्त की रात में गांव के बाहर था। इस दौरान खोराबार के युवकों ने मारपीट कर मोबाइल फोन छीन लिया। ब्यूरो

# बैंक कर्मी की पिटाई का आरोपी गिरफ्तार

धुरियापार। उरुवा कस्बे में स्थित यूको बैंक में धन निकासी को लेकर 19 अगस्त को हुए विवाद में पुलिस ने बृहस्पतिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान कस्बा निवासी धरम जायसवाल के रूप में हुई। 19 अगस्त को व्यापारी धरम जायसवाल बैंक गए थे। कैशियर से विवाद होने लगा। आरोप है कि बीच बचाव करने पहुंचे एक कर्मचारी को उसने पीट दिया। शाखा प्रबंधक ने आरोपी पर केस दर्ज कराया था। ब्यूरो

# दुकान से मोबाइल फोन चोरी

चौरीचौरा। चौरीचौरा तहसील गेट के पास एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान से बुधवार की रात में चोर छत पर चढ़कर बंद दरवाजे को खोलकर दुकान में रखा 15 मोबाइल फोन व कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चुरा ले गए। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे कैद हो गया है। चोरी की सूचना दुकानदार ने पुलिस को तहरीर दी है। ब्यूरो

# जमीन विवाद में मारपीट, केस दर्ज

हरपुर बुदहट। कटाइटिकर निवासी पूजा पत्नी सोनू ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि जमीन विवाद में रविवार की रात को गांव के तीन लोगों ने उसकी, ससुर रामवृक्ष, ननद सरिता की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने गांव के रमेश, राकेश और पिंकी पुत्री राकेश पर मारपीट का केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो

# चोरी के पंपिंग सेट के साथ दो युवकों को दबोचा

भटहट। पुलिस ने चोरी के दो पंपिंग सेट के साथ बृहस्पतिवार को दो युवकों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान पिपराइच कस्बा निवासी नागेंद्र यादव और करन यादव के रूप में हुई। चौकी इंचार्ज विनय सिंह ने बताया कि गुलरिहा थाना क्षेत्र के बरगदहीं निवासी रविंद्र निषाद और निशा पत्नी बिजुली का पंपिंग सेट चोरी हो गया था। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही थी। ब्यूरो

# घर में घुसकर मारपीट, चार लोगों पर केस

गगहा। जीवकर नेवादा में बुधवार रात को घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने गांव के ही चार लोगों पर केस दर्ज किया है।राकेश कुमार सिंह ने बताया कि 23 अगस्त की रात बेटा भोलू सिंह कार से घर आ रहा था। जनता पूर्व माध्यमिक विद्यालय के पास गांव के अनित यादव, सुमंत यादव आदि ने घेर लिया। ब्यूरो

# शातिर ठग... फ्रॉड कर कहा 'चंद्रयान सक्सेसफुल हुआ'

**SHOCKING**

गोरखपुर में एक युवक के साथ हुई अजीबो-गरीब ठगी

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (24 Aug):** [illegible]

### कम पड़ गए पैसे

[illegible]

### सौ पैसे भेज दिए

[illegible]




## इधर, फल कारोबारी से 5.80 लाख रुपए की ठगी, दर्ज नहीं हो रहा केस

**GORAKHPUR (24 Aug):** [illegible]



"[illegible]"

उपेन्द्र कुमार सिंह, [illegible]

### गर्लफ्रेंड की लगाई फोटो

[illegible]

### तब युवक को हुआ शक

[illegible]

### जालसाज ने बोला मुझे नहीं पकड़ सकते

[illegible]

# शातिर किन्नर करता रहा ठगी 'मंत्री का पीए' बनते ही अरेस्ट

परिवहन मंत्री का पीए बनकर झंगहा एसएचओ को देता रहा धमकी

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (24 Aug):** परिवहन मंत्री का पीए बोल रहा हूं... 'एसएचओ तुम्हें पूरा उत्तर प्रदेश नचा दूंगा'. तुमने कार्यकर्ता से खराब तरीके से बात कैसे की. यह लहजा किसी मंत्री के पीए का नहीं बल्कि फर्जीवाड़ा करने वाले मैट्रिक पास शातिर किन्नर चंदन उर्फ चांदनी का है. कैंट-फोर्स पुलिस ने जब जांच की तब किन्नर चांदनी की पोल खुली कि उसने झंगहा थानेदार पर धौंस जमाने के लिए मंत्री का पीए बन बात की थी. गुरुवार को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी नार्थ मनोज अवस्थी और एएसपी मानुष पारीक ने शातिर किन्नर की करतूतों के बारे में बताया.

## लेता था सीएम का नाम

एसएसपी ने बताया, बलिया रसड़ा निवासी किन्नर चंदन उर्फ चांदनी (40) ने कुछ दिन पहले जमीनी विवाद की पैरवी करते हुए झंगहा थानेदार से फोन पर अभद्रता की थी. चांदनी ने पहले खुद को राष्ट्रीय महासभा का अध्यक्ष बताकर काम कराने के लिए प्रेशर बनाया था. फिर डीजीपी का पीए बन कॉल किया और बोला कि तुमने भाजपा कार्यकर्ता से गलत तरीके से बात की है साहब बहुत नाराज हैं. तीसरी बार चांदनी ने आवाज बदलकर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का पीए बन एसएचओ के साथ अभद्रता की और ट्रांसफर करवाने की धमकी दी.




शातिर किन्नर के सामने आए अलग-अलग फोटो.

## सर्विलांस पर रखे नंबर

अधिकारियों के निर्देश पर झंगहा थानेदार गौरव कन्नौजिया ने इस मामले में केस दर्ज किया. चांदनी को पकड़ने के लिए उसके 10 से अधिक नम्बर सर्विलांस पर लगाए गए. इसके बाद पुलिस ने चांदनी और उसके साथी देवरिया गौरीबाजार निवासी अशोक यादव को अरेस्ट किया. पुलिस पूछताछ में पता चला कि चांदनी पैसा लेकर काम निकालने के लिए सीएम, डीजीपी, मंत्री का पीए या ओएसडी भी बन जाता है. उसका साथी बाहर से विवादित काम खोजकर लाता है.

## ट्रू कॉलर पर सेट कर दिए अधिकारियों के नाम

पुलिस ने बताया कि चांदनी के पास से कई सिम मिले हैं. वह अलग-अलग नंबरों पर ट्रू कॉलर सेटिंग में जाकर सचिवालय, डीजीपी, मंत्री, पुलिस मुख्यालय, एसपी डायल 112 आदि नाम सेट कर रखे थे. क्रास चेक करने पर इसलिए उसपर कोई शक नहीं करता था. इसके पास से 5 मोबाइल, 9 सिम, एक लाल डायरी मिली है.

## कई जिलों में डीजीपी और सीएम का पीए बन जमा चुका है धौंस

## चांदनी की करतूत

- चांदनी उर्फ चंदन ने झंगहा के करही निवासी सुरेंद्र यादव को एसपी डायल 112 बन फोन कर कहा कि वह उनका निर्माण करवा देगा. उनसे 5 लाख में सौदा किया. 70 हजार एडवांस लिया.
- जौनपुर के हेड कांस्टेबल को डीजीपी का पीए बन थानेदार बनवाने का भरोसा दिलाया.
- एसएसपी, एसपी नार्थ को किन्नर समाज का दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बन कॉल किया.
- पीपीगंज भूमाफिया रामभुआल यादव को ओएसडी बन कॉल किया.

## पुष्पा नाम से भी जाना जाता था किन्नर

किन्नर ने अपना एक नहीं बल्कि चार नाम रखा था. वह चंदन चौबे, चंदन शर्मा, चांदनी और पुष्पा नाम से भी जाना जाता था. वह इतना शातिर है कि कई आधार निकाल सकता है. उसके पास से अलग-अलग एड्रेस वाले डॉक्यूमेंट मिले हैं. पैन कार्ड पर पुना, आधार पर बलिया का पता था. उसके पास अलग अलग पार्टियों के सदस्यता वाले परिचय पत्र मिले हैं. श्रम विभाग के सचिवालय का पास भी उसने बनवा रखा था.

## 20 जिलों के अधिकारियों के नंबर मिले

किन्नर के पास 20 जिलों के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, थानों और डीसीआर यानी डिस्ट्रिक कंट्रोल रूम के नम्बर मिले हैं. यह जौनपुर, आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर, बलिया, कुशीनगर सहित अन्य जनपदों के लोगों को ठगता था और अधिकारियों को धमकाता था.

## पहले ट्रेन में मांगता था पैसे अब लखपति

पुलिस के अनुसार चांदनी 20 साल पहले किन्नर बन ट्रेन में लोगों से पैसे मांगता था. वह दसवीं पास है. बीते 15 सालों से वह लोगों को ठगना और पहचान बदल अधिकारियों को धमकाता था. इसके चार एकाउंट मिले हैं. जिनमें कुल 5 लाख रुपये हैं.

## अखबार पढ़ पीड़ितों से करता संपर्क

चांदनी जमीन या अन्य पीड़ितों की जानकारी अखबार पढ़कर एकत्रित करता था. इसके बाद उसका साथी अशोक पीड़ितों के पास जाता था. पीड़ितों का काम कराने का वादा कर पैसे का सौदा करता था. अधिकारियों के गनर के साथ फोटो खिंचवाकर भी धौंस जमाता था.

# गोरखनाथ मंदिर एरिया में ड्रोन उड़ाने वाले पर एफआईआर दर्ज

**दरोगा ने दर्ज कराया केस, जब्त किया ड्रोन, हार्ड डिस्क व फोन**



gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (24 Aug):** गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र में बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने और परिसर व आसपास के क्षेत्र की तस्वीर खींचने वाले युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. ड्रोन के साथ ही हार्ड डिस्क व उसका मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है. गोरखनाथ थाने के दारोगा रूपेश कुमार पाल ने उस पर निषेधाज्ञा के उल्लंघन व ड्रोन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है.

21 अगस्त की शाम सात बजे नथमलपुर में रहने वाला मयंक बरनवाल गोरखनाथ मंदिर के ऊपर ड्रोन उड़ा रहा था. ड्रोन के जरिये मंदिर परिसर और आसपास की फोटो खींचकर वीडियो भी शूट कर रहा था. इस बीच मंदिर की सुरक्षा में तैनात जवानों की नजर ड्रोन पर पड़ी. यह देख सुरक्षाकर्मियों के हाथ-पांव फूल गए. उन्होंने तत्काल पुलिस को अलर्ट कर दिया. पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए तत्काल ड्रोन उड़ाने वाले युवक को हिरासत में ले लिया और नीचे उतरवाया. पूछने पर पता चला कि युवक के पास मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने की अनुमति नहीं है. इसके बाद पुलिस ने ड्रोन, हार्ड डिस्क और उसका मोबाइल कब्जे में लेकर जब्त कर लिया. युवक पर मुकदमा भी दर्ज कराया गया है. एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि हिरासत में लिए गए युवक का शांति भंग में चालान किया गया है.

**एलआईयू व पुलिस ने की पूछताछ**

गोरखनाथ थाना पुलिस व एलआइयू की टीम ने मयंक से पूछताछ कर यह जानने की कोशिश कि आखिर वह मंदिर परिसर में ड्रोन क्यों उड़ा रहा था? इसके पीछे उसकी क्या मंशा थी? मयंक का कहना है कि उसे नहीं पता था कि ड्रोन उड़ाना अपराध है, इसलिए उससे यह अनजाने में हो गया.

# आयुर्वेद की डिग्री, एलोपैथ का अस्पताल, दो अरेस्ट

**ओटी का टेक्नीशियन डॉक्टर बन चला रहा था हास्पिटल**

**GORAKHPUR (24 Aug):** कैंपियरगंज के चौमुखा में अवैध रूप से चल रहे मां दुर्गा हास्पिटल का पंजीकरण 30 अप्रैल, 2020 को समाप्त हो गया था. यहां का ओटी टेक्नीशियन मो. असलम सिद्दीकी ही आयुर्वेद की डिग्री पर फर्जी डॉक्टर बनकर अस्पताल चला रहा था. उसकी लापरवाही से 22 अगस्त को जच्चा-बच्चा की मौत हो गई थी. पुलिस ने इस मामले में संचालक, फर्जी डॉक्टर समेत पांच पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया था. गुरुवार को संचालक गोरखनाथ के पचपेड़वा के शैलेंद्रनाथ सोलंकी और मैनेजर महराजगंज के कोटा मुकुंदपुर के श्यामसुंदर पासवान की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने धारा बढ़ाते हुए गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया. दोनों आरोपितों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया. फर्जी डॉक्टर व कंपाउंडर समेत तीन की पुलिस तलाश कर रही है.

## 2019 में हुआ था रजिस्ट्रेशन

पुलिस लाइन में घटना का पर्दाफाश करते हुए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि आरोपित संचालक ने वर्ष 2019 में मां दुर्गा अस्पताल का पंजीकरण सीएमओ कार्यालय से कराया था. एक वर्ष बाद ही यह समाप्त हो गया. इसके बाद संचालक द्वारा चिलुआताल के भीटिनी के रहने वाले ओटी टेक्नीशियन मो. असलम को डॉक्टर, कैंपियरगंज की रहने वाली अनीता गिरी और नीतू भारती को नर्स बनाकर अस्पताल चलाया जा रहा था. श्यामसुंदर अस्पताल का मैनेजर था.

## बिना डिग्री किया ऑपरेशन

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि मां दुर्गा हॉस्पिटल के संचालक शैलेंद्रनाथ सोलंकी के पास बीएएमएस (बैचलर आफ आयुर्वेद मेडिसिन एंड सर्जरी) की डिग्री है. इसके बाद भी वह एलोपैथ का अस्पताल चला रहा था. ऐसे में संचालक समेत अन्य आरोपितों ने बिना डिग्री के महिला का आपरेशन कर दिया और उसकी मौत हो गई, इसलिए पुलिस ने हत्या की धारा बढ़ा दी है. फरार चल रहे अन्य तीन आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा. इनके विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी.

## यह था मामला

21 अगस्त को चौमुखा वार्ड नंबर-14 के शैलेश चौरसिया ने पत्नी सरिता चौरसिया को मां दुर्गा अस्पताल में भर्ती कराया. 22 की सुबह आपरेशन से बच्चा हुआ, जिसकी कुछ देर में मौत हो गई. आपरेशन होने से महिला की हालत गंभीर हो गई तो शाम को संचालक उसे लेकर चिलुआताल के नकहा नंबर-एक के पास निर्मला अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

# भू-माफिया कमलेश पर 2 और केस, पत्नी भी आरोपित

**GORAKHPUR (24 Aug):** भू-माफिया कमलेश यादव के विरुद्ध गुरुवार को एम्स थाना पुलिस ने जालसाजी के दो और मुकदमे दर्ज किए. एक मामले में उसकी पत्नी मीना भी आरोपित बनी है. जल्द ही गैंगस्टर की कार्रवाई कर पुलिस इसकी संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई करेगी. पुलिस कमलेश, उसके साथी मनोज व अन्नू को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है. फरार चल रहे साथी शब्बीर, अजय शर्मा, दयानंद और पत्नी मीना की तलाश कर रही है.

कुशीनगर के तमकुहीराज के रहने वाले संतोष गुप्ता ने गुरुवार को एम्स थाने में पहुंचकर पुलिस को बताया कि उसने 10 लाख रुपये देकर कमलेश से रुद्रापुर में जमीन बैनामा कराया था. जमीन पर मकान बनवाकर सपरिवार रहने लगे. कुछ दिन पहले पता चला कि जमीन का गाटा नंबर सही नहीं है और बैनामा के समय दूसरे को खड़ा कर रजिस्ट्री कराई थी. तहरीर के आधार पर पुलिस ने कमलेश और कथित भू-स्वामी अजय शर्मा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया. इसी क्रम में कुशीनगर के तमकुहीराज हरदोपट्टी की रहने वाली रंजना देवी ने तहरीर देकर बताया कि वर्ष 2013 में बहरामपुर की रहने वाली मीना देवी और उसके पति कमलेश यादव से 12.50 लाख रुपये में रुद्रापुर में जमीन खरीदी थी. अब पता चला कि जिस जमीन पर बैनामा किया गया वह दूसरे के नाम पर दर्ज है.

# गवाही में नहीं आ रहे इंस्पेक्टर अरेस्ट कर लाने का आदेश

**GORAKHPUR (24 Aug):** अपर सत्र न्यायाधीश सुबोध वार्ष्णेय ने मुकदमे में गवाह/विवेचक इंस्पेक्टर संतोष कुमार के न्यायालय के समक्ष उपस्थित न आने पर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष 11 सितंबर, 2023 तक प्रस्तुत कराने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है.

न्यायालय में सत्र बाद संख्या 1706 / 2021 सरकार बनाम आदर्श पासवान धारा 302 भारतीय दंड संहिता थाना गोला की पत्रावली लंबित है. इसमें अभियुक्त जिला कारागार में निरुद्ध है. पत्रावली में विवेचक संतोष कुमार के अतिरिक्त सभी गवाहों के बयान अंकित हो चुके हैं. इस मामले में आलाकत्ल नुकीला चाकू, खोल व घटना स्थल का खुनालुदा मिट्टी व सादा मिट्टी परीक्षण हेतु विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजी गई. विभिन्न तिथियों पर न्यायालय द्वारा आदेश दिए जाने के बाद भी आज तक विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट पत्रावली में प्राप्त नहीं हुई जिससे पत्रावली का निस्तारण नहीं हो पा रहा है. न्यायाधीश ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर विवेचक दारोगा के विरुद्ध धारा 350 दंड प्रक्रिया संहिता का तामिला कराते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने का आदेश दिया है.

# भू माफिया कमलेश पर दो और केस

**शिकंजा**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** भू माफिया कमलेश यादव पर दो और जालसाजी के केस एम्स थाने में दर्ज किए गए हैं। एक मामले में उसकी पत्नी को भी आरोपी बनाया गया है। इसी के साथ भू माफिया के खिलाफ एम्स थाने में कुल आठ केस दर्ज हो चुके हैं। खोराबार और चौरीचौरा थाने में दर्ज केस मिलाकर कुल 15 केस कमलेश पर अब तक दर्ज हो चुके हैं।

कुशीनगर जिले के तमकुहीराज निवासी संतोष कुमार गुप्ता हाल मुकाम रूद्रापुर कुसम्ही ने एम्स थाने में तहरीर कमलेश के खिलाफ तहरीर दी है। जिसके अनुसार उन्होंने कुसम्ही में विंध्यवासिनी ट्रेडर्स के नाम से प्रापर्टी डीलर का धंधा करने वाले कमलेश यादव से रूद्रापुर कुसम्ही में गाटा संख्या 122 में 1300 वर्ग जमीन बैनामा कराया था, जिसके बदले 10 लाख रुपया अदा किया गया। प्रार्थी खरीदी गई जमीन पर मकान तामीर कर रह रहा है। लेकिन अब पता चला कि जमीन का गाटा नंबर सही नहीं है तथा बैनामा भी दूसरे को खड़ा कर कराया गया है। तहरीर के आधार पर एम्स पुलिस कमलेश व कथित भू स्वामी अजय शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसी क्रम में कुशीनगर के तमकुहीराज सेमरा हरदोपट्टी निवासी रंजना देवी पत्नी रविंद्र सिंह ने भी एम्स पुलिस को तहरीर दी है। जिसके अनुसार वर्ष 2013 में उन्होंने कमलेश और उसकी पत्नी मीना देवी निवासी बहरामपुर तत्कालीन थाना खोराबार से 12 लाख 50 हजार में रूद्रापुर में जमीन खरीदी थी। अब पता चला है कि जिस जमीन का बैनामा किया गया है वह दूसरे के नाम दर्ज है। तहरीर के आधार पर एम्स पुलिस ने मीना व कमलेश के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-25-08-2023

# प्राणघातक हमले में पांच वर्ष की सजा

- अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने सुनाया फैसला
- गोरखपुर जनपद के खोराबार थाना क्षेत्र का रहने वाला है आरोपित

विधि संवाददाता, देवरिया: एकौना क्षेत्र के करहकोल गांव में 25 वर्ष पूर्व प्राणघातक हमले के मामले में गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने आरोपित को दोषी पाए जाने पर पांच वर्ष की कैद व 20 हजार जुर्माना से दंडित करने का फैसला सुनाया है।

शासकीय अधिवक्ता हरेंद्र प्रसाद निषाद ने बताया कि एकौना थाना के करहकोल की रहने वाली शांति देवी 14 जनवरी 1998 की रात आठ बजे अपने घर में खाना बना रही थी, उनका भतीजा राम प्रताप पढ़ रहा था। करहकोल के रहने वाले रामरूप, जयराम, ओमप्रकाश अपने मित्र बद्री के साथ कट्टे से लैस होकर घर में घुस गए और भतीजे को बाहर ले गए। जयराम के लहराने पर बद्री ने कट्टे से रामप्रताप के ऊपर फायर झोंक दिया। रामप्रताप को तत्काल सीएचसी पहुंचाया गया। इस दौरान राम प्रताप की एक आंख की रोशनी चली गई। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। आरोपित बद्री यादव निवासी रायगंज बाजार थाना खोराबार जनपद गोरखपुर फरार हो गया था। कुछ दिनों के बाद गिरफ्तारी हुई। उसके बाद मुकदमें की सुनवाई प्रारंभ हुई। उभय पक्ष के तर्कों व साक्ष्यों के अवलोकन के पश्चात अदालत ने पाया कि आरोपित प्राण घातक हमले का दोषी है।

# किशोरी के साथ छेड़खानी, दी तहरीर

देवरिया : शहर के एक मोहल्ले की रहने वाली किशोरी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि वह जब स्कूल पढ़ने को जाती है तो एक युवक उसके साथ छेड़खानी करता है। विरोध करने पर धमकी देती है।

# गबन में प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

- बनकटा ब्लाक के भोपतपुरा स्थित विद्यालय में थे तैनात
- जांच में पुष्टि होने के बाद बीएसए ने की कार्रवाई



जासं, बनकटा: स्थानीय विकास खंड के भोपतपुरा गांव स्थित परिषदीय विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक को मध्याह्न भोजन में गबन के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

भोपतपुरा गांव के रहने वाले विवेक मिश्र ने आनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी कि प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार यादव ने 5 अप्रैल 21 से 31 जुलाई 21 के बीच 108500 रुपये मध्याह्न भोजन के नाम पर निकाल लिया है, जो पूरी तरह से फर्जी है। डीएम के निर्देश पर इसकी जांच हुई। जांच में 47285 व 12065 रुपये व्यय का कोई साक्ष्य प्रभारी प्रधानाध्यापक साक्ष्य नहीं दे सके। बीईओ संजीव सिंह ने बताया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा निकाले गए रुपये में से 14000 जमा कर दिया गया है। 59890 रुपये के गबन की पुष्टि हुई है। बीएसए शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित कर बीईओ भाटपाररानी को जांच सौंपी गई है।

# मारपीट के मामले में छह पर मुकदमा दर्ज

सलेमपुर : कोतवाली के अहिरौली गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने सुदामा, सावित्री, उर्मिला, अंकित, मंटू निवासी सुकरौली थाना खुखुंदू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई कुमारी देवी की तहरीर पर हुई है।

# नकली सोना बेचते हुए पकड़ी गईं सिवान की तीन महिलाएं

जासं, रामपुर कारखाना: क्षेत्र के गोरयाघाट चौराहे पर आभूषण की दुकान पर दुकानदार को चकमा देकर नकली आभूषण बेच रही तीन महिलाओं को पकड़ लिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। तीनों महिला बिहार के सिवान जनपद की रहने वाली हैं। पुलिस इनके विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

बरियारपुर थाने के कुसमही के रहने वाले संपूर्णानंद वर्मा की गोरयाघाट चौराहे पर आभूषण की दुकान है। गुरुवार की दोपहर तीन महिलाएं पहुंची और गहना बेचने की बात कही। जांच दुकानदार ने आभूषण की जांच की तो वह नकली निकला।

इसके बाद महिलाएं अपने झांसे में दुकानदार को लेने लगी और बाहर जाने लगी। इस बीच दुकानदार ने तीनों महिलाओं को रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगी। लोगों के प्रयास से तीनों को पकड़ लिया गया। इस बीच पुलिस भी पहुंच गई।

पूछताछ में पकड़ी गई महिला ने अपना नाम अनीता देवी पत्नी जयप्रकाश, नीतू देवी पत्नी मन्नू चौहान निवासी लक्ष्मीपुर थाना मैरवा व प्रभावती देवी पत्नी बृजकिशोर निवासी पलुरिया टोला थाना मैरवा जिला सिवान बिहार बताया है।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप राय ने बताया कि तीनों महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

# गोमांस मिलने के मामले में मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, मदनपुर: उपनगर के गोला कस्बा स्थित एक विद्यालय में मिले गोमांस के अवशेष के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष एके चतुर्वेदी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की गहनता से जांच हो रही है।

# पुलिस को लूट मामले में मिले अहम सुराग

- रुद्रपुर सीओ सर्किल में ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों से लूट का मामला
- सरगना की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश

जासं, देवरिया: रुद्रपुर व गौरीबाजार थाना क्षेत्र में हुई ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों से लूट के मामले में पुलिस को अहम सुराग मिल गए हैं। सरगना भी चिह्नित कर लिया गया है। सरगना की गिरफ्तारी को पुलिस ने कई जगहों पर गुरुवार को दबिश दी, हालांकि सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस अधिकारी एक से दो दिनों के अंदर घटना का पर्दाफाश कर देने का दावा कर रहे हैं।

रुद्रपुर उपनगर के पूर्वी तिवारी टोला वार्ड के रहने वाले तीर्थराज तिवारी पुत्र चंद्रमोहन त्रिपाठी रुद्रपुर-देवरिया मार्ग पर बैरियाघाट चौराहा पर भारतीय स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। 12 अगस्त को बाइक सवार दो बदमाशों ने असलहा लगाकर 40 हजार रुपये लूट लिया और फरार हो गए। इसके तीसरे दिन गौरीबाजार के कटाई चौराहे पर ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को गोली मारकर बाइक सवार बदमाशों ने दो लाख रुपये लूट लिया। दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस को अहम सुराग हाथ लग गए हैं। पुलिस सूत्रों की माने तो कटाई में घटना को अंजाम देने वाले बदमाश ही रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र में भी घटना को अंजाम दिए हैं। सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान हो गई है। सरगना एक शातिर बदमाश है, जो हाल ही में लूट की घटना में जेल से छूट कर आया है। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि बदमाश जिले के ही रहने वाले हैं। उनकी दबिश दी जा रही है। जल्द ही पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# छात्र गायब, अपहरण का मुकदमा दर्ज

**पथरदेवा**: घर से कोचिंग के लिए निकला छात्र गुरुवार की सुबह गायब हो गया। इस मामले में स्वजन ने पुलिस को तहरीर दी है। अपहरण का मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। तरकुलवा थाना के धर्मागर पट्टी के रहने वाले सरफुद्दीन के 13 वर्षीय बेटे सोएब सुबह पढ़ने के लिए घर से निकला। लेकिन शाम तक नहीं लौटा। स्वजन तलाश करने में जुट गए, उसके कोचिंग में भी पहुंचने की पुष्टि नहीं हो रही है। प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# वृद्ध दंपती की मौत के मामले में आया नया मोड़

**जासं, मईल**: क्षेत्र के धरमेर के महलिया गांव में दंपती की हुई चार दिन पहले मृत के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। बेटे ने चाचा पर साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

महलिया टोला के श्रीराम कुशवाहा 68 वर्ष व उनकी पत्नी कलावती 65 वर्ष गांव के बाहर जूनियर हाईस्कूल के समीप एक खेत में घोठा बनाकर रहते थे। घोठा काफी एकांत में है। सोमवार को घोठा पर स्थित कमरे में दोनों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है। इकलौता पुत्र अखिलेश मुंबई से गांव आ गया है। गुरुवार को मामले में उसने तहरीर दी। जिसमें चाचा पर हत्या करने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

# प्रशासन ने अवैध कब्जे पर चलाया बुलडोजर



भठवा धरमपुर मे बुलडोजर से अतिक्रमण हटवाते नायब तहसीलदार डा. भागीरथी सिंह व पुलिस प्रशासन • जागरण

**जासं, सलेमपुर:** भूमाफिया के विरुद्ध प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। उपनगर के भठवा धरमपुर में एक व्यक्ति द्वारा जबरिया महिला की बैनामा वाले भूमि पर कब्जा किए जाने के मामले में गुरुवार को प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार किया। पुलिस बल के साथ निर्माण कार्य को बुलडोजर से तोड़ कर महिला को कब्जा करा दिया।

भठवा धरमपुर की रेशमा परवीन पत्नी शकील अहमद ने भठावा धरमपुर में एक व्यक्ति से जमीन बैनामा कराई है। जिस पर रेशमा का नाम भी खतौनी में दर्ज हो गया है। उस जमीन पर कोतवाली के नदौली गांव के रहने वाले उमेश यादव ने जबरदस्ती कब्जा कर लिया है। जमीन खाली कराने के लिए महिला ने कई बार जिला प्रशासन व पुलिस अधीक्षक से अपनी पीड़ा व्यक्त की तो जिलाधिकारी ने तहसीलदार को एक सप्ताह के जमीन खाली कराकर महिला को सौंपे जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को नायब तहसीलदार सलेमपुर डा. भागीरथी सिंह, प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय मय पुलिया बल मौके पर पहुंच कर बुलडोजर से अतिक्रमण मुक्त कराया। नायब तहसीलदार ने बताया कि अवैध कब्जा करने वाले को पुलिस भेजकर बुलाया गया, फोन भी किया गया लेकिन वह नहीं आया। महिला को उसके जमीन पर कब्जा करा दिया गया है।

# रिहायशी क्षेत्र में बन गए गोदाम, परेशानी

## हादसे होने के बाद प्रशासन को आती है मानक की याद, नोटिस देने की तैयारी

**जासं, देवरिया:** शहर के अंसारी रोड के पंजाबी गली में खिलौने की दुकान व गोदाम में लगी आग के बाद एक बार फिर प्रशासन को मानक की याद आने लगी है। अब प्रशासन मान रहा है कि गोदाम रिहायशी इलाके में बनाना ठीक नहीं था। इसके लिए दुकानदार को प्रशासन की तरफ से नोटिस दी जाएगी।

शहर के गरुलपार के रहने वाले अरविंद व उमेश बरनवाल पुत्रगण स्व. महादेव की पंजाबी गली में खिलौने का गोदाम व दुकान है। मंगलवार की रात तीन मंजिले गोदाम व दुकान में आग लग गई और लाखों का सामान जल गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अब गोदाम को लेकर प्रशासन को नियम की याद आ गई है। विभागीय जानकारों का कहना है कि वहां नियम की अनदेखी की गई है। रिहायशी इलाके में यह गोदाम बनाया गया था। मकान में कोई दूसरा दरवाजा नहीं था। जिसके चलते आग बुझाने में अग्निशमन विभाग को 29 घंटे से अधिक का समय लग गया। अग्निशमन अधिकारी राजमंगल सिंह का कहना है कि गोदाम नियम विरुद्ध है। रिहायशी इलाके में यह गोदाम बनाना उचित नहीं है। साथ ही नक्शा भी मकान का कामर्शियल उपयोग के लिए नहीं है। एसडीएम योगेश कुमार गौंड ने बताया कि इसकी जांच कराई जाएगी। दुकानदार को नोटिस दिया जाएगा। ऐसे अन्य दुकानों को भी चिह्नित कर नोटिस देने की कार्रवाई की जाएगी।




बुधवार की रात आग बुझाने पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ियां • जागरण

**पूरी रात अग्निशमन कर्मियों ने बुझाई आग :** मंगलवार की रात आग लगी। रात से ही आग बुझाने में अग्निशमनकर्मी जुट गए। लगभग 15 घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बुधवार की रात साढ़े नौ बजे एक बार फिर आग तीन मंजिले गोदाम में सुलगने लगी और आग जलने लगी।

मौके पर अग्निशमन कर्मचारी गाड़ियों के साथ पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। गुरुवार की सुबह तक आग बुझाई गई। एसपी संकल्प शर्मा ने आग बुझाने में अहम भूमिका निभाने वाले अग्निशमन कर्मियों को पुरस्कृत करने के लिए सूची मांगी है।

**जमीन में दफन हो गए हाईडेंट :** शहर की आबादी लगभग एक लाख साठ हजार है। शहर में अग्निशमन विभाग को पानी उपलब्ध कराने के लिए जगह-जगह तो हाईडेंट लगाए गए, लेकिन उसमें से नौ हाईडेंट जिम्मेदारों की लापरवाही से जमीन में दफन हो गए। मात्र जलकल, मोतीलाल रोड व पुलिस लाइन में ही हाईडेंट काम कर रहा है।

## यातायात पुलिस के विरुद्ध सीएम से शिकायत

रामपुर कारखाना : उपनगर के टेंपो चालकों ने मुख्यमंत्री से आनलाइन शिकायत कर यातायात पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। टेंपो चालकों का कहना है कि उनके पास पूरा कागजात है। बावजूद इसके टेंपो को सुभाष चौक पर नहीं ले जाने दिया जा रहा है और पंचर कर दिया जा रहा है। रुपये की भी वसूली की जा रही है। शिकायत करने वालों में विंध्याचल विश्वकर्मा, राजू गुप्ता, जयनंदन, गुड्डू यादव, सिकंदर आदि शामिल हैं।

## एसपी से लगाई न्याय की गुहार

देवरिया : गौरीबाजार थाना क्षेत्र के धतूरा खास की रहने वाली कुंती देवी ने एसपी को शिकायत की है, जिसमें कुछ लोगों पर पिटाई करने का आरोप लगाया है। साथ ही आरोपितों द्वारा गलत मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाए। उन्होंने आरोपितों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे अवैध अस्पताल

**जासं, देवरिया:** जिले में 50 से अधिक अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन ही चल रहे हैं। कारण इनमें अधिकांश अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण नहीं हो पाया है। उसके बाद भी अस्पताल धड़ल्ले से चल रहे हैं। इसे विभागीय अधिकारी भी संज्ञान नहीं ले रहे हैं। जिससे अस्पताल संचालकों के हौसले बुलंद हैं।

छह माह पूर्व जिले में 139 प्राइवेट अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन स्वास्थ्य विभाग में था। ऐसे में नवीनीकरण के समय अग्निशमन विभाग से नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही नवीनीकरण करने का आदेश सीएमओ ने जारी कर दिया। इसके बाद अस्पताल संचालकों की परेशानी बढ़ गई। कारण अस्पताल में फायर सिस्टम व संयंत्र लगाने में डेढ़ से दो लाख रुपये खर्च आ रहा है।

खर्च कर अग्निशमन का पूरा सिस्टम लगाने की बजाय राहत के लिए अस्पताल के संचालक सीएमओ कार्यालय का चक्कर काटते रहे। नतीजा रहा कि सीएमओ कार्यालय से भी राहत नहीं मिली। ऐसे में नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। उधर, बिना रजिस्ट्रेशन के ही 50 से अधिक निजी अस्पताल चल रहे हैं। इसके अलावा अवैध रूप ये संचालित अस्पतालों की संख्या को जोड़ दिया जाए तो यह आंकड़ा 100 पार हो जाएगा। **शिकायत मिलने पर जांच करने जाती है टीम :** सीएमओ कार्यालय में प्राइवेट अस्पतालों की जांच करने टीम तभी जाती है जब उन्हें शिकायत मिलती है। इसके अलावा जब कोई डीएम या बड़े अधिकारी के यहां शिकायत करता है तो मिले निर्देश के बाद ही टीम अस्पताल की जांच करने पहुंचती है। तीन माह से अस्पतालों की जांच की गतिविधियां काफी कम हैं। एक माह में एक से दो बार ही टीम जांच के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में निकली है।

सीएमओ डा. राजेश झा ने कहा कि अस्पतालों की जांच के लिए सीएमओ कार्यालय में डिप्टी सीएमओ डा. आरपी यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# लोक अदालत में राजस्व वादों का कराएं निस्तारण

- जिलाधिकारी ने की राजस्व एवं चकबंदी कार्यों की समीक्षा
- ग्राम पंचायतों में लोक अदालत आयोजित करने का निर्देश दिया

देवरिया, निज संवाददाता। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जुलाई माह के राजस्व एवं चकबंदी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण के लिए ग्राम पंचायतों में लोक अदालत आयोजित करने का निर्देश दिया।

डीएम ने कहा कि सभी एसडीएम नियमित रूप से कोर्ट में बैठे। किसी वजह से कोर्ट की कार्यवाही स्थगित होती है तो फील्ड में जाकर लोक अदालत आयोजित करें और मौका मुआयना देखकर प्रकरण की सुनवाई करें। डीएम ने बताया कि ढाई माह के कार्यकाल में जिला दंडनायक की कोर्ट में विभिन्न वजहों से 18 दिन ही सुनवाई हो सकी, लेकिन इस अवधि में उन्होंने 126 प्रकरणों की अंतिम रूप से सुनवाई कर निस्तारण किया। सभी अपर जिलाधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार वादों के निस्तारण को प्राथमिकता दें तथा धारा-24, 67, 80 एवं 116 से जुड़े प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करें। तीन दिन के भीतर जनपद में बनने वाले 1465 अन्नपूर्णा भवन के लिए भूमि उपलब्ध कराने को कहा। आय, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त की और 3 दिन के भीतर निस्तारण करने का निर्देश दिया।

## जिलाधिकारी ने दिया था अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच का आदेश

# अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कसेगा शिकंजा

- प्रशासन ने जारी की पंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटरों की सूची
- जिले में चलते हैं बड़ी संख्या में अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र

देवरिया, निज संवाददाता। जिले में संचालित अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा। बिना पंजीकरण संचालित पाए जाने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में स्वास्थ्य विभाग है। इस क्रम में विभाग ने पंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटरों की सूची भी जारी कर दी।

जिले में दर्जनो अल्ट्रासाउंड सेंटर बिना पंजीकरण के संचालित हो रहे हैं। यह स्वास्थ्य विभाग की टीम छापेमारी करने जाती है तो इनके संचालक कभी कभार पकड़ में आ जाते हैं। वहीं अनेक बार इनको जांच की भनक लगते ही तालाबंद कर फरार हो जाते हैं। कई बार कर्मचारी सेंटर खुला छोड़कर भाग जाते हैं। इन अवैध रूप से संचालित सेंटरों पर अनट्रेंड कर्मचारी अल्ट्रासाउंड करते हैं। इनमें कई तो परंपरागत रूप से सीखकर अल्ट्रासाउंड करते हैं। वहीं कई सेंटर टेक्नीशियन संचालित करते हैं। पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक में पिछले सप्ताह जिलाधिकारी ने इन केंद्रों के विरुद्ध अभियान संचालित करने का निर्देश दिया था। सूत्रों की मानें तो डीएम के निर्देश के बाद विभागीय सक्रियता बढ़ गई है। विभाग अभियान चलाकर इन केंद्रों की धरपकड़ कर केंद्रों को बंद कराने की तैयारी में है।

**42 अल्ट्रासाउंड व एक आईवीएफ केंद्र है पंजीकृत:** जिले में 42 अल्ट्रासाउंड केंद्र पंजीकृत हैं। वहीं एक आईवीएफ केंद्र का भी पंजीकरण हुआ है। इसके अलावा तीन केंद्रों का पंजीकरण आवेदन विभाग को मिला है। इस पर नियमों के तहत विचार चल रहा है। वहीं जानकारों की मानें तो 40 से अधिक ऐसे केंद्र संचालित हैं, जो बिना किसी पंजीकरण के शहर से लेकर कस्बों तक संचालित हो रहे हैं।

**कुछ केंद्रों के लिंग परीक्षण में शामिल होने की है आशंका:** कुछ केंद्रों के लिंग परीक्षण में शामिल होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर लिंग परीक्षण से संबंधित वैधानिक चेतावनी लिखी होती है। इसके बावजूद कुछ केंद्र गुपचुप तरीके से लिंग परीक्षण की बात सामने आती रहती है।

**बाहर के डॉक्टरों के नाम हैं पंजीकरण:** कुछ अल्टासाउंड केंद्रों का पंजीकरण बाहर के डॉक्टरों के नाम पर है। वहीं एक ही डॉक्टर के नाम पर शहर में दो दो अल्ट्रासाउंड केंद्र पंजीकृत हैं। इसकी पुष्टि विभाग की सूची से हो जाती है। वहीं डीएम ने एक डॉक्टर के नाम पर एक ही केंद्र के पंजीकरण की बात कही थी।

# कोचिंग के लिए निकला छात्र गायब, अपहरण दर्ज

पथरदेवा, हिन्दुस्तान संवाद। घर से कोचिंग के लिए निकला एक छात्र गुरुवार को गायब हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। इससे परिजन परेशान हो गए। शाम को छात्र के पिता ने तरकुलवा थाने में तहरीर दी। मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया है।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिधावें के धर्मांगतपट्टी निवासी शोएब अंसारी( 14 ) पुत्र सराफुद्दीन ग्लोबल पब्लिक स्कूल पथरदेवा में सातवीं कक्षा का छात्र है। छात्र भेलीपट्टी गांव के एक शिक्षक से बाजार में अंग्रेजी विषय की कोचिंग करता है। परिजनों का कहना है कि रोजाना की तरह शोएब गुरुवार की सुबह 5.30 बजे कोचिंग के लिए घर से निकला था। कोचिंग की क्लास खत्म हो जाने के बाद जब छात्र वापस घर नहीं लौटा तो परिजन परेशान हो गए। उन्होंने कोचिंग संचालक  से बात की तो पता चला कि शोएब कोचिंग ही नहीं पहुंचा था। परिजन रिश्तेदारों के यहां छात्र को तलाशना शुरू किया। छात्र का कुछ सुराग नहीं लगा। एसओ दिलीप सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया है। छात्र का पता लगाने के लिए टीम लगाई गई है।

# हादसे में चाचा की मौत, भतीजा गंभीर

तरकुलवा। गुरुवार की देर शाम बाजार करके वापस लौट रहे चाचा भतीजे को ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान चाचा की मौत हो गई तथा भतीजे के हालात नाजुक देख डॉक्टर ने गोरखपुर रेफर कर दिया। तरकुलवा थाना क्षेत्र के कोन्हवलिया गांव निवासी संदीप उर्फ बीरबल यादव( 30) अपने भतीजे दीपक ( 15 ) पुत्र रामधनी के साथ पटनवा पुल से बाजार करके वापस लौट रहे थे।

# स्कूल में जानवर का अवशेष मिलने पर केस

मदनपुर। स्थानीय कस्बा के एक वार्ड में खाली पड़े विद्यालय के भवन में एक जानवर का सिर व पैर बुधवार को मिला था। इस मामले में पुलिस ने थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है तथा आधा दर्जन लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# प्राणघातक हमले में एक को पांच साल की सजा

देवरिया। गोरखपुर जनपद के खोराबार थाना क्षेत्र के रायगंज बाजार निवासी बद्री यादव पुत्र गामा यादव को 25 वर्ष पूर्व हुए प्राण घातक हमले के मामले में गुरुवार को दोषी पाया गया। अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने आरोपी को 5 वर्ष की कठोर कैद व 20 हजार के जुर्माने का फैसला सुनाया।

शासकीय अधिवक्ता हरेंद्र प्रसाद निषाद ने बताया कि इकौना थाना क्षेत्र के करहकोल निवासी शांति देवी 14 जनवरी 1998 को रात्रि 8 बजे अपने घर में खाना बना रही थी तथा उनका भतीजा राम प्रताप वहीं पढ़ रहा था। इस दौरान करहकोल निवासी राम रूप, जय राम, ओम प्रकाश अपने मित्र बद्री यादव के साथ कट्टे से लैस होकर घर में घुस गए। बद्री यादव ने कट्टे से राम प्रताप के ऊपर फायर झोंक दिया। राम प्रताप को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुद्रपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देख देवरिया सदर अस्पताल भेज दिया। जहां पर इलाज के दौरान राम प्रताप के एक आंख की रोशनी चली गई। शांति देवी की सूचना पर थाना इकौना में मुकदमा दर्ज हुआ।

# नकली आभूषण बेचते तीन महिलाएं पकड़ीं

रामपुर कारखाना। नकली आभूषण बेचने दुकान पर पहुंची महिलाओं को दुकानदार ने रोक लिया। दुकानदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। तीनों महिलाए बिहार प्रांत के सीवान जिले के मैरवा की रहने वाली हैं।

स्थानीय थाना क्षेत्र के गोरया घाट चौराहे पर बरियारपुर के कुसुम्ही निवासी संपूर्णानंद वर्मा की जेवरात की दुकान है। गुरुवार की शाम तीन महिलाएं दुकान पर आभूषण बेचने पहुंची। आभूषण की जांच करने पर दुकानदार को गहने नकली मिले। रामपुर कारखाना पुलिस ने बिहार के सीवान जिला स्थित मैरवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी अनीता देवी व नीतू देवी एवं पलुरिया टोला निवासी प्रभावती देवी पर केस दर्ज किया है।

# लूट की सूचना पर हलकान रही पुलिस

मेहरौनाघाट/लार, हिन्दुस्तान संवाद। बुधवार की देर रात रामजानकी मार्ग से चौमुखा गांव जाने वाले सड़क पर एक एमआर (मेडिकल रिप्रजेंटेटिव) से लूट की घटना की सूचना पर पुलिस हलकान रही। पीड़ित ने किसी के मोबाइल से इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। व्यवसायी के अनुसार उससे 5 हजार रुपये और मोबाइल बदमाशों ने लूट लिया था। पुलिस ने छानबीन शुरू की तो व्यवसाई की मोबाइल एक युवक पुलिस को सौंप फरार हो गया। पुलिस लूट की बात को गलत बता रही है।

लार थाना क्षेत्र के पिंडी गांव निवासी मोहम्मद उमर एमआर का कार्य करते हैं। बुधवार की रात वह लार से अपना काम निपटा कर अपने घर वापस जा रहे थे।

# दो के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस

लार। मारपीट के मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के बरडीहा दलपत निवासी संतोष कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय जंग बहादुर सिंह ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल का इलाज व डाक्टरी परीक्षण सरकारी अस्पताल पर कराया। प्रभारी निरीक्षक लार ने बताया कि मारपीट में पीड़ित को गंभीर चोट लगी है।

# नायब तहसीलदार ने हटवाया अवैध कब्जा

सलेमपुर। नायब तहसीलदार ने एक महिला की जमीन पर हुए अवैध अतिक्रमण को जेसीबी लगवा कर गुरुवार को हटवाया। नगर के भठवा धरमपुर वार्ड निवासी रेशमा परवीन पत्नी शकील अहमद ने 19 अगस्त को तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया था ।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र के कैमरों से 295 मामलों का खुलासा

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। डीजीपी विजय कुमार ने गुरुवार को बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी लगवाए जाने से कुल 295 आपराधिक घटनाओं का खुलासा हुआ है। इनमें हत्या की 17, डकैती व लूट की 52, अपहरण की 12, बलात्कार व छेड़खानी की आठ, चोरी की 171 एवं अन्य अपराध की 35 घटनाएं शामिल हैं। इस अभियान के तहत 23 अगस्त तक 1,89,365 स्थानों पर 3,36,383 सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा चुके हैं। डीजीपी ने कहा कि प्रदेश में अपराधों पर नियंत्रण तथा अपराधों का जल्द से जल्द खुलासा कर विश्वास बढ़ाने का काम करें।



# लोक अदालत आयोजित कर करें राजस्व वादों का निस्तारण : डीएम

**देवरिया (एसएनबी)**। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जुलाई माह के राजस्व कार्यों एवं चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण के लिए ग्राम पंचायतों में लोक अदालत आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोगो को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। इसमें कोताही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




**बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह।**

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एसडीएम नियमित रूप से कोर्ट में बैठे। यदि किसी वजह से कोर्ट की कार्यवाही स्थगित होती है तो फील्ड में जाकर लोक अदालत आयोजित करें और वादी तथा प्रतिवादी की उपस्थिति में मौका मुआयना स्वयं देखकर प्रकरण की सुनवाई करें। जिलाधिकारी ने बताया कि लगभग ढाई माह के कार्यकाल में जिला दंडनायक की कोर्ट में विभिन्न वजहों से 18 दिन ही सुनवाई हो सकी, लेकिन इस अवधि में उन्होंने 126 प्रकरणों की अंतिम रूप से सुनवाई कर उनका निस्तारण किया। सभी अपर जिलाधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार वादों के निस्तारण को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि धारा-24, 67, 80 एवं 116 से जुड़े प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने तीन दिन के भीतर जनपद में बनने वाले 1465 अन्नपूर्णा भवन के लिए भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 1415 अन्नपूर्णा भवन ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 50 नगरीय क्षेत्रों में बने हैं। उसके लिए दो डिसमिल भूमि तथा वहां तक ट्रक की आवाजाही के लिए मार्ग उपलब्ध होना चाहिए।

जिलाधिकारी ने आय, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त की और 3 दिन के भीतर सभी प्रकारणों के निस्तारण का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय, एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय, एसडीएम योगेश कुमार गौड़, एसडीएम अंगद यादव, एसडीएम विपिन द्विवेदी, एसडीएम अवधेश निगम, एएसडीएम मंजूर अहमद अंसारी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक

छितौनी (एसएनबी)। हनुमानगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत्त छितौनी इण्टर कालेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत हनुमानगंज पुलिस के नारी सुरक्षा दल के द्वारा छात्राओं को जागरुक किया। उन्हें महिलाओं के अधिकार, सुविधा व महिला हेल्प नम्बर की भी जानकारी दी गयी तथा महिला सुरक्षा से सम्बन्धित पत्रक भी दिया गया।

गुरुवार को नारी सुरक्षा दल के नेतृत्व कर रहे एस आई देवीलाल यादव के साथ महिला कांस्टेबल महिमा शुक्ला के साथ छितौनी इण्टर कालेज पहुंचकर छात्राओं से रुबरु हुए। उन्होंने छात्राओं को नारी शक्ति, अधिकार, आत्मनिर्भरता को लेकर चर्चा किया। इसके साथ ही सफल महिला नेत्री, महिला अधिकारी, व्यवसाई, किसान आदि का उदाहरण देकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि महिला अब पुरुष समाज की तरह कंधा से कंधा मिलाकर देश के विकास में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर रही है।

# कोचिंग पढ़ने निकला 7 वीं कक्षा का छात्र लापता, अपहरण का केस दर्ज

**तरकुलवा(एसएनबी)**। घर से कोचिंग पढ़नें निकला सातवीं कक्षा का छात्र अचानक कहीं लापता हो गया है। जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया है। काफी खोजबीन के बाद भी पता नही चलने पर पिता ने तरकुलवा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर घटना की जांच-पड़ताल में जुट गई है। तरकुलवा थानाक्षेत्र के सिधावें उर्फ धर्मगतपट्टी गांव निवासी सरफुद्दीन अंसारी का बेटा शोएब अंसारी (13वर्ष ) पथरदेवा ब्लक के पास एक निजी विद्यालय में 7वीं कक्षा में पढ़ता है। थानाक्षेत्र के पथरदेवा कस्बा स्थित एक कोचिंग सेंटर पर रोज सुबह वह कोचिंग क्लास पढ़ने जाता है। बृहस्पतिवार सुबह 5:30 बजे शोएब घर से कोचिंग क्लास के लिए निकला, लेकिन घर वापस नही लौटा। कोचिंग का समय खत्म होने के घंटों बाद भी जब वह घर नही लौटा तो उसके परिजनों में हड़कंप मच गया। परेशान परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरूकी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नही लगा तो किसी अनहोनी की आशंका से घबराए पिता ने पुलिस को तहरीर दी। थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया गया है।



# मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पचमा निवासी ज्ञान चन्द गोंड़ पुत्र स्व. मोहन गोंड़ ने दिये गये तहरीर में कहा कि 19 अगस्त को 8 बजे रात को प्रार्थी गांव के बाहर उत्तर तरफ सब्जी व धान की फसल बोये थे। जिसको टाटी से घेरकर रखे थे, कि जिसको गांव के ही रामरक्षा, देवचन्द, किशुन ने फसल काट लिया तथा टाटी को तोड़कर फेंक दिया, सब्जी को उखाड़ दिया तथा पूछने पर गाली गुत्ता देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस दे उपरोक्त के खिलाफ मारपीट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सेक्स स्कैण्डल में शामिल चौथा मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस पकड़ से दूर

**बरहज (एसएनबी)।** देवरिया जनपद के एक कालोनी में चल रहे सेक्स स्कैण्डल के खेल में मुख्य चार आरोपियों में पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुका है। इस खेल का चौथा मास्टर माइंड सुवाष चौहान घटना के उजागर होने के बाद से ही फरार चल रहा है। पुलिस इसकी गिरफ्तारी के लिए दिन रात चिन्हित ठिकानों पर दबिश दे रही है लेकिन अभी तक उसे कामयाबी नहीं मिल पा रही है। इस स्कैण्डल में शामिल कई लोग भूमिगत हो चुके है। पुलिस अभी इन लोगों पर हाथ नहीं डाल रही है। महिला की गिरफ्तारी होने के बाद पुलिस की पूछताछ में महिला ने कई राज खोले है। इस प्रकरण में शामिल सभी लोगों के विरूद्ध कार्यवाही होनी तय है।

**तीन आरोपियों को पुलिस भेज चुकी है जेल**

जानकारी के अनुसार मुकामी थाना क्षेत्र के कपरवार नौका टोला निवासी बैजनाथ उर्फ बड़कू यादव तथा नगर के तिवारीपुर निवासी सुवाष चौहान और उसका बेटा रवि चौहान देवरिया के एक कालोनी में किराये के एक मकान में रह रही सुनीता यादव नाम की महिला से सांठ गांठ कर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपने जांच में फंसाकर बन्द कमरे में रंगरेलिया मनाने के दौरान वीडियो क्लिप बनाते थे। कुछ दिनों बाद सम्बन्धित व्यक्ति को उक्त वीडियो क्लिप दिखाकर उन्हें ब्लैकमेल कर मोटी रकम वसूलते थे। बैजनाथ व सुवाष चौहान द्वारा महिला को तय रकम नहीं देने पर छः माह बाद महिला ने पुलिस अधीक्षक सहित बरहज पुलिस को तहरीर देकर सम्बन्धित लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की। सोशल मीडिया पर इस प्रकरण से जुड़े कुछ वीडियो क्लिप व आडियों भी खूब वायरल हुए। जिसमे महिला प्रकरण में जुड़े लोगों का नाम भी ले रही है। चौथा मुख्य आरोपी सुवाष चौहान के गिरफ्तार होने के बाद इस प्रकरण से कई और राज खुलेंगे। क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगायी गयी है। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# मझने नाला में मिला युवक का शव, ससुरालियों पर हत्या का आरोप

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय कोतावाली क्षेत्र के अधरंगी गांव के पास मझने नाला नदी में गुरुवीर को युवक की लाश मिली। जहां लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की शिनाख्त कराया तो वह श्रीनगर कोल्हुआ निवासी अखिलेश के रूप में पहचान हुई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अखिलेश प्रसाद पुत्र जयराम प्रसाद निवासी श्रीनगर कोल्हुआ की ससुराल रुद्रपुर कोतवाली थानाक्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बड़हरा निवासी रामअशीष की बेटी रेखा से लगभग दो वर्ष पूर्व हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ससुराल गया था। ससुरालियों से विवाद के बाद युवक लापता चल रहा था। जिसके लापता होने की सूचना पुलिस को दी गयी थी। मृतक 21 अगस्त की शाम को पत्नी को विदा कराने



के लिये ससुराल गया था। विदा कराने को लेकर विवाद हुआ था। दो दिनों से गायब चल रहे युवक का शव गुरुवार को अधंरगी गांव के समीप मझने नाला में पाया गया। घर वाले ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या कर शव को नदी में फेंकने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच करने में जुटी है। मृतक के भाई ने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। मृतक अखिलेश चार भाईयों में सबसे छोटा तथा, बड़ा भाई कमलेश, दूसरा अमरेश, राजू व चौथा अखिलेश था। इस मामले में पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता चल सकेगा।

# ससुराल गये युवक को सालों ने मारा पीटा, केस

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** गोरखपुर जनपद के झंगहा थाना के ग्राम जंगलपुर रसूलपुर निवासिनी बादामी देवी पत्नी श्यामबिहारी ने दिये गये तहरीर में कहा कि प्रार्थनी के पुत्र भागीरथी पुत्र स्व. श्याम बिहारी की शादी डहरौली बुजुर्ग थाना रुद्रपुर में हुई है। 17 अगस्त को 12 बजे दिन में मेरा पुत्र भागीरथी अपनी पत्नी सुभद्रा देवी को विदाई कराने के लिये ससुराल डरौली बुजुर्ग पहुंचा तो सुभद्रा के तीनों भाई अजय, नवीन, प्रवीण पुत्र गण रामदौड़ ने गाली गलौज देते हुए लात मुक्का घूसा से मारपीट कर घायल कर दिये। इस मामले में पुलिस ने अजय, नवीन, प्रवीण के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# पुलिस व आबकारी ने मदिरा की दुकानों का किया निरीक्षण

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** जिलाधिकारी देवरिया के निर्देशानुसार चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत गुरुवार को एसडीएम रुद्रपुर विपिन कुमार द्विवेदी व सीओ जिलाजीत एवं आबकारी निरीक्षक रुद्रपुर कुलदीप सिंह द्वारा क्षेत्रान्तर्गत संचालित मदिरा के दुकानों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान नगर के बीयार शॉफ अंग्रेजी शॉप



मॉडल शॉप व देशी मदिरा की दुकानों पर गहन निरीक्षण किया। इस दौरान मदिरा के दुकानों पर साफ सफाई रखने एवं सीसीटीवी कैमरा संचालित करने के संबंध में लाईसेंसधारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया। ताकि कभी भी होने वाले कोई भी अपराध पर सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से अंकुश लगाया जा सके। इस दौरान स्टाक रजिस्टर का भी मिलान कराया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी दुकान पर गंभीर अनियमितता नहीं पायी गयी। एसडीएम विपिन द्विवेदी ने बताया कि संचालित होने वाला परिवर्तन अभियान 5 सिप्तम्बंर तक चलेगा। प्रवर्तन अभियान के तहत दुकानों के जांच के साथ-साथ क्षेत्र में बन रहे अवैध कच्ची मदिरा के अड्डों पर दबिश की कार्यवाई की जायेगी।

# हत्या के प्रयास का केस

**लार।** लार थाना क्षेत्र के बरडीहा दलपत में कल एक व्यक्ति द्वारा अपने दरवाजे की साफ सफाई की जा रही थी। इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। लार थाना क्षेत्र के बरडीहा दलपत निवासी संतोष कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय जंग बहादुर सिंह ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल का इलाज व डाक्टरी परीक्षण सरकारी अस्पताल पर कराया। पीड़ित संतोष कुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट के इस मामले में गांव के दो नामजद आरोपियों अजय किशोर सिंह व अवध किशोर सिंह के विरुद्ध हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक लार कपिल देव चौधरी ने कहा कि मारपीट में पीड़ित को गंभीर चोट लगी है। सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीत किया गया है।

# दवा व्यवसायी से लूट की सूचना पर हलकान रही पुलिस

**मेहरौनाघाट (एसएनबी)**। बुधवार की रात लगभग 10 बजे रामजानकी मार्ग से चौमुखा गाँव जाने वाले रोड पर पोखरें के समीप एक दवा व्यवसाई से लूट की घटना की सूचना पर पुलिस हलकान रही।पीड़ित ने किसी के मोबाइल से इस घटना की जानकारी पुलिस को दी।पीड़ित के मुताबिक डायल 112 को सूचना दिया गया की लगभग 5000 रुपये सहित मेरा मोबाइल फोन लूट लिया गया है।क्षेत्र में लूट की सूचना पर प्रशासन के हाथ पाव फूलने लगे।जब इस बात की जानकारी हुई तो आनन फानन में घटनास्थल पर लार थाना प्रभारी कपिल देव चौधरी पहुंचे और पीड़ित से घटना की जानकारी लिए। लार थाना क्षेत्र के पिंडी गांव निवासी मोहम्मद उमर दवा व्यवसाय का कार्य करते हैं। बुधवार की रात वह लार से अपना काम निपटा कर अपने घर वापस जा रहे थे।अभी वह रामजानकी मार्ग से बौली वार्ड के समीप से पोखरी पर पहुंचे थे कि कुछ अज्ञात लोगों द्वारा उनकी बाइक रोक उनका मोबाइल और पैसा छीन लिया गया।डरे सहमे मोहम्मद उमर अपने गांव के पिंडी चौराहे पर पहुंचे तो किसी के मोबाइल से इस घटना की जानकारी डायल 112 और थानाध्यक्ष लार कपिलदेव चौधरी को घटना की जानकारी दी।

# श्रीराम व कलावती मरे या मारे गए मे फसा पेच

लार रोड। सलेमपुर तहसील क्षेत्र के धरमेर महलिया गांव में वृद्ध दम्पति की संदिग्ध परिस्थितियों में चार दिन पहले हुई मौत मे बृहस्पतिवार को नया मोड ले लिया है। बताते चले धरमेर महलिया गांव निवासी श्रीराम कुशवाहा व उनकी पत्नी कलावती गांव के बाहर घोटे पर रहते थे ।बहु गांव मे घर पर बेटे के साथ रहती थी।पती बाहर रहता था । चार दिन पहले दम्पति की संदिग्ध अवस्था मे घोटे पर मृतक पाये गये थे ।मृतक श्रीराम के भाई के सूचना पर पहुंच मईल पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे ले व उनके ही तहरीर पर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । बुधवार को श्रीराम का एकलौता पुत्र अखिलेश मुंबई से गांव आया तो मईल पुलिस को तहरीर देकर बताया की मुझे संदेह है की मेरे चाचा जयराम कुशवाहा से लगभग 25 वर्षो से भूमि विवाद चल रहा है उन्होंने ही किसी संयन्त्र के तहत मेरे माता पिता को मार । वही दम्पति के मौत पर गाँव मे सरगर्मी तेज हो गयी है लोग कयाश लगा रहे है की बृद्ध दम्पति ने आत्मदाह किया या उनको किसी रंजीश बस मारा गया है यह तो जांच का विषय है । इस बाबत नवागत मईल थाना प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज ने बताया की पहले चाचा ने ही तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराया अब बेटा आया है तो चाचा के खिलाफ तहरीर दिया है जांच चल रही है।बहुत जल्द खुलासा होगा।

# देवरिया : दो महिलाओं ने 40 लोगों से 6.50 करोड़ रुपये ठगे

देवरिया। बड़े शहरों में प्रॉपर्टी खरीदवाने और समूह में रुपये जमा करने के नाम पर दो महिलाओं ने शहर के करीब 40 लोगों से 6.50 करोड़ रुपये ठग लिए। कई दिनों से जालसाजी करने वाली महिलाओं की तलाश में जुट लोगों ने बृहस्पतिवार देर शाम उन्हें पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। मामले में चार लोगों ने पुलिस को तहरीर दी है। सलेमपुर के अनुवापार गांव निवासी एक महिला शहर में किराए का कमरा लेकर काफी समय से रहती है। >> विस्तृत भीतर

# एक तरफा प्यार में अस्पताल तक पहुंचा युवक, लोगों ने उतारा आशिकी का भूत

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। एक अस्पताल में काम करने वाली स्वास्थ्यकर्मी से एकतरफा प्रेम करने वाला युवक बृहस्पतिवार को उसके कार्यस्थल पर पहुंच गया। अपने दोस्तों के साथ हूटिंग करने लगा। जब महिला स्वास्थ्य कर्मी ने मना किया तो वह अपनी दबंगई दिखाने लगा। खुलेआम प्यार का इजहार करने लगा। यह देख अन्य युवती के साथी कर्मचारियों ने पहले तो ऐसा करने से मना किया। फिर भी युवकों के न मानने पर पकड़ कर पिटाई कर दी। इसके कारण अस्पताल में काफी देर तक हो-हल्ला मचा रहा।

एक अस्पताल में स्टाफ नर्स का काम करने वाली युवती बुधवार की रात में कार्यस्थल पर पहुंची। एक युवक युवती का काफी दिनों से पीछा कर रहा था। पर युवती उसकी बातों की अनदेखी करती रही।

हद तो तब हो गई जब रात में करीब 11 बजे युवक अपने दोस्तों के साथ पहुंच गया और स्वास्थ्य कर्मी की तरफ देखकर हूटिंग करते हुए इशारे करने लगा। यह देख युवती कुछ देर तक चुप रही और उसके जाने की प्रतीक्षा करने लगी। पर युवक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। काफी देर से युवक की हरकत देख अन्य कर्मियों ने मना किया तो वह फिल्मी अंदाज में मारपीट पर उतारू हो गया और उनसे उलझ गया। इसके बाद कर्मियों ने पकड़ कर युवक की पिटाई कर दी। इसके बाद युवक और उसके दोस्त भाग खड़े हुए। कोतवाल दिनेश मिश्रा ने बताया कि पुलिस चौकी से मारपीट की सूचना मिली थी।

## होमगार्ड से भिड़ा युवक, की हाथापाई

देवरिया। मेडिकल कॉलेज के ब्लड जांच रजिस्ट्रेशन काउंटर के पास बृहस्पतिवार को बगल से अंदर जाने से रोकने पर एक युवक होमगार्ड से भिड़ गया और दोनों में हाथापाई हो गई। इसके बाद युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया गया। मेडिकल कॉलेज में ब्लड जांच के लिए रजिस्ट्रेशन काउंटर पर बृहस्पतिवार को भीड़ थी। सैंपल देने और रिपोर्ट लेने के लिए लंबी लाइन लगी थी। इसी बीच एक युवक बगल से पहले अंदर जाने लगा। इस पर लाइन में खड़े लोग हो-हल्ला करने लगे। होमगार्ड के जवान ने रोका। आरोप है कि युवक उलझ गया और अपशब्द बोलने लगा और दोनों में हाथापाई होने लगी। इसकी जानकारी मिलने पर होमगार्ड के अन्य जवान पहुंच गए और युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिए। संवाद

# दो महिलाओं ने 40 लोगों से 6.50 करोड़ रुपये ठगे

## पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर, आरोपी महिलाएं पुलिस हिरासत में

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। बड़े शहरों में प्रॉपर्टी खरीदवाने और समूह में रुपये जमा करने के नाम पर दो महिलाओं ने शहर के करीब 40 लोगों से 6.50 करोड़ रुपये ठग लिए। कई दिनों से जालसाजी करने वाली महिलाओं की तलाश में जुटे लोगों ने बृहस्पतिवार की देर शाम उन्हें पकड़कर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। मामले में चार लोगों ने पुलिस को तहरीर दी है।

सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के अनुवापार गांव निवासी एक महिला शहर में किराए का कमरा लेकर काफी समय से रहती है। यहां पर उसने कई महिलाओं से दोस्ती कर ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार महिला ऐसे लोगों के घरों से संबंध बनाती थी, जिनके पास काफी रुपये थे और उनके पति बाहर नौकरी करते हैं। करीब तीन साल के भीतर किसी से दस तो किसी पंद्रह लाख रुपये गोरखपुर, लखनऊ और देवरिया में जमीन खरीदवाने के नाम पर वसूल लिए। कुछ महिलाओं से समूह में रुपये जमा कर ब्याज के साथ लौटाने का झांसा देकर जमा करा लिया। इसके बाद जब लोगों को जमीन नहीं मिली तो रुपयों का तगादा करने लगे। इस पर महिला छिपकर रहने लगी। रुपये गवां चुके लोग महिला के मायके और ससुराल जाते थे तो उसका कहीं पता नहीं चलता था। शाम को कुछ लोगों उसे शहर की न्यू कॉलोनी में देख लिया और पकड़ कर कोतवाली लेकर पहुंच गए।

ठगी करने वाली महिलाओं के पकड़े जाने की सूचना पर जालसाजी के शिकार हुए अन्य लोग भी कोतवाली पहुंच गए। पुलिस ने आरोपी महिला से पूछताछ की तो उसने बताया कि न्यू कॉलोनी की एक महिला को साढ़े तीन करोड़ रुपये दिए हैं और रुपये उसके बैंक खाते में मौजूद हैं। सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि महिला ने साढ़े छह करोड़ रुपये लोगों के हड़प लिए हैं। तहरीर मिली है, दोनों महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# वैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों की सूची जारी अवैध पर शिकंजा कसने की तैयारी

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जनपद में पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्रों की सूची प्रशासन की ओर से जारी की गई है। मकसद है कि लोगों को वैध केंद्रों का पता चल सके और वहां जांच कराकर वे गुणवत्तापूर्ण रिपोर्ट पा सकें। इसके अलावा धड़ल्ले से चल रहे अवैध केंद्रों पर शिकंजा भी कसने की तैयारी की जा रही है।

अमर उजाला इंपैक्ट

बुधवार को अमर उजाला ने जिले के अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर हो रही गड़बड़ी की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसे जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को सभी पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्रों की सूची स्वास्थ्य महकमे से तलब की है। जिलेवासियों की सुविधा के लिए 43 पंजीकृत अल्ट्रा साउंड केंद्रों की सूची जारी कराई है, जहां पर नियमानुसार अल्ट्रासाउंड होता है।

**पांच हजार में बता देंगे लड़का है या लड़की पर हमारे बारे में किसी को मत बताना...**



अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

## ये हैं पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्र

न्यू शिवम अल्ट्रासाउंड सेंटर, आकृति अल्ट्रासाउंड सेंटर, न्यू गोविंद अल्ट्रासाउंड सेंटर, दुग्धेश्वरनाथ डायग्नोस्टिक सेंटर, सत्यम अल्ट्रासाउंड सेंटर, प्रिंस अल्ट्रासाउंड सेंटर, डीडी हेल्थ सेंटर, डॉ. संगीता आईवीएफ एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर, सावित्री नर्सिंग होम, देवरिया हर्ट केयर सेंटर, शर्मा एक्स रे क्लिनिक, डॉ. रवि अग्रवाल, महर्षि देवरहा बाबा आटोमनस स्टेट मेडिकल कॉलेज, सिद्धार्थ डायग्नोस्टिक सेंटर, जेडी अल्ट्रासाउंड सेंटर, श्री वैष्णो देवी डायग्नोस्टिक सेंटर, आकृति डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड सेंटर, मिलेनियम डायग्नोस्टिक सेंटर, एनएच लारी डायग्नोस्टिक एंड एक्स रे सेंटर, एस अल्ट्रा साउंड एंड डायग्नोस्टिक सेंटर, मेडिकोज डायग्नोस्टिक एंड एएमपी इमेजिन सेंटर, कशिश डायग्नोस्टिक सेंटर, जनसेवा एक्स रे एंड अल्ट्रासाउंड सेंटर, तेजस हास्पिटल, न्यू आनंद अल्ट्रासाउंड सेंटर, केएन मेमोरियल हेल्थ सेंटर न्यू कालोनी, होप इमेजिंग डायग्नोस्टिक सेंटर, गुरु कृपा क्लीनिक, लाइफ केयर डायग्नोस्टिक सेंटर, तारा कृष्ण डायग्नोस्टिक सेंटर, देवरिया डायग्नोस्टिक सेंटर, निदान अल्ट्रासाउंड सेंटर, पुरवा डायग्नोस्टिक सेंटर, शिवम डायग्नोस्टिक सेंटर, अनन्या अल्ट्रासाउंड सेंटर, सौरव डायग्नोस्टिक सेंटर, दक्ष डायग्नोस्टिक सेंटर, बुद्धा डायग्नोस्टिक सेंटर सेलमपुर, दिनेश द मेडिसीटी हॉस्पिटल एंड अल्ट्रासाउंड सेंटर, बुद्धा डायग्नोस्टिक सेंटर, जनप्रिया अल्ट्रा डायग्नोस्टिक सेंटर हैं। इसके अलावा नवीनीकरण के लिए अरूण अल्ट्रा साउंड सेंटर, शिवम अल्ट्रा साउंड एंड एक्स रे सेंटर, दीप अल्ट्रासाउंड सेंटर ने आवेदन किया है।

# दस लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

देवरिया। बनकटा थाना क्षेत्र के नोनार पांडेय गांव निवासी पारस यादव के तहरीर पर बनकटा पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। एसओ ने बताया कि जल्द ही इनकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। संवाद

# कोचिंग पढ़ने निकले छात्र का अपहरण, केस दर्ज

देवरियां। घर से कोचिंग पढ़ने निकला कक्षा सातवीं का छात्र बृहस्पतिवार को लापता हो गया है। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई है। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चलने पर पिता ने तरकुलवा थाने में तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर अपहरण का केस दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई है।



शोएब अंसारी

तरकुलवा थानाक्षेत्र के सिधावे उर्फ धर्मागतपट्टी गांव निवासी सरफुद्दीन अंसारी का इकलौता बेटा शोएब अंसारी (13) पथरदेवा ब्लॉक के पास एक निजी विद्यालय में कक्षा सातवीं में पढ़ता है। पथरदेवा कस्बा स्थित एक कोचिंग सेंटर में रोज सुबह वह क्लास करने जाता है। बृहस्पतिवार सुबह साढ़े पांच बजे शोएब घर से कोचिंग क्लास के लिए निकला, लेकिन फिर घर नहीं लौटा। कोचिंग का समय खत्म होने के काफी देर बाद भी जब वह घर नहीं लौटा तो परिजन परेशान हो गए। इसके बाद उसकी तलाश शुरू कर दी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं लगा।

इसके बाद किसी अनहोनी की आशंका से घबराए पिता ने पुलिस को तहरीर दी। संवाद

# शहर में हर कदम खतरा, कहीं गली संकरी तो कहीं बिना फायर एनओसी के चल रहे मॉल-अस्पताल

## खुलेआम किया जा रहा रसोई गैस सिलिंडर भरने का काम, हो सकता है बड़ा हादसा



शहर का तिलक रोड काफी संकरा है। संवाद



महाशय गली में खुलेआम छोटे सिलिंडर में गैस भरी जा रही है। संवाद



अंसारी रोड से छहमुखी चौराहे के तरफ जाने वाली सड़क भी काफी तंग है। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर में खिलौना की दुकान और गोदाम में भीषण आग शॉर्ट-सर्किट से लगी है। इसके अलावा भी शहर में और खतरे हैं। संकरी गलियों में बड़े प्रतिष्ठान बिना फायर डिपार्टमेंट की एनओसी के चल रहे हैं। बड़े अस्पतालों और शॉपिंग मॉल संचालकों ने भी फायर की एनओसी नहीं ली है। इन जगहों पर हर रोज काफी संख्या में लोगों का आना-जाना होता है।

यहां तक कि अवैध तरीके से रसोई गैस सिलेंडर भरने का काम इन गलियों में किया जाता है। इतना ही नहीं शहर के 19 हाईड्रेंट में से महज तीन ही काम कर रहे हैं। बाकी जमींदोज हो चुके हैं। यही कारण है कि मंगलवार की रात लगी आग को काबू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। ऐसे में अगर शहर के किसी और सघन इलाके में आग लगने की घटना होती है तो उसे नियंत्रित कर पाना चुनौती साबित हो सकती है।

शहर के अंसारी रोड पर जिस जगह पर आग लगी थी उस जगह से चंद कदमों की दूरी पर गैस रिफिलिंग की जाती है। इस गली में करीब पांच ऐसी दुकानें हैं, जहां से बड़े से छोटे सिलेंडर में रसोई गैस भरने का काम किया जाता है। हालत यह है कि अगर आग लग जाए तो फायर ब्रिगेड की गाड़ी तो दूर, टेंपो भी मौके पर नहीं जा सकता है। अतिक्रमण के चलते छहमुखी चौराहा को जाने वाली सड़क संकरी हो गई है। इससे कुछ दूरी पर करीब सौ मीटर की परिधि में पूरा मार्केट है, जहां पर प्लास्टिक और अन्य छज्जा लगाया गया है। यहां हालत यह है कि बाइक सवार तक को घुसने में दिक्कत होती है। अगर कोई इस मार्केट में बाइक से चला गया तो उसे बाहर निकलने में 30 मिनट का समय लग जाएगा। रामलीला मैदान रोड पर करीब 50 दुकानें ऐसी हैं जिनके पास आग बुझाने का इंतजाम नहीं हैं और अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी हो गई है। बजाजी गली से छोटी गलियों में करीब दस गोदाम कपड़े के हैं, जहां पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं जा पाएगी। एचडीएफसी बैंक की गली से सटी छोटी गलियों में भी कास्मेटिक, खिलौना, बैग का गोदाम है, जहां आग लग जाए तो बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। पैदल तक जाना कठिन हो जाएगा।

बृहस्पतिवार की शाम चार बजे साकेत नगर निवासी संदीप ने बताया कि बाजार करने के लिए बाइक से अंदर गए, पर कदम-कदम पर जाम मिलने की वजह से बाहर निकलने में आधा घंटा का समय लग गया। भीखमपुर निवासी संतोष ने बताया कि खिलौना लेने के लिए आया था। बाइक काफी दूर खड़ी करनी पड़ी तब जाकर किसी तरह खरीदारी कर सके।

**सील करने का मिले अधिकार** : अग्निशमन अधिकारी राजमंगल सिंह ने बताया कि महज चार मॉल मालिकों ने एनओसी लिया है। बड़े प्रतिष्ठान भी एनओसी नहीं ले रहे हैं और न ही सुरक्षा के इंतजाम कर रहे हैं। कई बार नोटिस देने के बाद भी उसका जवाब नहीं मिलता है। उनको अग्निशमन विभाग से कोई भय नहीं है, क्योंकि दुकान और प्रतिष्ठान को हमें सील करने का अधिकार नहीं है। सील करने का मामला शासन में लंबित है। अगर अधिकार मिल गया तो काफी हद तक सुधार हो जाएगा।

अमर उजाला अलर्ट



अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

### जमींदोज हो गए हाईड्रेंट

देवरिया। आग लगने की किसी घटना के समय दमकल की गाड़ियों में पानी भरने के लिए शहर में 19 स्थानों पर हाईड्रेंट लगाए गए थे। इसमें सब्जी मंडी, अंसारी रोड, हनुमान मंदिर, सिविल लाइंस, नगर पालिका, कोआपरेटिव चौराहा, भीखमपुर रोड, मोतीलाल रोड, स्टेडियम, अस्पताल, रामलीला मैदान हैं। इस समय हालत यह है कि महज स्टेडियम और जिला अस्पताल का हाईड्रेंट पंप ठीक है। बाकी जगहों पर सड़कों के ऊंचा होने के कारण हाईड्रेंट पंप जमींदोज हो गए हैं। संवाद

### जिले में 80 मॉल, फायर एनओसी सिर्फ चार के पास

देवरिया। जिले में छोटे-बड़े करीब 80 मॉल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स हैं। अग्निशमन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इनमें से केवल चार ने ही विभाग से एनओसी लिया है। वहीं जिले में संचालित करीब 140 अस्पतालों में से सिर्फ 40 ही फायर डिपार्टमेंट के मानकों को पूरा कर एनओसी हासिल कर सके हैं। वहीं शहर में कपड़े के गोदाम से लगायत बड़े प्रतिष्ठानों ने भी एनओसी लेने में रूचि नहीं दिखाई। इन जगहों पर काफी संख्या में लोगों का आना-जाना होता है। इसके बावजूद भी गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। संवाद

### शॉर्ट-सर्किट से आए दिन हो रहे हादसे

देवरिया। शॉर्ट-सर्किट से आए दिन आग लगने की घटना सामने आ रही हैं। अभी कुछ माह पहले शहर के रामलीला मैदान स्थित मॉल में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। पिछले माह में भी शॉर्ट सर्किट से ही एक माल में आग लगी थी। खुखुंदू और गौरीबाजार में दो माह पहले आग की घटना हुई थी। अंसारी रोड पर जिस जगह खिलौना की दुकान व गोदाम में आग लगी थी उस जगह भी तारों का मकड़जाल है। संवाद







# दरवाजे पर चढ़कर महिला की पिटाई, केस दर्ज

**सलेमपुर।** कोतवाली पुलिस ने दो महिला समेत छह लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोप है कि बुधवार को कुछ लोगों ने महिला के दरवाजे पर चढ़कर पिटाई कर दी थी। कोतवाली थाना क्षेत्र के अहिरौली लाल गांव की कुमारी देवी पत्नी छोटेलाल ने बुधवार की देर शाम कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उनके दरवाजे पर गांव के सुदामा, सावित्री, अंकित तथा उनके दामाद रिश्तेदार मंटू निवासी सुकरौली, जोखन ग्राम मोहरा गोलबंद होकर लाठी डंडा से लैस होकर आए और गाली, धमकी देते हुए मारने लगे। संवाद

# कार और बाइक की टक्कर में एक घायल, रेफर

**बरहज।** भलुअनी कस्बे में बृहस्पतिवार की शाम बरहज-देवरिया मार्ग पर कार और बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें सोनाड़ी के उसरा टोला निवासी बाइक सवार अरविंद यादव पुत्र इंदल घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए पीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोनाड़ी गांव के उसरा टोला निवासी अरविंद शाम को किसी कार्य से भलुअनी गए थे। वह वापस गांव जा रहे थे। संवाद

# नकली जेवरात बेचतीं तीन महिलाएं पकड़ी गईं

**देवरिया।** रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र में नकली जेवर बेचने दुकान पर पहुंची महिलाओं को दुकानदार ने रोक लिया। दुकानदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया। इनके खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र के गोरयाघाट चौराहे पर बरियारपुर के कुसुम्ही निवासी संपूर्णानंद वर्मा की जेवरात की दुकान है। बृहस्पतिवार की शाम तीन महिलाएं दुकान पर आभूषण बेचने पहुंचीं। संवाद

# घटना के 12 दिन बाद हत्या के दो आरोपियों को जेल

**भाटपाररानी।** खामपार थाना के ग्राम केहूनियां में 12 दिन पूर्व हुई मारपीट की घटना में इलाज के दौरान एक युवक की हुई मौत के मामले में पुलिस ने हत्या के दो आरोपियों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आकाश गुप्ता और विकास गुप्ता को भिंगारी बाजार से बिहार भागते समय गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया। ग्राम केहुनिया में 11 अगस्त 2023 को बरामदे में साइकिल रखने के विवाद को लेकर सगे दो भाइयों के बीच मारपीट हो गई थी। संवाद

# लोक अदालत में करें राजस्व वादों का निस्तारण

**देवरिया।** डीएम अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण के लिए ग्राम पंचायतों में लोक अदालत आयोजित किया जाए। लोगों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। इसमें कोताही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वह बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जुलाई माह के राजस्व कार्यों एवं चकबंदी कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। आगे कहा कि सभी एसडीएम नियमित रूप से कोर्ट में बैठे। यदि किसी वजह से कोर्ट की कार्यवाही स्थगित होती है तो फील्ड में जाकर लोक अदालत आयोजित करें और वादी तथा प्रतिवादी की उपस्थिति में मौका मुआयना स्वयं देखकर प्रकरण की सुनवाई करें। संवाद

## पांच बदमाशों को किया गया जिला बदर

देवरिया। न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन के आदेश पर जिले के पांच व्यक्तियों को छह माह के लिए जिला बदर घोषित किया गया है। एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को बताया कि सलेमपुर थाना क्षेत्र के सैफ खान निवासी ग्राम देवरिया उर्फ शामपुर को छेड़खानी एवं मारपीट, बरहज थाना क्षेत्र के राकेश मद्धेशिया व संजय मद्धेशिया निवासी हरनाडीह को मारपीट, लार थाना क्षेत्र के मु.सैफ निवासी मेहरौना को मारपीट, रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के प्रभुनाथ निषाद निवासी लक्ष्मीपुर को अवैध शराब बनाने के आरोप में जिला बदर किया है। संवाद

## अवैध कब्जे पर तहसील प्रशासन का चला बुलडोजर

सलेमपुर। एक महिला की बैनामे की भूमि के सामने पीडब्ल्यूडी की भूमि पर एक व्यक्ति वर्षों से कब्जा किया था। पीड़ित ने इसकी शिकायत डीएम की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में की थीं। डीएम ने इसकी जांच नायब तहसीलदार को सौंपी। जांच में सही मिलने पर बृहस्पतिवार को तहसील प्रशासन ने बुलडोजर लगाकर अवैध कब्जा को ध्वस्त करा दिया। नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन भठवां धरमपुर वार्ड निवासी रेशमा परवीन पत्नी शकील अहमद शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस एक शिकायती पत्र डीएम को दिया था। संवाद

## सड़क पर धंसा ट्रक का पहिया, आवागमन रहा बाधित

सलेमपुर। चेरो रोड पर बभनौली पांडेय गांव के पास बृहस्पतिवार को एक गिट्टी लदा ट्रक एक वाहन को पास देते समय सड़क पर ही जमीन में उसका पहिया धंस गया। जिसके कारण आवागमन शाम तक पूरी तरह से बाधित हो गया। सलेमपुर नगर से चेरो को जाने वाली महत्वपूर्ण सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई है। वह कई जगह गड्ढे में तब्दील हो गई है। इस समय क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण और खराब हो गई है। बृहस्पतिवार को दिन में करीब दस बजे एक गिट्टी लदा ट्रक सलेमपुर के तरफ जा रहा था कि बभनौली पांडेय गांव के पास एक वाहन को साइड देने के दौरान सड़क पर ही तिरछा होकर पहिया धंस गया। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-08-2023

# युवकों की पिटाई कर चेन लूटी

**समउर बाजार।** गदर-2 देखकर लौट रहे बाइक सवार दुकानदार की पिटाई कर नकदी और सोने की चेन बदमाशों ने लूट ली। गंभीर रूप से घायल दुकानदार का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने बदमाशों पर केस दर्ज कर लिया है।

पटहेरवा थाना क्षेत्र के नरहवा गांव निवासी दुर्गेश कुशवाहा 19 अगस्त की रात को दुकान बंद कर गांव के अंशु के साथ फाजिलनगर कस्बे में गदर-2 देखने गया था। शो खत्म होने के बाद रात करीब एक बजे दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। अभी दोनों बनवीरा गांव के पास पहुंचे थे कि घात लगाए बैठे सैफ, सोनू, लक्की, मुमताज और पांच अज्ञात युवकों ने बाइक रोक ली।

दोनों बाइक सवार युवक कुछ समझ पाते कि बदमाशों ने डंडे से पिटाई शुरू कर दी। दुकानदार से सोने की चेन, मोबाइल, छह हजार नकदी और पर्स लूट कर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल युवक एंबुलेंस बुलाकर फाजिलनगर सीएचसी पर पहुंचे। अस्पताल पर घर वाले भी पहुंच गए। हालत गंभीर देख दुकानदार को डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जांच में पता चला कि आरोपी दुकानदार के गांव के हैं। छह माह पूर्व आरोपी गोमांस बेच रहे थे। दुकानदार ने पुलिस को सूचना देकर पकड़वाया था। इसी रंजिश में मारपीट और लूट की हैं। इंस्पेक्टर अनिल उपाध्याय ने बताया कि चार नामजद, पांच अज्ञात पर लूट का केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# पट्टे की जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा

**पडरौना।** नगर के विस्तारित क्षेत्र जंगल विशुनपुरा रामधाम में भूमिहीन लोगों को जिला प्रशासन की तरफ से मिले पट्टा की जमीन पर भूमिहीनों का कब्जा है। मंसाछापर रोड स्थित भूमि कीमती होने के कारण दबंग किस्म के लोगों की इस पर नजर है। पट्टाधारकों ने कोतवाली पुलिस व सदर एसडीएम को पत्र शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में पट्टाधारकों ने कहा कि राजा अनिरुद्ध प्रताप नारायण सिंह के नाम से वह जमीन राज दरबार के कब्जे में था। जमींदारी प्रथा उन्मूलन के बाद सरकार ने उस जमीन का अधिग्रहण कर लिया। इसके तहत पडरौना राजस्व विभाग ने ग्राम जंगल विशुनपुरा के गरीब ग्रामीणों में भी पट्टा आवंटन हुआ। पट्टाधारकों का आरोप है कि एक व्यक्ति ने पूरी जमीन कब्जा कर रखी थी। काफी संघर्ष के बाद कुछ हद तक पट्टाधारकों को कब्जा मिला, लेकिन अब भी वह व्यक्ति पट्टे की जमीन को बेचकर पक्का निर्माण करा रहा है।

पट्टाधारक हीरा प्रसाद, गोमल यादव, वकील अंसारी, भिखारी प्रसाद, राजकुमार, प्रमोद आदि ने पट्टे की सभी जमीन का पैमाइश कर मेड़बंदी करने की मांग की है। महात्मा सिंह ने कहा कि पट्टेधारकों की तरफ से शिकायत मिली है कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# चारा काटने गई महिला संग अभद्रता

खड्डा। खड्डा थाना क्षेत्र के एक निवासी एक महिला ने चारा काटने के दौरान गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा गन्ने के खेत में खींचकर उसके साथ अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए इसकी तहरीर थाने में देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

खड्डा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि बुधवार की शाम वह पड़ोसी महिला के साथ खेत में पशुओं के लिए चारा काटने के लिए गयी थी। जहां चारा काटने के दौरान दोनों अलग अलग हो गयीं। इसी दौरान गांव का ही एक व्यक्ति वहां पहुंच गया और उसे गन्ने के खेत की तरफ खींच कर ले जाते हुए उसके साथ अभद्र व्यवहार करने लगा।

# बिना बताए लोन करने का आरोप

सुकरौली। सुकरौली निवासी एक व्यक्ति ने पंजाब नेशनल बैंक की शाखा सुकरौली के प्रबंधक पर बगैर दस्तावेज व जानकारी के ही 10 हजार रुपये का लोन किए जाने का आरोप लगाया है।

इस मामले में पीड़ित ग्राहक ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंप कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वहीं, शाखा प्रबंधक का कहना है कि मेरे द्वारा लोन नहीं किया गया है। ग्राहक ने खुद एप से लोन लिया है। सुकरौली के निवासी देवेन्द्र सिंह ने हाटा कोतवाली के सुकरौली चौकी पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है।

# शहर में घर में घुसकर 20 लाख के जेवर-नगद उड़ाए

- पडरौना के कटनवार रोड स्थित विवेकानंद नगर में हुई चोरी की वारदात
- पुलिस के साथ डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच

पडरौना। नगर स्थित कृष्णापुरम कालोनी कटनवार रोड पर एक व्यक्ति के घर में घुसकर चोरों ने हाथ आजमाया। चोर इस घर को खंगालते हुए करीब 20 लाख के जेवर एवं 21 हजार नगद चुरा ले गये।

घटना की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस के साथ डॉग स्क्वायड एवं फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर घटना की जांच की। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

बुधवार की रात चोर कटनवार रोड निवासी राधे कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. शम्भूशरण लाल श्रीवास्तव के घर को निशाना बनाया। चोर घर में घुसकर कमरे में रखे आलमारी एवं लॉकर को खोलकर उसमें रखे सोने का हार, कंदफूल, झुमका, चेन, मंगलसूत्र सहित करीब 20 लाख के जेवर एवं 21 हजार रुपये नगदी चुरा ले गये। परिजनों को घटना की जानकारी तब हुई जब वे गुरूवार को सुबह सोकर उठे।

गृहस्वामी की सूचना पर कोतवाली पुलिस डॉग स्क्वायड एवं फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच घटना की तहकीकात की। गृहस्वामी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# बाइक की टक्कर से युवक घायल, जिला अस्पताल रेफर

**तमकुहीराज।** थाना क्षेत्र के टड़वा-तमकुहीरोड मार्ग पर बृहस्पतिवार को दोपहर बाद बाइक की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तमकुहीराज सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सेवरही थाना क्षेत्र के अवदान टोला निवासी 26 वर्षीय प्रदीप सिंह और 22 वर्षीय मनीष सिंह बाइक से अपनी रिश्तेदारी में बिहार के गोपालगंज जा रहे थे। दोनों युवक टड़वा-तमकुहीरोड मार्ग से करनपट्टी (बनिया टोला) के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे एक अन्य बाइक सवार से टकरा गए। इसमें पीछे बैठे मनीष सिंह उछलकर सड़क पर जा गिरे और दर्द से कराहने लगे। कुछ ही पल में बेहोश हो गए, जबकि प्रदीप सिंह को हल्की चोटें आईं।

दूसरे बाइक चालक को भी हल्की चोटें आईं। लोगों ने घायल मनीष सिंह को नजदीक के दाहूगंज बाजार स्थित एक निजी चिकित्सक में प्राथमिक उपचार कराया। उसी दौरान दूसरा बाइकसवार युवक भाग निकला। मनीष को पहले तमकुहीराज सीएचसी ले जाया गया, जहां से डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। संवाद

### कुशीनगर जिले के अहिरौली बाजार और पडरौना शहर में चोरों ने दो मकानों को खंगाला, नागरिकों में भय

# दो घरों से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

**सुकरौली, हिन्दुस्तान संवाद।** अहिरौली बाजार थाने के भगवानपुर बुजुर्ग के मझना नाला पुल चौराहे पर बुधवार की रात चोरों ने दो मकानों का ताला तोड़कर उसमें रखा जेवर, लैपटाप व नगदी समेत लाखों के सामान चुरा ले गये। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने जांच की।

अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के अनन्तपुर निवासी घरभरन गुप्ता की भगवानपुर बुजुर्ग मझना पुल चौराहे पर भी मकान है, जहां सपरिवार रहते थे। बुधवार की शाम को मकान का ताला बंद कर अपने गांव वाले घर पर गये हुये थे। गुरुवार को सुबह वापस मझना नाला पुल चौराहे वाले मकान पर पंहुचे तो मकान के मुख्य दरवाजे पर लगा ताला टूटा देख सन्न रह गये। चोर चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए मकान के मेन दरवाजे पर लगे ताले को तोड़कर अन्दर दाखिल हुए थे। दूसरी घटना इस मकान के सटे 50 मीटर की दूरी पर स्थित धनंजय सिंह के सहज जनसेवा केन्द्र की दुकान में चोर छत के रास्ते कमरे में घुस काउंटर में रखा तीन हजार रूपये नगदी, लैपटाप, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चुरा ले गये थे।



अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के भगवानपुर बुजुर्ग के मझना नाला पुल चौराहे पर मकान का ताला तोड़कर की गई चोरी के बाद बिखरा सामान। • हिन्दुस्तान

## गर्मी के मौसम में चुनौती बनी चोरी

**पडरौना।** गर्मी के मौसम में पुलिस के लिए चोर चुनौती बनते जा रहे हैं। आलम यह है कि जिले में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। आये दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर चोरों ने पुलिस के नाक में दम कर रखा है। चोरों की सक्रियता इस कदर बढ गयी है कि वे एक ही रात कई-कई घरों को निशाना बना रहे हैं। चोरों पर अंकुश पाने के लिए पुलिस ने भी रात में अपनी गश्त बढा दी है।

वैसे तो आमतौर पर चोरी की घटनाएं ठंड के मौसम में ही बढती हैं मगर अब गर्मी के मौसम में भी चोर पुलिस के लिए चुनौती बन गये हैं। चोरों का नेटवर्क पूरे जिले में फैला हुआ है, जिसके चलते आये दिन किसी न किसी थाना क्षेत्र में चोर आसानी से हाथ आजमा रहे हैं। पिछले एक हफ्ते से चोरी की घटनाओं का क्रम लगातार जारी है। गर्मी के मौसम की शुरूआत में चोर पंचायत भवनों को निशाना बना रहे थे और अब एक ही रात कई-कई घरों को निशाना बना रहे हैं।

## शहर में घर में घुसकर 20 लाख के जेवर-नगद उड़ाए

- पडरौना के कटनवार रोड स्थित विवेकानंद नगर में हुई चोरी की वारदात
- पुलिस के साथ डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच

**पडरौना।** नगर स्थित कृष्णापुरम कालोनी कटनवार रोड पर एक व्यक्ति के घर में घुसकर चोरों ने हाथ आजमाया। चोर इस घर को खंगालते हुए करीब 20 लाख के जेवर एवं 21 हजार नगद चुरा ले गये।

घटना की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस के साथ डॉग स्क्वायड एवं फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर घटना की जांच की। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

बुधवार की रात चोर कटनवार रोड निवासी राधे कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. शम्भूशरण लाल श्रीवास्तव के घर को निशाना बनाया। चोर घर में घुसकर कमरे में रखे आलमारी एवं लॉकर को खोलकर उसमें रखे सोने का हार, कंदफूल, झुमका, चेन, मंगलसूत्र सहित करीब 20 लाख के जेवर एवं 21 हजार रुपये नगदी चुरा ले गये। परिजनों को घटना की जानकारी तब हुई जब वे गुरूवार को सुबह सोकर उठे।

गृहस्वामी की सूचना पर कोतवाली पुलिस डॉग स्क्वायड एवं फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच घटना की तहकीकात की। गृहस्वामी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-08-2023

# वाहन चोरी को लेकर हलकान रही पुलिस

**नौतनवा (एसएनबी)**। नगर के गांधी चौक से शाम करीब 6 बजे एक चार पहिया वाहन चोरी हो जाने की सूचना मिलते ही जनपद की पुलिस विभाग में खलबली मच गई। पुलिस अधीक्षक को जानकारी होते ही उन्होंने सभी थानों को वायरलेस के माध्यम से अलर्ट कर जगह-जगह वाहनों की चेकिंग शुरू करा दी। पुलिसिया तत्परता से करीब 1 घंटे बाद नौतनवा से ही उक्त वाहन को बरामद कर लिया गया। वाहन बरामद होते ही उसके दो स्वामी थाने पर पहुंचे तो वहां हंगामा खड़ा हो गया।

बताया गया कि फरेंदा थाना क्षेत्र निवासी जियाउद्दीन खान शाम करीब 6 बजे चार पहिया वाहन लेकर सर्विसिंग कराने हेतु नौतनवा आए थे। गांधी चौक के समीप वाहन खड़ी कर शोरूम में जानकारी लेने गए और वापस लौटे तो गाड़ी गायब थी। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय थाना एवं पुलिस अधीक्षक को दी। जिससे पूरे जिले की पुलिस ने जगह-जगह अभियान चलाकर जांच शुरू कर दिया। 1 घंटे बाद वाहन बरामद हुआ तो पता चला कि उक्त वाहन को कोल्हुई थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने करीब पांच माह पूर्व ही नौतनवा के हमीद नगर वार्ड निवासी अमित राव से बेच दिया था। दो माह पहले कुछ आवश्यक कार्य का बहाना बनाकर उनसे गाड़ी मांगी और तब से लौटने में आनाकानी करते रहे। इधर, उसी

## बरामद हुई गाड़ी तो थाने पर पहुंचे दो स्वामी, हंगामा

व्यक्ति ने तीन दिनों पूर्व गाड़ी को पुनः फरेंदा क्षेत्र के जियाउद्दीन खान से भी बिक्री कर दी। पुलिस की पूछताछ में अमित राव ने बताया कि आज उनकी गाड़ी गांधी चौक के समीप खड़ी मिली तो उनके पास मौजूद दूसरी चाबी से वह उस वाहन को लेकर चले गए थे। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय का कहना है कि वाहन चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्पता पूर्वक एक घंटे में वाहन को बरामद कर लिया। एक ही वाहन को दो व्यक्तियों के हाथ बेचे जाने की बात सामने आ रही है। वाहन के पहले मालिक को थाने पर बुलाया गया है। पूछताछ के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# दफन शव 39 दिन बाद पीएम को गया



शव को बाहर निकलवाते एसडीएम तथा इनसेट में आर्यन की फाइल फोटो।

**संग्धिावस्था में हुई थी आर्यन की मौत**

**मां-बाप का इकलौता था आर्यन**

**आनन्दनगर/पुरन्दरपुर(एसएनबी)।** पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सभा इलाहाबास में पिता की तहरीर पर थानाध्यक्ष पुरन्दरपुर रिपोर्ट पर 39 दिन बाद दफन किये गये एक बच्चे के शव को उपजिलाधिकारी फरेन्दा के नेतृत्व में गुरुवार को दोपहर पुलिस ने निकालकर पंचनामा कराकर मौत का कारण स्पष्ट करने के लिए पोस्टमार्टम के लिये महराजगंज भेजा।

आर्यन के पिता अमर सहानी के दिये गये प्रार्थना पत्र के अनुसार 14 जुलाई को अमर साहानी के इकलौते 8 वर्षीय पुत्र आर्यन पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के इलाहाबास निवासी पोखरभिन्डा का टोला नागेशरपुर की मौत उसके भाभी शालिनी के द्वारा मारे जाने के पश्चात केएमसी हास्पिटल महराजगंज में इलाज के लिए ले जाने और चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किये जाने के प्रकरण में अमर सहानी ने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि घर आकर जब अपने भाभी से पूछा तो वह घर छोड़कर उसी दिन से भाग गयी। अमर सहानी ने अपने प्रार्थना पत्र में यह भी लिखा है कि उक्त घटना की जानकारी देने के लिए जब वह पुरन्दरपुर थाने पर जाने की बात कहा तो उसके भाभी शालिनी के पिता द्वारा उसे भी जान से मारने की धमकी दिये जाने के बाद वह भी अपना घर छोड़कर ससुराल में रहने लगा। उसके द्वारा पुरन्दरपुर थाने पर प्रार्थना पत्र दिया गया था कि उसके पुत्र आर्यन के शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाय। जिस पर उपजिलाधिकारी फरेन्दा रमेश कुमार थानाध्यक्ष पुरन्दरपुर पुरुषोत्तम राव शमशान घाट पर पहुंचकर बालक के शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए महराजगंज भेज दिया। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी फरेन्दा रमेश कुमार ने बताया कि पुरन्दरपुर थाना प्रभारी के रिपोर्ट पर शव को निकलवाकर मृत्यु का कारण जानने हेतु पंचनामा की कार्यवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि आर्यन अपने मां-बाप का इकलौता पुत्र था। उसके परिजनों का रो-रो कर बुराहाल है। शव निकाले जाने के दौरान एसआई राजेश सिह, लौकुश सिंह, हेडकांस्टेबल प्रेमशंकर दूबे, जितेन्द्र यादव, हरिप्रताप यादव, जयसिंह,विनोद कुमार सिंह सहित तमाम पुलिसकर्मी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# अवैध वसूली ARTO व PTO समेत 8 गिरफ्तार



- गोरखपुर-सोनौली नेशनल हाइवे पर रात में चल रहा था वाहनों से वसूली का खेल
- एआरटीओ व पीटीओ समेत 8 पर मुकदमा दर्ज
- ट्रक चालक की शिकायत पर हुई कार्रवाई

- नेपाल में इंट्री के नाम पर ट्रकों से वसूलते थे 10 हजार
- गोरखपुर-सोनौली नेशनल हाइवे पर परसौना, रानीपुर, फरेन्दा,देवपुर समेत कई जगहों पर ट्रकों,माल वाहनों व पर्यटक बसों से हो रही थी वसूली

**कोल्हुई बाजार (महराजगंज) (एसएनबी)।** कोल्हुई थाना क्षेत्र के गोरखपुर-सोनौली नेशनल हाइवे पर माल वाहनों, ट्रकों व पर्यटक बसों से अवैध वसूली को लेकर कोल्हुई पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। वाहन चालकों को धमकाकर अवैध वसूली करने वाले महराजगंज के एआरटीओ व पीटीओ समेत 8 लोगों को कोल्हुई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से 5000 रुपये नगद भी बरामद किया। ट्रक चालक की शिकायत पर पुलिस ने इस अवैध खेल पर से पर्दा उठा दिया। इस मामले में पुलिस ने एआरटीओ महराजगंज व पीटीओ महराजगंज के विरुद्ध धारा 7/13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 384,506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है जबकि रात से ही पुलिस अधिकारियों का कोल्हुई थाने पर जमावड़ा लगा रहा। इस घटना को लेकर संबंधित महकमे में हड़कम्प मच गया है। (विवरण- पेज 02 पर)



**ये हैं शिकंजे में**

एआरटीओ महराजगंज जानकीपुरम जनपद लखनऊ निवासी प्रदीप कुमार पुत्र श्रीनारायनलाल, ग्राम देवरी रुखरा थाना बख्शी का तालाब जनपद लखनऊ टीपीओ मथुरा प्रसाद,देवकी पिक्चर पैलेस थाना फरेन्दा वार्ड नं.10 निवासी राधेश्याम पुत्र रामलौट, तारा मण्डल गोरखपुर रामपुर वार्ड नं.39 निवासी रामचन्दर यादव पुत्र स्व.जगदीश यादव, ग्राम गोदरी थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर निवासी मानसिंह पुत्र स्व.रामबहाल, ग्राम पाण्डेय दुर्जनपुर थाना तरवलगंज जनपद गोरखपुर गणेश मिश्रा पुत्र सियाराम मिश्रा ,ग्राम रानीखेड़ा थाना अतरौली जनपद हरदोई निवासी अनूप तिवारी पुत्र राधेश्याम तिवारी, ग्राम चुल्हावली थाना चुण्डला जनपद फिरोजाबाद निवासी जर्नादन कुमार पुत्र अमर सिंह

# वाहनों से अवैध वसूली में ARTO व PTO समेत 8 गिरफ्तार

**कोल्हुई बाजार (महराजगंज) (एसएनबी)**। कोल्हुई थाना क्षेत्र के गोरखपुर-सोनौली नेशनल हाइवे पर माल वाहनों, ट्रकों व पर्यटक बसों से अवैध वसूली को लेकर कोल्हुई पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। वाहन चालकों को धमकाकर अवैध वसूली करने वाले महराजगंज के एआरटीओ व पीटीओ समेत 8 लोगों को कोल्हुई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से 5000 रुपये नगद भी बरामद किया। ट्रक चालक की शिकायत पर पुलिस ने इस अवैध खेल का पर्दा खोल दिया है। इस मामले में पुलिस ने एआरटीओ महराजगंज व पीटीओ महराजगंज के विरुद्ध धारा 7/13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 384,506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है जबकि रात से ही पुलिस अधिकारियों का कोल्हुई थाने पर जमावड़ा लगा रहा। इस घटना को लेकर सम्बन्धित महकमे में हड़कम्प मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गोरखपुर-सोनौली नेशनल हाइवे पर परसौना, रानीपुर, फरेन्दा,देवपुर समेत कई जगहां पर मार्ग से आने वाले ट्रकों,माल वाहनों व पर्यटक बसों से वसूली का खेल चल रहा था। बताया जा रहा है कि ग्राम ग्राम हसनपुर थाना हसनपुर जनपद अमरोहा निवासी ट्रक चालक महबूब पुत्र मो.युसूफ 23 अगस्त को रात 11:30 बजे गुजरात से बिटबिन का ड्रम लादकर नेपाल जा रहा था जैसे ही गोरखपुर-सोनौली नेशनल हाइवे पर स्थित परसौना गांव के पास पहुंचा वैसे सफेद कलर की स्कार्पियो गाड़ी में बैठे टीपीओ महराजगंज मथुरा प्रसाद तथा दो लोगों की वर्दी पर लगे नेम प्लेट मानसिंह व रामचन्दर यादव लिखा था सभी लोगों ने वाहनों को रोक दिया और बताया कि एआरटीओ महराजगंज प्रदीप कुमार के आदेश पर चेकिंग चल रही है। 10,000 इन्ट्री फीस जमा करके ही आगे बढ़ो। इस मामले में ट्रक चालक को धमकाकर 5000 रुपये अवैध वसूली किया। इस मामले में ट्रक चालक ने कोल्हुई थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। उक्त प्रकरण में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। इस मामले में जब पुलिस ने जांच पड़ताल की तो सत्यता सामने आयी। इस प्रकरण में पुलिस अधीक्षक महराजगंज डा.कौस्तुभ के निर्देश पर सीओ फरेन्दा अनुज कुमार सिंह ने एसओ कोल्हुई महेन्द्र यादव, उपनिरीक्षक रामरतन यादव, जयप्रकाश समेत हमराहियों के साथ छापा मारकर एआरटीओ महराजगंज जानकीपुरम जनपद लखनऊ निवासी प्रदीप कुमार पुत्र श्रीनारायनलाल, ग्राम देवरी रुखरा थाना बख्शी का तालाब जनपद लखनऊ टीपीओ मथुरा प्रसाद,देवकी पिक्चर पैलेस थाना फरेन्दा वार्ड नं.10 निवासी राधेश्याम पुत्र रामलौट, तारा मण्डल गोरखपुर रामपुर वार्ड नं.39 निवासी रामचन्दर यादव पुत्र स्व.जगदीश यादव, ग्राम गोदरी थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर निवासी मानसिंह पुत्र स्व.रामबहाल, ग्राम पाण्डेय दुर्जनपुर थाना तरवलगंज जनपद गोरखपुर गणेश मिश्रा पुत्र सियाराम मिश्रा ,ग्राम रानीखेड़ा थाना अतरौली जनपद हरदोई निवासी अनूप तिवारी पुत्र राधेश्याम तिवारी, ग्राम चुल्हावली थाना चुण्डला जनपद फिरोजाबाद निवासी जर्नादन कुमार पुत्र अमर सिंह को गिरफ्तार किया है।

बीती रात से ही एडीशनल एसपी महराजगंज, सीओ फरेन्दा समेत कई अधिकारी जमे रहे। इस सम्बन्ध में एसपी महराजगंज डा.कौस्तुभ ने पत्रकारों को बताया कि गोरखपुर-सोनौली नेशनल हाइवे से गुजरने वाली ट्रकों,माल वाहकों व पर्यटक बसों से वसूली किया जा रहा था। ट्रक चालक के शिकायत के बाद मामला सही पाया गया। जिसमें महराजगंज एआरटीओ व पीटीओ समेत 8 लोगों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि ट्रक ड्राइवर बिरजू मद्धेशिया की तहरीर पर नौतनवां थाने में भी इसी तरह की शिकायत पर मुकदमा लिखा गया है।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र के कैमरों से 295 मामलों का खुलासा



लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। डीजीपी विजय कुमार ने गुरुवार को बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी लगवाए जाने से कुल 295 आपराधिक घटनाओं का खुलासा हुआ है। इनमें हत्या की 17, डकैती व लूट की 52, अपहरण की 12, बलात्कार व छेड़खानी की आठ, चोरी की 171 एवं अन्य अपराध की 35 घटनाएं शामिल हैं। इस अभियान के तहत 23 अगस्त तक 1,89,365 स्थानों पर 3,36,383 सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा चुके हैं। डीजीपी ने कहा कि प्रदेश में अपराधों पर नियंत्रण तथा अपराधों का जल्द से जल्द खुलासा कर विश्वास बढ़ाने का काम करें।

# दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

बरगदवा। शादी का झांसा देकर युवती से छह माह से दुष्कर्म करने के आरोपित को पुलिस ने गुरुवार की सुबह शीशगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पर दुष्कर्म सहित एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया गया। इस युवती ने एक सप्ताह पहले सिकंदर अंसारी नाम के आरोपित पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था।

# 40 दिनों के बाद कब्र से निकाला गया मासूम का शव

## कार्रवाई

**पुरंदरपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** पुरंदरपुर के ग्राम पोखरभिंडा टोला नागेशरपुर में बीते 14 जुलाई को छत से गिरकर संदिग्ध हालत में मृत आठ साल के मासूम बच्चे का शव गुरुवार को कब्र खोदकर निकाला गया। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने शव को निकालकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। यह कार्रवाई मासूम के पिता की ओर से हत्या की आशंका जताकर दी गई तहरीर के आधार पर की गई है।

पोखरभिंडा टोला नागेशरपुर निवासी अमर साहनी के इकलौते आठ वर्षीय पुत्र आर्यन की बीते 14 जुलाई को छत से गिरकर मौत हो गई थी। इसकी सूचना मासूम की बड़ी मम्मी ने परिजनों को दी थी। मासूम के माता-पिता समेत अन्य लोग आनन-फानन में उसे लेकर एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचे, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। तब तक बच्चे ने दम तोड़ दिया था। इसके बाद परिजनों ने अगले दिन 15 जुलाई को उच्च प्राथमिक विद्यालय इलाहाबास के पास श्मसान घाट पर मृत बच्चे को दफन कर दिया था।

> बच्चे की मौत 40 दिन पूर्व हो गई थी। उसके पिता की तहरीर पर बच्चे का शव कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।
> –**पुरुषोत्तम राव**, एसओ, पुरंदरपुर

# सब रजिस्ट्रार की पत्नी ने युवती पर दर्ज कराया केस

**फॉलोअप**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** सब रजिस्ट्रार राकेश राम व कुशीनगर की युवती के बीच जुड़े मामले में एक और केस दर्ज हुआ है। पति को ब्लैकमेल करने के आरोप में सब रजिस्ट्रार की पत्नी ने कुशीनगर की युवती व उसकी मां के खिलाफ एससीएसटी एक्ट समेत एक दर्जन गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया है। कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर की है। कुशीनगर की युवती सब रजिस्ट्रार के खिलाफ पहले केस दर्ज कराई है। सब रजिस्ट्रार निलंबित भी हो चुके हैं। उनके खिलाफ आरोप पत्र भी कोर्ट में दाखिल हो चुका है।

सब रजिस्ट्रार की पत्नी कोर्ट में प्रकीर्ण वाद दाखिल की थी। उन्होंने बताया था कि उसके पति राकेश राम वर्ष 2018 में कुशीनगर जिले में सब रजिस्ट्रार पद पर कार्यरत थे। उसी समय युवती कुछ लोगों के माध्यम से पति के सम्पर्क में आई। उसके पति को झांसे में लेकर लगातार ब्लैकमेल करती रही। पति को बार-बार फोन कर दुष्कर्म जैसे संगीन आरोप लगाने व जीवन बर्बाद करने की धमकी देती रही। बीते 20 जून को उसके पति कार्यालय में बैठ कार्य कर रहे थे। उसी दौरान युवती अपनी मां व अन्य सहयोगियों के साथ पहुंची। पति को मारने-पीटने लगे। गले से सोने का चेन भी छीन लिए। कार्यालय के कर्मी, दस्तावेज लेखक व अन्य लोग जब गए तब उसके पति की जान बची। इस मामले में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई थी।

# पूरी संपतिहा पुलिस चौकी हो चुकी है लाइन हाजिर

## फ्लैशबैक

**नौतनवा।** भारत-नेपाल को जोड़ने वाले सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर विभिन्न विभागों द्वारा अवैध वसूली को लेकर हमेशा से सुर्खियों में रहा है।

अवैध वसूली के आरोप में सोनौली सीमा तक आधा दर्जन से अधिक कार्रवाई हो चुकी है। नेपाल में 2015 में चल रहे मधेश आंदोलन के दौरान भारतीय सीमा में लगे वाहनों की लंबी लाइन के दौरान शुरू हुए वाहनों के कटिंग के खेल में अवैध वसूली में तत्कालीन एसपी ने संपतिहा चौकी के सभी सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया था। नेपाल जाने वाले वाहनों को लाइन तोड़ आगे भेजने के नाम पर मोटी वसूली हो रही थी। जांच का शिकंजा कसने के बाद तत्कालीन सीओ पंकज कुमार सिंह, सोनौली कोतवाली प्रभारी ओंकार नाथ एवं सोनौली चौकी प्रभारी भारत यादव सहित कई पुलिस वालों पर गाज गिर गई। उच्च अधिकारियों ने सभी पुलिस कर्मियों पर अवैध वसूली के आरोप में मुकदमा दर्ज कर विभागीय जांच भी बैठा दी थी। 28 जुलाई 2017 को अवैध वसूली के आरोप में नौतनवा थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित संपतिहा चौकी के इंचार्ज सहित आठ पुलिस वालों को लाइनहाजिर कर दिया गया। छपवा पुलिस चौकी भी वर्ष 2015 के लगभग अवैध वसूली के आरोप में पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर चौकी को ही बंद कर दिया गया था।

### गुजरात से नेपाल जा रहा था ट्रक चालक, पांच-पांच सौ के दस नोट पर दस्तखत कर दिए, साथ ही पुलिस में कर दी शिकायत

# दूसरी बार वसूली को ट्रक रोका तो शिकंजे में आए

**कलंक के खिलाफ**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** सोनौली हाईवे पर नेपाल जाने वाले ट्रकों से वसूली आम बात है लेकिन घूसखोरों का लालच उन्हें ले डूबा। जिस ट्रक चालक की तहरीर पर कार्रवाई हुई, वह एक बार एंट्री के नाम पर पैसे दे चुका था। नए एआरटीओ का हवाला देकर दोबारा विभागीय कर्मचारियों ने कार्रवाई की धौंस दिखाकर अवैध वसूली का दबाव बनाया तो ट्रक चालक ने सबक सिखाने की ठानी। रुपये उसने दोबारा भी दिए लेकिन साथ-साथ मामला पुलिस तक पहुंचा दिया और भ्रष्टाचारी शिकंजे में आ गए।

अवैध वसूली में नवागत एआरटीओ व पीटीओ समेत आठ आरोपितों की गिरफ्तारी से जिले में सनसनी मच गई है। कोल्हुई व नौतनवा थानों में ताबड़तोड़ दर्ज केस के पीड़ितों की बात पर गौर करें तो जिले में एंट्री के नाम पर कार्रवाई की धौंस देकर नेपाल जाने वाले ट्रक चालकों से वसूली की जा रही थी। अमरोहा जिले के चालक महबूब के मुताबिक एक बार वह एंट्री के नाम पर एक बार पैसे दे चुका था। दूसरी बार नए एआरटीओ का हवाला देकर एआरटीओ ऑफिस के कर्मचारी फिर दस हजार रुपये की डिमांड करने लगे। इस पर चालक ने पांच हजार रुपये दिए।

भ्रष्टाचार के मामले में आरोपितों को ट्रैप करने के लिए हर नोट पर हस्ताक्षर किए। शिकायत के बाद कोल्हुई पुलिस सक्रिय हो गई। एआरटीओ प्रदीप कुमार, पीटीओ (यात्री मार्ग अधिकारी) समेत आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से पांच हजार रुपये बरामद भी हो गए। गिरफ्तारी के बाद आठों आरोपितों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज करने के बाद गुरुवार को गोरखपुर के कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें गोरखपुर जेल भेज दिया गया।

**धार्मिक यात्रा कराने वाले वाहन चालकों को भी डराते थे कर्मी :** एआरटीओ, पीटीओ समेत आठ आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई के बाद उप संभागीय परिवहन कार्यालय के भ्रष्टाचार पर आरोप की बौछार शुरू हो गई। नौतनवा थाने में भी बिरजू मद्धेशिया नाम के व्यक्ति की तहरीर पर कार्रवाई हुई है।

पुलिस को तहरीर देकर बिरजू ने बताया कि अपने आपको परिवहन विभाग का अधिकारी बता आरोपित मालवाहकों व धार्मिक यात्राओं पर आने-जाने वाले वाहनों चालकों को डरा-धमकाकर चालान के नाम पर पैसे की वसूली करते हैं। इसमें कुछ वर्दी में व कुछ सादे कपड़े पहने थे। गोरखपुर-सोनौली मार्ग, फरेन्दा बाईपास, रानीपुर आदि स्थानों पर आए दिन वसूली करते हैं। इस मामले में तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

**प्राइवेट कर्मचारी दबंगई से करते थे वसूली:** नौतनवा। देश के कोने-कोने से हर दिन सैकड़ों की संख्या में बड़े मालवाहक ट्रक सामान लेकर गोरखपुर-सोनौली राजमार्ग से नेपाल जाते हैं। एआरटीओ विभाग भी इस प्रमुख मार्ग पर दूसरे प्रांत व जिलों के वाहनों को अपनी जांच के टारगेट पर रखता था। वाहन में वर्दी में स्टार लगाकर कर्मचारी बैठ रहते थे। प्राइवेट कर्मी वाहनों को रोककर उनके चालकों को दबंगई से अफसरों के सामने प्रस्तुत कराते थे। टूरिस्ट वाहनों की जांच में कभी यात्रियों की संख्या अधिक होने व कभी वाहन के पेपर में कमी दिखाकर चालान करने या गाड़ी सीज करने का दबाव बनाने का खेल जारी था। पचड़े में पड़ने से बचने के लिए दूसरे राज्य व जिले के चालक सुविधा शुल्क देने को विवश थे। मन में जिले की खराब छवि लेकर चले जाते थे। नौतनवा के सरोजनी नगर निवासी बिरजू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि परिवहन विभाग के जिम्मेदार रनियापुर, कोल्हुई या फिर नौतनवा बनैलिया मंदिर बाईपास चौराहे पर वाहनों से अवैध वसूली के कारोबार को अंजाम देते हैं।



गुरुवार को एआरटीओ की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते एएसपी व एडीएम।

## भोर और रात में सक्रिय होती है टीम

**महराजगंज।** जांच के नाम पर अवैध वसूली को लेकर अधिकारियों पर आरोप-प्रत्यारोप का नाता पुराना है। नेपाल को जाने वाले गोरखपुर-सोनौली मार्ग पर रात और भोर में ही परिवहन विभाग की टीम गाड़ियों की जांच करने पहुंच जाती है। हाईवे किनारे सुनसान में अक्सर यह टीम खड़ी दिखती है। आरोप लगाया जाता है कि दूसरे प्रांत और जिलों से आने वालों पर ओवर लोडिंग, फिटनेस, बीमा आदि में कमी बताकर पहले तो डराया जाता है और बाद में मामले को मैनेज किया जाता है। नेपाल देश भारत के महराजगंज से सटे होने के कारण इसके गोरखपुर-सोनौली मार्ग को होते हुए वाहन सामान लेकर नेपाल जाते हैं। इसमें अधिकतर वाहन रात और भोर में जाते हैं। कुछ के पास वैध कागजात नहीं होते वहीं कुछ के पास पूरा कागजात होते हुए भी परेशान होना पड़ता है।

## जिले में 15 दिन पहले ही हुई थी एआरटीओ की तैनाती

पूर्व एआरटीओ आरसी भारती के स्थानांतरण होने के बाद हाल ही में नए एआरटीओ प्रदीप कुमार ने चार्ज संभाला था। अभी 15 दिन भी नहीं बीता कि सोनौली मार्ग पर अवैध वसूली के मामले में फंस गए। इनके साथ सात अन्य के खिलाफ केस दर्ज करा दिया गया है।



बड़ी संख्या में मालवाहक रोज सोनौली हाईवे से नेपाल जाते-आते हैं।

## कार्रवाई को रातभर दौड़ती रहीं गाड़ियां

**नौतनवा।** परिवहन विभाग के एआरटीओ व पीटीओ समेत अन्य आरोपितों पर कार्रवाई को लेकर पूरी रात जिला मुख्यालय से लेकर नौतनवा तक के अधिकारी दौड़ते रहे। कार्रवाई इतनी बड़ी हुई की छोटे कर्मचारियों के साथ एआरटीओ तक भी अवैध वसूली के लपेटे में आ गए। मुकदमा दर्ज कर सलाखों के पीछे डाल दिए गए।

रातभर दौड़ती गाड़ियों के हूटरों की आवाज ने नौतनवा से लेकर कोल्हुई तक की सरगर्मियां बढा रखी थी। इस बड़ी कार्रवाई में पुलिस विभाग से लेकर तहसील और जिला प्रशासन तक के अधिकारी सड़कों पर उतर आए थे। अधिकारी रात में ही नौतनवा कस्बे के कई टूरिस्ट बसों में काम करने वालों की तलाश भी कर रहे थे।




एआरटीओ समेत आठ पर कार्रवाई के बाद कार्यालय में पसरा सन्नाटा।

सड़कों पर वाहनों से अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ पूरी रात चली कार्रवाई के बाद गुरुवार की सुबह जब छोटे कर्मचारियों से लेकर एआरटीओ तक गिरफ्तार कर लिए गए तो पूरे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। सड़कों पर चल रहे इतने बड़े खेल का खुलासा करने में जुटी पुलिस व प्रशासन की टीम ने एक बड़े अवैध कारोबार का भंडाफोड़ कर दिया।

**एक साल पहले भी लगे थे वसूली के आरोप:** एक वर्ष पहले भी रेलवे स्टेशन फरेंदा से माल उतारकर सोनौली की ओर ले जाने पर वाहन चालकों ने अवैध वसूली का आरोप लगाया था। लेकिन बाद में मामला ठंडा पड़ गया था।

## पूरी संपतिहा पुलिस चौकी हो चुकी है लाइन हाजिर

**फ्लैशबैक**

**नौतनवा।** भारत-नेपाल को जोड़ने वाले सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर विभिन्न विभागों द्वारा अवैध वसूली को लेकर हमेशा से सुर्खियों में रहा है।

अवैध वसूली के आरोप में सोनौली सीमा तक आधा दर्जन से अधिक कार्रवाई हो चुकी है। नेपाल में 2015 में चल रहे मधेश आंदोलन के दौरान भारतीय सीमा में लगे वाहनों की लंबी लाइन के दौरान शुरू हुए वाहनों के कटिंग के खेल में अवैध वसूली में तत्कालीन एसपी ने संपतिहा चौकी के सभी सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया था। नेपाल जाने वाले वाहनों को लाइन तोड़ आगे भेजने के नाम पर मोटी वसूली हो रही थी। जांच का शिकंजा कसने के बाद तत्कालीन सीओ पंकज कुमार सिंह, सोनौली कोतवाली प्रभारी ओंकार नाथ एवं सोनौली चौकी प्रभारी भारत यादव सहित कई पुलिस वालों पर गाज गिर गई। उच्च अधिकारियों ने सभी पुलिस कर्मियों पर अवैध वसूली के आरोप में मुकदमा दर्ज कर विभागीय जांच भी बैठा दी थी। 28 जुलाई 2017 को अवैध वसूली के आरोप में नौतनवा थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित संपतिहा चौकी के इंचार्ज सहित आठ पुलिस वालों को लाइनहाजिर कर दिया गया। छपवा पुलिस चौकी भी वर्ष 2015 के लगभग अवैध वसूली के आरोप में पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर चौकी को ही बंद कर दिया गया था।

# पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की रिहाई के आदेश

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। शासन ने कवयित्री मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की समय पूर्व रिहाई के आदेश दिए हैं। वह इस समय गोरखपुर जिला जेल में बंद हैं। शासन के कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग के विशेष सचिव मदन मोहन की तरफ से गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी किया गया।

यह आदेश अमरमणि त्रिपाठी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में पारित आदेश के अनुपालन में जारी किया गया है। आदेश का पालन न होने पर अमरमणि त्रिपाठी ने सुप्रीम कोर्ट में अवमानना वाद दायर किया था। अवमानना वाद में 18 अगस्त 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने रिहाई का आदेश



- कारागार प्रशासन ने जारी किया शासनादेश
- कवयित्री मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में हुई थी सजा

दिया था। गोरखपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित हुमायूंपुर दक्षिणी निवासी अमर मणि त्रिपाठी को सत्र न्यायाधीश देहरादून के न्यायालय ने 24 अक्तूबर 2007 को दंडित किया था।

› काट चुके हैं सजा P07

## वाहनों से वसूली की शिकायत पर दर्ज हुआ केस, एआरटीओ निलंबित

# महराजगंज में एआरटीओ पीटीओ समेत 8 गिरफ्तार

कलंक के खिलाफ

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** नेपाल जाने वाले मालवाहकों और पर्यटक वाहनों से वसूली के मामले में गुरुवार को महराजगंज में बड़ी कार्रवाई हुई है। एआरटीओ और यात्री कर अधिकारी समेत आठ लोगों पर ताबड़तोड़ दो मुकदमे दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई की जद में दो सिपाही और चार प्राइवेट लोग भी आए हैं। एआरटीओ को शासन ने निलंबित कर दिया है।

कलक्ट्रेट में इस कार्रवाई का खुलासा एडीएम डॉ. पंकज वर्मा व एएसपी आतिश कुमार सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि अमरोहा के ट्रक चालक महबूब ने कोल्हुई थाने में तहरीर दी कि यात्री कर अधिकारी (पीटीओ) ने अपनी टीम के साथ फरेंदा-सोनौली हाईवे पर बुधवार रात में उससे जबरन पांच हजार रुपये की वसूली की। इसमें एआरटीओ की संलिप्तता है। उसने यह भी बताया कि पूर्व में भी उससे यहां वसूली हो चुकी है। इस तहरीर के आधार पर कोल्हुई थाने में एआरटीओ प्रदीप कुमार, पीटीओ मथुरा प्रसाद, उनकी टीम के दो सिपाहियों मानसिंह व रामचन्दर यादव और चार प्राइवेट लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

इसके अलावा नौतनवा निवासी बस संचालन से जुड़े बिरजू मद्धेशिया ने तहरीर देकर पर्यटक बसों से अवैध वसूली का आरोप लगाया। इस तहरीर पर नौतनवा थाने में इन आठ आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

➤ संबंधित खबर P02



वाहनों से वसूली की शिकायत पर गुरुवार को महराजगंज जिले के कोल्हुई थाने में गिरफ्तार किए गए एआरटीओ, यात्री कर अधिकारी सहित सभी आरोपी।

### मुकदमे के बाद तत्काल हुईगिरफ्तारी

कोल्हुई थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज होने के बाद सीओ फरेंदा अनुज कुमार सिंह की अगुवाई में कोल्हुई एसओ महेन्द्र यादव की टीम ने यात्री कर अधिकारी समेत सात आरोपियों को परसौना से दबोचा। इसके बाद पुलिस टीम ने एआरटीओ प्रदीप कुमार को महराजगंज से गिरफ्तार किया।

**04** सौ से अधिक मालवाहक रोजाना गुजरते हैं बॉर्डर से

**20** से अधिक टूरिस्ट बस नेपाल जाती हैं सोनौली बॉर्डर से

### इनकी हुई गिरफ्तारी

1. एआरटीओ प्रदीप कुमार, लखनऊ
2. पीटीओ मथुरा प्रसाद, देवरी रुखाना, बक्शी का तालाब, लखनऊ
3. सिपाही रामचंद्र यादव, गोरखपुर
4. सिपाही मानसिंह, गोरखपुर
5. निजी चालक राधश्याम, देवकी पिक्चर पैलेस फरेंदा, महराजगंज
6. हेल्पर गणेश मिश्रा, दुर्जनपुर, गोंडा
7. सहयोगी अनूप तिवारी, हरदोई
8. पूर्व एआरटीओ का निजी चालक जनार्दन चुल्हावली, टुण्डला

“ वाहनों की वसूली की शिकायत पर एआरटीओ, यात्री कर अधिकारी, दो कर्मचारी व चार प्राइवेट लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।

**डॉ. कौस्तुभ**, एसपी, महराजगंज

# नोटिस फाड़ने के मामले में आरोपी सास व बहू पर केस

## अपात्र लाभार्थी के घर रिकवरी के नोटिस को फाड़ने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा देउरवा में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपात्र लाभार्थी के घर रिकवरी की नोटिस चस्पा के लिए गए रोजगार सेवक की पिटाई एवं नोटिस फाड़ने के आरोप में बृहस्पतिवार को आरोपी लाभार्थी महिला व उसके सास पर केस दर्ज हुआ है।

ग्राम पंचायत अधिकारी सर्वोत्तम विश्वकर्मा ने बताया कि ग्राम सभा देउरवा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत लाभार्थी पुष्पा को आवास मिला था।

जिसमें एक लाख दस हजार रुपये लाभार्थी के खाते में शासन द्वारा भेजा गया था, लेकिन त्रिस्तरीय कमेटी की जांच में लाभार्थी पुष्पा अपात्र मिली।

मंगलवार को लाभार्थी से धन की रिकवरी के लिए नोटिस चस्पा करने गए ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सहायक व सफाई कर्मचारी को अपने दरवाजे पर देखते ही आरोपी महिला व उसकी सास उग्र हो गई और घर में से डंडा लेकर आई और रोजगार सेवक की कॉलर पकड़ कर नोटिस फाड़ दी।

# पंखे में पत्नी की साड़ी से लटका मिला शव, परिजन बेसुध

## आर्थिक तंगी की वजह से होता था घरेलू कलह

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** निचलौल शहर के आजाद नगर मुहल्ले में बृहस्पतिवार को पति का शव पंखे से लटका हुआ मिला। वह पत्नी के साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से झूल गया।



धर्मेंद्र (फाइल फोटो)

रात में दोनों के बीच तकरार हुई थी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम की मौजूदगी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मामले में पत्नी ने पुलिस को आत्महत्या करने की तहरीर दी है।

जानकारी के मुताबिक, शहर के आजाद नगर मुहल्ले के रहने वाले धर्मेंद्र सिंह (35) टेंट हाउस में बिजली ठीक करने का कार्य करते थे। जहां से मिलने वाली पैसों से पत्नी डीमा और दो बच्चे शिवा (12) और शीतल (10) को जरूरतों को पूरा करते थे। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के चलते धर्मेंद्र और डीमा के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। बुधवार शाम को भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर नोकझोंक हुई। मामला पुलिस तक पहुंचा, लेकिन पारिवारिक विवाद होने के चलते पुलिस दोनों को समझाकर घर भेज दिया। घर आने के बाद भी दोनों के बीच तकरार हुई। फिर सुबह पत्नी डीमा जगी तो कमरे के अंदर का माजरा देख बदहवास हो गई। क्योंकि पति धर्मेंद्र का शव कमरे के अंदर पंखे से साड़ी से लटका हुआ था। पति धर्मेंद्र की मौत के बाद पत्नी डीमा के अलावा बेटे शिवा और शिवानी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था। निचलौल क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने कहा की पत्नी ने पुलिस को आत्महत्या करने की तहरीर दी है। शव को फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में फंदे से उतारा गया है।

### घटना को कई तरह की चर्चा

आजाद नगर में युवक धर्मेंद्र की मौत को लेकर पूरे दिन लोगों में कई तरह की चर्चाएं बनी रही। कमरे में साड़ी के सहारे पंखे से लटके शव को देख लोग दबे जुबान आत्महत्या और हत्या की चर्चाएं करते रहें। क्योंकि, युवक का शव जमीन पर घुटनों के सहारे टिका हुआ था। शव के बगल में थाली में कटी सब्जियां भी पड़ीं थी। शव के आगे चप्पल पड़ा था।



धर्मेंद्र की मौत के बाद जांच में जुटे पुलिस कर्मी। संवाद

# 40 दिन बाद बालक के शव को कब्र से निकाला गया

## शुरूआत में बालक के पिता ने नहीं कराया पोस्टमार्टम

संवाद न्यूज एजेंसी

**फरेंदा।** पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के पोखरभिंडा टोला नगेशरपुर में 40 दिन बाद मृत सात वर्षीय आर्यन के शव को कब्र से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। उसके पिता अमर सहानी की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की। पहले तो बालक के पिता ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। अब आरोपी भाभी द्वारा कोई कार्रवाई न करने की धमकी देने पर तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार, पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोखरभिंडा टोला नगेशरपुर निवासी अमर साहनी ने पुरंदरपुर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 14 जुलाई 2023 की शाम को सात बजे सात वर्षीय बेटे आर्यन को अकेला देख भाभी कपड़ा ठूसकर मार रही थी। उनके चंगुल से छुड़ाकर बच्चे को इलाज के लिए केजीएमसी अस्पताल महराजगंज ले गए।

जहां चिकित्सकों ने आर्यन को मृत घोषित कर दिया। बच्चे को घर लेकर आया तो आरोपी भाभी से पूछा कि मेरे बच्चे को क्यों मारी हो? वह तुरंत घर छोड़कर चली गई। आज तक पता नहीं चला। 15 जुलाई की सुबह लगभग 6 बजे शव को इलाहावास थाना बृजमनगंज श्रीनगर ताल के पास दफन कर दिया गया। आरोपी की ओर से धमकी मिलने पर अब अमरजीत ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग को तो बृहस्पतिवार को पुलिस ने शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए महराजगंज भेजा।

थानाध्यक्ष पुरंदरपुर पुरुषोत्तम का कहना है कि बच्चा छत से गिर गया था। इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने शव को दफनाया दिया था।

महीने भर बाद पिता अमर साहनी की तहरीर पत्र पर शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# रिश्तेदारों और प्रवर्तन के सिपाहियों की मदद से हाईवे पर चल रहा वसूली का खेल

## वन टाइम के साथ मासिक कोडवर्ड से पार होते हैं ओवरलोड ट्रक, हर माह करीब 20 लाख रुपये की वसूली

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** रिश्तेदार और प्रवर्तन के सिपाहियों की मदद से हाईवे पर ओवरलोड ट्रकों और पर्यटक बसों से वसूली का खेल चल रहा था। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी समेत आठ की गिरफ्तारी के बाद वसूली के पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ है। वन टाइम के साथ मासिक कोडवर्ड से ओवरलोड ट्रकों व बसों से वसूली की जाती थी। किसी को शक न हो, इसके लिए विभाग के सिपाही साथ में रहते थे। एक हजार से लेकर 10 हजार रुपये तक की वसूली की जाती थी। प्रत्येक माह औसतन 20 लाख की वसूली होने का अनुमान है।

सूत्र बता रहे हैं कि वसूली बढ़ गई तो ट्रक चालक ने हिम्मत दिखाई, इसके बाद पूरी कारस्तानी सामने आ गई। रिश्तेदारों को वसूली के लिए रखा गया था, उनके विभाग के प्रवर्तन के खास सिपाहियों को लगाया जाता था, ताकि चालक विरोध न कर सकें। अधिकारियों की गिरफ्तारी के बाद इनकी पूरी कहानी सामने आ गई। सूत्रों ने बताया कि कुछ ने तो प्राइवेट लोगों को इस काम के लिए रख लिया था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर आनंदनगर और कोल्हुई थाने के पास गैर जनपद और अन्य प्रदेशों से नेपाल आने वाले ओवरलोड ट्रक और पर्यटक बसों से प्रत्येक से पांच से 10 हजार की वसूली की जाती थी।

अंधेरे में ओवरलोड ट्रक जनपद से होकर नेपाल जाते थे तो कोल्हुई और आनंदनगर बाईपास पर एआरटीओ की ओर से जांच की जाती थी। एक कोडवर्ड के जरिए हर रात 300 से 400 ओवरलोड ट्रक और करीब 100 ओवरलोड बसें जिले की सीमा से नेपाल जातीं थीं। इसके लिए वाहन पास कराने वालों को माध्यम बनाया गया था। जिसमें दो प्राइवेट व्यक्ति के जरिए इंट्री होती थी। रात के अंधेरे में चलने वाले इस खेल की भनक सामान्य व्यक्ति को न लगने पाए, इसके लिए प्रतिमाह एक नए कोडवर्ड का इस्तेमाल किया जाता था और इसी कोड के जरिए बिना किसी रोक-टोक के ओवरलोड वाहन आसानी से जिले की सीमा से निकल जाते थे। इसमें वन टाइम पासवर्ड किसी गाड़ी को एक बार जाने या आने के लिए उपयोग किया जाता था।

**कोडवर्ड के जरिए ऐसे हो रहा था वसूली का खेल :** नाम न छापने की शर्त पर कई वाहन संचालक और ट्रांसपोर्टर ने बताया कि बिना किसी रोक-टोक के ओवरलोड एवं बगैर परमिट वाले वाहनों के संचालन के लिए पहले वाहन पास करने वालों से संबंध बनाना पड़ता है।

वहां से प्राइवेट व्यक्ति का नंबर मिलता था। इसके बाद उससे संपर्क कर गाड़ी का नंबर नोट कराने के साथ एक निश्चित रकम अदा करनी पड़ती है। रकम अदा करने के बाद वाहन चालक को या उसके स्वामी को एक कोडवर्ड दिया जाता है। आगे बढ़ने पर जिले की सीमा में जहां पर गाड़ी रोकी जाती है, वहां उस कोडवर्ड को बता देना होता था।

गाड़ी रोकने वाला व्यक्ति अपने मोबाइल से उस कोडवर्ड के जरिए वाहन संख्या का मिलान करता था। इसके बाद बिना कुछ पूछे वाहन आगे बढ़ाने का इशारा दे दिया जाता है। कहीं कोई रिकॉर्ड न रहने पाए, इसके लिए इस खेल से जुड़े लोग सामान्य तरीके से एक दूसरे को फोन काल करने की बजाए, वाट्सएप काल का सहारा लेते हैं।



कोल्हुई थाने पर खड़ा पीटीओ का वाहन। संवाद

### तीन साल पहले नवाबगंज थाने में दर्ज हुआ था पीटीओ पर केस

**महराजगंज।** वसूली के आरोपी पीटीओ मथुरा प्रसाद पर यह कोई नया मामला नहीं है। तीन साल पहले गोंडा जिले में भी उनके खिलाफ केस दर्ज हो चुका है। महराजगंज जिले में कार्य करने के दौरान भी एक केस दर्ज हो गया। एक सितंबर 2020 को परिवहन निगम के गोंडा कार्यालय में यात्री कर अधिकारी पद पर तैनात मथुरा प्रसाद के खिलाफ नवाबगंज थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोप है कि चेकिंग के दौरान ट्रक छोड़ने के नाम पर उन्होंने चालक से जबरदस्ती फर्जी तरीके से पैसा दूसरे के खाते में ट्रांसफर करा दिए थे। बताया जा रहा था कि पीटीओ के खिलाफ इससे पूर्व भी चेकिंग के दौरान लोगों से अभद्रता और मारपीट की शिकायतें मिल रही थीं। नवाबगंज थाने में पीटीओ के खिलाफ अवैध वसूली और धोखाधड़ी सहित संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। संवाद

### रात 11 बजे से भोर के चार बजे तक वाहन कराए जाते थे पास

रात 11 से भोर के चार बजे तक इंट्री वाले वाहनों को पास कराने का खेल चलता था। रास्ते में कहीं कोई दिक्कत न आने पाए, इसके लिए वाहन पास करने वाले के माध्यम से अधिकारियों का लोकेशन लिया जाता है। इसके बाद वाहन आगे बढ़ाने की हरी झंडी दी जाती है। गोरखपुर से कोयला और एमएस स्टील से लदे ओवरलोड वाहन गोरखपुर की सीमा पर रोक लिए जाते हैं। इंट्री टीम की तरफ से इशारा मिलते ही वाहन आगे के लिए निकल लेते हैं।

### नेपाल जाने वाली बसों से हो रही वसूली

नेपाल से मैत्री बस के अलावा बुटवल से भी दिल्ली बंगलुरु के लिए प्राइवेट बस का संचालन हो रहा है। प्रतिदिन बीस बसें यात्रियों को लेकर नेपाल जाती हैं। महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान से यात्री बस नेपाल जाती है। बसों से रकम लेकर गंतव्य तक भेजा जा रहा था। वसूली की कोई निश्चित रकम नहीं थी। एक हजार से लेकर पांच हजार प्रत्येक वाहन से वसूली होती थी।

### सेटिंग कर ओवरलोड बसों को करा दिया जाता था सरहद पार

नेपाल से बंगलुरु वाले ओवरलोड बसों का धंधा बड़े पैमाने पर चल रहा है। एक बस में 100 से ज्यादा सवारियों को बैठाकर उनकी जान जोखिम में डालने वाले दलाल इस धंधे से हजारों का कमीशन खा रहे हैं। इन बसों को भी कोडवर्ड मिलता है। जिससे यह नेपाल से सीधे बंगलुरू का सफर करते हैं।

### 15 साल से गुलरिया गांव के पास लगा है बैरियर

कोल्हुई थाना क्षेत्र के ग्राम गुलरिया के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर 15 वर्षों से परिवहन विभाग का बैरियर लगा हुआ है जिस पर आए दिन पर्यटक बसों, ट्रकों से अवैध रूप से वसूली हो रही थी।

*सोनौली जाने वाले हाईवे पर ट्रकों से अवैध वसूली का मामला सामने आने पर जांच पड़ताल हुई तो एआरटीओ, पीटीओ समेत अन्य पर अवैध वसूली का मामला सामने आया। इसे संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई की गई।* - **डॉ. पंकज वर्मा**, अपर जिलाधिकारी

*वसूली के मामले में गहन जांच होने पर सभी आरोपियों के नाम सामने आए हैं। अमरोहा के ट्रक चालक महमूद ने पूरी बात तहरीर में बताई। जांच में आरोपी सही मिला तो कार्रवाई की गई है।*

- **आतिश कुमार सिंह**, अपर पुलिस अधीक्षक

# मधुमिता हत्याकांड के दोषी अमरमणि और उनकी पत्नी मधुमणि होंगी रिहा

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** कवियत्री मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में दोषी करार दिए जाने के बाद उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि त्रिपाठी को शासन ने रिहा करने का आदेश जारी कर दिया है। राज्यपाल की अनुमति पर कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग ने इसका आदेश जारी किया है।

आदेश में कहा गया है कि यदि दोनों को किसी अन्य वाद में जेल में निरुद्ध रखना आवश्यक न हो, तो जिला

## अच्छे आचरण की वजह से सजा की अवधि समाप्त की गई



अमरमणि त्रिपाठी



मधुमणि त्रिपाठी

मजिस्ट्रेट गोरखपुर के विवेक के अनुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक मुचलका प्रस्तुत करने पर कारागार से मुक्त कर दिया जाए। बता दें कि करीब 20 वर्ष पहले राजधानी की पेपरमिल कॉलोनी में रहने वाली कवियत्री मधुमिता शुक्ला की हत्या के मामले की जांच सीबीआई ने की थी। सीबीआई ने अपनी जांच में अमरमणि और मधुमणि को दोषी करार देते हुए अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। बाद में इस मामले का मुकदमा देहरादून स्थानांतरित कर दिया गया था। दोनों जेल में बीते 20 वर्ष एक माह और 19 दिन से थे। उनकी आयु, जेल में बिताई गई सजा की अवधि और अच्छे जेल आचरण के दृष्टिगत बाकी बची हुई सजा को माफ कर दिया गया है।

# महराजगंज : वसूली में एआरटीओ और पीटीओ समेत आठ गिरफ्तार

## ट्रकों व पर्यटकों की बसों के चालकों से की जा रही थी वसूली

संवाद न्यूज एजेंसी



कोल्हुई थाने में गिरफ्तार एआरटीओ, पीटीओ व अन्य। संवाद

ट्रक चालक ने तहरीर दी थी। उसके आधार पर जांच की गई तो मामला पकड़ में आ गया। एआरटीओ, पीटीओ समेत आठ लोगों को वसूली के आरोप में गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। क्षेत्राधिकारी स्तर के अधिकारी से मामले की विवेचना कराई जाएगी।

-डॉ. कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक

**इनको किया गया गिरफ्तार** ■ प्रदीप कुमार (एआरटीओ) महराजगंज ■ मथुरा प्रसाद (पीटीओ) महराजगंज ■ मान सिहं (प्रवर्तन सिपाही) ■ रामचन्द्र यादव (प्रवर्तन सिपाही) ■ राधेश्याम निवासी (प्राइवेट चालक) ■ गणेश मिश्रा निवासी पांडेय निवासी दुर्जनपुर, गोंडा (हेल्पर) ■ अनूप तिवारी निवासी रानी खेड़ा, हरदोई, (सहयोगी) ■ जनार्दन कुमार निवासी चुल्हावली, फिरोजाबाद (प्राइवेट ड्राइवर)

महराजगंज। ओवरलोड ट्रकों और पर्यटकों की बसों से वसूली के मामले में बृहस्पतिवार को जिले के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) प्रदीप कुमार, यात्री कर अधिकारी (पीटीओ) मथुरा प्रसाद समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से वसूली के पांच हजार रुपये भी बरामद किए गए हैं। अलग-अलग तहरीर पर सभी के खिलाफ नौतनवां व कोल्हुई थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

अमरोहा जिले के हसनपुर निवासी शिकायतकर्ता महबूब ने कोल्हुई थाने में तहरीर देकर कहा था कि वह ट्रक में तारकोल के ड्रम लादकर गुजरात से नेपाल जा रहा था। 23 अगस्त की रात करीब 11.30 बजे गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोल्हुई बाजार से आगे परसौना गांव के पास उसके ट्रक को रोक लिया गया। उसे सड़क किनारे खड़ी सफेद रंग की गाड़ी के पास ले जाया गया। गाड़ी में तीन स्टार लगी वर्दी पहना एक व्यक्ति आगे बैठा था। वर्दी में लगी नेम प्लेट पर मथुरा प्रसाद लिखा था। अन्य दो लोगों की वर्दी के नेम प्लेट पर मानसिंह व रामचंदर यादव लिखे थे। इन लोगों ने बताया कि नए एआरटीओ प्रदीप कुमार के आदेश पर जांच हो रही है। दस हजार रुपये इंट्री फीस जमा करो नहीं तो गाड़ी सीज कर देंगे। चूंकि इस रूट पर बार-बार वसूली से परेशान था इसलिए मैंने पांच-पांच सौ के 10 नोट अपने हस्ताक्षर कर रखे थे। मैंने वही पांच हजार रुपये उन्हें दे दिए।

इसी तरह, बृहस्पतिवार को नौतनवां निवासी टूरिस्ट बस चालक बिरजू मद्धेशिया ने एआटीओ प्रदीप कुमार व उनके सहयोगियों के खिलाफ नौतनवां थाने में तहरीर दी। इसमें कहा गया कि गोरखपुर-सोनौली मार्ग, फरेंदा बाईपास, रानीपुर आदि स्थानों पर कुछ लोग वर्दी तथा कुछ सादे कपड़ों में खुद को परिवहन विभाग का अधिकारी बताकर वसूली कर रहे हैं। इनके द्वारा मालवाहक वाहनों और धार्मिक यात्रा पर जाने वाली बसों के चालकों से चालान के नाम पर वसूली की गई। दोनों चालकों महबूब और बिरजू मद्धेशिया की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए टीम लग गई।

>> संबंधित पेज 2 पर

# अमरमणि त्रिपाठी व उनकी पत्नी मधुमणि की होगी समयपूर्व रिहाई

**राज्य, लखनऊ :** कवियत्री मधुमिता की हत्या के मामले में दोषी बाहुबली पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी व उनकी पत्नी मधुमणि त्रिपाठी की समय पूर्व रिहाई होगी। कारागार विभाग ने दंपती की दया याचिका को स्वीकार कर अच्छे आचरण के चलते शेष सजा को माफ कर समय पूर्व रिहाई का आदेश जारी किया है। लखनऊ की पेपरमिल कालोनी में कवियत्री मधुमिता की नौ मई, 2003 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज हत्याकांड की जांच सीबीआइ ने की थी। देहरादून के विशेष न्यायाधीश/सत्र न्यायाधीश ने मधुमिता की हत्या में दोषी पाए गए गोरखपुर निवासी बाहुबली व सपा के पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी व उनकी पत्नी मधुमणि त्रिपाठी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। पूर्व में दोनों हरिद्वार जेल में निरुद्ध थे। बाद में दंपती को गोरखपुर जेल स्थानांतरित किया गया था। वर्तमान में दोनों गोरखपुर जेल में ही निरुद्ध हैं। कारागार विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार अमरमणि की आयु 66 वर्ष है। वह 22 नवंबर, 2022 तक 17 वर्ष, नौ माह व चार दिन की अपरिहार सजा काट चुके हैं। जबकि 20 वर्ष एक माह व 19 दिन की सपरिहार सजा काट चुके हैं। ऐसे ही मधुमणि की उम्र 61 वर्ष है। वह 22 नवंबर, 2022 तक 17 वर्ष, तीन माह व नौ दिन की अपरिहार तथा 20 वर्ष, दो माह व 18 दिन की सपरिहार सजा काट चुकी हैं। अलग-अलग जारी आदेशों के अनुसार दंपती की भोगी

**दया याचिका पर शासन ने जारी किया आदेश, कवियत्री मधुमिता की हत्या में हुई थी उम्रकैद**



अमरमणि त्रिपाठी • जागरण आर्काइव



मधुमणि त्रिपाठी • जागरण आर्काइव

गई सजा व अच्छे जेल आचरण को देखते हुए शेष सजा को परिहार करते हुए समयपूर्व रिहाई का निर्णय किया गया है। यदि अमरमणि त्रिपाठी व मधुमणि त्रिपाठी को किसी अन्य वाद में निरुद्ध रखा जाना वांछित नहीं है तो उन्हें जिला मजिस्ट्रेट गोरखपुर के समक्ष दो जमानतें व तथा उतनी ही धनराशि का निजी मुचलका देने पर जेल से मुक्त किए जाने का आदेश दिया गया है। एक अधिकारी के अनुसार अच्छे आचरण के आधार पर सिद्धदोष बंदी को हर माह तीन से सात दिनों का परिहार मिलता है। जिसे उसकी काटी गई सजा में जोड़कर सपरिहार सजा की गणना की जाती है।

संबंधित खबर » 6

# नाबालिग चला रहे ई- रिक्शा पुलिस देख रही तमाशा

जासं, नौतनवा : नगर क्षेत्र में नियमों को दरकिनार कर नाबालिग चालक ई-रिक्शा अनियंत्रित गति से सड़क पर दौड़ा रहे हैं। इससे दुर्घटनाओं की आशंका और जाम की स्थिति बनी रहती है। पुलिस मूक दर्शक बनी रहती है।

नगर में यातायात का मुख्य साधन ई-रिक्शा बन गए हैं। वर्तमान में 200 से अधिक रिक्शे नगर पालिका क्षेत्र में चलते हैं। दर्जनों नाबालिग बिना कोई भय के सड़क पर फर्राटा भर रहे हैं।

# नौतनवा से गायब कार एक घंटे में बरामद

जागरण संवाददाता, नौतनवा : नगर क्षेत्र के गांधी चौक के समीप गुरुवार शाम करीब छह बजे कार गायब हो जाने का मामला प्रकाश में आया। सूचना मिलते ही स्थानीय सहित जनपद की पुलिस सक्रिय हो गई। एक घंटे बाद कार बरामद हुई तो सच्चाई खुलकर सामने आई।

इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने बताया कि कार के मालिक ने दो लोगों से बिक्री कर लाखों रुपये ले लिए थे, लेकिन ट्रांसफर नहीं किया था। पहले क्रेता नौतनवा नगर के हमीद नगर वार्ड के रहने वाले अमित कुमार राव ने बताया कि उन्होंने कोल्हुई थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति से 17 फरवरी को तीन लाख 20 हजार रुपये में कार खरीदी। दो माह पहले कार मालिक आवश्यक कार्य बताकर ले गए। गुरुवार शाम को कार गांधी चौक के पास खड़ी

## कार मालिक ने दो लोगों को बेची थी कार, पहले क्रेता ने देखी कार तो ले गया अपने घर

मिली। दूसरी चाबी से स्टार्ट कर अपने घर लेकर चला आया। दूसरे खरीदार फरेंदा थाना क्षेत्र के परसाबेनी गांव के रहने वाले जियाउद्दीन खान ने बताया कि दो दिन पहले दो लाख 40 हजार रुपये में कार खरीदी और एक लाख 35 हजार भुगतान कर दिया।

सर्विसिंग के लिए नौतनवा लेकर आए थे। सेंटर पर भीड़ होने के कारण गांधी चौक के समीप एक शोरूम के पास खड़ी कर मैकेनिक से बातचीत करने गए थे। 15 मिनट बाद लौटे तो मौके से कार नहीं थी। इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने बताया कि कार मालिक को बुलाया गया है, कार्रवाई की जा रही है।

# सचिवों के प्रदर्शन के बाद आरोपित पर केस दर्ज

जागरण संवाददाता, मिठौरा बाजारः मिठौरा ब्लाक के ग्राम पंचायत अधिकारी के साथ विगत दिनों अभद्र व्यवहार को लेकर गुरुवार को ब्लाक परिसर में जनपद के समस्त ग्राम सचिवों ने धरना-प्रदर्शन कर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की। पुलिस द्वारा आरोपित गायत्री देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के बाद धरना समाप्त हुआ।

ग्राम सचिव सर्वोत्तम विश्वकर्मा अपने साथ पंचायत सहायक, रोजगार सेवक व सफाईकर्मी के साथ आवास योजना के अपात्र लाभार्थियों के घर नोटिस देने गए थे, इसी दौरान एक अपात्र पुष्पा की सास गायत्री देवी ने ग्राम सचिव के ऊपर हमला कर दिया। इसकी सूचना सिन्दुरिया थाने पर दी गई, दो दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराज जनपद के सभी ग्राम सचिव मिठौरा ब्लाक परिसर में धरना प्रदर्शन कर कार्रवाई के मांग पर अड़ गए है। मामले की गंभीरता को देखते हुए खंड विकास अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में सिंदुरिया थानाध्यक्ष कंचन राय ने आपराधिक मामले में मुकदमा दर्ज किया।

मुकदमा पंजीकृत होने की सूचना मिलने पर ग्राम सचिवों ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ग्राम विकास अधिकारी संघ राजेश सिंह, विजय सिंह, मनोज गुप्ता, अविनाश श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश गुप्ता, विजय प्रताप सिंह, बालमुकुंद पांडेय, राजन गुप्ता, अमरेंद्र पटेल आदि उपस्थित रहे।



मिठौरा ब्लाक में प्रदर्शन करते ग्राम पंचायत एवं विकास अधिकारी • जागरण

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

जासं, बरगदवा : शादी का झांसा देकर युवती से छह माह तक दुष्कर्म करने के आरोपित को पुलिस ने गुरुवार की सुबह शीशगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पर दुष्कर्म सहित एससी एसटी का केस दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, वहां से जेल भेज दिया गया।

बरगदवा क्षेत्र के एक गांव की 20 वर्षीय युवती ने एक सप्ताह पहले शीशगढ़ निवासी सिकंदर अंसारी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपित युवक के विरुद्ध बुधवार की दोपहर दुष्कर्म सहित एससी एसटी का मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष बरगदवा दिनेश कुमार ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपित को गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया गया।

# सागौन का पेड़ काटकर उठा ले गए चोर

जासं,मंगलपुर: श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महुआ महुई में बीती रात चोर एक व्यक्ति की बाग से सागौन का पेड़ काटकर उठा ले गए। महुआ महुई निवासी बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया चोर सागौन का एक पेड़ काटकर ले गए हैं। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# एआरटीओ कार्यालय पर रही गहमा-गहमी

- गोरखपुर के पीटीओ ने एआरटीओ कार्यालय का किया निरीक्षण
- कार्यालय छोड़कर गायब रहे अधिकांश पटल सहायक

जासं, महराजगंज : अवैध वसूली के मामले में एआरटीओ व पीटीओ समेत आठ के गिरफ्तार होने के बाद गुरुवार को एआरटीओ कार्यालय में गहमा-गहमी का माहौल रहा। एआरटीओ, पीटीओ का कमरा जहां खाली रहा वहीं अन्य कमरों से भी कई लिपिक गायब रहे। जो एक-दो कर्मचारी पहुंचे भी तो वह भी अपने कार्य में जुटे रहे। घटना की सूचना पर आरटीओ गोरखपुर के निर्देश पर गोरखपुर के पीटीओ डीके आनंद ने एआरटीओ कार्यालय का निरीक्षण किया, लेकिन किसी भी प्रकार के सवालों का जवाब देने से बचते नजर आए।

पूर्व में महराजगंज में एआरटीओ रहे आरसी भारतीय के स्थानांतरण के बाद नए एआरटीओ प्रदीप कुमार ने बीते छह अगस्त को जिले में कार्यभार ग्रहण किया था। इसके बाद से ही वह अवकाश पर चले गए थे। 16 अगस्त से फिर कार्यालय आए तथा कार्यभार संभाला। इधर घटना में उनकी गिरफ्तारी के बाद गुरुवार की सुबह से ही कार्यालय में एआरटीओ के अनुपस्थित रहने के कारण कई विभाग के कार्य प्रभावित रहे। एक दो लिपिक अपना कार्य कर रहे थे। दोपहर में 12 बजे के बाद गिरफ्तारी की खबर प्रसारित होते ही कार्यालय से धीरे-धीरे लिपिक गायब हो गए। कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के न होने से काम-काज प्रभावित रहा। करीब एक बजे कुशीनगर में तैनात व महराजगंज के प्रभारी संभागीय निरीक्षक आरडी प्रसाद वर्मा कार्यालय पहुंचे और कार्य शुरू कराए। उन्होंने बताया कि तीन दिन पूर्व ही उन्होंने यहां का अतिरिक्त कार्यभार संभाला है।




सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में घटना की चर्चा करते लोग • जागरण

# काफी समय से चल रहा था ट्रकों से वसूली का खेल

## एआरटीओ कार्यालय की **आइजीआरएस पोर्टल** पर पहले भी ट्रक चालकों ने दर्ज कराई थी शिकायत

- फर्जी आरोप बताकर एआरटीओ स्तर से किया गया था निस्तारण
- रातभर सड़क पर दौड़ती थी पीटीओ की गाड़ी

जासं, महराजगंज : राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रकों और पर्यटक बसों से एआरटीओ की टीम द्वारा वसूली का धंधा काफी समय से चल रहा था। वसूली के लिए इनके द्वारा कभी ट्रकों पर ओवरलोडिंग तो कभी बसों में चालक-परिचालकों की वर्दी और जूते की जांच की जाती थी। जो ट्रक चालक रुपये दे देते, उन्हें छोड़ दिया जाता था, जबकि जो विरोध करते थे, उन्हें भारी-भरकम चालान झेलना पड़ता था।

ऐसे में अधिकांश चालक 20 से 45 हजार रुपये तक चालान भरने से बेहतर पांच हजार रुपये की रिश्वत देना आसान समझते थे। लेकिन अमरोहा के चालक महबूब से पांच हजार रुपये लेना एआरटीओ की टीम को मंहगा पड़ गया।

ट्रक चालक महबूब ने बताया कि एआरटीओ की टीम जिले में इंट्री फीस के नाम पर वसूली करती थी। बुधवार की रात भी एआरटीओ की वसूली में रुपये देने से पहले ट्रक चालक ने अपने पास रखे 500 के सभी 10 नोटों के नंबर की मोबाइल में फोटो खींच ली थी। इसके बाद वह रुपये उसने रिश्वत के तौर पर उन्हें दे दिए। इस घटना के बाद नौतनवा के बनैलिया माता मंदिर के पास पत्तल गिलास की दुकान चलाने वाले बिरजू मद्धेशिया ने भी एआरटीओ समेत समस्त आठो आरोपितों के विरुद्ध नौतनवा थाने में पर्यटक बसों से अवैध वसूली करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। बिरजू मद्धेशिया ने बताया कि नेपाल से देश में विदेश के पर्यटकों को लेकर आने वाली पर्यटक बसों से भी एआरटीओ की टीम जबरन वसूली करती है।



कोल्हुई थाने मे गिरफ्तार एआरटीओ प्रदीप कुमार (दाएं से तीसरे) व पीटीओ मथुरा प्रसाद (दाएं से दूसरे) तथा अन्य आरोपित । जागरण

रात भर पीटीओ की गाड़ी हाईवे पर दौड़ती है, यह लोग सादे कपड़ों में रहते थे। कभी बस के कंडक्टर पर वर्दी न पहनने तो कभी प्रेसर हार्न बजाने के आरोप में पांच से 10 हजार रुपये की वसूली की जा रही थी, दो दिन पूर्व किशोर, रघुवंशी, संतोष और अन्नपूर्णा बस के चालक से 10 हजार रुपये लिए गए थे।

# महराजगंज में एआरटीओ और पीटीओ समेत आठ गिरफ्तार

- ट्रकों और पर्यटक बसों से वसूली के आरोप में पुलिस ने की कार्रवाई
- अमरोहा के ट्रक चालक व नौतनवा के दुकानदार ने दी थी तहरीर

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रकों व पर्यटक बसों से वसूली के आरोप में बुधवार देर रात महराजगंज में बड़ी कार्रवाई हुई। पुलिस ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ), यात्री कर अधिकारी (पीटीओ), दो प्रवर्तन सिपाहियों और चार अन्य लोगों को गिरफ्तार करते हुए वसूली के पांच हजार रुपये भी बरामद किए। गुरुवार को आरोपितों को विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम गोरखपुर की कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई अमरोहा जिले के हसनपुर के ट्रक चालक महबूब आलम द्वारा कोल्हुई थाने में दर्ज कराई गई शिकायत पर हुई। आरोपितों के विरुद्ध नौतनवा थाने में सरोजनी नगर के दुकानदार बिरजू ने भी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का मुकदमा दर्ज कराया था। गिरफ्तारी की जानकारी गुरुवार को अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा व अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट में संयुक्त प्रेसवार्ता में दी। दोनों अधिकारियों ने बताया कि गुजरात से ड्रम में तारकोल लेकर ट्रक चालक महबूब आलम बुधवार रात 11:30 बजे नेपाल जा रहा था। गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर परसौना गांव के पास पीटीओ और उसके साथियों ने उसे रोककर रुपये मांगे। अन्य ट्रक चालकों से भी वे वसूली में लगे थे। चालकों ने विरोध किया तो कहा गया कि वसूली एआरटीओ के निर्देश पर की जा रही है। महबूब आलम ने पांच हजार रिश्वत के रूप में देने के साथ नोटों का नंबर नोट कर लिया। उसने कोल्हुई थाने जाकर शिकायत की। पुलिस मौके पर पहुंची और वसूली में लिप्त पीटीओ व उसके सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया। एआरटीओ प्रदीप कुमार की गिरफ्तारी कलेक्ट्रेट के पास से की गई। पर्यटक बसों से वसूली की शिकायत करने वाले बिरजू ने कहा है कि पीटीओ की टीम प्रतिदिन वसूली करती है। संबंधित खबर » 3

## इनकी हुई गिरफ्तारी

एआरटीओ प्रदीप कुमार (पता अज्ञात), लखनऊ के देवरी रुबाएं (थाना बख्शी का तालाब) के रहने वाले पीटीओ मथुरा प्रसाद, गोरखपुर के कोइरी (थाना सहजनवां) के प्रवर्तन सिपाही मान सिंह, रामपुर (थाना रामगढ़ताल) के रामचंद्र यादव, पीटीओ के वाहन के प्राइवेट चालक फरेंदा के राधेश्याम, पीटीओ के सहयोगी गोंडा के दुर्जनपुर (थाना तरबगंज) के गणेश मिश्रा, हरदोई के रानी खेड़ा (थाना अतरौलिया) के अनूप तिवारी और एक पूर्व एआरटीओ के निजी चालक फिरोजाबाद के चूल्हावली (थाना टुंडला) के जनार्दन कुमार।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-25-08-2023

# अपर जिला जज ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**जागरण संवाददाता, बस्ती**: अपर जिला जज प्रथम शिवचन्द ने गुरुवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। जरूरतमंद बंदियों को दवा आदि की व्यवस्था के लिए कारागार प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज रजनीश मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना के निर्देशानुसार जिला कारागार, बस्ती का निरीक्षण अपर जिला जज प्रथम द्वारा किया गया। महिला बैरक, जेल लीगल एड क्लीनिक एवं जेल के प्रत्येक बैरक में बंदियों की समस्याओं को सुना गया।

# ओवरब्रिज पर फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला गिरफ्तार

## वायरल वीडियो की जांच के बाद फायरिंग करने वाले की हुई पहचान, 18 अगस्त को युवक ने की थी फायरिंग

जागरण संवाददाता, बस्ती : फोरलेन के हर्रैया ओवरब्रिज पर फायरिंग कर दहशत फैलाने के आरोपित को हर्रैया पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। उसे गुरुवार की भोर में थाना क्षेत्र के बेलाड़ शुक्ल गांव के मोड़ से गिरफ्तार किया है। उसके पास से घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा व एक कारतूस भी बरामद किया गया है।



फरयरिंग कर दहशत फैलाने वाले आरोपित की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी देते पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी • जागरण

यह जानकारी पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। बताया कि 18 अगस्त को हर्रैया के मुरादीपुर में सुरेंद्र वर्मा के घर भूमि पूजन के दौरान नाली के लिए जमीन छोड़ने की बात को लेकर सनी सोनकर, सुरेंद्र वर्मा तथा मनीष तिवारी के बीच विवाद हुआ था। इसी बीच तहसील जा रहे मनीष तिवारी को दीपक चौहान व रवि चौहान द्वारा मारा पीटा गया। इसके संबंध में थाना हर्रैया पर मुकदमा पंजीकृत कराने के तहरीर देने के बाद लौटते समय शशांक पांडेय, राजन निषाद व शुभम ठाकुर ने बाइक से मनीष की कार का पीछा कर हर्रैया ओवरब्रिज पर दबाव बनाने व दहशत फैलाकर वर्चस्व स्थापित करने की नीयत से शशांक पांडेय द्वारा जमीन पर फायर कर दिया गया। मामले में एक वीडियो वायरल हुआ। जिसके आधार पर फायरिंग करने वाले की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में आरोपित के विरुद्ध हर्रैया थाने पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मनीष तिवारी के भाई विराट तिवारी व शशांक पांडेय के मध्य पहले से ही साकेत महाविद्यालय जनपद अयोध्या में छात्र संघ चुनाव को लेकर तनातनी चल रही थी।

**वर्चस्व स्थापित करने के लिए की फायरिंग:** आरोपित शशांक पांडेय ने बताया कि मुरादीपुर में एक पक्ष के सनी सोनकर, सुरेंद्र वर्मा का दूसरे पक्ष के विराट तिवारी व मनीष तिवारी के बीच 18 अगस्त को वाद-विवाद हो गया था। सुरेन्द्र वर्मा उसके दोस्त हैं। बताया कि जब वह दोस्त राजन निषाद व शुभम ठाकुर के साथ बाइक पर बैठकर थाना हर्रैया के सामने से होते हुए थाने के बगल में खम्हरिया मोड़ पर गया तो वहा उसके मित्र सुरेंद्र वर्मा व मनीष तिवारी के बीच आपसी कहासुनी व वाद-विवाद हो रहा था। दोनों पक्ष से एक-दूसरे को धमकी दे रहे थे। इस पर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज कराया। दोनों पक्ष हाईवे पर बस्ती-अयोध्या लेन से बभनान फ्लाईओवर पर पहुंचे थे कि वह भी अपने साथी राजन निषाद व शुभम ठाकुर के साथ दबाव बनाने व दहशत फैलाकर वर्चस्व स्थापित करने के उद्देश्य वहां पहुंचा। उसने नीचे सड़क की तरफ अवैध तमंचा से मनीष तिवारी की गाड़ी के सामने फायर कर दिया। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया था। वीडियो के चलते उसकी पहचान हो गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

फायरिंग के आरोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हर्रैया राणा देवेंद्र प्रताप सिंह, एसओजी प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह, उप निरीक्षक कमलेश यादव हेड कांस्टेबल अनन्त यादव, कांस्टेबल गजेंद्र सिंह, अभिषेक सिंह, साजिद जमाल, विश्वजीत विश्वकर्मा, हरेंद्र यादव, अभिषेक यादव, पवन यादव शामिल रहे।

# फर्जीवाड़ा में दो कानूनगो व लेखपाल निलंबित

## मुस्लिम की साढ़े तीन बीघा जमीन हिंदू परिवार के नाम वरासत किए जाने का मामला

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** गलत वरासत कर फंसे तत्कालीन राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) दिनेश कुमार पांडेय, वर्तमान राजस्व निरीक्षक शिव नरायन और लेखपाल धीरेंद्र सिंह को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने निलंबित करने के आदेश दे दिए हैं। एसडीएम सदर विनोद पांडेय की जांच में दोषी पाए जाने के बाद इनके खिलाफ कार्रवाई की गई। यह प्रकरण सदर तहसील के गनेशपुर का है।

मुस्लिम परिवार की जमीन हिंदू परिवार के नाम दर्ज किए जाने के इस खेल में राजस्वकर्मियों की संलिप्तता पाई गई है। मृतक फेंकू मुस्लिम हैं। इनके सात पुत्र हैं। यह हैं लाल मोहम्मद, मो.रफीक, जिलाउद्दीन, जनार्दन, अलाउद्दीन, अब्दुल मजीद और सलाउद्दीन अंसारी। मृतक के वारिसान की जगह राजस्व कर्मियों ने फर्जी कागजात तैयार कराकर हिंदू परिवार का नाम बतौर वारिस दर्ज कर दिया। 17 जनवरी 23 को खाता संख्या 727 की खतौनी में रामस्वारथ, बिंदू, बुद्धिराम पुत्रगण चुन्नीलाल, सुखराम, रोहित पुत्रगण सहजोर एवं रामदुलारी पत्नी फूलचंद्र विवाहित पुत्री का नाम दर्ज किया गया। आनन फानन सात फरवरी 23 को ही बुद्धिराम पुत्र चुन्नीलाल निवासी गनेशपुर और रामदुलारी पत्नी फूलचंद निवासी गनेशपुर ने प्रदुम्न यादव को उक्त जमीन की रजिस्ट्री कर दी। 22 मार्च 23 को खतौनी में बतौर सह खातेदार इनका नाम भी दर्ज करा दिया गया। बाकी अन्य ने 9 फरवरी 23 को उक्त जमीन दूसरे को बेच दिया। इनका भी नाम 22 मार्च 23 को खतौनी में बतौर सहखातेदार दर्ज करा दिया गया।

**यूं हुआ इस खेल का पर्दाफाश:** गनेशपुर के ही एडवोकेट दिलशाद हसन खान ने इसकी शिकायत एसडीएम सदर से कर दी। मामला गरमाया तो बचने के लिए राजस्वकर्मियों ने गत 6 जुलाई 23 को पूर्व में किए वरासत आदेश को निरस्त कर मृतक फेंकू के वारिसान का नाम दर्ज कर दिया।

**एसडीएम की जांच में खुला फर्जीवाड़ा:** एसडीएम सदर ने इस मामले की जांच की तो पाया कि मृतक फेंकू की जमीन उसके वारिसान की जगह हिंदू परिवार के कुछ लोगों के नाम दर्ज कर दिया गया। धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार कराने के इस मामले में पूर्व और वर्तमान कानूनगो के साथ ही लेखपाल धीरेंद्र सिंह को दोषी ठहराते हुए गुरुवार को जिलाधिकारी को इसकी रिपोर्ट सौंपी गई।

# प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने पर मुकदमा दर्ज

**बस्ती**: नगर थाने के कैथवलिया गांव में स्थापित डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम प्रधान कैथवलिया संतराम आंबेडकर ने बताया कि 22 अगस्त को किसी ने डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का दाहिना हाथ तोड़ दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# बस चालक को रिवाल्वर दिखा कर धमकाने वाला गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, बस्ती: कोतवाली पुलिस ने रोडवेज बस के चालक व परिचालक को रिवाल्वर दिखाकर धमकाने वाले गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विनय कुमार पाठक ने बताया कि रौता चौकी प्रभारी रमेश यादव व उनकी टीम ने चालक व परिचालक को मामूली बहस पर रिवाल्वर दिखाकर धमकी देने वाले राजीव चौधरी निवासी रौता चौराहा (पेट्रोल पंप के पीछे) को शांति व्यवस्था के दृष्टिगत गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। लाइसेंसी रिवाल्वर का दुरुपयोग करने में रिवाल्वर व शस्त्र लाइसेंस को कब्जे में ले लिया गया। बस्ती डिपो के बस परिचालक इंद्रदेव सिंह निवासी देवया गंगाराम थाना हर्रैया, बस्ती ने

**साइड न देने से कार चालक था नाराज, सोमवार की रात 9.30 बजे मालवीय रोड पर बस चालक के साथ हुई थी घटना**

कोतवाली को दिए तहरीर में बताय कि सोमवार की रात 9.30 बजे मालवीय रोड पर साइड न मिलने से कार चालक ने बस को ओवरटेक कर कार को बस के सामने खड़ा कर दिया। रिवाल्वर निकालकर बस चालक व परिचालक को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित को पकड़ लिया। विधिक कार्यवाही कर उन्हें न्यायालय एसडीएम सदर के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# चोरी गया ट्रक 24 घंटे में बरामद, दो गिरफ्तार

## आपरेशन त्रिनेत्र में लगे कैमरे की मदद से मिली सफलता, प्रयोग की गई कार भी बरामद

जागरण संवाददाता, बस्ती: आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाए गए सीसी कैमरे की फुटेज की मदद से पुरानी बस्ती पुलिस ने सर्विलांस सेल की मदद से चोरी हुए ट्रक को 24 घंटे के अंदर बरामद कर लिया। घटना को अंजाम देने के दो आरोपितों को भी घटना के दौरान प्रयुक्त कार के साथ बुधवार की शाम पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के सिहारी गांव स्थित पशु चिकित्सालय के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। इनकी पहचान सैय्यद एहतशाम अहमद उर्फ बाबू निवासी आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली जनपद बस्ती व मोहम्मद आरिफ निवासी विशुनपुरवा थाना रुधौली जनपद बस्ती के रूप में हुई। इनके पास से दो डुप्लीकेट चाबी भी बरामद की गई है।



पकड़े गए आरोपितों के बारे में जानकारी देते एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी • जागरण

यह जानकारी एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने गुरुवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। बताया कि गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर चोरी के मुकदमे अन्य धाराओं की बढ़ोत्तरी की गई है। एसपी ने बताया कि 23 अगस्त को गुल अहमद निवासी ग्राम निरुद्दीन चक थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच द्वारा थाना पुरानी बस्ती पर तहरीर देकर बताया कि 20 अगस्त को बहराइच मंडी से ट्रक में माल लोड कर पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में सुरभि मिल पर आया था। 22 अगस्त को दिन में एक बजे गाड़ी खाली होने के उपरांत वह अपने खलासी साहब खान निवासी ग्राम छावनी थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच के साथ मिल से बाहर आकर हाईवे के किनारे अपोलो टायर की दुकान के बगल में अपने ट्रक को खड़ा करके खाना खाने चला गया। वापस आने के बाद देखा कि उसका ट्रक नहीं है। उसने होटलों, ढाबों व पेट्रोल पंपों पर ट्रक की तलाश की, मगर ट्रक कहीं नहीं मिला। उसने ट्रक चोरी की आशंका जताई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ट्रक की खोजबीन शुरू कर दी।

### गिरफ्तार करने वाली टीम

आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती महेश सिंह, प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत, कमलेश गौड़, राधारमण यादव, ऋषिकेश मणि त्रिपाठी, फयानाथ भाष्कर, संजीत श्रीवास्तव, वीरेंद्र यादव, चालक व्यास प्रसाद, कांस्टेबल रामशरण मिश्र, नरेंद्र प्रजापति, आदर्श सिंह, रामभगत यादव शामिल रहे।

### ट्रक चालक को पहले से जानता था आरोपित

आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाए गए सीसी कैमरे की फुटेज की मदद से पकड़े गए आरोपित सैय्यद एहतशाम अहमद उर्फ बाबू ने बताया कि वह पीड़ित ट्रक चालक गुल अहमद को जानता-पहचानता है। 22 अगस्त को जब ट्रक सुरभि मिल से खाली हुआ तो वह गुल अहमद को वापसी का भाड़ा दिलाने की बात कहते हुए कहा कि हाईवे किनारे कहीं भी गाड़ी खड़ा करके खाना आदि खाने के बाद भाड़े का इंतज़ार करना। कार चालक मोहम्मद आरिफ के साथ ट्रक पर नज़र बनाए रखा। पूर्व में बनाई गई योजना के अनुसार बब्बन क्रेन की दुकान से ख़रीदे गए ट्रक के फाटक लाक को खोलने की चाबी व ट्रक को स्टार्ट करने की डुप्लीकेट चाभी की मदद से मोहम्मद आरिफ ने ट्रक के फाटक लाक को खोलकर ट्रक को स्टार्ट कर उसे ले जाने लगा। वह पीछे-पीछे कार से जो उसके मित्र शोएब की है लगा रहा। पुलिस के सक्रिय होने व जगह-जगह चेकिंग होने के कारण ट्रक को खेसुआ से लाकर सिहारी गांव के पास सुनसान स्थान पर खड़ा करवा दिया।

# महिला बंदियों को बनाया जा रहा हुनरमंद

## डीएम व एसपी ने बंधवाई राखी, कलेक्ट्रेट सभागार में बेची जाएगी इनकी बनाई गई राखी

जासं, बस्ती: इस बार राखी के त्योहार पर भाइयों की कलाई पर महिला बंदियों द्वारा बनाई गई स्नेह की डोर शोभा बढ़ाएगी। जिला जेल में महिला बंदियों को राखी बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पारंपरिक हस्तशिल्प कला को रोजगार से जोड़ते हुए महिला बंदियों को क्रोशिए से राखियां बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

गुरुवार को जिला कारागार में पहुंच कर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने प्रशिक्षण ले रहीं महिला कैदियों का न सिर्फ हौसला आफजाई किया, बल्कि तिरंगी व अन्य आकर्षक राखियों की उनसे खरीदारी भी की। महिला कैदी सुनीता व रजनी ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की आरती उतार कर स्वागत किया। दोनों अधिकारियों को राखी बांधी। इसके लिए उन्हें उपहार भी मिले। जिलाधिकारी ने महिला बंदियों को हुनरमंद बना रहे बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात कला एवं शिल्प शिक्षक आलोक शुक्ल को पारंपरिक एवं पर्यावरण के अनुकूल विभिन्न हस्तशिल्प विधाओं के नवीन प्रयोग के लिए सराहना किया।



जेल मे महिला बंदी से राखी बंधवाते एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी • जागरण

जिलाधिकारी ने कहा कि पारंपरिक शिल्पकला को रोजगार से जोड़ने का यह अभिनव प्रयोग जिला कारागार में किया जा रहा है, बंदी महिलाओं द्वारा क्रोशिए से तैयार राखियों का शुक्रवार से कलेक्ट्रेट परिसर में स्टाल लगवाकर आम जनता की खरीदारी के लिए उपलब्ध कराया जायेगा।

प्रशिक्षक आलोक शुक्ल ने बताया कि इसके पूर्व दीपावली के समय बंदियों को कागज की लुग्दी से लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां बनाने की विधा को सिखाया था, वर्तमान में रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक है, इसी के मद्देनजर कम लागत में मजबूत व पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद बनाने के लिए क्रोशिए व सूत के प्रयोग से राखियां बनाना महिला बंदियों को सिखाया जा रहा है।

कारागार अधीक्षक विवेकशील त्रिपाठी, प्रभारी कारापाल जयशंकर यादव, उपकारापाल बाबूराम यादव, प्रशिक्षक आलोक शुक्ल, वंदना त्रिपाठी, रोशनआरा, नैना सविता, पूजा यादव, सुमनलता, शिक्षक शीला मौर्या सहित अन्य मौजूद रहे।

# वर्षा के दौरान गिरा पक्के मकान का छत

**रुधौली, बस्ती**: विकास क्षेत्र साऊंघाट की ग्राम पंचायत परसालालशाही में बुधवार की देर रात हो रहीं वर्षा के बीच एक पक्के मकान का छत गिर गया। इस घटना में परिवार के मो. शरीफ को हल्की चोटें आई हैं। कमरे में रखा सारा सामान छत के नीचे दबने से छतिग्रस्त हो गया। ग्राम प्रधान अरविन्द कुमार चौधरी ने इसकी जानकारी हल्का लेखपाल रणविजय सिंह को दिया हैं। परसालालशाही गांव निवासी मो. रफीक अपने परिवार के साथ घर के आगे के बरामदे में बैठे थे। तभी इनके मकान के पीछे वाले कमरे का छत भरभरा कर गिर गया। छत का एक ईंट मो. शरीफ के कंधे पर गिर पड़ा। गनीमत रहा कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

# 13 साल बाद मिलावट के आरोप से बरी

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उमेश यादव ने नमकीन में मिलावट से संबंधित 13 साल पुराने मामले में आरोपित को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

तत्कालीन खाद्य निरीक्षक बाबूलाल ने न्यायालय में मुकदमा दाखिल किया, जिसमें कहा गया कि गायत्री शक्तिपीठ के सामने रोडवेज तिराहे पर एक मिठाई और जलपान की दुकान है। जिसे छम्मन लाल लखमानी निवासी माली टोला मंगल बाजार थाना पुरानी बस्ती चलाते हैं। खाद्य निरीक्षक द्वारा 17 सितंबर 2009 को छम्मन लाल की दुकान का निरीक्षण दिन में 3.20 पर किया गया। बहुत सारी मिठाइयों के साथ उनकी दुकान में स्वयं की निर्मित नमकीन भी बिक रही थी, जिसकी कीमत 80 रुपया प्रति किलोग्राम थी। खाद्य निरीक्षक द्वारा 60 रुपये अदा करके 750 ग्राम नमकीन खरीदा गया। तीन बराबर हिस्सा बनाकर नमूना विधि विज्ञान प्रयोगशाला में भेजा गया। विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट के अनुसार उक्त नमकीन सोयाबीन के तेल में बनी हुई थी। खाद्य निरीक्षक द्वारा यह आरोप लगाते हुए कि विक्रेता ने बावर्ची रिफाइंड में नमकीन बनाया था परिवाद दाखिल किया। आरोपित ने हाजिर होकर अपनी जमानत कराई। गवाही हुई, सुनवाई हुई।

छम्मन लाल के वकील बंशीधर पांडे ने अदालत में कहा कि खाद्य निरीक्षक ने अपनी जिरह में स्वयं स्वीकार किया है कि सोयाबीन तेल से बनी नमकीन जीवन के लिए हानिकारक नहीं है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई के बाद माना कि खाद्य निरीक्षक बाबूलाल यह साबित नहीं कर पाए हैं कि आरोपित ने उन्हें बताया था कि नमकीन बावर्ची रिफाइंड से बनी है। खाद्य निरीक्षक ने स्वयं स्वीकार किया है कि सोयाबीन से बनी नमकीन भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं है।

# पूर्व विधायक अमरमणि के साथ आरोपित नैनीष शर्मा के विरुद्ध कुर्की का आदेश

### अमरमणि के स्वास्थ्य की जांच कराने की रिपोर्ट मांगी, 22 वर्ष पूर्व अपहरण के मामले में अमरमणि सहित आरोपित हैं नौ लोग

जासं, बस्ती: 22 वर्ष पुराने अपहरण के मामले में हाजिर न होने पर एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश प्रमोद गिरी ने आरोपित नैनीष शर्मा के विरुद्ध कुर्की का आदेश जारी किया है। आरोपित पूर्व विधायक अमरमणि के स्वास्थ्य की रिपोर्ट के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोरखपुर को मेडिकल बोर्ड गठित करने के आदेश का तामीला रिपोर्ट कोतवाल बस्ती से मांगी गई है। इसमें सीएमओ से पूछा गया है कि क्या अमरमणि कोर्ट में आने लायक नहीं है।

विशेष शासकीय अधिवक्ता देवानंद सिंह एवं एडवोकेट रश्मि त्रिपाठी ने बताया कि 2001 में कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर निवासी धर्मराज गुप्ता के पुत्र का अपहरण हो गया था। पुलिस ने तत्कालीन विधायक अमरमणि त्रिपाठी के लखनऊ आवास से अपहृत को बरामद किया था। इस मामले में नौ लोग आरोपित हैं। इसमें पूर्व विधायक अमरमणि त्रिपाठी, नैनीष शर्मा व शिवम उर्फ रामयज्ञ अदालत से गैरहाजिर चल रहे हैं।

कोतवाल बस्ती को 17 अगस्त तक कोर्ट के आदेश का तामीला गोरखपुर के सीएमओ को कराने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने उक्त आदेश में मेडिकल बोर्ड गठित कर अमरमणि के स्वास्थ्य के बारे में बताने को कहा था। फिलहाल गोरखपुर जेल में सजा काट रहे हैं। इस मामले में अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी।

# दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जासं हर्रैया बस्ती**: हर्रैया थाना क्षेत्र के बेलभरिया गांव में सोमवार की देर रात घर में घुसकर चोरी करने व महिला समेत दो बच्चों पर हुए हमले के मामले में हर्रैया पुलिस ने दो अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। घायल बिट्टन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह खाना खाकर अपने दोनों बेटियों नैन्सी व पुत्र दिव्यांश के साथ घर में सो रही थी कि देर रात करीब तीन बजे दो लोगों ने उनका दरवाजा कई बार खटखटाया। उन्होंने पड़ोसी समझकर दरवाजा खोल दिया। इसके बाद दोनों व्यक्ति जबरदस्ती उन्हें धक्का देकर घर में घुस आए। उनका जेवर तथा घर में रखा दो बाक्स लेकर वे जाने लगे। जिसमें गहने व कपड़ा तथा नकदी रखा था। दोनों बच्चे भी जग गए। आस पास के लोग भी पहुंच गए। जिस पर दोनों व्यक्तियों ने लोहे की राड से उन्हें तथा उनके बच्चों को मारा पीटा और बाक्स को घर में छोड़कर भाग निकले।

# रेलवे के अप ट्रैक पर मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

जासं, पुरानी बस्तीः पुरानी बस्ती थाने के पांडेय बाजार रेलवे क्रासिंग के पास एक युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ।

प्रभारी निरीक्षक जीआरपी अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि पांडेय बाजार रेलवे क्रासिंग के पास अप ट्रैक एक युवक का शव पड़ा है। शव को कब्जे में ले लिया गया। दिवंगत के शव के पास एक बैग पड़ा था और उसकी जेब में मोबाइल थी। मोबाइल नंबर के आधार पर परिवार के लोगों से संपर्क कर दिवंगत की पहचान 40 वर्षीय राजकुमार शर्मा प निवासी कुसमी थाना गीडा जनपद गोरखपुर के रूप में की गई। दिवंगत के परिवार वाले भी बस्ती पहुंच गए। दिवंगत के पास यशवंतपुर से गोरखपुर तक का जनरल बोगी का टिकट मिला।

# युवती को भगाने वाला आरोपित गिरफ्तार

वस्ती: वाल्टरगंज थाने में दर्ज युवती को बहला फुसलाकर भगाने के मुकदमें में आरोपित कौशल निवासी सेमरी थाना धाता जनपद फतेहपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही अपहृता भी बरामद कर ली गई है। आरोपित को चौकी प्रभारी गनेशपुर श्याम सुंदर और उनकी टीम ने बड़ेवन चौराहा से गिरफ्तार किया गया।

# आरोपित के विरुद्ध आइटी एक्ट का मुकदमा

बस्ती: कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध आइटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आरोपित ने उनकी पत्नी की फेसबुक आइडी हैक कर अनेक नाम से फेसबुक व इंस्टाग्राम पर आइडी बना ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित आदित्य सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी।

# 21 वर्ष पुराने मामले में भाकियू जिलाध्यक्ष प्रहलाद को राहत

**जागरण संवाददाता, बस्ती**: 21 साल पूर्व मुंडेरवा में हुए किसान आंदोलन के मामले में संतकबीर नगर जनपद के भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष प्रहलाद चौधरी को बड़ी राहत मिली है। फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश विजय कुमार कटिहार ने प्रहलाद चौधरी की अग्रिम जमानत अर्जी को स्वीकार कर लिया है।

अभियोजन के अनुसार मुंडेरवा थाना में एक मुकदमा दर्ज कराया गया, जिसमें कहा गया कि 11 दिसंबर 2002 को समय छह बजे शाम को प्रहलाद चौधरी निवासी ग्राम उस्का कला थाना कोतवाली जिला संतकबीर नगर, जो भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष हैं, हजारों कार्यकर्ताओं के साथ बस्ती जनपद के जिलाध्यक्ष दीवान चंद्र चौधरी की गिरफ्तारी के विरोध में व कम गन्ना मूल्य देने के विरोध में रेलवे फाटक के पास आंदोलन कर रहे हैं। वे आगजनी कर रहे हैं। प्रहलाद चौधरी के ललकारने पर उनके कार्यकर्ताओं द्वारा फायरिंग की जा रही है। जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। एक उप निरीक्षक की स्थिति मरणासन्न हो गई है। उसे इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया है। पुलिसकर्मियों की शिकायत पर मुकदमा गंभीर धाराओं में दर्ज किया गया और न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल हो गया। नोटिस प्राप्त करने के बाद प्रहलाद चौधरी ने शैलजा कांत ओझा एडवोकेट के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया और कहा कि वह बेकसूर है। उन्हें झूठा फंसाया गया है। शासकीय अधिवक्ता द्वारा कहा गया कि आरोपित के विरुद्ध गंभीर आपराधिक धाराएं लगी हुई हैं। आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल है। जमानत देने पर फरार होने की संभावना है। दोनों पक्ष की सुनने के बाद अदालत ने कहा कि लोकतंत्र में आंदोलन एक सेफ्टी वाल्व का काम करते हैं। प्रथम दृष्टया पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि आरोपित का उद्देश्य अपने नेता की गिरफ्तारी व गन्ना मूल्य की कमी के विरोध में प्रदर्शन करना था। पुलिस पार्टी पर हमला करना नहीं था। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए प्रहलाद चौधरी को अग्रिम जमानत दिया जाना उचित है। न्यायालय ने 50 हजार रुपये की जमानत राशि व बंध पत्र दाखिल करने का आदेश दिया व न्यायालय की कार्यवाही में सहयोग करने का निर्देश प्रह्लाद को दिया है।

# मारपीट में एक नामजद

बस्ती। कलवारी पुलिस ने कतारु निवासी डेल्हवा (गनेशपुर) की तहरीर पर गांव के ही विक्रम के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस मारपीट की घटना की छानबीन कर रही है। संवाद

# मारपीट कर मोबाइल तोड़ने के मामले में दो नामजद

दबस्ती। छावनी थाना क्षेत्र के बटौली गांव में पुरानी रंजिश में मोबाइल तोड़ने व मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मनीषा यादव की तहरीर पर गांव के ही सुनील व मन्नू विरुद्ध केस दर्ज किया है। संवाद

# अवैध बूचड़खानों को बंद कराने का निर्देश

जासं, बस्ती: संक्रामक रोगों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी ने अवैध रूप से संचालित बूचड़खानों को तत्काल बंद कराए जाने का निर्देश दिया है। अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सहित सभी नगर पंचायतों को निर्देशों का पालन कराने को कहा है। अवैध बूचड़खानों को बंद कराने के साथ ही, चिन्हित स्थलों को छोड़कर अन्य स्थानों पर मांस की बिक्री भी बंद कराना सुनिश्चित करें।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 1.83 लाख रुपये हड़पने का आरोप

बस्ती। लालगंज पुलिस ने नौकरी के लिए रुपये लेकर हड़पने के मामले में केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के विजवलिया निवासी प्रमेन्द्र कुमार गौतम ने थाने में तहरीर देकर सुजीत कुमार व रामशंकर के खिलाफ हाईकोर्ट में सहायक चपरासी के पद पर नौकरी दिलाने के बहाने 1.83 लाख रुपए हड़प लिया। संवाद

# अज्ञात के विरुद्ध चोरी का केस दर्ज

बस्ती। लालगंज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में मकान की दीवार काटकर चोर घर में कीमती सामान, जेवर व 6000 रुपये नकद चुरा ले गए। इस सिलसिले में पुलिस ने शोहरत की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ चोरी की प्राथमिकी दर्ज की है। संवाद

# आंबेडकर प्रतिमा तोड़ने का मामला दर्ज

बस्ती। नगर थाने के कैथलिया लाला गांव में स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का दाहिना हाथ तोड़ देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने गांव के प्रधान संतराम आंबेडकर की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# छात्रसंघ बहाल नहीं होने पर आमरण अनशन की चेतावनी

## शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज के गेट पर चला रहा छात्र नेताओं का धरना

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज में छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर छात्रों का एक गुट बृहस्पतिवार को भी धरने पर बैठा रहा। छात्रों ने शुक्रवार तक मांगें न पूरी किए जाने पर आमरण अनशन की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि पिछले सत्र में छात्रसंघ चुनाव को प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद स्थगित कर दिया गया था।

इस बार भी अभी तक चुनाव को लेकर कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई। इससे छात्र नेता खासे नाराज चल रहे हैं। वह महाविद्यालय से मांग कर रहे हैं कि चुनाव को लेकर अपना रुख स्पष्ट करे। बृहस्पतिवार को धरने का नेतृत्व कर रहे आयुष पांडेय ने बताया कि महाविद्यालय पिछली बार की तरह इस बार भी सिर्फ आश्वासन देकर मामले को रफा-दफा करना चाहता है।

महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ. शिवेंद्र मोहन पांडेय ने बताया कि छात्रों को समझाया गया कि जैसे ही चुनाव कराने का निर्देश मिलेगा। तिथियों की घोषणा की जाएगी। लेकिन वह मानने को तैयार नहीं हैं। मौके पर सचिन पांडेय, आकाश ओझा, अंकित यादव, आनंद त्रिपाठी, विशाल पाठक, अभिनाश सिंह, रुद्र आदर्श पांडेय और सचिन पांडेय आदि मौजूद रहे।



शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज के छात्र नेताओं का धरना जारी। संवाद

### 15 सूत्री मांगों को लेकर शिक्षणेतर कर्मियों का धरना

बस्ती। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेतर संघ के प्रांतीय आह्वान पर बृहस्पतिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। इस दौरान मांगों को लेकर आवाज बुलंद की गई। कर्मचारियों ने नारेबाजी की। कर्मचारियों ने कहा कि संगठन के लंबित मांगों पर सरकार अमल नहीं कर रही है। कर्मचारियों का उत्पीड़न जारी है। अर्हता होने के बाद भी उनका शिक्षक पद पर पदोन्नति नहीं किया जा रहा है। अर्जित अवकाश के नकदीकरण एवं कैशलेस चिकित्सा की मांग नहीं पूरी की जा रही है। शिक्षणेतर कर्मियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। पदोन्नति होने पर 22 बी का लाभ और सहायक लिपिक को ग्रेड पे 2400 ग्रेच्युटी 2003 से लागू की जाए। अंत में 15 सूत्रीय मांग पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ल को सौंपा गया। इस मौके पर प्रदेश संरक्षक शिवकुमार, विजय प्रकाश मिश्र, रवि प्रकाश सिंह, संजय कुमार पांडेय, शिवाजी सिंह, राम कृष्ण यादव, भारत भूषण शुक्ल आदि मौजूद रहे। संवाद

# न्यायिक अधिकारियों ने जेल का किया निरीक्षण

**बस्ती।** जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना के निर्देश पर अपर जिला जज प्रथम शिवचंद एवं विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रजनीश कुमार मिश्र ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। न्यायिक अधिकारियों ने महिला बैरक, लीगल एड क्लीनिक, चिकित्सालय एवं कैदियों की समस्याओं को सुना और निदान के लिए सुझाव दिया। कहा कि जिन बंदियों के पास अधिवक्ता नहीं हैं वह प्रार्थना पत्र जेल अधीक्षक के माध्यम से विधिक सेवा प्राधिकरण को भेज सकते हैं। असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल नीतिश कुमार श्रीवास्तव ने भी बंदियों की समस्याओं को सुनकर विधिक सहायता का आश्वासन दिया गया। संवाद

# रोडवेज के परिचालक पर रिवाल्वर तानने वाला गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** साइड न देने को लेकर हुए विवाद में सोमवार रात रोडवेज बस चालक व परिचालक पर रिवाल्वर तानने वाले आरोपी राजीव चौधरी निवासी रौता को कोतवाली पुलिस ने शांतिभंग की आशंका के तहत गिरफ्तार कर लिया। उसका लाइसेंस और असलहा भी कब्जे में ले लिया गया है।

## कोतवाली पुलिस ने कब्जे में ली लाइसेंसी रिवाल्वर

एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि लाइसेंस निरस्त करने के लिए डीएम को संस्तुति भेजी जाएगी। घटना के संबंध में रोडवेज परिचालक इन्द्रदेव सिंह निवासी ग्राम देवया गंगाराम, थाना हरैया की तहरीर पर कोतवाली में जान से मारने की धमकी देने व जबरन रोडवेज बस रोकने का एफआईआर दर्ज है। डीएम प्रियंका निरंजन ने बताया कि पुलिस की ओर से मिले साक्ष्य के आधार पर ऐसे व्यक्ति का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा।

परिचालक की तहरीर के मुताबिक सोमवार की रात लगभग दस बजे वह बस लेकर अयोध्या से बस्ती शहर के मालवीय रोड से बस स्टेशन जा रहे थे। नवयुग अस्पताल के पास एक कार सवार साइड मांगने लगा। भीड़ की वजह से साइड न मिलने पर नाराज कार सवार फौव्वारा तिराहे पर बस के आगे कार खड़ी कर दिया। ड्राइवर से गाली गलौज करने लगा और रिवाल्वर तान दिया। ड्राइवर के बचाव में उतरे कंडक्टर से भी वह विवाद करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा। मौजूद कुछ लोगों ने उसकी वीडियो व फोटो भी बना लिया था।

# हरैया फ्लाईओवर पर कार पर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

## दहशत फैलाने के लिए आरोपी ने किया था फायर

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** थाने से मारपीट की शिकायत करके लौटते समय हरैंया फ्लाईओवर पर 18 अगस्त को कार पर फायर करने में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके दो साथी अभी फरार हैं। पकड़े गए आरोपी ने कबूल किया है कि अपने मित्र के कहने पर उसने हरैंया के फ्लाईओवर पर उसके विरोधी की कार के पीछे दहशत फैलाने और वर्चस्व कायम करने के लिए फायर किया था। पकड़े गए आरोपी के फरार साथियों की पुलिस अभी तलाश कर रही है।

एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि हरैंया थाने की पुलिस ने एसओजी टीम के सहयोग से घटना का पर्दाफाश किया। बता दें कि हरैंया के मुरादीपुर निवासी सुरेन्द्र वर्मा के घर के पीछे नाली छोड़ने को लेकर सनी सोनकर, सुरेन्द्र वर्मा तथा मनीष तिवारी के बीच विवाद हुआ था। कुछ समय बाद मनीष तिवारी अपने निजी कार्य के लिए तहसील जा रहे थे। उसी समय दीपक चौहान व रवि चौहान ने मनीष तिवारी को मारापीटा। मनीष तिवारी इस घटना की शिकायत दर्ज कराने थाने पर गए थे। लौटते समय फ्लाईओवर पर बाइक से पीछा करके तीन लोगों ने फायर किया था। पूछताछ में पता चला कि इस घटना में शशांक पांडेय निवासी परशुरामपुर शामिल था।

उसके साथ राजन निषाद और शुभम ठाकुर भी थे। इनमें से शशांक पांडेय को पुलिस ने बृहस्पतिवार को फोरलेन के बस्ती-अयोध्या लेन पर बेलाड़े शुक्ल जाने वाली सड़क पर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया।

**टीम में रहे शामिल :** गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरैंया राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी एसओजी टीम गजेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी सर्विलांस शशिकांत, एसआई कमलेश यादव, हेड कांस्टेबल अनन्त यादव, गजेन्द्र सिंह, अभिषेक सिंह, साजिद जमाल, विश्वजीत विश्वकर्मा, हरेन्द्र यादव, अभिषेक यादव, पवन यादव, सतेन्द्र सिंह व जनार्दन प्रजापति शामिल रहे।

### छात्रसंघ चुनाव से चल रहा था मनमुटाव

पूछताछ के आधार पर एसपी ने बताया कि उसके दोस्त सुरेंद्र वर्मा के विपक्षी मनीष तिवारी के भाई विराट तिवारी से साकेत महाविद्यालय अयोध्या के छात्रसंघ चुनाव को लेकर मनमुटाव रहता है। जब उसे जानकारी हुई कि विराट तिवारी व उसके भाई मनीष थाने में उसके दोस्त सुरेंद्र वर्मा आदि से विवाद हो गया है तो उसके कहने पर अपने दोस्त राजन निषाद व शुभम ठाकुर के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर थाना हरैया के सामने से होते हुए थाने के बगल में खम्हरिया मोड़ पर गया। वहां से तीनों दबाव बनाने व दहशत फैलाकर वर्चस्व स्थापित करने के उद्देश्य से तमंचे से मनीष तिवारी की गाड़ी के सामने फायर कर दिया था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

# फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाने पर केस

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने फेसबुक पर आईडी बनाकर रिश्तेदारों को फोटो भेजने के मामले में केस दर्ज किया है। इस संबंध में खीरीघाट बेसिल नगर निवासी प्रेम प्रकाश सिंह ने तहरीर देकर हर्रैया थाना क्षेत्र के अटवा गांव निवासी अदित्य सिंह पर आरोप लगाया है। तहरीर में लिखा है कि उनकी पत्नी का सोशल साइट्स से आईडी हैक कर उनके रिश्तेदारों को फोटो भेजा गया। संवाद

# वर्षों पुराना रास्ते का विवाद पुलिस ने सुलझाया

**बनकटी।** नगर पंचायत के गांधीनगर वार्ड में करीब छह दशक पुराने रास्ते का विवाद लालगंज पुलिस व वार्ड सभासद के हस्तक्षेप से महज कुछ ही देर में सुलह-समझौता से निपट गया। वार्ड के रिशू पाल, गुड्डू पाल, त्रिभुवन पाल, धर्मेंद्र पांडेय आदि ने खुशी जताते हुए बताया कि इसी मार्ग पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर व डीह बाबा के स्थान पर जाने में अब काफी आसानी होगी। वार्ड वासियों ने थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह समेत पुलिस टीम की सराहना की। गांधी नगर वार्ड निवासी अभय प्रताप पाल व इसी वार्ड के राम पियारे के बीच करीब 60 वर्षों से विवाद चल रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में पानी में चलकर आवागमन को मजबूर होना पड़ता है। संवाद

# धोखाधड़ी के मामले में सीजेएम कोर्ट ने दिया केस दर्ज करने का आदेश

## बिजली निगम में नौकरी दिलाने के नाम पर 10 साल पहले लिया था रुपये

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। सीजेएम कोर्ट के न्यायाधीश आशीष कुमार राय ने कोतवाली पुलिस को धोखाधड़ी के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। पीड़ित संतकबीरनगर के थाना धनघटा क्षेत्र के भिऊघाट गांव का रहने वाला है।

वह वाल्टरगंज बाजार में इलेक्ट्रो होम्योपैथी का चिकित्सक है। पीड़ित रमाकांत चौधरी ने अधिवक्ता बिंदेश्वरी मिश्रा के जरिए कोर्ट में अर्जी देकर बताया कि बिजली विभाग में नौकरी के लिए उसने बस्ती के सिविल लाइंस निवासी रामललित चौधरी को संविदा लाइनमैन पद पर नियुक्ति के लिए फरवरी 2013 में 60 हजार रुपये दिया।

रामललित ने नौकरी नहीं लगवाया और रुपये का गबन लिया। मांगने पर आज कल पर टालते रहे। ऐसे करीब 10 साल गुजर गया। साक्ष्यों पर आधार पर न्यायाधीश के कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया है।

# अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

वाल्टरगंज। थाना क्षेत्र के एक गांव से अपहृत की गई किशोरी को पुलिस ने ढूंढ लिया। उसे भगा कर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया। एसओ रामदेव ने बताया कि चौकी प्रभारी गनेशपुर आरोपी कौशल निवासी सेमरी थाना धाता जनपद फतेहपुर को बड़ेबन चौराहा से गिरफ्तार किया। सूचना मिली थी कि आरोपी कौशल कहीं भागने की फिराक में है। तकाल मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ा गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक श्यामसुन्दर चौकी प्रभारी गनेशपुर, हरेन्द्र धर दुबे, जानवी सिंह शामिल रहीं। संवाद

# महिला बंदियों को क्रोशिए से राखी बनाने का दिया गया प्रशिक्षण

**बस्ती (एसएनबी)।** आजादी केअमृत महोत्सव के तहत पारम्परिक हस्तशिल्प कला को रोजगार से जोड़ते हुए जिला कारागार में महिला बंदियों को क्रोशिए से राखियाँ बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

बृहस्पतिवार को जिला कारागार में पहुंच कर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने राखियों का निर्माण कर रही महिला कैदियों की न सिर्फ हौसला अफजाई किया, बल्कि तिरंगे व अन्य आकर्षक राखियों की उनसे खरीदारी भी की। महिला कैदियों सुनीता व रजनी ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की आरती उतार कर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने दोनों अधिकारियों को राखी बांधी। इसके लिए उन्हें नगद बधाई भी मिली। जिलाधिकारी ने महिला बंदियों को हुनरमंद



बस्ती : प्रशिक्षण के बाद एसपी को राखी बांधती महिला बंदी। फोटो : एसएनबी

बना रहे बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात कला एवं शिल्प शिक्षक आलोक शुक्ल को

**महिला बंदियों ने एसपी को राखी बांध कर दी बधाई**

पारंपरिक एवं पर्यावरण के अनुकूल विभिन्न हस्तशिल्प विधाओं के नवीन प्रयोग के लिए सराहना किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि पारंपरिक शिल्पकला को रोजगार से जोड़ने का यह अभिनव प्रयोग जिला कारागार में किया जा रहा है। बंदी महिलाओं द्वारा क्रोशिए से तैयार राखियों को कल कलेक्ट्रेट परिसर में स्टाल लगवाकर आम जनता की खरीदारी के लिए उपलब्ध कराया जाएगा और लाभ की राशि उनके खाते में जमा करवा दी जायेगी। प्रशिक्षक आलोक शुक्ल ने बताया कि इसके पूर्व दीपावली के समय बंदियों को कागज की लुग्दी से लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां बनाने की विधा को सिखाया था, वर्तमान में रक्षाबंधन का त्यौहार नजदीक है, इसी के मद्देनजर कम लागत में मजबूत व पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद बनाने के लिए क्रोशिए व सूत के प्रयोग से राखियाँ बनाना महिला बंदियों को सिखा रहा हूँ। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक विवेकशील त्रिपाठी, प्रभारी कारापाल जयशंकर यादव, उपकारापाल बाबूराम यादव, प्रशिक्षक आलोक शुक्ल, महिला बैरक सुरक्षा प्रभारी वंदना त्रिपाठी, रोशनआरा, मैना सविता, पूजा यादव, सुमनलता, शिक्षिका शीला मौर्या सहित अन्य कर्मचारी व कैदी उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली तक जारी रहेगा संघर्ष

**बस्ती (एसएनबी)।** आज उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट की बैठक जिलाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसका संचालन जिलामंत्री डा. श्रवण गुप्ता ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली,माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालियों में सिटीजन चार्टर लागू करने सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जिले के सैकड़ों शिक्षक 25 अगस्त को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर दोपहर 1 बजे एक दिवसीय धरना देकर मुख्यमंत्री को संबोधित अपना मांगपत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को सौपेंगे। बैठक में उपस्थित प्रदेशीय कोषाध्यक्ष बिजेंद्र वर्मा व प्रदेशीय मंत्री ध्रुव नारायन ने संयुक्त रूप से कहा कि माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण कर देने से शिक्षकों की कई समस्याएं एक साथ हल हो जाएंगी। साथ ही नए शिक्षा चयन आयोग में चयन बोर्ड की धारा 21 व 18 समाप्त कर सरकार ने शिक्षकों के साथ छलावा किया है जिसे कत्तई बर्दाश्त नही किया जाएगा बैठक को सम्बोधित करते हुए अटेवा जिला संयोजक तौआब अली एव मण्डलीय महामंत्री दीपक सिंह प्रेमी ने कहा कि पुरानी पेंशन 6 राज्यों में बहाल हो चुकी है। इसलिये जब तक उत्तर प्रदेश सरकार इसे बहाल नही करेगी हमारा संघर्ष जारी रहेगा। बैठक को मीडिया प्रभारी नीरज वर्मा, विजयनाथ तिवारी, अनिरुद्ध वर्मा,संजय पांडे, सत्यप्रकाश मौर्य, विपलेश, राकेश सिंह, देवेन्द्र तिवारी, सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने संबोधित किया।

# ट्रक चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**प्रेसवार्ता कर पुलिस अधीक्षक ने किया खुलासा, पुरानी बस्ती पुलिस को मिली कामयाबी**

**चोरी किये वाहनों को नेपाल ले जा बेचने का होता था काम, सीसीटीवी कैमरेसे आये गिरफ्त में**



ट्रक चोरों के गिरोह का पर्दाफाश करते पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण अग्रवाल। फोटो : एसएनबी

**बस्ती (एसएनबी)।** आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाये गए सीसीटीवी फोटो की मदद से 24 घंटे के अन्दर थाना पुरानी बस्ती पुलिस व सर्विलांस सेल टीम की संयुक्त कार्यवाही मेंदो अंतर्राष्ट्रीय वाहन (ट्रक) चोरों को चोरी गए एक अदद ट्रक व घटना में प्रयुक्त एक अदद डिजायर कार के साथ किया गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

घटना का खुलासा करते हुए पु लिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर के निर्देश के क्रम में चलाये जा रहेआपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए सीसीटीवी फोटो की मदद से थाना पुरानी बस्ती पुलिस व सर्विलांस सेल टीम की संयुक्त कार्यवाही में थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रान्तर्गत चोरी हुए ट्रक के सम्बन्ध में दिनांक 23/8/2023 को पंजीत मुकदमें के तहत धारा 379 भादवि से सम्बंधित अन्तर्राष्ट्रीय वाहन चोर यथा क्रमशः मोहम्मद आरिफ सहित एक अन्य को24 घंटे के अंदर थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रान्तर्गत सिहारी गाँव स्थित पशु चिकित्सालय के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 187/2023 धारा 379 भादवि में धारा 411/419/420 भादवि के तहत बढ़ोत्तरी कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। आरोपियों के पास से एक अदद ट्रक गाड़ी संख्या यूपी -51 टी/4304 (चोरी), एक अदद डिजायर कार गाड़ी संख्या यूपी -58-वाई-2490 (घटना में प्रयुक्त),दो अदद डुप्लीकेट चाभी भी बरामद की गयी है। घटना केबारे में बताया गया कि गुल अहमद पुत्र अब्दुल वहाव निवासी ग्राम निरुद्दीन चक थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराईच (उप्र ) द्वारा थाना पुरानी बस्ती पर लिखित प्रार्थना-पत्र दिया गया कि दिनांक 20/8/2023 को बहराईच मंडी से अपने ट्रक गाड़ी संख्या यूपी-51टी/4304-से माल लेकर सुरभि मौल जनपद बस्ती पर लेकर आया था । दिनांक 22 अगस्त 2023 को गाड़ी खाली होने के उपरांत अपने खलासी/ क्लीनर साहब खान पुत्र तनवीर अहमद खान निवासी ग्राम छावनी थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराईच (उप्र ) के साथ मिल से बाहर आकर एन-28 के किनारे अपोलो टायर की दूकान के बगल में अपने ट्रक को खड़ा करके खाना खाने के लिए चला गया। जहां से वापस आने के बाद देखा कि मेरा ट्रक अपने स्थान पर नहीं है तो अपने मिलने-जुलने वालों व आस-पास के होटलों/ ढाबों/ पेट्रोल पम्पों पर तलाश करते हुए वहां मौजूद लोगों से पूछताछ करते हुए काफी खोजबीन किया किन्तु मेरा ट्रक कहीं नहीं मिला जिसके सम्बन्ध में मुझे आशंका है कि मेरे ट्रक को किन्हीं अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया है, जिस पर थाना पुरानी बस्ती पर मुकदमा अपराध संख्या 187/2023 धारा 379 भादवि के तहत पंजीकृत कर थाना पुरानी बस्ती पुलिस व सर्विलांस सेल टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में 24 घंटे के अन्दर थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत पानी टंकी के पास से सम्बंधित दो अभियुक्तगण मोहम्मद आरिफ सहित एक अन्य को गिरफ्तार कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाये गए सीसीटीवी फोटो को दिखाकर पूछताछ करने पर अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि मैं आवेदक गुल अहमद को जनता-पहचानता हूं जोकि मेरे पुराने परिचित हैं। दिनांक 22 अगस्त 2023 को जब ट्रक सुरभि मील से खाली हुआ तो मैंगुल अहमद को वापसी का भाड़ा दिलाने की बात बोलते हुए कि हाईवे के किनारे कहीं गाड़ी खड़ा करके खाना आदि खाने के बाद भाड़े का इंतजार करना, मैं भाड़ा दिला दूंगा। मैं अपने गाड़ी चालक मोहम्मद आरिफ के साथ ट्रक पर नजर बनाए हुए था जहां पूर्व में बनाई गई योजना के अनुसार बब्बन क्रेन की दूकान से खरीदे गए। ट्रक के फाटक लाक को खोलने की चाभी व ट्रक को स्टार्ट करने की डुप्लीकेट चाभी की मदद सेमोहम्मद आरिफ ने ट्रक के फाटक लाक को खोलकर ट्रक को स्टार्ट कर आगे ट्रक को लेकर जा रहा था जिसके पीछे-पीछे मैं डिजायर कार जोकि मेरे मित्र शोयब शाह की है, से नैनन्पुरवा ओवब्रिज के नीचे से मनौरी की तरफ मुड़ कर मनौरी से बड़ेवन होते हुये कप्तानगंज-हरैया से आगे चौकड़ी टोल प्लाजा से पहले ग्राम बेलाड़े शुक्ल से मुड़ कर रामजानकी मार्ग होते हुए छावनी रामजानकी तिराहे पर नवनिर्मित ओवरब्रिज को पार कर खेसुआ गाँव के एक बाग में ट्रक को ले जाकर खड़ा करवा दिया था किंतु पुलिस के सक्रिय होने व जगह-जगह चेकिंग होने के कारण खेसुआ से लाकर सिहारी गाँव के सुनसान स्थान पर खड़ा करवा दिया जहां मेरा चालक मौजूद है जोकि ट्रक की देखभाल कर रहा है। हम दोनों पूर्व योजनानुसार मामले के शांत होने पर मौका देखकर ट्रक को मेहदावल-कैम्पियरगंज के रास्ते वाहन को नेपाल ले जाकर बेच देते। जिससे प्राप्त रुपये-पैसे को आपस में बांट लेते किंतु आप लोगों द्वारा पकड़ लिए गए। गिरफ्तार करनेवाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती महेश सिंह ,प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत जनपद,वरिष्ठ उपनिरीक्षक कमलेश कुमार गौड़, उप निरीक्षक राधारमण यादव थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती, हेड का. ऋषिकेश मणि त्रिपाठी, हेड का.फयानाथ भाष्कर, हेड का. संजीत श्रीवास्तव, हे.का.वीरेन्द्र यादव, हे.का. चालक व्यास प्रसाद, का. राम शरण मिश्र, का. नरेन्द्र प्रजापति, का. आदर्श सिंह, का. राम भगत यादव थाना पुरानी बस्ती शामिल रहे।

# वाल्टरगंज पुलिस टीम ने अपहृता को किया बरामद

**वाल्टरगंज (एसएनबी)।** बहला फुसलाकर बालिका को भगाने वाले नामजद अभियुक्त को मुकामी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और साथ में बालिका को भी बरामद करने में सफलता पाई है। रामदेव थानाध्यक्ष वाल्टरगंज के नेतृत्व में चौकी प्रभारी गनेशपुर




वाल्टरगंज : आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजती पुलिस। फोटो : एसएनबी

मय पुलिस फोर्स के थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा से संबंधित अपहृता को बरामद और नाम जद अभियुक्त कौशल पुत्र देवनरायन साकिन सेमरी थाना धाता जनपद फतेहपुर सर गर्मी से तलाश कर रहे थे की जरिए मुखबिर या सूचना मिली कि अभियुक्त बड़ेबन चौराहा पर मौजूद है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नाम जद को हिरासत पुलिस मे लिया उक्त मामले में मुकामी पुलिस ने दिनांक 15 अगस्त 2023 को वादिनी मुकदमा के तहरीर सूचना के आधार पर थाना पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 213/23 धारा- 363, 366 भादसं में नामित अभियुक्त कौशल पुत्र देवनरायन साकिन सेमरी थाना धाता जनपद फतेहपुर की तलाश कर रही थी अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप

**पुलिस अधीक्षक ने किया खुलासा**

# हाईवे पर फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो मनबढ़ दबोचे गये

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना हरैया पुलिस टीम, एसओजी टीम व सर्विलांस टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में बस्ती-अयोध्या एन-28 पर हरैया ओवरब्रिज पर वर्चस्व स्थापित करने के लिये फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले वांछित अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त दो अदद अवैध तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि थाना हरैया पुलिस टीम व एसओजी टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में थाना हरैया क्षेत्रान्तर्गत सुरेन्द्र वर्मा के घर भूमि पुजन के दौरान मनीष वर्मा द्वारा अपने घर के पीछे नाली के लिए जमीन छोड़ने की बात को लेकर सनी सोनकर, सुरेन्द्र वर्मा अज्ञात तथा मनीष तिवारी केबीच विवाद हुआ था कुछ समय बाद मनीष तिवारी अपने निजी कार्य के लिए तहसील जाते समय दीपक चौहान व रवि चौहान द्वारा मनीष तिवारी को मारा पीटा गया जिसके सम्बंध में थाना हरैया पर मुकदमा अपराध संख्या 240/2023 धारा 323/504/506.427 भादवि के तहत पंजीकृत कराकर लौटते समय शशांक पाण्डेय, राजन निषाद व शुभम ठाकुर के साथ बाईक पर मनीष का पीछाकर एन-28 हरैया ओवर ब्रिज पर दवाव बनाने व दहशत फैलाकर वर्चस्व स्थापित करने की नियत सेशशांक पाण्डेय पुत्र अनूप कुमार पाण्डेय द्वारा जमीन पर फायर कर दिया गया जिसको एनएच 28 के बस्ती-अयोध्या लेन पर बेलाड़े शुक्ल जाने वाली सड़क पर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर थाना हरैया पर मुकदमा दर्ज कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। आरोपी के पास से एक अदद अवैध तमन्चा 315 बोर (घटना में प्रयुक्त ), एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है। पूछताछ करने पर अभियुक्त शशांक पाण्डेय द्वारा बताया गया कि मुरादीपुर में सनी सोनकर पुत्र अनिल सोनकर, सुरेन्द्र वर्मा पुत्र बसंतराम तथा विराट तिवारी पुत्र श्याम तिवारी,मनीष तिवारी पुत्र श्याम तिवारी के बीच कुछ वाद-विवाद हो गया था। सुरेन्द्र वर्मा मेरे परिचित/दोस्त है । दिनांक 18 अगस्त 2023 को ही जब मैं अपने दोस्त राजन निषाद व शुभम ठाकुर के साथ मोटर साइकिल पर बैठकर थाना हरैया के सामने से होते हुये थाने के बगल में खम्हरिया मोड़ पर गया था, जहां पर मेरे मित्र सुरेन्द्र वर्मा व मनीष तिवारी के बीच आपसी कहा-सुनी/वाद-विवाद के दौरान दोनों पक्ष से एक-दूसरे को धमकी देने की बात हुई थी जिसपर मनीष द्वारा थाना हरैया पर मुकदमा अपराध संख्या 240/2023 धारा 323/504/506/427 भादवि के तहत कराया गया था तथा मेरे मित्र सुरेन्द्र सोनकर की तहरीर पर भी मनीष के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया जिसके बाद दोनों पक्ष एन-28 के बस्ती-अयोध्या लेन से बभनान फ्लाईओवर पर पहुंचे थे कि मैं अपने साथी राजन निषाद व शुभम ठाकुर के साथ दबाव बनाने व दहशत फैलाकर वर्चस्व स्थापित करने के उद्देश्य से नीचे सड़क पर अवैध तमन्चा से मनीष तिवारी की गाड़ी के सामने जमीन पर फायर कर दिया था जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। उल्लेखनीय है कि द्वितीय पक्ष केविराट तिवारी व अभियुक्त शशांक पाण्डेय के मध्य पूर्व से साकेत महाविद्यालय जनपद अयोध्या में छात्र संघ चुनाव को लेकर मन-मुटाव रहता था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मेंप्रभारी निरीक्षक हरैया राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह , प्रभारी एसओजी टीम उप निरीक्षक गजेन्द्र प्रताप सिंह , प्रभारी सर्विलांस उप निरीक्षक शशिकांत , उपनिरीक्षक कमलेश यादव थाना हरैया जनपद बस्ती ,हेड का. अनन्त यादव, का. गजेन्द्र सिंह, का. अभिषेक सिंह, का. साजिद जमाल सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



बस्ती : घटना का वर्कआउट करते पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण अग्रवाल। फोटो : एसएनबी

# सोशल मीडिया पर महिला का फोटो किया अपलोड, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** एक महिला को फेसबुक आईडी हैक कर अभियुक्त ने उसकी फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से रिस्तेदारो को भेजा गया।

इस सम्बन्ध में महिला के पति की षिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर प्रेम प्रकाश सिंह पुत्र फतेहबहादुर सिंह निवासी बेसिल्स नगर खीरीघाट ने बताया कि उसकी पत्नी अनामिका सिंह का फेसबुक आईडी आरोपी आदित्य सिंह द्वारा हैक कर कई नामों से फेसबुक व इन्स्टाग्राम पर आईडी बनाया और उसके पत्नी का फोटो लगाकर रिस्तेदारो को भेजा गया। मामले में पुलिस ने

# माह जून का फीडबैक लेकर सभी थानों का तैयार हुआ परिणाम

**बस्ती (एसएनबी)।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा (पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम) व्यवस्था के तहत माह जुलाई2023 में पुलिस कार्यप्रणाली, जनसमस्याओं का निस्तारण एवं जनता के प्रति व्यवहार पर जनता की संतुष्टि का 5 स्तम्भों/पलर्स, पासपोर्ट/चरित्र के माध्यम से माह जून का फीडबैक लेकर जनपद बस्ती के सभी थानों का परिणाम तैयार किया गया है।

जिसमें प्रभारी निरीक्षक परसरामपुर रामेश्वर यादव को प्रथम स्थान, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पाण्डेय को दूसरा स्थान, प्रभारी निरीक्षक गौर राजकुमार पाण्डेय को तीसरा स्थान, माह जुलाई में थाना नगर पर चार्ज पर रहे थानाध्यक्ष नगर जनार्दन प्रसाद को चौथा स्थान तथा थानाध्यक्ष दुबौलिया इंद्रभूषण सिंह को पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है तथा जनता के ज्यादा करीब रहने वाले दो पिलर्स को अलग से रेटिंग की गयी है। जिनमें प्रथम स्थान पर प्रभारी निरीक्षक परसरामपुर रामेश्वर यादव, दूसरे स्थान पर माह जुलाई में थाना नगर पर चार्ज पर रहे थानाध्यक्ष नगर जनार्दन प्रसाद, तीसरे स्थान पर थानाध्यक्ष कप्तानगंज रोहित उपाध्याय, चौथे स्थान पर प्रभारी निरीक्षक गौर राजकुमार पाण्डेय तथा पाचवे स्थान पर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पाण्डेय है जिन्हे माह में होने वाले क्राइम मीटिंग में प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जाएंगे। पांच स्तंभों की रैंकिंग बाटम पांच में 13 नम्बर पर माह जुलाई में थाना वाल्टरगंज में चार्ज पर रहे थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव, 14 स्थान पर प्रभारी निरीक्षक सोनहा शैलेश सिंह, 15 स्थान पर माह जुलाई में थाना रुधौली पर चार्ज पर रहे प्रभारी निरीक्षक रुधौली संजय कुमार, 16 स्थान पर प्रभारी निरीक्षक हरैया राणा देवेंद्र प्रताप सिंह व 17 स्थान पर माह जुलाई में थाना मुण्डेरवा में चार्ज पर रहे प्रभारी निरीक्षक मुण्डेरवा दिनेश चन्द्र चौधरी व दो स्तंभों में बटम पांच में 13 स्थान पर थाना वाल्टरगंज, 14 स्थान पर थाना छावनी, 15 स्थान पर थाना कलवारी, 16 स्थान पर थाना हरैया व 17 स्थान पर थाना मुण्डेरवा की रैंकिंग प्राप्त हुई जिन्हें जनता के बीच अपना व्यवहार व कार्य शैली को सुधारने हेतु सख्त चेतावनी जारी की जा रही है।

**प्रथम स्थान पर प्रभारी निरीक्षक परसरामपुर रामेश्वर यादव, दूसरे स्थान पर माह जुलाई में थाना नगर पर चार्ज पर रहे थानाध्यक्ष नगर जनार्दन प्रसाद**

# प्रधान के पति ने धन उगाही का लगाया आरोप

**बभनान।** प्रधान के पति ने तथाकथित पत्रकार पर दस हजार रुपये की धन उगाही, खबर चलाने से मना करने पर ग्धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित प्रधान ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। गौर थानाक्षेत्र के शिवा गांव निवासी राजू गौतम ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उसकी पत्नी सरोज देवी पड़री की प्रधान हैं।

# दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

हर्रैया। थानाक्षेत्र बेलवरिया गांव में सोमवार की देर रात घर में घुसकर लूटपाट करने व महिला समेत दो बच्चों पर चाकू से हमला करने के मामले में दो अज्ञात पर केस दर्ज किया है। दोनों अज्ञात पर चोरी की नीयत से मार डालने का प्रयास करने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़िता बिट्टन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि खाना खाकर दोनों बच्चों नैंसी व दिव्यांश संग घर में सो रही थी।

# बस्ती की आंचल का मिशन में योगदान

**मिशन चन्द्रयान-3**

सोनूपार/सांऊघाट। बस्ती जिले की बेटी आंचल ने मिशन चन्द्रयान-3 की सफलता में अपना योगदान दिया है। शहर से सटे जखनी गांव निवासी राजकुमार यादव की बेटी आंचल यादव इसरो में सीनियर वैज्ञानिक हैं। मिशन चन्द्रयान-3 से जुड़कर उन्होंने इसकी कामयाबी में अहम हिस्सा निभाया।

बस्ती की बिटिया की इस सफलता से हर कोई गदगद नजर आ रहा है। मूलरूप से जखनी के रहने वाले राजकुमार यादव एयरफोर्स में जॉब करते थे। नौकरी के दौरान वह बंगलुरू में पोस्ट रहे और यहीं से उनकी बेटी आंचल ने अपनी शिक्षा पूरी की। आईआईटी की पढ़ाई करने के बाद आंचल को डॉ. अब्दुल कलाम इंडियन स्पेस टेक्नोलॉजी में स्कालरशिप मिली और पढ़ाई पूरी कर वैज्ञानिक बनीं। 2011 में इसरो से जुड़कर वैज्ञानिक के रूप में देशसेवा शुरू की। उनके परिजनों के अनुसार आंचल की दादी महंती देवी चाहती थीं कि वह वैज्ञानिक बने और कड़ी मेहनत से आंचल ने इसे साकार कर दिखाया।



आंचल यादव

# डिप्टी सीएम ने अस्पतालों में लगे सीसीटीवी का किया उद्घाटन

बस्ती। जिला स्तरीय अस्पतालों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे का गुरुवार को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने वर्चुअली उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अस्पतालों में बाहर की दवाएं लिखने को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थी। ऐसे में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्णय लिया गया है। जिला अस्पताल और जिला महिला अस्पतालों में स्थापित कैमरों को अब लखनऊ से जोड़ कर उसकी ऑललाइन मानीटरिंग होगी।

# कोतवाल बताएं सीएमओ गोरखपुर को आदेश का तामील कराया या नहीं

बस्ती, हिन्दुस्तान संवाद। अपहरण के पुराने मुकदमे में पूर्वमंत्री अमरमणि त्रिपाठी सुनवाई के लिए गुरुवार को कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। इसके पूर्व 17 अगस्त को तय तारीख भी पूर्वमंत्री हाजिर नहीं हुए थे। इसे गंभीरता से लेते हुए एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरि ने सवाल खड़ा किया। कोर्ट में हाजिर नहीं होने का कारण खराब स्वास्थ्य को बताया गया है।

लिहाजा न्यायालय ने सीएमओ गोरखपुर को मेडिकल बोर्ड गठित करने का आदेश जारी कर दिया था। जिसके आदेश की प्रति को सीएमओ गोरखपुर को तामिल कराया जाना था और इसकी रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना था। लेकिन रिपोर्ट न्यायालय में पेश नहीं की गई। न्यायालय ने इसे घोर आपत्तिजनक मनाते हुए गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को आदेश दिया कि तामिला आख्या-28 अगस्त तक कोर्ट में प्रस्तुत करें। वहीं कोर्ट ने नामजद आरोपी नैनेश शर्मा के खिलाफ-82 की कार्रवाई का आदेश दिया है।

**22 वर्ष से न्यायालय में लंबित है**

- पूर्वमंत्री अमरमणि की सेहत रिपोर्ट को मेडिकल टीम गठन का कोर्ट ने दिया है आदेश
- नामजद आरोपी नैनेश शर्मा के खिलाफ 82 कार्रवाई हुई शुरू

**मामला :** बस्ती। विशेष शासकीय अधिवक्ता देवानंद सिंह ने बताया कि करीब 22 वर्ष पूर्व 2001 में कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर निवासी धर्मराज गुप्ता के बेटे का अपहरण हो गया था। पुलिस ने महराजगंज से तत्कालीन विधायक अमरमणि त्रिपाठी के लखनऊ स्थित आवास से अपहृत लड़के को बरामद किया था। इस मुकदमे में कुल नौ आरोपी हैं। इनमें अमरमणि, नैनेश शर्मा और शिवम उर्फ रामयज्ञ गैरहाजिर चल रहे हैं। इस कारण 22 वर्ष से न्यायालय में मामला लंबित है। पूर्वमंत्री अमरमणि गोरखपुर जिला कारागार में कवियत्री मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

# स्वाट टीम और महिलाओं में झड़प

बभनान। दबिश देने गई स्वाट टीम और महिलाओं के बीच झड़प होने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले थानाक्षेत्र में लूट की घटना हुई थी। जिसका खुलासा करने के लिए स्वाट टीम और गौर पुलिस संयुक्त कार्रवाई में लगी है। हालांकि हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

बुधवार को बरसात के बीच स्वाट टीम गौर क्षेत्र के नरथरी गांव में दबिश देने गई थी। दबिश के दौरान स्वाट टीम और महिलाओं के बीच वीडियो बनाने को लेकर झड़प हो गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में महिला आरोप लगा रही है कि स्वाट टीम ने बदसलूकी की। साथ ही महिला का हाथ पकड़ कर मोबाइल फोन छीन लिया। वीडियो में स्वाट टीम के सदस्य अपनी बात रखते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि टीम जिस उद्देश्य से गई, उसमें सफल नहीं हुई। स्थानीय लोगों की माने तो रात में पुनः स्वाट टीम और गौर पुलिस ने संयुक्त रूप से दबिश दी। इसके बाद कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया।

# ट्रक चोरी का 24 घंटे में खुलासा, दो दबोचे

बस्ती। पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के फोरलेन पर स्थित एक ढाबे के सामने खड़े ट्रक को चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने 24 घंटे में पर्दाफाश कर दिया।

**3**

एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि कैमरे की मदद से घटना के पर्दाफाश में करने में मदद मिली। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर ट्रक और एक कार बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि 22 अगस्त की रात हाईवे के किनारे पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र से एक ट्रक चोरी हो गया था। जिसके बारे में बुधवार को बहराइच जिले के दरगाह शरीफ थानाक्षेत्र के निरुद्दीन चक गांव निवासी गुल अहमद ने तहरीर दिया। तहरीर में बताया कि वह बहराइच मंडी से माल लेकर सुरभि मिल बस्ती आया था। पकड़े गए मोहम्मद आरिफ निवासी विशुनपुरवा थाना रुधौली और उसके साथी ने बताया कि उनकी ट्रक चालक गुल अहमद से जान-पहचान थी। आरोपी मो. आरिफ ने डुप्लीकेट चाभी की मदद से ट्रक स्टार्ट कर छावनी के खेसुआ गांव में ले जाकर खड़ा कर दिया था। पुलिस की टीम ने चोरी गए ट्रक को बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

## डीआईओएस ऑफिस के समक्ष धरना आज

बस्ती। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट की बैठक जिलाध्यक्ष अजय वर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों में सिटीजन चार्टर लागू करने सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर 25 अगस्त को डीआईओएस कार्यालय के समक्ष एक बजे एक दिवसीय धरना दिया जाएगा।

## डीएम-एसपी ने महिला कैदियों से राखी बंधवाई

बस्ती। पारंपरिक हस्तशिल्प कला को रोजगार से जोड़ते हुए जिला कारागार में महिला बंदियों ने क्रोशिए से राखी बंधवाया। गुरुवार को डीएम प्रियंका निरंजन और एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने राखी बंधवा कर महिला कैदियों का हौंसला बढ़ाया। अधिकारियों ने आकर्षक राखियों की खरीदारी की। डीएम ने महिला बंदियों को हुनरमंद बना रहे।

## फेसबुक आईडी हैकर पर केस

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने फेसबुक आईडी हैकर पर खीरीघाट बेसिल नगर निवासी प्रेम प्रकाश सिंह की तहरीर पर हर्रैया थाना क्षेत्र के अटवा गांव निवासी अदित्य सिंह के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। वादी ने तहरीर में लिखा है कि उनकी पत्नी का सोशल साइट्स से आईडी हैक कर उनके रिश्तेदारों को फोटो भेजने का आरोप है।

# अपहर्ता गिरफ्तार, किशोरी बरामद

बस्ती। वाल्टरगंज क्षेत्र के एक गांव से अपहृत की गई किशोरी को पुलिस ने ढूंढ लिया। उसे भगाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया। एसओ ने बताया कि चौकी प्रभारी गनेशपुर ने आरोपी कौशल निवासी सेमरी, थाना धाता, जनपद फतेहपुर को बड़ेबन चौराहे से गिरफ्तार किया है। सूचना मिली थी कि आरोपी कौशल कहीं भागने की फिराक में है। मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ा गया।

# न्यायाधीशों ने किया जिला जेल का निरीक्षण

बस्ती। जिला कारागार बस्ती का अपर जिला जज प्रथम शिवचन्द और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रजनीश कुमार मिश्र ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल के महिला बैरक, जेल लीगल एड क्लीनिक, जेल चिकित्सालय एवं जेल के प्रत्येक बैरक में कैदियों की समस्याओं का सुना। न्यायाधीशों ने उसके निदान के लिए सुझाव दिया। निरीक्षण के समय असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल नीतिश कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में एसओ परसरामपुर प्रथम

बस्ती। पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम व्यवस्था के तहत माह जुलाई में पुलिस कार्यप्रणाली, जनसमस्याओं का निस्तारण के आधार पर रेटिंग दी गई। इसमें प्रभारी निरीक्षक परसरामपुर रामेश्वर यादव को प्रथम, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना को दूसरा, प्रभारी निरीक्षक गौर राजकुमार पाण्डेय को तीसरा, माह जुलाई में थाना नगर पर चार्ज पर रहे थानाध्यक्ष नगर जनार्दन प्रसाद को चौथा, थानाध्यक्ष दुबौलिया इंद्रभूषण सिंह को पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है।

# आम्बेडकर प्रतिमा तोड़ने का मामला दर्ज

बस्ती। नगर पुलिस ने कैथवलिया लाला गांव में स्थापित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का दाहिना हाथ तोड़ देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने गांव के प्रधान सन्तराम अम्बेडकर की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर हड़प लिए 1.83 लाख

बस्ती। लालगंज क्षेत्र के विजवलिया निवासी प्रमेन्द्र कुमार गौतम ने थाने में तहरीर देकर सुजीत व रामशंकर के खिलाफ हाईकोर्ट में सहायक चपरासी के पद पर नौकरी दिलाने के बहाने 1.83 लाख रुपए हड़प लेने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज

बस्ती। लालगंज क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में मकान की दीवार काटकर अज्ञात चोरों घर में कीमती सामान, जेवर व 6000 रुपया नकद चुरा ले गए। इस सिलसिले में पुलिस ने शोहरत की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने चोरी की प्राथमिकी दर्ज की है।

## कोतवाली पुलिस ने कब्जे में लिया लाइसेंसी असलहा

# परिचालक पर रिवॉल्वर तानने वाला गिरफ्तार

**कार्रवाई 1**

**बस्ती, निज संवाददाता।** रोडवेज बस के चालक व परिचालक को रिवाल्वर दिखाकर धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि कोतवाली प्रभारी विनय पाठक के नेतृत्व में चालक व परिचालक को रिवाल्वर दिखाकर धमकी देने वाले राजीव चौधरी निवासी रौता चौराहा (पेट्रोल पंप के पीछे) को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया गया है। एसडीएम सदर कोर्ट में पेशकर उसे जेल रवाना कर दिया गया।

लाइसेंसी रिवाल्वर का दुरुपयोग करने पर उसके विरुद्ध धारा-30 शस्त्र अधिनियम के तहत रिवाल्वर व लाइसेंस को कब्जे में ले लिया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में रोडवेज परिचालक को रिवॉल्वर से धमकाने वाला युवक।

- लाइसेंस निरस्त करने के लिए पुलिस ने डीएम को लिखा पत्र
- कोतवाली क्षेत्र के रौता मुहल्ले का निवासी राजीव चौधरी है आरोपी

घटना के संबंध में रोडवेज परिचालक इन्द्रदेव सिंह निवासी ग्राम देवया गंगाराम, थाना हरैया की तहरीर पर कोतवाली में जान से मारने की धमकी देने व जबरन रोडवेज बस रोकने का एफआईआर दर्ज है। ए

सपी ने बताया शस्त्र लाइसेंस को निरस्त करने के लिए डीएम को रिवाल्वर लहराने के सबूत के साथ लिखा गया है।

**निरस्त होगा लाइसेंस :** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से कहा कि सरेशाम शहर में लाइसेंसी रिवाल्वर से अराजकता फैलाने की किसी को भी इजाजत नहीं है। लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखना जरूरी है।

पुलिस की ओर से मिले साक्ष्य के आधार पर ऐसे व्यक्ति का लाइसेंस हर हाल में निरस्त किया जाएगा।

# पांच लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का केस

सल्टौआ। विद्युत प्रर्वतन दल एवं बिजली विभाग की टीम ने अधिशासी अभियंता-खंड तृतीय महेंद्र मिश्र के नेतृत्व में गुरुवार को सल्टौआ कस्बे में जांच अभियान चलाया।

बिजली चोरी करते हुए पांच लोगों को रंगेहाथ पकड़ा। उनके खिलाफ गिदही स्थित बिजली थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। बिल नहीं जमा करने वाले 17 बड़े बकाएदारों की बिजली काट दी गई। एसडीओ रीतेश प्रसाद ने बताया कि पांच कनेक्शन धारी मीटर के पहले से बाईपास कर बिजली की चोरी कर रहे थे।

# बभनान में धन उगाही पर भड़का प्रधान संघ

**बभनान।** आए दिन प्रधानों से हो रही अभद्रता व धन उगाही की घटना को लेकर प्रधान संघ लामबंद हो गया है। प्रधान संघ ने डीएम को सम्बोधित ज्ञापन बीडीओ को देकर तथाकथित पत्रकारों की जांच कराने व कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। गुरुवार को प्रधान संघ बस्ती के जिला मंत्री बिंदू कुमार, राजेश मिश्रा, अजीत शुक्ला, रुआब अली, गिरजेश सिंह सहित तमाम प्रधान लामबंद होकर बीडीओ गौर वर्षा बंग के पास पहुंचे। ज्ञापन देते हुए बताया कि तथाकथित पत्रकार आए दिन मस्टररोल की कॉपी निकाल कर ग्राम पंचायतों में कार्य स्थल की जांच करते हैं।

# सरकारी भूमि से कब्जा हटाए बगैर लौटी राजस्व टीम

**हर्रैया।** सहराएं गांव में गुरुवार को 20 बीघा ग्रामसभा की भूमि पर अवैध कब्जा हटाने पहुंची हर्रैया तहसील की प्रशासनिक टीम को पुलिस बल नहीं मिलने से बैरंग लौटना पड़ा। सरकारी भूमि खाली करने की शिकायत चंद्रमणि पांडेय ने की थी। हर्रैया एसडीएम गुलाबचंद के निर्देश पर नायब तहसीलदार विक्रमजोत नीरज सिंह टीम के साथ अवैध कब्जा हटाने पहुंचे। लेकिन पुलिस बल नहीं मिलने से वापस लौट गए।



पुलिस दफ्तर में पत्रकारों से पीसी करते एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी साथ में सीओ सदर, सीओ हर्रैया व साथ में तमंचे से फायरिंग करने वाला युवक।

# सरेशाम फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

बस्ती, निज संवाददाता। हर्रैया कस्बे में फायरिंग के आरोपी परसरामपुर कस्बा निवासी शशांक पाण्डेय को हरैया पुलिस टीम, एसओजी और सर्विलांस टीम ने संयुक्त रुप से कार्रवाई कर गुरुवार को गिरफ्तार किया है।

इस बाबत एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि आरोपी बस्ती-अयोध्या हाईवे पर वर्चस्व कायम रखने के लिए 18 अगस्त की शाम को फायरिंग किया था। इसके खिलाफ फायरिंग करने व तमंचा लहराने का मुकदमा हर्रैया थाने में दर्ज है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार युवक के कब्जे से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद किया गया है। पूछताछ करने पर अभियुक्त शशांक पाण्डेय ने बताया कि मैं राजन निषाद व शुभम ठाकुर के साथ वर्चस्व स्थापित करने के उद्देश्य से मनीष तिवारी की गाड़ी के सामने फायर कर दिया था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

गौरतलब है कि दूसरे पक्ष के विराट तिवारी व अभियुक्त शशांक पाण्डेय के बीच छात्रसंघ चुनाव को लेकर मनमुटाव चल रहा था।

**चपरासी की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, बानपुर, बस्ती**: लालगंज थाने के विजवलिया गांव निवासी प्रमेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि दो लोगों ने हाईकोर्ट में सहायक चपरासी के पद पर नौकरी दिलाने के बहाने उनसे 1,83,000 रुपये ले लिया। फर्जी व कूटरचित ज्वाइनिंग लेटर भी उनके घर जरिये डाक भिजवा दिया। दी गई रकम मांगने पर आरोपितों द्वारा जान माल की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुजीत कुमार व रामशंकर निवासी बेजवाजोर थाना वाल्टरगंज जिला बस्ती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना एसएसआइ रामभवन प्रजापति को सौंपी गई है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आज धरना देंगे शिक्षक

**जासं, बस्ती**: उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट की बैठक जिला अध्यक्ष अजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें पुरानी पेंशन बहाली, माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों में सिटीजन चार्टर लागू करने सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर 25 अगस्त को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर दोपहर बाद एक बजे धरना देने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष अजय कुमार वर्मा ने बताया कि इस मौके पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। संचालन जिलामंत्री डा. श्रवण गुप्ता ने किया।

प्रदेशीय कोषाध्यक्ष बिजेंद्र वर्मा व प्रदेशीय मंत्री ध्रुव नारायन ने कहा कि माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण कर देने से शिक्षकों की कई समस्याएं एक साथ हल हो जाएंगी। नए शिक्षा चयन आयोग में चयन बोर्ड की धारा 21 व 18 समाप्त कर सरकार ने शिक्षकों के साथ छलावा किया है जिसे कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार इसे बहाल नहीं करेगी हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-08-2023

## एक निरीक्षक सहित 13 उपनिरीक्षकों का कार्यक्षेत्र बदला

सिद्धार्थनगर। कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के मद्देनजर बृहस्पतिवार को एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने एक निरीक्षक और 12 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। इसमें इसमें निरीक्षक मानसिंह को कठेला समय माता थाना, सूर्यलाल सोनकर मिश्रौलिया, सुनील कुमार सिंह चिल्हिया, लक्ष्मीनरायण ढेबरुआ, राजकुमार राजभर बजहा चौकी प्रभारी, वीरेंद्र सिंह त्रिलोकपुर, गेनालाल भवानीगंज, उमेशचंद्र यादव लोटन, राजेंद्र कुमार शाही इटवा, राजेश प्रसाद शोहरतगढ़, बलराम धर दुबे बांसी, अनिल कुमार कठेला समय माता, उदयनाथ मिश्र को डुमरियागंज थाने में भेजा गया। संवाद

# नेपाली किशोर के साथ मानव तस्कर गिरफ्तार

- नेपाली किशोर को मुंबई ले जा रहे तस्कर के पास से मिला फर्जी आधार
- एसएसबी सीमा चौकी अलीगढ़वा के जवानों ने पकड़ा

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। मानव तस्करी का ट्रेंड बदल गया है। एक नेपाली मानव तस्कर नेपाली किशोर को मुंबई ले जाते समय नेपाल बॉर्डर पर फर्जी भारतीय आधारकार्ड के साथ पकड़ा गया। उसकी गिरफ्तारी एसएसबी अलीगढ़वा सीमा के जवानों ने की।

गुरुवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी अलीगढ़वा के जवान आने जाने वालों की जांच कर रहे थे। इस दौरान नेपाल सीमा पार कर भारत में आ रहे एक युवक को एक नेपाली किशोर के साथ रोक कर पूछताछ की तो उसने बताया कि वह उसका भाई है। दोनों मुंबई जा रहे हैं। चेक पोस्ट ड्यूटी पर तैनात मुख्य आरक्षी चितरंजन कुमार के नेतृत्व में आरक्षी मुकेश तमांग, रविन्द्र सिंह यादव व नवीन कुमार युवक का आधार कार्ड चेक किया तो वह नकली आधार कार्ड निकला।

आधार कार्ड पर उसका नाम अशफाक (30) पुत्र असलम निवासी मधुबनीखास शिवपतिनगर जिला सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश दर्ज था। एसएसबी ने मानव सेवा संस्थान, एएचटीयू की उपस्थिति में सख्ती युवक से पूछताछ की तो उसने नकली आधार होने की बात कुबूल कर ली। बताया कि उसका असली नाम बाबूराम हरिजन पुत्र पिता सुक्कू निवासी अभिराम पोस्ट तौलिहवा जनपद कपिलवस्तु नेपाल है। वह मुंबई की फजुअल रहमान की फैक्ट्री में काम करता है। उसके साथ जो किशोर है उसकी उम्र 13 वर्ष है। उसका नाम राहुल पुत्र गणेश निवासी मनोरा पोस्ट रुपन्देही थाना परसा जनपद परसा नेपाल है। किशोर को पैसे की लालच में मुंबई फैक्ट्री में काम कराने के लिए ले जा रहा हूं। मुझे चार हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पैसा मिलेगा। कमांडिंग अधिकारी 43वीं वाहिनी शक्ति सिंह ने बताया कि आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंप दिया गया है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानव तस्करी के मामलों पर सशस्त्र सीमा बल की ओर से पैनी नजर रखी जा रही है जिससे किसी भी बच्चों और लड़कियों का शोषण न हो सके।

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में मोहाना थाना अव्वल

सिद्धार्थनगर। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार की ओर से पब्लिक अप्रूवल रेटिंग थानावार कराई गई। इसमें मोहाना थाना प्रथम, लोटन दूसरे व जोगिया उदयपुर तीसरे स्थान पर रहा। अपर पुलिस महानिदेशक ने जिले के सभी थानों के कार्यों का थानावार मूल्यांकन कराया। इसमें सर्वाधिक अंक प्राप्त करके मोहाना थाना पहले स्थान पर रहा। लोटन दूसरे, जोगिया उदयपुर तीसरे, सिद्धार्थनगर चौथे, शिवनगर डिड़ई पांचवें स्थान पर रहा।

# तीन के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई

सिद्धार्थनगर। चिल्हिया थाना की पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 की कार्रवाई की है। इन पर मारपीट व छेड़खानी का आरोप था। पुलिस ने मनोज कन्नौजिया पुत्र भूलन उर्फ दयाराम निवासी सीतारामपुर टोला बनकटवा दक्षिण, गोरखनाथ पुत्र स्वामीनाथ उर्फ धुम्मा निवासी गुजरौलिया खालसा व जीशान उर्फ एजान पुत्र बकसुल्लाह निवासी पल्टा देवी नारायनपुर उर्फ रमगढ़वा थाना चिल्हिया पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है।

# नगदी समेत लाखों का सामान जलकर राख

बिस्कोहर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के बिस्कोहर कस्बे के वार्ड नंबर 13 पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में गुड़ व्यापारी राम किशोर साहू के मकान में गुरुवार को अचानक आग लग गई। इससे घर में रखा 3.90 लाख रुपये नगदी समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। वार्डवासियों ने आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल सच्चिदानंद मिश्र ने नुकसान का आंकलन किया है।

# सात शातिरों की हिस्ट्रीशीट खोली

सिद्धार्थनगर। जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने व अपराध, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के मद्देनजर गोवध, नकबजनी, मारपीट आदि मामलों में संलिप्त सात अभ्यस्त आरोपियों के आपराधिक क्रिया-कलापों पर सतत निगरानी के लिए पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

इसमें त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के सिकरा बुजुर्ग निवासी दुर्गेश सिंह, सोहना निवासी कमलेश व छगडिहवा निवासी नुरुल हसन, डुमरियागंज थाना क्षेत्र के कुसहता निवासी मोहम्मद नसीम उर्फ चिनकू, हल्लौर निवासी मोहम्मद आसिफ कुरैशी, जबजौवा निवासी पिल्लू उर्फ निजामुद्दीन और अनिल कुमार उर्फ छोटू निवासी करमहिया थाना शिवनगर डिड़ई के विरुद्ध संबंधित थानों पर हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

# रेप के आरोपित को 10 साल की सजा

## ■ जोगिया क्षेत्र के फूलपुर निवासी पर 2022 में दर्ज हुआ था केस

सिद्धार्थनगर, निसं। अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट प्रमोद कुमार सिंह द्वितीय ने एक रेप के आरोपित पर जुर्म साबित होने पर उसे 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

जोगिया थाना क्षेत्र के फूलपुर गांव निवासी राहुल यादव पुत्र संतराम यादव के खिलाफ जोगिया थाने में नौ मई 2022 को एक किशोरी के भाई की तहरीर पर रेप का केस दर्ज हुआ था। इसी मामले में सुनवाई के बाद गुरुवार को अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने आरोप सही पाए जाने पर आरोपित को 10 साल कैद की सजा सुनाई। आरोपित पर जज ने 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। शासन की ओर से पैरवी शासकीय अधिवक्ता पवन कर पाठक ने की।

## झाड़ी में गिरे बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**बढ़नीचाफा।** भवानीगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बढ़नीचाफा के भड़भड़वापुर के पास गुरुवार की शाम एक बाइक सवार झाड़ी में गिर गया इससे उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि मृतक हार्ट के मरीज थे। वे शव लेकर घर चले गए। बायताल के मुरउवनडीह निवासी राम नेवास शर्मा (58) किसी काम से गुरुवार शाम बढ़नीचाफा जा रहे थे। भड़भड़वापुर के पास पहुंचे ही थे कि बाइक लेकर सड़क किनारे झाड़ी में गिर गए। इससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, बाल-बाल बचा

**उस्का बाजार।** उस्का-धानी मार्ग के कर्मा मोड़ के पास गोरखपुर से नौगढ़ की ओर गुरुवार को जा रही कार सड़क पर गड्ढा व सामने कुत्ता आ जाने से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इसमें चालक बाल-बाल बच गया।

गोरखपुर के वार्डनंबर 13 शिवपुर शहबाजगंज निवासी डॉ.प्रशांत सिंह पुत्र चंद्रप्रकाश सिंह कार से डीएसएसओपी फार्मेसी कॉलेज करौंदा मसिना परीक्षा लेने जा रहे थे। अचानक कर्मा मोड़ के पास कुत्ते को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। कार का आगे का भाग क्षतिग्रस्त हो गया। एयर बैग खुल जाने से जान बच गई।

## एक निरीक्षक समेत 12 एसआई को मिली तैनाती

**सिद्धार्थनगर,** एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने पुलिस लाइंस से इंस्पेक्टर मान सिंह को कठेला समय माता थाना पर अपराध निरीक्षक बना कर भेजा है। पुलिस लाइंस में मौजूद एसआई सूर्यलाल सोनकर को मिश्रौलिया, सुनील कुमार सिंह को चिल्हिया, लक्ष्मी नारायन को ढेबरुआ, रामकुमार राजभर को प्रभारी चौकी बजहा, वीरेंद्र सिंह को त्रिलोकपुर, गेनालाल को भवानीगंज, उमेश चंद्र यादव को लोटन, राजेंद्र कुमार शाही को इटवा, राजेंद्र प्रसाद को शोहरतगढ़, बलराम धर दुबे को बांसी, अनिल कुमार को कठेला समय माता व एसआई उदयनाथ मिश्र को डुमरियागंज थाने पर एसआई बनाकर भेजा है।

# बाल श्रम के लिए ले जाये जा रहे बच्चे को एसएसबी ने बचाया

**कपिलवस्तु(एसएनबी)।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी अलीगढ़वा के जवानों ने बाल श्रम के लिए मुंबई ले जा रहे नाबालिक लड़के को एएचटीयू पुलिस सिद्धार्थनगर को सुपुर्द किया है।

उक्त जानकारी देते हुए शक्ति सिंह, कमांडिंग अधिकारी 43वीं वाहिनी ने बताया की हमें सुचना प्राप्त हुई कि सीमा स्तम्भ संख्या 549 के पास अलीगढ़वा चेक पोस्ट के रास्ते नाबालिक लड़के को बाल श्रम हेतु सीमा पार ले जाने वाले है। सुचना प्राप्त होते ही सीमा चौकी अलीगढ़वा चेक पोस्ट ड्यूटी पर तैनात मुख्य आरक्षी चितरंजन कुमार के नेतृत्व में आरक्षी मुकेश तमांग, रविन्द्र सिंह यादव और आरक्षी नवीन कुमार द्वारा नेपाल से भारत एवं भारत से नेपाल आने-जाने वाले व्यक्तियों की गहन पूछ-ताछ एवं तलाशी ली जाने लगी। इसी क्रम में एक व्यक्ति एक नाबालिक लड़के के साथ नेपाल से भारत आते हुए दिखाई दिया। संदेह के आधार पर उनको पूछताछ के लिए चेक पोस्ट पर तैनात कार्मिको द्वारा रोका गया और भारत जाने का कारण पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वह दोनों भाई है और वह मुंबई जा रहे है। उनका आधार कार्ड चेक किया गया तो व्यक्ति के पास नकली आधार कार्ड बरामद हुआ, जिसपर उसका नाम असफाक (30 वर्ष) पिता असलम, ग्राम मधुवनी खास शिवपतिनगर जिला सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश था। तत्पश्चात मानव सेवा संस्थान सेवा, एवं एएचटीयू पुलिस सिद्धार्थनगर की उपस्थिति में गहनता से पूछ-ताछ करने पर उसने अपना नाम बाबुराम हरिजन उम्र 22 वर्ष, पिता सुक्कू चमार, गाँव-अभिराम, पोस्ट तौलिहवा जनपद कपिलवस्तु (नेपाल) बताया। साथ ही यह भी बताया कि मै मुंबई की फजुअल रहमान की फैक्ट्री में काम करता हूँ और नाबालिक राहुल हरिजन उम्र 13 वर्ष, पिता गणेश हरिजन गाँव मनोरा जनपद रूपनदेही (नेपाल) को पैसे के लालच में मुंबई फैक्ट्री में काम करने के लिए ले जा रहा हूँ। जिसके लिए मुझे चार हजार प्रतिमाह के हिसाब से पैसा मिलेगा। उपरोक्तमामला बाल श्रम का प्रतीत हुआ जिसके कारण उचित कागजी कार्यवाही के पश्चात् समवाय प्रभारी, मानव सेवा संस्थान सेवा, सिद्धार्थनगर की उपस्थिति में उक्त नाबालिक नेपाली लड़के को एएचटीयू पुलिस सिद्धार्थनगर को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया।

## एएचटीयू को किया सुपुर्द



बाल श्रम के लिए ले जा रहे नाबालिक लड़के के साथ रेस्कू टीम।

शक्ति सिंह कमांडिंग अधिकारी 43वीं वाहिनी ने बताया कि वर्तमान समय में मानव तस्करी के मामलों पर सशस्त्र सीमा बल के द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है, जिससे कि किसी भी बच्चों और लड़कियों को मानव तस्करी में संलिप्त व्यक्ति, बाल श्रम, नौकरी, शादी व प्यार का झांसा दे कर तथा बहला फुसला कर नेपाल से भारत या भारत से नेपाल तस्करी न कर पाए और उनका शोषण न हो सकें।

# साइबर क्राइम के प्रति छात्राओं को किया गया जागरूक

जासं,वढ़या, सिद्धार्थनगर : मिश्रौलिया थाना के ग्राम मिठौवा स्थित विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम एवं अन्य विषयों पर जागरूक किया गया। स्कूली बच्चियों से उनकी समस्याएं पूछी गईं। उन्हें हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई। महिला बीट पुलिस अधिकारी मनीषा कुमारी ने महिला सशक्तीकरण अभियान के तहत महिलाओं के संबंधी अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए सुरक्षा बिंदु पर सभी को जागरूक किया।

# सीसी फुटेज पर टिकी पुलिस की नजर

सिद्धार्थनगर : इटवा थाना क्षेत्र स्थित बाजार के डा. बुशरा पाली क्नीलिक के कर्मचारी की हत्या के 47 दिन बीत गए हैं। पुलिस ने कई लोगों से पूछताछ भी किया, अभी तक हत्यारोपित पकड़ से कोसों दूर है। हत्या किसने की और करने का मकसद क्या था, इस संबंध में पुख्ता जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस को आसपास की दुकानों में लगे सीसी कैमरे के फुटेज खंगालने में बहुत विशेष बात नहीं दिखी थी। जब काफी गहनता से इसे देखा गया तो एक साया बाहर टहलता हुआ दिखा।

# दुष्कर्म के आरोपित को दस वर्ष का कारावास

जासं, सिद्धार्थनगर : विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट प्रमोद कुमार सिंह–द्वितीय की न्यायालय ने गुरुवार को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फैसला सुनाया। न्यायालय ने 30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड नहीं अदा करने की स्थिति में अभियुक्त को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। राज्य सरकार को निर्देशित किया कि पीड़िता को पुर्नवास के लिए क्षतिपूर्ति का लाभ प्रदान करें। मामला नौ मई 2022 की रात जोगिया थाना क्षेत्र के एक गांव का है। अभियुक्त का नाम राहुल है।

न्यायालय को विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट पवन कुमार कर पाठक ने बताया कि घटना की रात नाबालिग खेत में शौच करने के लिए गई थी। अंधेरे में अभियुक्त ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घर में स्वजन को घटना की जानकारी दी। न्यायालय ने साक्ष्य एकत्र करने के लिए डीएनए जांच कराई। जिसमें आरोपित का डीएनए जांच रिपोर्ट में मैच किया। गवाहों व साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने दोषसिद्ध पाते हुए कारावास की सजा सुनाई।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष का कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

## विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पॉस्को एक्ट ने सुनाई सजा

सिद्धार्थनगर। विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पॉस्को एक्ट प्रमोद कुमार सिंह ने किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

जोगिया थानाक्षेत्र के एक गांव का है, जो 9 मई 2022 को घटित हुआ था। पीड़िता के भाई ने पुलिस को लिखित तहरीर दी, जिसमें उसने कहा कि उसकी बहन अपने घर से लगभग 50 कदम की दूरी पर दुधई के खेत में गई थी। मौका पाकर एवं अंधेरा का फायदा उठा कर राहुल यादव पुत्र संतराम यादव ने उसकी 17 वर्षीय बहन के साथ खेत के पास चकरोड़ पर दुष्कर्म किया। उसकी बहन ने घर आकर आप बीती बताई। अपनी बहन को अपने पिता व माता के साथ थाने पर लेकर गया।

पुलिस ने दुष्कर्म एवं पॉस्को के अपराध में एफआईआर दर्ज करके विवेचना की और आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय ने घटना का संज्ञान लेकर विचरण की और विचारण की समाप्ति पर दोनों पक्षों की बहस सुनकर विचारण के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों, चिकित्सकीय परीक्षण रिपोर्ट, घटना के तथ्यों एवं परिस्थितियों व अन्य प्रपत्रों का सम्यक परिशीलन करते हुए उसके आधार पर राहुल यादव को नाबालिग बालिका से दुराचार करने का दोषी करार दिया।

दोषी द्वारा जमा किए जाने वाले अर्थदंड की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति प्रदान की जाएगी।

# बच्चे को एसएसबी ने बचाया

सिद्धार्थनगर। एसएसबी 43वीं वाहिनी सीमा चौकी अलीगढ़वा के जवानों ने बृहस्पतिवार को बाल श्रम के लिए मुंबई ले जा रहे नाबालिग लड़के को एएचटीयू पुलिस सिद्धार्थनगर को सुपुर्द किया है।

यह जानकारी एसएसबी 43वीं वाहिनी के कमांडिंग अधिकारी शक्ति सिंह ने दी। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-08-2023

# हत्यारोपी की जमानत अर्जी निरस्त

- सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम की कोर्ट ने निरस्त कर दिया
- जिले के धनघटा थाना क्षेत्र के ग्राम भरवल पर्वता का है मामला

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। धान की रोपाई करने से मना करने पर फावड़े से मारकर हत्या करने के आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम की कोर्ट ने निरस्त कर दिया। आरोपी अजय पाल पर सगे भाई विजय पाल के साथ मिलकर एक व्यक्ति की हत्या करने का आरोप लगाया गया है । आरोपी भाई विजय पाल का जमानत प्रार्थना पत्र पहले ही निरस्त हो चुका है।

यह चर्चित प्रकरण जिले के धनघटा थाना क्षेत्र के ग्राम भरवल पर्वता का है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि प्रकरण में मृतक वकील पुत्र रामदत्त की पत्नी सुनीता ने अभियोग पंजीकृत कराया है। वादिनी का आरोप है कि दिनांक 3 जुलाई 2023 को उसके पति बेटी शन्नो एवं शालिनी के साथ अपने खेत पर धान की रोपाई कर रहे थे। उसी समय गांव के अजय पाल एवं विजय पाल पुत्रगण राकेश पाल आए और अपने खेत में धान की रोपाई करने के लिए दबाव बनाया। पति के यह कहने पर कि आज अपने खेत की रोपाई करने के बाद आपकी रोपाई करुंगा। इससे दोनों भाई उत्तेजित होकर अपशब्द कहते हुए लाठी एवं फावड़ा लेकर पति एवं बच्चों को मारने लगे। जान बचाकर पति घर की तरफ भागे। घर पर आ करके भी मारा। पति के सिर में गम्भीर चोट लगी और वह गिर पड़े। वादिनी एवं बच्चों को भी मारा। पति को हैंसर अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।आरोपी विजय पाल का जमानत प्रार्थना पत्र जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम की कोर्ट द्वारा दिनांक 8 अगस्त को ही निरस्त हो चुका है। दूसरे आरोपी अजय पाल के जमानत प्रार्थना पत्र का जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने विरोध किया। जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम की कोर्ट ने आरोपी का अजय पाल जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

# पब्लिक अप्रूवल रैंकिंग में बखिरा थाना को मिला प्रथम स्थान

**संतकबीरनगर, निसं।** जिले के बखिरा थाना को माह जुलाई के थानावार पब्लिक अप्रूवल रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। एडीजी गोरखपुर के आदेश पर समस्त थानों के कार्यप्रणाली के बारे में दिनांक 11 से 17 अगस्त तक आनलाइन पोल कराया गया।

आनलाइन पोल में आम लोगों को पुलिस व अन्य माध्यम से जागरूक करते हुए ट्विटर, डिजिटल प्लेटफार्म, आईजीआरएस, एफआईआर एवं एनसीआर फीडबैक, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन रिस्पांस टाइम का मूल्यांकन हुआ। आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में शिकायतकर्ताओं के सुझाव लिए गए। इस आनलाइन पोल को डिजिटल प्लेटफार्म के अन्य माध्यम ट्विटर, फेसबुक, वाट्सएप्प आदि पर लिंक भेजकर आनलाइन पोल भी कराया गया।

# तीन पर मोबाइल व बाइक चोरी का केस

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के रामूपुर निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस भैसही जोत कला निवासी तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

रामूपुर निवासी साबिर अली पुत्र आमिर ने तहरीर में बताया है कि 25 जुलाई की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे अचानक गांव के कब्रिस्तान के पास रोशनी देखा। तो वह घर से अपनी बाइक और मोबाइल फोन लेकर मौके पर पहुंचा तो देखा एक महिला और दो युवक बातचीत कर रहे हैं। महिला रोशनी दिखा रही थी। पूछताछ करने पर वह लोग भड़क गए। महिला के मामले में फंसा देने की धमकी देने लगे। इसी दौरान भैसही जोत कला निवासी राम यज्ञा कुछ लोगो के साथ पहुंचा। वादी साबिर अली का कहना है कि उक्त लोग उसे अपने घर लेकर चले गए।

# रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर भड़के ग्रामीण

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। चंगेरा-मंगेरा के दर्जनों ग्रामीणों ने गुरुवार को मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों की मांग है कि गांव के सार्वजनिक रास्ते पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिससे सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डीएम को ज्ञापन सौंप रास्ता खाली कराने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि हिंदुओं के देवस्थान पर आने जाने वाले रास्ते पर गांव के कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। जिसे पूजा पाठ करने में लोगों को परेशानी हो रही है। इतना ही नहीं उस रास्ते से जब कोई व्यक्ति जाता है तो अवैध कब्जाधारियों द्वारा गाली गलौज किया जाता है। साथ ही असनहरा घाट पर बने पुल के एप्रोच रोड को बनाने की भी मांग की है।

- देवस्थान पर आने जाने वाले रास्ते पर लोगों ने कब्जा कर रखा है
- डीएम को ज्ञापन सौंप रास्ता खाली कराने की मांग की

लोगों का कहना है कि एप्रोच रोड न बनने से हम लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शैलेश राजभर, राम सुमिरन, रामकेश, जवाहरलाल, सुखराम, गंगा प्रसाद, राधे, जवाहरलाल राजभर, इंद्रेश कुमार, फूलचंद, दुखी शर्मा, उदयभान समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट, केस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। विशाल निवासी मोहल्ला मोहनलालपुर मगहर ने बताया कि गुरुवार को दानिस अंसारी निवासी पटखौली से छोटी सी कहासुनी हो गई। उसने तीन अज्ञात साथियों संग मिलकर मारपीट की।

# छात्राओं को सीओ ने किया जागरूक

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को सीओ दीपांशी राठौर ने स्टूडेण्ट पुलिस कैडेट प्रोग्राम के तहत आयोजित कार्यक्रम में जागरूक किया। इस दौरान बच्चों में टीम भावना की महत्ता, टीम भावना के स्वरूप एवं गुण के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। जीवन में अनुशासन के महत्वों के बारे में बताया।

# पति, सास, जेठ समेत 5 पर दहेज हत्या का केस

**मेंहदावल।** थाना क्षेत्र के भठवा गांव में 16 अगस्त को संदिग्ध हालात में महिला की फांसी से लटकने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, ससुर, जेठ समेत पांच लोगों पर दहेज हत्या समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में कैम्पियरगंज के ठाकुर नगर अजगरा निवासी गंगा पुत्र सिद्धू ने लिखा है कि उन्होंने अपनी बेटी पूनम की शादी तीन वर्ष पूर्व मेंहदावल थाना क्षेत्र के भठवा गांव निवासी बालकिशुन पुत्र सुन्नर से किया था। शादी के बाद से ही पति, सास, ससुर, जेठ द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। दहेज की मांग किया जाने लगी। मांग न पूरा होने पर ससुरालियों द्वारा फांसी लगाकर उसे मार दिया। सूचना पर जब बेटी के घर पंहुचे तो वह मृत हालात में मिली। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि पति बालकिशुन, जेठ राम विशुन, ससुर सुन्नर, सास तथा श्रीकिशुन पुत्र अज्ञात पर दहेज हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पांच स्थानों पर लगवाए 38 सीसीटीवी कैमरे

**संतकबीरनगर।** जनपद पुलिस टीम ने जन सहयोग से पांच स्थानों पर 38 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर तीन सीसीटीवी कैमरा, थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर नौ सीसीटीवी कैमरे, थाना मेंहदावल पुलिस ने एक स्थान पर आठ और थाना बेलहरकला पुलिस ने दो स्थान पर 18 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। पुलिस ने कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को माल्यार्पण कर सम्मानित भी किया।

# झिंगुरापार में प्रधान ने लगवाए चार कैमरा

**नाथनगर।** शासन की मंशा के अनुरूप आपरेशन त्रिनेत्र के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत झिगुरापार में प्रधान ने चार हाई क्वालिटी का कैमरा लगवाया है। इंस्पेक्टर भगवान सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने प्रधान का स्वागत किया। ग्रामीणों को इसके प्रति जागरूक किया। प्रधान फिरोज उर्फ चुन्नू भाई ने गांव में चार कैमरा लगवाया है।

# दहेज के लिए पत्नी और बच्चों को पीटकर घर से निकाला

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। महुली पुलिस ने गुरुवार को ग्राम टिकुई कोल बाबू निवासी एक पीड़ित महिला की तहरीर पर पति समेत चार के खिलाफ प्रताड़ना, दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है। उसका विवाह गोरखपुर जिला में हुआ था। महिला को ससुराल वालों ने एक अगस्त को दहेज के लिए उसकी पिटाई कर दी। घर से दो मासूम साथ खदेड़ दिया।

तहरीर में टिकुई कोल बाबू निवासी महिला साधना पत्नी राम दत्त ने बताया है। उसका विवाह वर्ष 2017 में गोरखपुर जिला के गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम छोटा गांवा निवासी संजय के साथ हुआ था। विवाह के बाद दो बच्चे हुए। महिला का आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल वाले एक लाख रुपये नगद और बाइक मांगने लगे। पीड़िता ने बताया कि एक अगस्त को दहेज के लिए ससुराल वालों ने पिटाई कर दी। बच्चों के साथ घर से खदेड़ दिया। वह मायका टिकुई कोल बाबू आ गई। इंस्पेक्टर भगवान सिंह ने बताया कि पति संजय पुत्र बेचन प्रसाद, जेठानी संजू पत्नी सत्यवान, सास इन्द्रकली, ससुर बेचन पर केस दर्ज हुआ है।

# 68 वाहनों का पुलिस ने काटा चालान

**संतकबीरनगर**। पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 68 वाहनों के चालकों पर कार्रवाई की। साथ ही सभी थाना क्षेत्रों में टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए सघन जांच अभियान चलाया। वाहनों चेकिंग में मोटर वाहन अधिनियम में 82 हजार शमन शुल्क वसूल किया।

# पुलिस ने पांच वारंटियों को पकड़कर भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने पांच वारंटियों को पकड़कर जेल भेज दिया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने जगह-जगह छापेमारी की।

थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त महेन्द्र जायसवाल पुत्र शिवनारायन निवासी गोला बाजार को गिरफ्तार किया। दुधारा पुलिस ने वारण्टी रामदास पुत्र जयराम निवासी सेमरियावां टोला ककरहवा व रामसहाय पुत्र छविलाल निवासी लौकीलाला, थाना महुली पुलिस ने वारण्टी छोटई पुत्र साहेबदीन निवासी सवापार और थाना मेंहदावल पुलिस ने वारण्टी विक्की पुत्र कोमल निवासी बानडूमर को गिरफ्तार किया।

# युवक की पिटाई करने के आरोप में तीन नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के हैंसर-हरदो गांव में मार्निंग वाक के दौरान बीते दिनों घेरकर एक युवक की मनबढ़ों द्वारा की गई पिटाई की घटना में गुरूवार को घायल की तहरीर पर तीन हमलावरों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के हैंसर-हरदो गांव निवासी पवन कुमार पुत्र रामसंवारे ने बताया कि बीते 15 अगस्त की सुबह करीब 5 बजे वह राम-जानकी मार्ग पर मार्निंग वाक कर रहा था। हैंसर कस्बे के पश्चिम पहुंचा था कि गांव निवासी विपक्षी कमलेश पुत्र गोपी, जितेन्द्र व सुरेन्द्र पुत्रगण कमलेश पुरानी रंजिश को लेकर उसे घेरकर रोक लिए और भद्दी -भद्दी गालिया और जानमाल की धमकी देते हुए उसके उपर लाठी-डण्डे से हमला कर दिया। घायल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर कमलेश, जितेन्द्र व सुरेन्द्र के खिलाफ आईपीसी को धारा 323,325,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीओ ने छात्राओं को किया जागरूक

**संतकबीरनगर(एसएनबी)।** क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद दीपांशी राठौर ने स्टूडेण्ट पुलिस कैडेट प्रोग्राम के तहत राजकीय कन्या इण्टर कालेज खलीलाबाद में छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं में टीम भावना की महत्ता, टीम भावना के स्वरुप एवं गुण के बारे में विस्तार से चर्चा की और जीवन में अनुशासन के महत्वों के बारें में बताया। सीओ ने छात्राओं को धैर्य, साहस और आत्मविश्वास के साथ विकट परिस्थियों में निपटने की सलाह दी।

# हत्या आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**संतकबीरनगर(एसएनबी)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने फावड़े से हत्या करने के आरोपी की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद खारिज कर दी है। घटना 3 जुलाई 23 की है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता सुनीता ने थाना धनघटा में तहरीर दिया कि 3 जुलाई 23 को सुबह 8 बजे उसके पति तथा शन्नो व शालिनी खेत पर धान की रोपाई करने के लिए गए थे तभी उसके गांव के विजय पाल व अजय पाल दोनों भाई आ गए और अपने खेत की रोपाई करने के लिए कहे तो पीड़िता के पति ने कहा कि आज मैं अपने खेत की रोपाई करूंगा उसके बाद आपके खेत की रोपाई करूंगा। जिस पर आरोपी दोनों भाई उत्तेजित होकर अपशब्द कहने लगे। मना करने पर विजय पाल हाथ में लिए लाठी तथा अजय पाल हाथ में लिए फावड़ा से पीड़िता के पति बच्चों को मारने लगे। आनन-फानन में लोग मलौली अस्पताल पर लेकर आए तो डॉक्टर ने देखकर बताया कि मेरे पति की मृत्यु हो चुकी है। तहरीर के आधार पर थाना धनघटा में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ। आरोपी अजय पाल ने सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में अपना जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया और कहा कि वह निर्दोष है उसने कोई अपराध नहीं किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि कहा कि आरोपी ने पीड़िता के पति को लाठी व फावड़ा से मारा-पीटा है जिससे उसके पति वकील शर्मा की मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मृत्यु पूर्व चोटें आई हैं। अपराध गंभीर है। सुनवाई के बाद सत्र न्यायाधीश ने हत्या के आरोपी अजय पाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# पीएआर रैंकिंग में बखिरा प्रथम, धर्मसिंहवा थाने को दूसरा स्थान

**संतकबीर नगर:** जुलाई की पब्लिक अप्रूवल रैंकिंग (पीएआर) में बखिरा थाने को प्रथम, धर्मसिंहवा को द्वितीय और मेंहदावल थाने को तृतीय स्थान मिला है। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। इसके साथ ही आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

जनपद के सभी थानों की कार्यप्रणाली के बारे में जुलाई के ग्यारह से 17 तारीख तक आनलाइन सर्वे कराया गया था। इंटीग्रेटेड ग्रिवेंस रीड्रेसल सिस्टम (आइजीआरएस) पोर्टल के शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में शिकायतकर्ताओं के सुझाव लिए गए।

एफआइआर व एनसीआर के वादियों को फोन करके फीडबैक लिया गया कि वे मुकदमा दर्ज होने के बाद कार्रवाई से संतुष्ट हैं या नहीं। आनलाइन सर्वे करके सभी थानों की रैंकिंग तय की गई। बखिरा-प्रथम, धर्मसिंहवा-द्वितीय, मेंहदावल-तृतीय, धनघटा-चतुर्थ, बेलहरकला-पांचवें, दुधारा-छठवें, कोतवाली खलीलाबाद-सातवें, महुली-आठवें व महिला थाना को नौवां स्थान मिला है। (विज्ञप्ति)

# पति, सास समेत पांच पर दहेज हत्या का मुकदमा

**जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर :** मेंहदावल थानाक्षेत्र के भठवा गांव में 16 अगस्त को संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की फंदे से लटकने से हुई मृत्यु के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, ससुर, जेठ समेत पांच लोगों पर दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। तहरीर में गोरखपुर जनपद के कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के ठाकुर नगर अजगरा गांव के गंगा ने लिखा है कि उन्होंने अपनी बेटी पूनम की शादी तीन वर्ष पूर्व भठवा गांव के बालकिशुन से किया था। हैसियत के मुताबिक बेटी को दान-दहेज भी दिया था। शादी के बाद से ही बेटी को पति, सास, ससुर, जेठ द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। दहेज की मांग भी की जा रही थी।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 1.90 लाख रुपये लेने का आरोप

जासं, संतकबीर नगर : गोरखपुर जिले के कैंपियरगंज थाना के बघुआ गांव की एक महिला गुरुवार को कलेक्ट्रेट में पहुंची। उसने अपर एसडीएम रमेश चंद्र को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि एक व्यक्ति ने उसके बेटे को नौकरी दिलाने के नाम 1.90 लाख रुपये ले लिए। नौकरी नहीं लगी, पैसा मांगने पर जान-माल की धमकी दे रहा है।

कुसुम देवी पत्नी हरिराम ने कहा कि उनके बेटे अंकित चौधरी को नौकरी दिलाने के नाम पर बखिरा थाना के पकरडीहा गांव निवासी एक व्यक्ति ने कुछ माह पूर्व एक लाख 90 हजार रुपये ले लिया था। पैसा मांगने पर आज-कल में भुगतान करने का आश्वासन दे रहा है। उनका बेटा 21 अगस्त को उसके घर पर पहुंचा। पैसा मांगने पर उसने नहीं दिया। इस पर आपत्ति जताने पर बेटे को मारा-पीटा। मोबाइल व दो हजार रुपये भी छीन लिया। पैसा मांगने पर जान-माल की धमकी दे रहा है।

# ऑनलाइन पोल में बखिरा थाने को मिला प्रथम स्थान

**संतकबीरनगर।** ऑनलाइन पोल में जुलाई में जिले में बेहतर कार्य करने के लिए बखिरा थाने को प्रथम स्थान मिला। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि जुलाई में थाना बखिरा को प्रथम स्थान मिला है। जबकि थाना धर्मसिंहवा को द्वितीय स्थान मिला। इस पोल में थाना मेंहदावल को तृतीय, धनघटा को चतुर्थ, थाना बेलहरकला को पांचवा, थाना दुधारा को छठा, कोतवाली को सातवां और महुली को आठवां मिला है। जबकि महिला थाना को नौवां स्थान प्राप्त हुआ। संवाद

# पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस

**धनघटा।** महुली पुलिस ने बृहस्पतिवार देर शाम विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में पति समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया। टिकुई कोल बाबू निवासी साधना पुत्री राम दत्त का आरोप है कि उसका विवाह वर्ष 2017 में गोरखपुर जिला के गीडा थाना क्षेत्र के छोटा वनगांवा निवासी संजय के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल वाले एक लाख रुपये नकदी और बाइक की मांग करने लगे। इसके लिए उसे हमेशा प्रताड़ित करते रहते थे। संवाद

# छात्र को पीटने के आरोप में तीन पर केस

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद स्कूल जा रहे छात्र की मामूली बात को लेकर कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। मोहनलालपुर मगहर निवासी विशाल पुत्र दीनानाथ का आरोप है कि 24 अगस्त को कॉलेज खलीलाबाद जाते समय रास्ते में एक युवक से उसकी मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि पटखौली निवासी युवक अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसे अपशब्द कहा और मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाल ने बताया कि इस मामले में तीन के खिलाफ केस दर्ज किया गया। संवाद

# पेड़ काटने के विवाद में मां-बेटे समेत तीन को पीटा

**धनघटा।** क्षेत्र के शिव बखरी गांव मां-बेटे समेत तीन लोगों को पेड़ काटने के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। पीड़ित मुनक्का देवी पत्नी सदानंद यादव का आरोप है कि एक पेड़ को लेकर उसके परिवार और पट्टीदारों से विवाद लंबे समय से चल रहा है। बृहस्पतिवार की शाम विवादित पेड़ के विवाद में बहसबाजी के दौरान विपक्षी ने उसे और बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया। बचाव में आए दीप नारायण को भी मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल अवस्था में तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलौली ले जाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। संवाद

# महिला ने पति-देवर पर पीटने का लगाया आरोप

**संतकबीरनगर।** कोतवाली क्षेत्र के मगहर की रहने वाली मां-बेटी की उसके पति और देवर ने पिटाई कर दी। मगहर कस्बा निवासी रीना पत्नी दिलीप कुमार का आरोप है कि 20 अगस्त की शाम को उसके पति दिलीप कुमार व देवर मनोज उर्फ कल्लू उसे घर में बंद करके बुरी तरह मारपीट की। आरोप है कि लोग जान से मार डालने का प्रयास किए। उसकी 13 वर्ष की बेटी मुस्कान को भी बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिए। कोतवाल ने बताया कि आरोपी पति व देवर पर केस दर्ज किया गया। संवाद

# प्रधान के देवर समेत तीन के खिलाफ केस

धनघटा। महुली क्षेत्र के रामूपुर के रहने वाले युवक की मोबाइल लेकर रख लेने के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार देर शाम प्रधान के देवर समेत तीन लोगों पर केस दर्ज किया। पीड़ित रामूपुर निवासी साबिर अली पुत्र आमिर का आरोप है कि 25 जुलाई की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे अचानक गांव के कब्रिस्तान के पास रोशनी देखा तो वह घर से अपनी बाइक और मोबाइल फोन लेकर मौके पर पहुंच गए, जहां देखा एक महिला और दो युवक बातचीत कर रहे हैं। महिला टार्च की रोशनी जला रही थी। पूछताछ करने पर वह लोग भड़क गए। महिला के मामले में फंसा देने की धमकी देने लगे। इसी दौरान भैसही जोत कला निवासी रामज्ञा कुछ लोगों के साथ पहुंच गए। आरोप साबिर कि उक्त लोग उसे अपने घर लेकर चले गए। पुलिस से शांति भंग में कार्रवाई करा दिया। संवाद

# ऑनलाइन पोल में बखिरा थाने को मिला प्रथम स्थान

**संतकबीरनगर।** ऑनलाइन पोल में जुलाई में जिले में बेहतर कार्य करने के लिए बखिरा थाने को प्रथम स्थान मिला। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि जुलाई में थाना बखिरा को प्रथम स्थान मिला है। जबकि थाना धर्मसिंहवा को द्वितीय स्थान मिला। इस पोल में थाना मेंहदावल को तृतीय, धनघटा को चतुर्थ, थाना बेलहरकला को पांचवा, थाना दुधारा को छठा, कोतवाली को सातवां और महुली को आठवां मिला है। जबकि महिला थाना को नौवां स्थान प्राप्त हुआ। संवाद

# व्यापारी पुत्र से 20,500 रुपये की जालसाजी, केस

**संतकबीरनगर।** जालसाज ने फ्रॉड करके शहर के व्यापारी के बेटे से 20,500 रुपये खाते में मंगा लिया। गोला बाजार निवासी परमात्मा प्रसाद कसौधन पुत्र ज्ञानदास का आरोप है कि उसके लड़के विशाल कसौधन के व्हाट्सएप पर 20 अप्रैल को मैसेज आया। मैसेज आने के कुछ समय बाद व्हाट्सएप पर फोन आया कि किसी महिला के जरिये बताया गया कि यू-ट्यूब व्यापारियों का समर्थन करने के लिए सदस्यों की आवश्यकता है। मैं आपको यू-टयूब वीडियो भेजूंगी अगर आप लाइक करेंगे तो आप को दो वीडियो पर 150 रुपये मिलेगा। उसके जरिये वीडियो का लिंक भेजा गया। उसका बैंक खाता नंबर मांगा तो दे दिया। उसने खाते से 20,500 रुपये ठगी की गई। संवाद

# मजदूर की हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

संतकबीरनगर। सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता सुनीता ने थाना धनघटा में तहरीर दिया। जिसमें कहा कि तीन जुलाई को सुबह 8 बजे उसके पति व शन्नो व शालिनी खेत पर धान की रोपाई करने के लिए गए थे, तभी उसके गांव के विजयपाल, अजय पाल दोनों भाई आ गए और अपने खेत की रोपाई करने के लिए कहा।

पीड़िता के पति ने कहा कि आज मैं अपने खेत की रोपाई करुंगा, उसके बाद आपके खेत की रोपाई करुंगा। जिस पर दोनों आरोपी भाई उत्तेजित होकर अपशब्द कहते उसके पति से मारपीट की। बच्चों को मारने लगे। जान बचाकर वे लोग खेत से भाग कर अपने घर पर आए तो आरोपी दोनों भाई घर पहुंच गए और पति से मारपीट की। जिससे पति की मौत हो गई।

तहरीर के आधार पर थाना धनघटा में आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज हुआ। आरोपी विजयपाल ने सत्र न्यायाधीश के वहां अपनी जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया और कहा कि वह निर्दोष है। उसने कोई अपराध नहीं किया है। कोर्ट ने हत्या के आरोपी अजयपाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी। संवाद

# सीसीटीवी कैमरे पुलिस के मददगार...फिर भी उपेक्षित

## शहर में तीसरी आंख से निगरानी का दावा बेदम, सार्वजनिक स्थलों पर पहले से ही कम संख्या में लगे हैं सीसीटीवी कैमरे

अमर उजाला पड़ताल

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। शहर में तीसरी आंख (त्रिनेत्र) से सुरक्षा की निगरानी व्यवस्था की सुध लेने वाला कोई नहीं है। हालांकि, सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस कई वारदातों का पर्दाफाश कर चुकी है।

फिर भी शहर में खराब पड़े सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील रखने में रुचि नहीं ली जा रही है। एक तो शहर में सार्वजनिक स्थलों पर वैसे ही सीसीटीवी कैमरों की संख्या बहुत कम है, जहां कैमरे लगे हैं, वे या तो टूट कर लटक रहे है या तकनीकी कारणों से खराब हैं। देखरेख के अभाव में कुछ कैमरों की दिशा उलट-पलट भी गई है।

कई ऐसे भी कैमरे हैं, जिसकी रिकॉर्डिंग ही नहीं होती है। कुछ का फोकस इतना कम है कि अधिक दूरी का दृश्य उसमें स्पष्ट नहीं दिखाई देता है।

वारदात होने पर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे पुलिस का काम आसान कर देते हैं। कोई घटना होने पर पुलिस सबसे पहले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर खोजबीन करती है। इसके लिए जरूरी है कि कैमरे सही ढंग से चलें। इसको लेकर पुलिस प्रशासन गंभीर नहीं है।

सिर्फ शहर क्षेत्र की बात करें तो

### यातायात पुलिस कार्यालय में लगा मॉनीटर बंद



शहर का मेंहदावल बाईपास महत्वपूर्ण स्थान है। यहां पर यातायात कार्यालय है और अस्थाई बस स्टॉप भी है। यहीं से यात्री गोरखपुर, बस्ती, लखनऊ के लिए बस पकड़ते है। यहीं टैक्सी स्टैंड भी है। यहां 24 घंटे चहल-पहल रहती है। शहर में आने वाला हर शख्स कभी न कभी उधर से होकर गुजरता है। यहां कुल सात कैमरे लगे हैं और मॉनीटर पुलिस यातायात कार्यालय में लगा है, जो बंद पड़ा है। पड़ताल के दौरान सीओ यातायात शंभु प्रसाद कक्ष में बैठे थे और मॉनीटर बंद था। सीओ यातायात ने बताया कि कुछ कैमरे बारिश की वजह खराब हो गए हैं। कुछ कैमरों के तार ऊंचाई तक सामान लदे ट्रक से टूट गए हैं। इससे दिक्कत है।

### शहर के मधुकुंज तिराहे के कैमरे खराब

मधुकुंज तिराहे पर तीन कैमरे लगे हैं और तीनों खराब पड़े हैं। एक कैमरे का रुख तो जमीन की ओर है। इससे आने-जाने वाले नहीं दिखाई देते हैं। यहां समय माता मंदिर भी है। यहां सुबह-शाम श्रद्धालु दर्शन के लिए आते रहते हैं। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि बंदर अक्सर तार तोड़ देते हैं।



### बैंक चौराहे पर लगा कैमरा खराब

शहर के बैंक चौराहे पर गोला बाजार पुलिस चौकी है। यहां लगा कैमरा भी काम नहीं कर रहा है। जबकि चौकी के ठीक सामने स्टेट बैंक की मुख्य शाखा है। यहीं से खलीलाबाद स्टेशन के लिए रास्ता गया है। ऐसे में यदि कोई वारदात हुई तो सीसीटीवी कैमरे से मदद नहीं मिल पाएगी।





यातायात कार्यालय के पास लगा सीसीटीवी कैमरा खराब। संवाद



मेंहदावल बाईपास पर ओवरब्रिज के नीचे लगा कैमरा खराब पड़ा। संवाद



मेंहदावल बाईपास चौराहे पर लगा सीसीटीवी कैमरा नहीं चल रहा। संवाद

### अधिकतर कैमरे खराब पड़े वारदात के बाद सुराग लगाना होगा कठिन

जिस सार्वजनिक स्थान या पुलिस चौकी में सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं, उसमें कितने ठीक है और कितने खराब, इसकी भी जानकारी जिम्मेदारों को नहीं है। अधिकारी भी कुछ कैमरे खराब होने की बात तो बताते हैं, लेकिन अधिकांश कैमरे दुरुस्त होने का दावा करते हैं। मौके की पड़ताल में ज्यादातर कैमरे खराब मिले।

**बरदहिया बाजार का कैमरा मिला दुरुस्त :** मुखलिसपुर पेट्रोल पंप के बगल और पुरानी सब्जी मंडी के पास बरदहिया पुलिस चौकी है। यहां दो कैमरे लगे हैं और दोनों दुरुस्त हैं। उसका कैमरे का एंगल भी ठीक है। चौकी के अंदर मॉनीटर लगा है, जहां से पुलिस निगरानी करती है।

### सीसीटीवी कैमरे की मदद से इन वारदातों का पुलिस कर चुकी है पर्दाफाश

- 27 दिसंबर 2022 को बूधा कला स्थित शराब की दुकान का शटर तोड़कर चोरी की वारदात की कोशिश हुई थी। इसी तरह शहर के छोटी मड़ौली में संजय भारती के घर चोरी हुई थी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से कार चिह्नित की थी। कार के नंबर को ट्रेस करके टोल प्लाजा की सीसीटीवी फुटेज की मदद ली गई थी। इसमें लखनऊ और बाराबंकी के रहने वाले चोर पकड़े गए थे।
- 27 फरवरी 2023 को जंगलऊन से चदवा निवासी राजेंद्र यादव की ट्राली चोरी हो गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से पिकअप से ट्रॉली ले जाने की जानकारी जुटाई और दो चोर और उसके कबाड़ी साथी को गिरफ्तार कर ट्रॉली बरामद कर ली थी।
- वर्ष 2022 में दुधारा क्षेत्र के परसह कला में सोने-चांदी की दुकान में चोरी हुई थी। शहर के बरदहिया बाजार में भी चोरी हुई थी। सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस ने शहजादे गैंग को चिह्नित कर मामले का पर्दाफाश किया था।
- सेमरियावां में बैंक पर गई एक महिला से जालसाजों ने कागज की गड्डी थमा कर उसके बदले में 50,000 रुपये ले लिए थे। इसमें पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के जरिए बस्ती के कप्तानगंज क्षेत्र के प्रीतम कुमार और उसके गिरोह के तीन अन्य सदस्यों को पकड़ कर मामले का पर्दाफाश किया।

*शहर में जो कैमरे लगवाए गए हैं, वे काफी पुराने हो गए हैं। ठीक कराने के बाद भी कैमरे अक्सर खराब हो जाते हैं। यातायात कार्यालय से 44 कैमरे मिल रहे हैं, इन कैमरे को जरूरत वाले स्थलों पर लगवाएंगे। इसके अलावा नगर पालिका प्रशासन से सहयोग लेकर कुछ स्थानों पर कैमरे लगवाए जाएंगे। फिलहाल जो कैमरे खराब हैं, उन्हें जल्द ही दुरुस्त करा दिया जाएगा। - सत्यजीत गुप्ता, एसपी*

*इसी सितंबर में शहर के प्रमुख स्थलों पर कैमरा लगवाएंगे। करीब 60 कैमरे लगवाए जाने की व्यवस्था की गई है। जीपीएस सिस्टम की सुविधा भी शहर में कराएंगे। इसके साथ ही शहर वासियों को वाईफाई की भी सुविधा देंगे। नगरवासियों की सुरक्षा के मुद्दे पर पालिका प्रशासन पुलिस का भरपूर सहयोग करेगी। - जगत जायसवाल, चेयरमैन*

**एडीजी जोन के निर्देश पर चलाया जा रहा त्रिनेत्र अभियान:** एसपी ने बताया कि एडीजी जोन गोरखपुर के निर्देश पर जिले में त्रिनेत्र अभियान चलाया जा रहा है। जिले की पुलिस ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की मदद से सार्वजनिक स्थलों पर कैमरे लगवा रही है। अब तक 1500 नए कैमरे लगवाए जा चुके हैं। कैमरे लगवाने वालों का पुलिस स्वागत भी करती है।

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

संतकबीरनगर। सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि धनघटा क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने अपने गांव के 22 वर्षीय युवक के खिलाफ पुलिस से शिकायत की।

*आरोप लगाया कि आरोपी उससे पिछले आठ वर्षों से बातचीत करता*

### शादी करने से मना करने पर की मारपीट

था और उससे शादी करने का झांसा देता था। 20 जून 2023 को आरोपी उससे शादी का झांसा देकर घर से खलीलाबाद भगा कर ले गया, वहां पहले से दो व्यक्ति जो पीड़िता के गांव के रहने वाले थे, मौजूद रहे। उसको रेलवे स्टेशन ले गए और वहां आरोपी ने उससे कहा कि वह शादी नहीं करेगा और उसे अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए तीनों को भगा दिया। जब तीनों घर आए, तब पिता के साथ प्रार्थना पत्र देने थाने गई।

पुलिस ने केस दर्ज किया। आरोपी ने कोर्ट में अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें कहा कि वह निर्दोष है, उसने कोई जुर्म नहीं किया। कोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-08-2023

# सीडीआर से कातिलों तक पहुंचेगी पुलिस

**हि फॉलोअप**

- बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड की जांच-पड़ताल जारी
- युवक के परिजनों ने अन्य पर कार्रवाई की मांग की

धानेपुर, संवाददाता। मेहनौन के बहु चर्चित दोहरे हत्याकांड में शामिल अन्य कातिलों तक पुलिस मोबाइल सीडीआर के जरिए पहुंचने का प्रयास करेगी। इसको लेकर पुलिस की ओर से प्रयास किया जा रहा है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के मेहनौन गांव निवासी युवक का गांव की रहने वाली लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बीते रविवार की रात को युवक अपनी युवती से मिलने आधी रात को ही उसके कमरे में पहुंच गया था। जिस पर आहट पाकर घर वाले जग गये। आरोप है कि युवक के निकलने पर लड़की के घरवालों ने वहीं दबोच लिया और कथित तौर एक-एक कर दोनों को रस्सी से गला कसकर मौत के घाट उतार दिया। युवक का शव गांव से दूर गन्ना खेत में फेंक दिया था जबकि लड़की का अयोध्या में ले जाकर दफन कर दिया था। युवक की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल शुरू किया तो मामला सामने आ गया जिस पर पुलिस ने दोनों के शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम कराया। बुधवार को पुलिस ने आरोपी कृपाराम व बेटे राघवराम को जेल भेज दिया है। हालांकि मुख्य आरोपित को पुलिस ने तो जेल भेज दिया है।

घटना के मददगार अभी पुलिस के पहुंच से दूर हैं। युवक के परिजनों का कहना है कि वारदात में और कुछ लोग शामिल हैं। इसको लेकर मृतक की मां और पिता व भाई ने गुरुवार को थानाध्यक्ष से मिलकर कुछ और लोगों के शामिल होने का अंदेशा जताते हुए कारवाई की मांग की है। जिस पर पुलिस ने पीड़ित परिवार को न्याय का भरोसा दिलाया है। थानाध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा ने बताया कि युवक-युवती के मोबाइल की सीडीआर मंगाई जा रही है। इससे जांच आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। फिलहाल विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## युवक का गांव तो युवती का अयोध्या में अंतिम संस्कार

मेहनौन गांव में रविवार की रात को एक कमरे में पकड़े जाने पर मारे गए युवक व युवती का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार कराया गया है। मेहनौन निवासी मृतक युवक का बुधवार की देर शाम गांव के श्मशान में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम संस्कार घरवालों ने कर दिया। वहीं युवती का अंतिम संस्कार परिजनों ने अयोध्या में किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों शवों का अंतिम संस्कार परिजनों की ओर से किया गया है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल को लगाया गया था।

# लखनऊ से अपहृत बालिका बरामद

परसपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव से पखवाड़ा पूर्व अगवा की गई 13 वर्षीय बालिका को पुलिस ने बुधवार को लखनऊ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म से बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

गुरुवार को पुलिस ने आरोपी मुन्ना लाल को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं महिला पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण व बयान के लिए बालिका को वन स्टाप सेंटर भेज दिया है। थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि परीक्षण रिपोर्ट आने पर आग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया अपहरण कर्ता वर्ष 2019 में भी एक बालिका के साथ दुष्कर्म किए जाने के आरोप में जेल जा चुका है। जमानत पर बाहर आने के बाद उसने दूसरी घटना को दिया फिर दिया अंजाम। पुलिस जब उसे न्यायालय लेकर जा रही थी तो उसके चेहरे पर न कोई शिकन न किए का पछतावा झलक रहा था।

# सर्राफ से लाखों की धोखाधड़ी में दो पकड़े

गोण्डा। शहर के सर्राफा व्यापारियों से धोखाधड़ी कर सोने और चांदी के जेवर सहित लाखों की नगदी लेकर फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से 258 ग्राम सोना, 762 ग्राम चांदी और एक लाख 55 हजार 200 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

एएसपी शिवराज के मुताबिक देहात कोतवाली क्षेत्र बदवलिया पंडरी कृपाल के सोनू उर्फ शिवानन्द और थाना धानेपुर के मुजेहना निवासी सुरेंद्र सोनी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर कोतवाली की टीम और सर्विलांस टीम के संयुक्त प्रयास से शहर में व्यापारियों के साथ हुई जालसाजी के आरोपियों को पकड़ा जा सका। बकौल एएसपी व्यापार के नाम पर सर्राफा कारोबारियों को आरोपियों ने लाखो का चूना लगाते हुए जेवर और नकदी लेकर फरार हुए थे।

# नशे के सौदागर को एक वर्ष की सजा

गोंडा, विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश राजबहादुर रामदेव ने नशे के सौदागर को एक वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक अनुपम शुक्ला के अनुसार थाना करनैलगंज अंतर्गत कादीपुर लाला पुरवा निवासी सतीश कुमार पुत्र सुंदरलाल अट्ठाईस जुलाई 2021 को पुलिस उपनिरीकक्षक सुनील कुमार सिंह ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई वह गश्त के लिए निकले थे। तभी उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति आता दिखाई दिया, संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे पकड़ लिया गया। जिसकी जामा तलाशी लेने पर उसकी जेब से तीन सौ अल्प्राजोलम की गोलियां बरामद हुई। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात आरोपी को दोषी करार देते हुए आरोपी को एक वर्ष की सजा सुनाई।

# तालाब पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई करें

गोण्डा। लक्ष्मनपुर के अरूणेश मिश्रा ने गांव के तालाब पर गांव के ही कुछ लोगों पर तालाब भूमि पर अवैध कब्जा करने के आरोप लगाते हुए डीएम से कार्रवाई करने की मांग की है। अरूणेश ने बताया कि दबंगो ने तालाब भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है।

# शादी से इनकार पर युवक युवती को कर रहा परेशान

- बांदा जिले के आरोपी पर एसपी के आदेश पर केस दर्ज
- युवती का आरोप, पत्नी बताकर बदनाम कर रहा युवक

धानेपुर, संवाददाता। थाना क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की के शादी करने से इनकार करने पर आरोपी फोन पर व व्हाट्सएप पर भद्दा कमेंट भेजने के साथ ही फेसबुक पर फोटो लगाकर कमेंट कर रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती के मुताबिक उसकी शादी की बात बांदा जिले के कोतवाली नगर बांदा क्षेत्र के ललौली के रहने वाले लकी कौशल के साथ चल रही थी। आरोप लगाया है कि विपक्षी के बारे में पता लगाया तो पता चला कि वह नशा करता है। सकी वजह से उसने युवक से शादी से इनकार कर दिया। इस पर युवक ने उसे बार-बार फोन करके परेशान करना शुरू कर दिया। बताया कि फोन पर अश्लील बातें, अपशब्दों का प्रयोग करने के साथ भद्दे-भद्दे कमेंट करता है। तमाम वीडियो मैसेज भेज रहा है मना करने पर काफी परेशान कर रहा है। उसकी फोटो अपने फेसबुक पर लगाकर मैसेज भेज रहा है कि यह मेरी पत्नी है जिससे वह काफी परेशान हैं। थाने में शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इस पर उसने एसपी से गुहार लगाई। थानाध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा ने बताया कि शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# शोहदों से परेशान छात्रा ने छोड़ा स्कूल, जांच शुरु हुई

धानेपुर संवाददाता। धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा ने शोहदों की हरकतों से परेशान होकर स्कूल जाना छोड़ दिया है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक नाबालिग लड़की के मुताबिक वह अपने गांव के बगल स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा सात में पढ़ती है। आरोप लगाया है कि जब वह स्कूल जाती है तो बगल गांव का रहने वाला एक युवक अपने दोस्त के साथ मिलकर उस पर फब्तियां कसते हैं और छेड़खानी करते हैं। आरोपी रास्ते में उसकी फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल करते हैं और उसके मोबाइल पर अश्लील वाइस मैसेज रिकार्ड कर भेजते हैं। पीडिता का कहना है कि इन शोहदों के डर से उसने स्कूल जाना दूभर हो गया। उसने स्कूल जाना भी बंद कर दिया है। 21 अगस्त को धानेपुर थाने में तहरीर दी। साथ ही रिकॉर्डिंग भी पुलिस को उपलब्ध कराई है। इसके बावजूद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। मामला एसओ तक पहुंचा तो उन्होंने हलके के सिपाहियों को कड़ी फटकार लगाई और तत्काल आरोपियों की धरपकड़ के लिए सिपाहियों को भेजा। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

## कोर्ट के स्टे का हवाला देकर पुलिस ने कुछ पुजारियों को किया बाहर

# बाराही मंदिर में कब्जे पर टकराव

**हंगामा**

**उमरी बेगमगंज, संवाददाता।** बेलसर ब्लॉक के मुकुंदपुर ग्राम सभा में स्थित बाराही देवी का मंदिर अपने दिव्य आभामंडल से जहां पूरे प्रदेश में भक्तजनों को आकर्षित करता है। इस समय मंदिर में पूजा-पाठ व कब्जेदारी को लेकर सुर्खियों में है। इसको लेकर मामला कोर्ट-कचहरी तक पहुंच चुका है। बुधवार को कोर्ट कमीशन आया था लेकिन लोगों की भीड़ देखते हुए कोर्ट अमीन ने कमीशन करने से इनकार कर दिया।

पुजारियों के एक पक्ष के अधिवक्ता रामशंकर वर्मा ने बताया कि अयोध्या के बाबा गया दास ने बाराही देवी तीर्थ के नाम से एक ट्रस्ट बनाकर मुख्य अर्चक उमरी पूरे सुब्बा की रहने वाली रामादेवी को बना दिया । इसके बाद ट्रस्ट ने दीवानी वाद दायर करके मंदिर के मुख्य पुजारियों को अराजक तत्व बताते हुए पूजा अर्चना करने में बाधा डालने का आरोप लगाया।

इस पर कोर्ट ने इस मामले के पक्षकार बनाए गए पूर्व पुजारी राघव दास तथा योगेंद्र दास तथा मेला प्रबंधकर्ता रामपाल सिंह को पूजा अर्चना में कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं करने तथा मंदिर स्थल पर कोई भी निर्माण न करने का आदेश पारित किया। साथ ही आगामी 15 सितंबर को सभी पक्षों को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का समन जारी किया। बुधवार को न्यायालय द्वारा भेजे गए कोर्ट कमिश्नर को लोगों के भारी जनआक्रोश का सामना करना पड़ा जिसकी वजह से कोर्ट अमीन को बिना पैमाइश किए ही वापस जाना पड़ा।

**स्थानीय पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल:** कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए थानाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा ने तत्काल मेला प्रबंधकर्ता रामपाल सिंह तथा पुजारी राघव दास तथा योगेंद्र दास को मेला परिसर में न फटकने की हिदायत दी।

वहीं अधिवक्ता रामशंकर वर्मा का कहना है कि कोर्ट ने ऐसा कोई आदेश पुलिस को नहीं दिया है। इन पुजारियों की मेला परिसर में दुकान भी थी लेकिन पुलिस ने उसे भी जबरनबंद करवा दिया। पुलिस की इस इकतरफा कार्रवाई पर लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि बुधवार को कोर्ट कमीशन आया था परंतु सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हुए और कोर्ट अमीन को विरोध का सामना करना पड़ा। मैंने उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया परंतु उन्होंने कमीशन करने से इनकार कर दिया। यह मामला जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। हर कोई इसी की बात कर रहा है।



वाराही देवी का मंदिर

"रामपाल अवैध तरीके से मंदिर को हथियाना चाहते हैं, बार-बार जान से मारने की धमकी देते हैं। उन्होंने कमीशन भी नहीं होने दिया। मैंने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था की भी मांग की है।

साध्वी रामादेवी, **महंत**

"कोर्ट अमीन को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था दी गई थी परंतु परिस्थितियां माकूल न देखकर उन्होंने कमीशन करने से इनकार कर दिया। -**संजय तलवार**, क्षेत्राधिकारी तरबगंज

### क्या है बाराही मंदिर का इतिहास

क्षेत्र वासियों के अनुसार मंदिर की प्राचीनता को लेकर कई जनश्रुतियां प्रचलित हैं। लोग इसे सूकरखेत पसका के वाराह भगवान से जुड़ा हुआ मानकर बाराही देवी के रूप में मान्यता देते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि पहले यह उत्तरी भवानी मंदिर के नाम से प्रसिद्ध था तथा इस मंदिर के चारों तरफ बरगद की विशाल जटाएं स्थित है जो प्राचीनता का एहसास दिलाती है। मुकुंदपुर व बरौली मे बरगदी स्टेट की काफी जमीनें हैं। बरगदी के सर्वराकार कुंवर अजय प्रताप सिंह ने मेला क्षेत्र सहित सभी जमीनों को अपने रिश्तेदार रामपाल सिंह को प्रबंधकर्ता बना रखा है।

# किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज

संसू, मेहनौन (गोंडा) : धानेपुर थाना के एक गांव की रहने वाली किशोरी का उसकी गांव के रहने वाले युवक ने अपहरण कर लिया। किशोरी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा लिखा गया है। पुलिस ने अपहृत किशोरी को बरामद कर लिया है। एक गांव के रहने वाले अनुसूचित जाति के ने कहा कि उसकी 16 वर्ष की बेटी का अपहरण गांव के रहने वाले एक युवक ने उससे विवाह करने की नीयत से किया है। मामला दो समुदायों के बीच होने से तनाव बना हुआ है। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि किशोरी को बरामद कर लिया गया है। आरोपित रिजवान की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# सीडीआर खंगाल रही पुलिस, खुलेंगे कई राज

संसू, मेहनौन (गोंडा) : मेहनौन गांव में प्रेमी-प्रेमिका की गई हत्या में शामिल अन्य आरोपितों तक पहुंचने के लिए पुलिस मोबाइल की काल डिटेल रिकार्ड (सीडीआर) खंगाल रही है।

धानेपुर थाना के मेहनौन गांव के सतीश चौरसिया का गांव की रहने वाली युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। गत रविवार की रात को युवक अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था। वहां युवती के घर वालों ने दोनों को संदिग्ध हालात में पकड़ लिया। इसके बाद युवती के घर वालों ने दोनों की गला दबाकर हत्या कर दी थी। मृतक सतीश की मां प्रभावती की तहरीर पर मुकदमा लिख कर पुलिस ने मुख्य आरोपित कृपाराम व राघवराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हत्या करने व साक्ष्य छिपाने में कितने और लोग शामिल थे इसकी पड़ताल पुलिस ने शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि इस मामले में दो मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

उधर, मृतक सतीश चौरसिया के शव का अंतिम संस्कार स्वजनों ने बुधवार की देर शाम गांव के निकट कड़ी सुरक्षा के बीच किया।

# हत्या के प्रयास में तीन को पांच वर्ष का कारावास

संसू, गोंडा : हत्या के प्रयास में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डा दीनानाथ ने ग्राम अमवा कोतवाली मनकापुर निवासी संजय वर्मा, राम बहोर व राम चरित्र को पांच पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषित को आठ हजार 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि 12 मई 2013 को जोखू वर्मा अपने बेटे हरीश चंद्र व रिश्तेदार बब्बन वर्मा के साथ बैठे थे तभी दोषितों ने कट्टे से फायर करते हुए हमला कर दिया जिसमें जोखू गंभीर घायल हो गए थे। पुत्र हरिश्चंद्र वर्मा ने दोषितों के विरुद्ध मुकदमा किया था।

चोरी की मोटरसाइकिल खरीद फरोख्त में एफटीसी प्रथम/ अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने ग्राम गुलरिहा, धनराजपुर थाना जरवल रोड जिला बहराइच निवासी अनोखे लाल वर्मा व ननकू गोडिया को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषियों को बीस बीस हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने दोषियों को सजा सुनाते हुए तीन आरोपियों को बरी कर दिया।

छेड़खानी में एफटीसी प्रथम/ अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने ग्राम गौराचौकी गाजीपुर थाना खोड़ारे निवासी उस्मान को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी को 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अन्य छह आरोपितों को न्यायालय ने दोषमुक्त किया है।

## न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

संसू, नवाबगंज (गोंडा) : एक गांव की रहने वाली युवती ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि गत दो जनवरी को वह खेत गई थी। इसी दौरान गांव के कुछ लोग उसे शीशम के बाग में खींच ले गए। अभद्रता की। शोर मचाने पर उसकी मां पहुंची तो दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़िता व उसकी मां ने भय के कारण उस समय किसी से कुछ नहीं बताया। रात में आरोपित उसके घर में घुसकर असलहा दिखा कर उससे छेड़छाड़ की। परिवारीजन के जाग जाने पर वह सब जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है।

# नकदी, आभूषण संग दो गिरफ्तार

## व्यापारी से लूटे 1.55 लाख रुपये व सोना-चांदी हुई बरामद

संसू, गोंडा : आभूषण व्यापारियों से धोखाधड़ी कर दस लाख 55 हजार रुपये व लाखों रुपये का सोना-चांदी लेकर फरार दो आरोपितों को नगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से एक लाख 55 हजार रुपये व लाखों रुपये का सोना चांदी बरामद किया गया है।

नगर कोतवाली के आवास विकास कालोनी के रहने वाले हरिपाल सिंह ने बताया कि गुंजन ज्वेलर्स के नाम से दुकान संचालित करता है। हरिपाल सिंह ने कहा कि कोतवाली देहात के बढ़वलिया पंडरी कृपाल का रहने वाला सोनू उर्फ शिवानंद सोनी उससे सोने-चांदी के जेवरों को खरीदता-बेचता था। हरिपाल सिंह ने कहा कि शिवानंद ने उससे व कई अन्य आभूषण व्यापारी से दस लाख चार सौ रुपये व चार किलोग्राम चांदी तथा 484 ग्राम सोने के जेवर लेकर फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने घटना के राजफाश के लिए नगर कोतवाली पुलिस के साथ सर्विलांस टीम को भी लगाया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि नगर कोतवाल संजय कुमार गुप्ता की अगुवाई में उपनिरीक्षक अभिषेक पांडेय व प्रतीक पांडेय ने टीम के साथ घटना का राजफाश कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार होने वालों में सोनू उर्फ शिवानंद सोनी व धानेपुर थाना के मुजेहना गांव का रहने वाला सुरेंद्र सोनी शामिल हैं।



पुलिस कार्यालय में धोखाधड़ी के बारे में जानकारी देते एएसपी शिवराज ● जागरण

**धोखाधड़ी का मुकदमा**

नवाबगंज : कस्बा पड़ाव के रहने वाले हरि गोपाल रस्तोगी ने कहा कि लक्ष्मणपुरी कालोनी राजाजीपुरम लखनऊ के भानु प्रताप पांडेय, उनकी पत्नी सुमन व बेटे अंकुर पांडेय ने मकान बैनामा करने के नाम पर उससे नौ लाख रुपये लिए थे। बैनामा भी नहीं किया। अब रुपये मांगने पर आरोपित जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा पीड़ित की तहरीर पर धोखाधड़ी सहित अन्य धारा में मुकदमा लिखा गया है।

### घर की खिड़की तोड़कर नकदी समेत गहने चोरी

संसू, मेहनौन (गोंडा) : धानेपुर थाना के पूरे सुकाली निकट गोकरनगंज चौराहे के रहने वाले देवी शंकर के घर की खिड़की तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित का कहना है कि बुधवार कि रात चोर उसके घर के पीछे से खिड़की तोड़कर घुस गए। कमरे में रखे बक्से से 15 हजार रुपये व लाखों रुपये के आभूषण उठा ले गए। इसके पूर्व गत सोमवार कि रात बाबागंज में एक ही रात तीन घरों से चोरी किए जाने का मामला सामने आया था। बाबागंज के रहने वाले जगन्नाथ व अशोक कुमार सगे भाई हैं। वह इटियाथोक तिराहे पर दुकान करते हैं। जगन्नाथ के मुताबिक सोमवार की रात को चोर घर से आठ हजार रुपये व सोने के जेवरात और मोबाइल उठा ले गए। अशोक कुमार ने कहा कि 15 हजार रुपये व मोबाइल फोन चोरी हो गया। इसके अलावा कस्बा के रहने वाले एक व्यक्ति का मोबाइल भी चोरी हो गया। थानाध्यक्ष सतेंद्र वर्मा ने बताया कि तहरीर मिली जांच की जा रही है।

# छेड़खानी से परेशान छात्रा ने छोड़ा स्कूल

संसू, मेहनौन (गोंडा) : धानेपुर थाना के गांव की रहने वाली छात्रा ने शोहदों से परेशान होकर स्कूल जाना बंद कर दिया है। छात्रा ने कहा कि वह गांव के बगल स्कूल में सातवीं कक्षा में पढ़ती है। आरोप लगाया है कि जब वह स्कूल जाती है तो दो युवक उस पर फब्तियां कसते हैं और छेड़खानी करते हैं। रास्ते में उसकी फोटो खींचकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करते हैं। मोबाइल पर अश्लील मैसेज रिकार्ड करके भेजते हैं। छात्रा ने दोनों शोहदों के खिलाफ धानेपुर पुलिस को तहरीर दी है। मैसेज की रिकार्डिंग भी उपलब्ध कराई है।

**चार दिनों तक मामला दबाए रहे सिपाही:** छात्रा ने हलका के सिपाही को घटना की जानकारी दी। आरोप है कि कार्रवाई करने के बजाय सिपाही शोहदों को बचाने में जुटे हैं। छात्रा पिछले चार दिनों से शिकायत लेकर थाने का चक्कर लगा रही है, लेकिन सिपाही ने उसकी सुनवाई नहीं होने दी। गुरुवार को मामला थानाध्यक्ष के पास पहुंचा इसके बाद कार्रवाई शुरू की गई। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। आरोपितों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम भेजी गई है।

**अश्लील वीडियो व फोटो भेजने वाले युवक पर मुकदमा:** मेहनौन में धानेपुर थाना के एक गांव की रहने वाली युवती का विवाह बांदा जिले के कोतवाली नगर के ललौली के रहने वाले एक युवक के साथ तय हुई थी। युवक के बारे में कुछ बातें युवती को पता चलीं तो उसने विवाह करने से मना कर दिया। आरोप है कि विवाह के मना होने के बाद युवक, युवती के मोबाइल पर अभद्र मैसेज व अश्लील फोटो व वीडियो भेजने लगा। पीड़िता के मुताबिक उसने थाने पर शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इस पर एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है।

# ताला बदलकर किसने ठिकाने लगाया सामान, अधिकारी भी हैरान

संसू, बभनजोत (गोंडा) : अल्लीपुर बाजार में सील होने के बाद इंडियन डायग्नोस्टिक सेंटर का ताला बदलकर सामान गायब होने के मामले में सियासत जोरों पर है। स्वास्थ्य विभाग, राजस्व व पुलिस की मौजूदगी में सेंटर सील होने के बाद इसकी चाबी कौन ले गया। इस सवाल का भी जवाब तीनों विभागों के जिम्मेदार नहीं दे पा रहे हैं। सूत्र के मुताबिक डायग्नोस्टिक सेंटर का ताला खोलकर सामान निकालने में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व पुलिस की मिलीभगत से इन्कार नहीं किया जा सकता है। कारण, जिस कमरे में डायग्नोस्टिक सेंटर का संचालन किया जा रहा था, उसमें भारी मात्रा में सामान रखे थे। उसे दिन में ले जाना मुश्किल था। आशंका जताई जा रही है कि रात में सामान को ठिकाने लगाया गया है।

नायब तहसीलदार मनकापुर, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आदित्य कुमार वर्मा व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. तरुण मौर्या व पुलिस की मौजूदगी में करीब पखवारे भर पूर्व डायग्नोस्टिक सेंटर सील किया गया था। स्वास्थ्य अधिकारी का कहना है कि चाबी पुलिस को दी गई थी। जबकि पुलिस का कहना है कि उसे कोई चाबी नहीं मिली थी। ऐसे में चाबी कौन ले गया, यह सवाल अधिकारियों को कचोट रहा है। एसीएमओ डा. आदित्य वर्मा का कहना है कि तहरीर थाने पर दी गई थी। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। खोड़ारे थानाध्यक्ष अरविंद कुमार का कहना है कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### की शिकायत

कर्नलगंज : गोन्डे गोसाईंपुरवा के रहने वाले संदीप कुमार ने की गई शिकायत मे कहा कि कर्नलगंज-परसपुर मार्ग पर डा. फरीद खां अस्पताल का संचालन कर रहे हैं। इनके गलत इलाज से कई लोगों की जान जा चुकी है। उधर डा. फरीद खां ने कहा कि वह मरीजों का इलाज करते हैं। शिकायत निराधार है।



अल्लीपुर में डायग्नोस्टिक सेंटर का निरीक्षण करते अधिकारी • जागरण आर्काइव

### दर्ज कराया गया मुकदमा

अल्ट्रासाउंड मशीन, मशीन पोर्टबल, सफेद दो कंप्यूटर, मानीटर, सीपीयू, माउस बोर्ड, प्रिंटर मशीन, बफर सेट, ब्लड प्रेशर मशीन, माइक्रोस्कोप मैनुअल, लैब इन्क्यूलेटर, मशीन मेटल, इलेक्ट्रोलाइट एनालाइजर, इम्यूनो फ्लोरोलेंस एनालाइजर, हेमेटोलाजी एनालाइजर, इन्वर्टर सेट, बैटरी, इन्वर्टर, कमेस्ट्री एनालाइजर मशीन, फ्रिज व रिकार्ड रजिस्टर को उठा ले जाने व सील लगे ताले के स्थान पर दूसरा ताला लगा देने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# देर रात छपिया थाने का एसपी ने किया निरीक्षण

गोंडा। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल देर रात छपिया थाने पहुंचे। एसपी को थाने में अचानक देख हड़कंप मच गया। एसपी ने सबसे पहले थाना कार्यालय चेक किया तो दीवान व मुंशी मौजूद मिले। कार्यालय निरीक्षण के बाद उन्होंने हवालात में देखा तो उसमें दो बंदी मिले। पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में अपराध रजिस्टर, रोजनामचा की जांच की। (संवाद)

# नकदी व गहनों पर चोरों ने किया हाथ साफ

मुजेहना (गोंडा)। खिड़की के रास्ते आधी रात को घर में घुसे चोरों ने 15 हजार रुपये नकदी व गहने पार कर दिए। चोरी का पता घर वालों को बृहस्पतिवार की सुबह तब चला जब वे सोकर उठे। धानेपुर थाना क्षेत्र के पूरे सुकाली गोकरनगंज चौराहे के समीप के रहने वाले देवी शंकर ने बताया कि बुधवार की रात खाना खाने के बाद परिवार के सभी लोग सो गए थे। आरी रात चोरों ने खिड़की की कुंडी खोल ली और ग्रिल न लगा होने की वजह से घर में घुस आए। थानाध्यक्ष सतेंद्र वर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है। (संवाद)

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में कोतवाली मनकापुर अव्वल

गोंडा। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार की ओर से चलाए जा रहे पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में कोतवाली मनकापुर अव्वल रहा।

## कोतवाली करनैलगंज को द्वितीय स्थान

पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने बताया कि 11 से 17 अगस्त तक चलाए गए सात दिवसीय पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम के माध्यम से डायरेक्ट पोल, ट्वीट पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण, आईजीआरएस, एफआईआर पंजीकरण, पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन के लिए जिले समस्त थानों की वोटिंग कराई गई थी। कोतवाली मनकापुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि कोतवाली करनैलगंज ने द्वितीय, कोतवाली देहात ने तृतीय, कोतवाली नगर ने चतुर्थ व थाना धानेपुर ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। (संवाद)

# किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

गोंडा। थानाध्यक्ष परसपुर शेषमणि पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीया किशोरी को मुन्नाराम लोध निवासी धोपतपुर बसंतपुर थाना परसपुर अगवा कर ले गया था। मामले में केस दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। बृहस्पतिवार को उपनिरीक्षक राजन सिंह ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। संवाद

# चोरी की बाइक संग पकड़ा

गोंडा। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि छोटू निवासी पेरी गांव झंझरी पूरे शिवा बख्तावर को उपनिरीक्षक पिन्टू कुमार यादव ने चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने बताया कि उसने नीरज गिरी निवासी महादेवा की बाइक चोरी की थी। नीरज ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कराया था। संवाद

# तमंचे के साथ एक धरा

वजीरगंज (गोंडा)। थानाध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक बृजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार को वाहन चेकिंग के दौरान विकास मिश्र निवासी गोरथनिया को अयोध्या-गोंडा मार्ग पर दयानंद इंटर कॉलेज मोड़ से 12 बोर तमंचा, चार कारतूस व एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आयुध अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। संवाद

# महिला की पिटाई में चार पर केस

परसपुर (गोंडा)। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर निवासी अमरावती पत्नी अमिरका यादव ने बताया कि पेड़ काटने के विवाद को लेकर गांव के ही चार लोगों ने अभद्रता कर उसकी पिटाई कर दी। शोर करने पर जानमाल की धमकी देते सभी चले गए। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि अमरावती की तहरीर पर राम दुलारे मौर्या, राकेश मौर्या, सल्लहू व अकबाल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। संवाद

# किशोरी बरामद, आरोपी गिरफ्तार

परसपुर (गोंडा)। बीस दिन पूर्व क्षेत्र की एक 14 वर्षीय किशोरी को एक युवक बहला-फुसला कर अपहृत कर ले गया था। अपहर्ता के भाई ने इसकी रिपोर्ट आरोपी के खिलाफ थाने में दर्ज कराई थी। तभी से वह फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष परसपुर शेषमणि पांडेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी मुन्ना राम व अपहर्ता किशोरी को पुलिस ने लखनऊ चारबाग रेलवे स्टेशन से बुधवार की रात किया। किशोरी को वन स्टॉप सेंटर भेजा गया। संवाद

# एसआईटी से कराएं मामले की जांच

करनैलगंज (गोंडा)। भूमि धोखाधड़ी मामले में डीआईजी के निर्देश पर दर्ज मुकदमे की विवेचना में लापरवाही से नाराज पीड़ित ने विवेचना ट्रांसफर करवाने के लिए उच्चधिकारियों से गुहार लगाई है।

तहसील करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम पिपरी राउत निवासी श्यामफूल ने डीआईजी एवं एसपी को दिए पत्र में कहा है कि कोतवाली करनैलगंज में भूमि धोखाधड़ी मामले में दर्ज मुकदमें में विवेचक द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। आरोपियों से साठगांठ कर विवेचक चार्जशीट नहीं लगा रहे हैं। मामले की निष्पक्ष विवेचना एसआईटी या क्राइम ब्रांच से कराए जाने की मांग की है। विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक मनीष कुमार का कहना है कि आरोप निराधार है। सभी पहलुओं को देखकर जांच की जा रही है। संवाद

# दहेज में कार व पांच लाख रुपये न मिलने पर पत्नी को घर से निकाला

## पति समेत पांच लोगों के खिलाफ छेड़खानी और दहेज प्रताड़ना का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। दहेज में पांच लाख रुपये व कार नहीं मिली तो ससुलाल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है कि ससुर ने उसके साथ जबरदस्ती करने की भी कोशिश की। पीड़िता की शिकायत पर छपिया पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मारपीट, छेड़खानी व दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है।

छपिया थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि एक वर्ष पहले उसकी शादी बस्ती जिले के कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के नानकनगर पचपेड़िया के रहने वाले बैजनाथ के बेटे मनीष से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ससुराल वाले दहेज में पांच लाख रुपये नकदी व कार की मांग करने लगे। मांग पूरी करने में असमर्थता जताई तो उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि एक दिन जब वह किचन में काम कर रही थी तभी उसके ससुर कमरे में आ धमके और उससे अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी की।

विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और उसके जेवर छीनकर उसे घर से भगा दिया गया। वापस लौटने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। रिपोर्ट दर्ज कराने वह थाने पर गई तो पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। बाद में एसपी के हस्तक्षेप पर छपिया पुलिस को केस दर्ज किया। थाना छपिया के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति मनीष, ससुर बैजनाथ, सास रेखा, देवर अंकित व ननद पूनम के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# नशीली दवा रखने के जुर्म में एक साल की सजा

गोंडा। विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) ने नशीली दवा रखने के मामले में दोषी को एक साल कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक (एनडीपीएस एक्ट) अनुपम शुक्ला ने बताया कि करनैलगंज कोतवाली पुलिस ने 28 जुलाई 2021 को क्षेत्र के ग्राम कादीपुर लालापुरवा निवासी सतीश कुमार को 300 गोली नशीली दवा अल्प्रासेफ के साथ हुजूरपुर मोड़ से गिरफ्तार किया था। केस दर्ज कर पुलिस ने विवेचना की और पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर आरोपी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। बृहस्पतिवार को स्पेशल जज (एनडीपीएस एक्ट) राजबहादुर रामदेव यादव ने अभियुक्त को नशीली दवा रखने के अपराध में एक साल सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया। संवाद

# शादी से इंकार पर युवती को भेजा अश्लील मेसेज

मुजेहना (गोंडा)। धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती को शादी करने से इंकार करना महंगा पड़ गया। नाराज युवक ने सोशल मीडिया साइट पर युवती का फोटो लगाकर अपनी पत्नी बता रहा है। उसके मोबाइल पर अश्लील मेसेज भेजकर उसे परेशान कर रहा है। पीड़ित युवती ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। एसपी के निर्देश पर धानेपुर पुलिस ने छेड़खानी व आईटी एक्ट में केस दर्ज किया है।

युवती के मुताबिक उसकी शादी बांदा जिले के कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के ललौली गांव के रहने वाले लकी कौशल नाम के युवक के साथ तय हुई थी। आरोप है कि शादी तय होने के बाद जब उसने लकी के बारे में जानकारी की तो पता चला कि वह शराबी है। इसपर उसने शादी से इंकार कर दिया। युवती का आरोप है कि शादी से इंकार करने के बाद आरोपी उसकी फोटो फेसबुक पर पोस्ट कर उसे अपनी पत्नी बता रहा है और उसके मोबाइल फोन पर अश्लील मेसेज भेजकर उससे अभद्रता करता है और धमकी देता है। संवाद

# किशोरी से छेड़छाड़ में सौतेले भाई को सजा

## साक्ष्य के अभाव में पिता समेत छह अन्य आरोपियों को अदालत ने किया बरी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। खोड़ारे थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने दोषी सौतेले भाई को तीन वर्ष कारावास और 20 हजार पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। इसी मामले में अदालत ने साक्ष्य के अभाव में छह अन्य आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है।

पॉक्सो एक्ट के विशेष अभियोजक अनूप प्रताप सिंह ने बताया कि खोड़ारे थाना क्षेत्र की एक महिला ने न्यायालय में परिवाद दाखिल किया था। कहा कि वह ग्राम गौरा चौकी गाजीपुर निवासी जर्रार अहमद उर्फ जहीर की दूसरी पत्नी है और पति से उसकी अनबन चल रही है। 24 जुलाई 2020 को 10 बजे सुबह पति, उसकी पहली पत्नी किताबुन्निशा, बेटा उस्मान अहमद, रेहान, पुत्री अफसर जहां, गुड़िया व कोतवाली नगर के मोहल्ला महराजगंज के महफूज खान ने अपशब्द कहते हुए घर में घुसकर मारापीटा। गृहस्थी का सामान तोड़ा, नकदी, जेवरात उठा ले गए और उस्मान ने उससे व उसकी 15 साल की बेटी से छेड़खानी की।

ट्रायल के दौरान अदालत ने नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के अपराध का संदेह से परे साक्ष्य मिलने पर अभियुक्त उस्मान को दोष सिद्ध किया। संदेह से परे साक्ष्य न मिलने पर जर्रार अहमद, किताबुल निशा, रेहान, अफसर जहां, गुड़िया व महफूज खान व पॉक्सो एक्ट में उस्मान अहमद को दोषमुक्त कर दिया।

बृहस्पतिवार को निर्णय सुनाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) नम्रता अग्रवाल ने आरोपी उस्मान अहमद को छेड़छाड़ के अपराध में तीन वर्ष कठोर कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

## किशोरी का अपहरण, दुष्कर्म और दलित उत्पीड़न में आरोपी बरी

**पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने सुनाया फैसला**

गोंडा। किशोरी के अपहरण, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट व दलित उत्पीड़न के सात साल पुराने मामले में संदेह से परे साक्ष्य के अभाव में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने आरोपी को दोषमुक्त कर दिया है। मामले की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता राम बालक तिवारी और अभियोजन पक्ष से शासकीय अधिवक्ता अशोक सिंह ने बहस की। अभियोजन पक्ष के अनुसार वजीरगंज थाना क्षेत्र की निवासी दलित महिला लक्ष्मी देवी ने 19 नवंबर 2016 को थाने पर प्रार्थना पत्र दिया था। कहा था कि 11 नवंबर 2016 को करीब नौ बजे सुबह उसकी 16 साल की बेटी को ग्राम चड़ौंवा निवासी मोहित सिंह भगा ले गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की और नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट व एससी-एसटी एक्ट के तहत आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत में बयान के दौरान पीड़ित बालिका स्वयं पक्षद्रोही हो गई, जिरह में उसने आरोपी से आंतरिक संबंध की बात स्वीकार की और आरोपी के साथ जाने की इच्छा व्यक्त की। पत्रावली में संदेह से परे साक्ष्य न होने के आधार पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मोहम्मद नियाज अहमद अंसारी ने आरोपी अभियुक्त मोहित सिंह को दोषमुक्त कर दिया। (संवाद)

# लाखों की नकदी व जेवर हड़पने के आरोपी दो सर्राफ गिरफ्तार

गोंडा। कोतवाली नगर पुलिस ने दस लाख रुपये नकदी समेत लाखों के जेवर हड़पने वाले दो सराफा व्यापारियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 155 हजार 200 रुपये नकदी, 218 ग्राम सोना व 762 ग्राम चांदी बरामद हुई है।

अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि 16 अगस्त को शहर के आवास विकास कॉलोनी के रहने वाले हरिपाल सिंह ने कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कहा था कि शिवानंद सोनी उर्फ सोनू रिवासी बदवलिया पंडरी कृपाल कोतवाली देहात ने उनका और पांच अन्य सर्राफा व्यापारियों का 23 जुलाई को 10,040,00 रुपये नकदी, 484.5038 ग्राम सोना व चार किलो ग्राम चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। एएसपी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी शिवानंद की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली नगर की टीम लगाई गई थी। वृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर संजय गुप्ता एवं सर्विलांस सेल की टीम ने आरोपी शिवानंद सोनी उर्फ सोनू और उसके सहयोगी सुरेन्द्र सोनी निवासी मुजेहना थाना धानेपुर को गिरफ्तार कर उनके पास से 155200 रुपये नकदी, 218 ग्राम सोना व 762 ग्राम चांदी के जेवर बरामद किया है। (संवाद)

# चाइल्ड लाइन ने रुकवाया नाबालिग का निकाह

इटियाथोक (गोंडा)। चाइल्ड लाइन की टीम ने नाबालिग बालिका का निकाह रुकवाकर थाने पर काउंसलिंग कराई। काउंसलिंग के बाद दोनों परिवार निकाह न करने पर राजी हो गए। बुधवार को इटियाथोक थाना क्षेत्र के गांव में एक नाबालिग का निकाह होने की सूचना चाइल्ड लाइन सेंटर को मिली थी। टीम ने गांव में पहुंचकर दोनों परिवारों को बातचीत के लिए थाने पर बुलाया। यहां पुलिस की मौजूदगी में दोनों परिवारों ने बालिग हो जाने के बाद निकाह करने की सहमति व्यक्त की। - संवाद

# गोंडा से लापता बालक बलरामपुर में मिला

गोंडा। घर के सामने खेल रहा नौ साल का मासूम बालक बुधवार की शाम लापता हो गया। घर नहीं पहुंचा तो परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की। मगर उसका पता नहीं चल सका। देर रात बलरामपुर के रेहरा बाजार पुलिस को बालक को छपिया चौक के पास से मिला। रेहरा पुलिस की सूचना पर परिवार वाले वृहस्पतिवार की सुबह रेहरा पहुंचे तो पुलिस ने बालक को परिवार वालों की सुपुर्दगी में दे दिया। कोतवाली मनकापुर क्षेत्र के धुसवा गांव के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मिथिलेश तिवारी ने बताया कि उनके गांव के रहने वाले बालकराम विश्वकर्मा का बेटा मनोज उर्फ बलराम (9) बुधवार की शाम को लापता हो गया था। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-08-2023

# शिक्षकों को बचाने के लिए एफआईआर में किया खेल

## जिस फर्जी नाम पर कर रहे थे नौकरी, उसी नाम पर दर्ज करा दिया केस

संजय तिवारी

बलरामपुर। फर्जी शिक्षकों को बचाने के लिए अफसरों ने एफआईआर दर्ज कराने में भी खेल कर दिया। दूसरों के अभिलेख पर नौकरी हासिल करने वालों की पहचान किए बिना ही उन्हीं लोगों के नाम एफआईआर दर्ज हो गई, जिनके नाम पर फर्जी लोगों ने नौकरी हथियाई थी।

अब यही पेंच वेतन रिकवरी में आड़े आ रहा है। फर्जीवाड़ा करने वालों तक न तो पुलिस के हाथ पहुंच रहे हैं और न ही विभाग के पास उनकी कोई जानकारी ही है। जिस नामों से नियुक्ति हुई, उन्हीं तक विभाग सीमित रहा और कार्रवाई के नाम पर सिर्फ कागजी घोड़ा दौड़ाया जा रहा है। वहीं बलरामपुर व गोंडा जिले के चार शिक्षकों की नियुक्ति से जुड़े दस्तावेज ही एसटीएफ को नहीं मिल रहे हैं। जिससे जांच नहीं हो पा रही है, इस पर खफा एसटीएफ ने दोनों जिलों के बीएसए को कड़ा पत्र लिखा है।

शिक्षकों की भर्ती में हुए खेल का खुलासा मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों का ब्योरा ऑनलाइन होने पर हुआ। आधार और पैन कार्ड वेतन के खातों से लिंक कराने पर एक ही अभिलेख पर दो-दो शिक्षकों की नियुक्तियों के मामले उजागर हुए। ऐसे में फर्जी शिक्षकों की सेवा समाप्त कर केस दर्ज कराने व वेतन की वसूली का आदेश हुआ। देवीपाटन मंडल के अंदर बलरामपुर जिले में सबसे अधिक फर्जीवाड़े सामने आए और 121 की सेवा समाप्त की गई। साथ ही एफआईआर भी दर्ज कराई गई, लेकिन एफआईआर गलत नामों पर हो गई। बीते दिनों फर्जीवाड़ा कर नौकरी हासिल करने वाले प्रधानाध्यापक आनंद तिवारी शतेंद्र प्रताप, विजय प्रकाश सिंह, कल्बे हसन व देशराज सिंह के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई। संवाद

### नहीं हो पा रही सेलरी की रिकवरी, ढूंढ़े नहीं मिल रहे दस्तावेज

### एसटीएफ की निगरानी से खलबली

जिले में दो शिक्षक ऐसे हैं जिनकी नियुक्ति से जुड़े अभिलेख ही एसटीएफ को नहीं भेजे गए हैं। एसटीएफ की नाराजगी के बाद स्कूल शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनंद ने शिक्षकों के दस्तावेज एवं नियुक्ति प्रपत्र की सत्यापित कापी विशेष संदेशवाहक के साथ लखनऊ स्थित एसटीएफ अधीक्षक कार्यालय में पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। वहीं अब कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं, अब तक दूसरे के अभिलेख पर नौकरी करने वालों की पहचान ही नहीं हो सकी है। रिकवरी का आगणन ही पूरा नहीं बन सका है।

### जल्द ही रिकवरी की प्रक्रिया पूरी होगी

जिन शिक्षकों के दस्तावेज जाने हैं, उसकी रिपोर्ट खंड शिक्षा अधिकारी से मांगी गई है। वहां से आने से पर पेपर एसटीएफ को भेज दिए जाएंगे। फर्जीवाड़े में शामिल जिन शिक्षकों को वेतन मिला है उसका आगणन कराया जा रहा है। जल्द ही रिकवरी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। -**कल्पना देवी,** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

### रिपोर्ट लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी

फर्जीवाड़ा कर शिक्षक बने लोगों की जांच की गई है। इसमें सहयोग करने का सभी बीएसए को निर्देश दिया गया है। रिकवरी की रिपोर्ट लेकर आगे कार्रवाई की जाएगी।

-**राम सागर पति त्रिपाठी,** सहायक शिक्षा निदेशक

### माध्यमिक स्कूलों में भी हो चुका है फर्जीवाड़े का खुलासा

जिले के माध्यमिक शिक्षा के स्कूलों में भी फर्जी तरीके से नियुक्ति हासिल किए जाने का मामला सामने आ चुका है। जिसमें बसंतलाल इंटर कॉलेज में शिक्षा चयन आयोग के फर्जी नियुक्ति पत्र के आधार पर नौकरी करने वाले गाजीपुर जिला निवासी चंद्रशेखर सिंह और सारनाथ जिला वाराणसी निवासी सुनील कुमार दिसंबर 2021 में कार्यभार ग्रहण करने पहुंचे थे। दोनों के अंक पत्र और प्रमाणपत्रों की जांच करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर दोनों को जॉइन करा दिया। वित्तीय वर्ष समाप्त होने पर जिला विद्यालय कार्यालय द्वारा आयोग से नियुक्तियों का मिलान करने पर शिक्षक फर्जी मिले। जिस पर बसंतलाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अशोक कुमार पांडेय ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। तुलसीपुर बलरामपुर मार्ग पर स्थित एक ढाबे से पुलिस ने दोनों गिरफ्तार किया था।

# गैड़ास बुजुर्ग व रेहरा के थानाध्यक्ष हटाए गए

## गैसड़ी में भी बदलाव, ढिलाई बरतने वालों पर एसपी सख्त

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। पुलिस महकमे में पुलिस अधीक्षक ने बड़ी कार्रवाई की। गैड़ास बुजुर्ग के थानाध्यक्ष गौरव सिंह तोमर को ढिलाई पर लाइन हाजिर कर दिया गया। वहीं रेहरा बाजार के थानाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह चौहान को न्यायालय सुरक्षा में लगाया है। एसपी केशव कुमार ने कहा कि लापरवाही बरतने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

बुधवार की देर शाम पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों की तैनाती में फेरबदल किया है। इसमें गैसड़ी के थाना प्रभारी ओम प्रकाश सिंह को रेहरा बाजार थाने में तैनाती दी है। उप निरीक्षक पवन कुमार कनौजिया को पीआरओ पुलिस अधीक्षक से थानाध्यक्ष गैड़ास बुजुर्ग बनाया है। जरवा थाने में तैनात उप निरीक्षक के दुर्विजय को हरैया थाना, उप निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय थानाध्यक्ष हरैया से थानाध्यक्ष जरवा बने हैं। वहीं उप निरीक्षक अनिल कुमार दीक्षित को चौकी प्रभारी देवीपाटन थाना तुलसीपुर से थानाध्यक्ष गैसड़ी का प्रभार दिया है। एसपी ने तत्काल आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया।

एसपी की कार्रवाई से पुलिस महकमे में खलबली है। माना जा रहा है कि देर सवेर कुछ और थानाध्यक्षों पर कार्रवाई संभव है। एसपी गोपनीय रूप से थानों के कामकाज पर नजर रख रहे हैं।

### अधिकारों के प्रति सजग रहें महिलाएं

बलरामपुर। एसपी केशव कुमार के निर्देश पर बृहस्पतिवार को वीर विनय चौराहे पर जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1098, 102 व 108 नंबर की जानकारी देते हुए उनके उपयोग की जानकारी दी। कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। अधिकार की जानकारी होने पर ही अपने हक के लिए लड़ाई लड़ सकती हैं। (संवाद)

# धोखाधड़ी के दोषी को ढाई वर्ष की कैद

बलरामपुर। सीजेएम प्रीतिमाला चतुर्वेदी ने धोखाधड़ी करने के मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए ढाई वर्ष की सजा सुनाई है। सीजेएम ने दोषी को 45 हजार रुपये अर्थदंड भी अदा करने का आदेश दिया है। एसपीओ अजय कुमार व मॉनीटरिंग सेल प्रभारी केके यादव ने बताया कि नगर कोतवाली में थाना गौरा चौराहा के ग्राम मुड़िला नौबस्ता निवासी सुरेंद्र कुमार तिवारी व बलरामपुर नगर निवासी अजय कुमार श्रीवास्तव ने जनपद आजमगढ़ के थाना मेहनाजपुर ग्राम सकिया बकिया निवासी राकेश सिंह के खिलाफ छलकपट व धोखाधड़ी करके जमीन के नाम पर पैसा जमा कराकर भाग जाने का मुकदमा लिखाया था। (संवाद)

# प्रभारी निरीक्षक को दी विदाई

**जरवा।** स्थानीय कोतवाली में तैनात प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय सिंह के स्थानांतरण होने पर क्षेत्रवासियों ने बधाई दी है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अरशद खान, सगीर अहमद, रमाकांत यादव व राम कुमार आदि ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। (संवाद)

# ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** पचपेड़वा थाना अंतर्गत ग्राम शंकरपुर रेलवे क्रॉसिंग के निकट सुबह करीब छह बजे लखनऊ जा रही इंटरसिटी ट्रेन से कटकर एक महिला की मौत हो गई, जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष है। प्रभारी निरीक्षक पचपेड़वा अवधेश राज सिंह ने बताया कि मृतक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। (संवाद)

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**उतरौला।** स्थानीय कोतवाली की पुलिस ने दुष्कर्म मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। सीओ उतरौला ज्योतिश्री ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त की पहचान अरशद निवासी ग्राम मोहनजोत कोतवाली उतरौला के रूप में हुई है। (संवाद)

# पुलिस ने पकड़े पांच वारंटी

**तुलसीपुर।** स्थानीय थाने की पुलिस ने विभिन्न धाराओं में वारंटी रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। सीओ राघवेंद्र सिंह ने बताया कि अभियुक्त की पहचान रमेश कुमार सोनी उर्फ रजवंत निवासी हरैया तिराहा जुगलीपुर थाना तुलसीपुर के रूप में हुई है। वहीं गैड़ास बुजुर्ग थाने की पुलिस विभिन्न धाराओं में वारंटी रहे अब्दुल वाहिद, सलाहुद्दीन व जमील को गिरफ्तार किया है। पचपेड़वा थाने की पुलिस ने एक वारंटी रहे अतीउल्ला निवासी ग्राम जूड़ीकुइंया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। (संवाद)

# इंडो-नेपाल के तटवर्ती गांवों में विकास की तैयारी




बलरामपुर के पचपेड़वा में सीमावर्ती गांव में ड्रोन कैमरे से साक्ष्य एकत्र करती पुलिस टीम। -संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बलरामपुर।** इंडो-नेपाल के तटवर्ती गांव की निगरानी के लिए जिले की पुलिस द्वारा सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय सीमा से 10 किलोमीटर के दायरे में शामिल गांव का सर्वे करके हर पहलू की पड़ताल की जा रही है।

कवच अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने सीमावर्ती 42 गांवों के सर्वे की मुहिम शुरू की है। इसी मुहिम के तहत क्षेत्राधिकारी अपराध दरवेश कुमार के नेतृत्व में

## सीमा के दस किमी. के दायरे में शामिल गांवों की हो रही पड़ताल

पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार को पचपेड़वा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव विशुनपुर कोडर का भ्रमण किया। गांवों में पहुंचकर वहां की मूलभूत सूचनाओं को संकलित किया गया।

नेपाल जाने वाले कच्चे पगडंडी रास्तों, धार्मिक स्थलों व शिक्षा संस्थानों का ड्रोन कैमरे से फोटोग्राफ लिया गया। साथ ही साथ जनसंख्या एवं आर्थिक व सामाजिक स्थिति के आंकड़े भी जुटाए गए।

# खामी पर सीओ ने जताई नाराजगी

गैसड़ी। स्थानीय थाना कोतवाली गैसड़ी का क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेंद्र सिंह ने वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने असलहा, मैगजीन, कारतूस, कार्बाइन, पिस्टल, रिवाल्वर पंप, एक्शन गन, पीएफ एंटी रायनगन व अभिलेखों का जांच किया। इस दौरान छोटी-मोटी कमियां मिलने पर उन्होंने उसे शीघ्र दुरुस्त करने की सख्त हिदायत दी। क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि सभी असलहे दुरुस्त पाए गए।

# धोखाधड़ी के दोषी को सजा

**बलरामपुर।** जमीन देने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने के मामले में न्यायालय ने दोषी को दो वर्ष छह माह की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी के विरुद्ध 45 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया।

मीडिया सेल प्रभारी केके यादव ने बताया कि सुरेंद्र कुमार तिवारी निवासी मुडिला नौबस्ता व अजय कुमार श्रीवास्तव निवासी झारखंडी रेलवे स्टेशन की सूचना पर राकेश सिंह पुत्र स्वर्गीय हृदय नारायण सिंह निवासी सकिया पकिया थाना मेहनाजपुर जनपद आजमगढ़ के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य मामले में अभियोग पंजीकृत किया गया था। आरोप लगाया है कि अभियुक्त ने जमीन देने का झांसा देकर धोखाधड़ी कर पैसा जमा करा लिया है। उन्होंने बताया कि मामले की विवेचना उप निरीक्षक नंद कुमार कनौजिया ने आरोप पत्र न्यायालय दाखिल किया। उन्होंने बताया कि गवाह साक्ष्य प्रस्तुत होने के बाद अभियुक्त दोषी पाए गए।

# पशु क्रूरता मामले में अभियुक्त को पकड़ा

बलरामपुर। पचपेड़वा पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक नीरज कुमार सिंह ने बताया कि अतीउल्लाह पुत्र रईस निवासी जूडीकुइयां पशु क्रूरता अधिनियम में न्यायालय से वांछित चल रहे थे।

# अलग-अलग मामलों में दो गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना हरैया पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक रमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि स्वामी पुत्र छंगा निवास झरियाडीह, वीरेंद्र कुमार पुत्र पाटेश्वरी निवासी सहिजनवा फॉरेस्ट एक्ट के मामले में न्यायालय से वंचित थे। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

# दुष्कर्म सहित अन्य मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना कोतवाली उतरौला पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य मामले में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। थाना उतरौला प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे ने अरशद पुत्र शोहबत अली निवासी मोहनजोत दुष्कर्म सहित अन्य मामले में अभियुक्त थे। जिन्हें निरीक्षक आलोक कुमार सिंह, उप निरीक्षक सुरेंद्र वर्मा, कांस्टेबल प्रशांत शर्मा, अमरजीत यादव के संयुक्त टीम में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# एनडीपीएस एक्ट में अभियुक्त को पकड़ा

बलरामपुर। थाना तुलसीपुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक कृष्णानंद पांडेय ने बताया कि रमेश सोनी उर्फ राजवंत पुत्र जगदंबा निवासी हरैया तिराहा जुगलीपुर को गिरफ्तार किया गया है।

# तीन वांछितों को पुलिस ने पकड़ा

बलरामपुर। थाना गैडास बुजुर्ग पुलिस ने तीन वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक उमाकांत मिश्रा ने बताया कि अब्दुल वाहिद, सलाहुद्दीन, जमील अहमद विद्युत अधिनियम में न्यायालय [illegible] किया गया है।

# धोखाधड़ी के दोषी को दो साल छह माह का कारावास

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** सीजेएम न्यायालय ने जमीन देने का झांसा देकर धोखाधड़ी से पैसा लेने वाले अभियुक्त को दो साल छह माह की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से भी दंडित किया है।

थाना गौरा चौराहा के ग्राम मुड़िला नौबस्ता निवासी सुरेंद्र कुमार तिवारी व कोतवाली नगर के झारखंडी रेलवे स्टेशन निवासी अजय कुमार श्रीवास्तव ने कोतवाली नगर में तहरीर दी थी कि जनपद आजमगढ़ के थाना मेहनाजपुर के ग्राम सकिया बकिया निवासी राकेश सिंह ने जमीन देने का झांसा देकर धोखाधड़ी करके पैसा जमा करा लिया। अभियुक्त के खिलाफ नगर कोतवाली की पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया। न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए अभियुक्त को दो साल छह माह कारावास की सजा सुनाते हुए 45 हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है।

## गोवध के आरोपित अतीउल्ला को भेजा जेल

**पचपेड़वा** : गोवध के आरोपित को पचपेड़वा थाना की पुलिस ने जेल भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम जुड़ीकुइयां निवासी अतीउल्ला को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

## तीन वारंटी गिरफ्तार

**गैंड़ास बुजुर्ग** : तीन वारंटियों को थाना गैंड़ास बुजुर्ग की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष पवन कुमार कन्नौजिया ने बताया कि ग्राम बेदौला निवासी अब्दुल वाहिद, सलाहुद्दीन व जमील अहमद को जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# महिलाओं को दी जानकारी

बलरामपुर : बेटियों व महिलाओं को जागरूक करने के लिए मिशन शक्ति अभियान के तहत कोतवाली व थानों में जागरूकता कार्यक्रम कराए गए। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर गांवों व ग्रामीण बाजारों में महिलाओं व बेटियों को हेल्पलाइन नंबरों के साथ योजनाओं की जानकारी दी गई। (संसू)

# पवन व अनिल को मिली थानेदारी, गौरव लाइनहाजिर

**बलरामपुर** : पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने थानों में फेरबदल किया है। थाना गैंड़ासबुजुर्ग के प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह तोमर को लाइन हाजिर कर दिया है। यहां की थानेदारी एसपी के जनसंपर्क अधिकारी पवन कनौजिया को सौंपी गई है। थाना रेहराबाजार के प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश चौहान को न्याय सुरक्षा का प्रभारी बनाया गया है। यहां की कमान गैंसड़ी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रहे ओमप्रकाश को सौंपी गई है। हरैया सतघरवा के थानाध्यक्ष अखिलेश व जरवा कोतवाल दुर्विजय का पारस्परिक स्थानांतरण हुआ है। तुलसीपुर देवीपाटन के चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अनिल को गैंसड़ी कोतवाली का प्रभार सौंपा गया है।

BAHRAICH POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः-25-08-2023

हिन्दुस्तान

# तेंदुए का किशोरी पर हमला, चेहरा और गर्दन नोंचा

बहराइच, संवाददाता। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग से सटे गांवों में तेंदुए का हमला थम नहीं रहा है। मोतीपुर रेंज से लगे बक्सहिया गांव में खेत जा रही किशोरी पर घात लगाकर तेंदुए ने हमला कर दिया। ग्रामीणों के पहुंचने से किशोरी की जान बच गई। चेहरे व गर्दन पर गहरे घाव होने से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वन विभाग की टीम ने प्रभावित गांव पहुंचकर लोगों को आगाह किया है।

मोतीपुर रेंज से गुलरा बक्सहिया गांव लगा हुआ है। गांव की 15 वर्षीय बन्नों पुत्री जगदीश प्रसाद बुधवार की देर शाम में मक्के की खेत जा रही थी। गन्ने के खेत के पास से गुजरते समय उस पर तेंदुए ने पीछे से हमला कर दिया। शोर सुनकर कुछ दूरी पर खेत में काम कर रहे ग्रामीण दौड़ आए। तेंदुए को देखकर हांका लगाने लगे। इस पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। घायल को परिजन सीएचसी मोतीपुर ले गए। रक्तस्राव संग गर्दन



मोतीपुर के तनाजा गांव के खेत में लगा पिंजड़ा

में गहरा घाव होने पर से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हालांकि चिकित्सक खतरे से बाहर बता रहे हैं। हमले की सूचना पर क्षेत्रीय वन अधिकारी मोतीपुर सुरेन्द्र कुमार तिवारी वन कर्मियों की टीम के साथ प्रभावित गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को अकेले खेत में न जाने का सुझाव दिया है। वन टीम कांबिंग भी कर रही है। उन्होंने बताया कि पीड़िता के इलाज के लिए विभाग की ओर से आर्थिक मदद भी मुहैय्या कराई जाएगी।

## तेंदुए ने मवेशी को बनाया निवाला

बहराइच। मोतीपुर रेंज से लगे सोमईगौढ़ी के मजरा तनाजा में कई दिनों से तेंदुआ मवेशियों को निवाला बना रहा है। बुधवार की रात गांव के राजेन्द्र यादव के मवेशी का तेंदुए ने शिकार कर लिया। आवाज सुनकर जब तक परिजन पहुंचे। मवेशी की मौत हो गई। तेंदुए को देखकर हांका लगाया। क्षेत्रीय वन अधिकारी मोतीपुर सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि तेंदुए के पग चिंह मिले हैं। गांव के लोगों को अलर्ट किया गया है।

## तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाया गया पिंजड़ा

बहराइच। तनाजा गांव में लगातार तेंदुए के दस्तक को देखते हुए पिंजड़ा लगाया गया है। ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। खासकर छोटे बच्चों को अकेले गांव के बाहर या खेत जाने से न देने का सुझाव वन विभाग की ओर से दिया गया है। वाचर को गांव में ही रहने व गोला पटाखा भी उपलब्ध कराया गया है।

"तेंदुआ प्रभावित गांवों में वन टीम लगातार मॉनीटरिंग कर रही है। हमले में घायल किशोरी के परिजन को मदद मुहैय्या कराई जाएगी। तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजड़ा भी लगा दिया गया है।

**रमेश कुमार चौहान**, प्रभारी डीएफओ, कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग

हिन्दुस्तान

# राजकुमार हत्याकांड में छह को नामजद कर केस

बहराइच। दरगाह थाने के डीहा के मजरे अशोखा निवासी राज कुमार कोरी पुत्र आशाराम हत्याकांड में पुलिस ने बुधवार देर रात मृतक की पत्नी सुनीता देवी की तहरीर पर इसी गांव निवासी मोहम्मद सलीम पुत्र हसन अली सहित छह को नामजद कर केस दर्ज कर लिया गया है।

इस मामले में बलवा, सुनियोजित, हत्या, दलित उत्पीड़न अधिनियम में केस दर्ज किया गया है। दरगाह एसएचओ हरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

हिन्दुस्तान

# तैयारी: मंडलायुक्त आज आएंगे

बहराइच। मंडलायुक्त शुक्रवार को पहली बार जिला मुख्यालय पहुंच रहे हैं। उनके आगमन को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन गुरुवार को पॉश इलाकों में सफाई अभियान में जुटा रहा। यहां तक उन रास्तों में स्वच्छता के स्लोगन संग महापुरुषों के चित्र भी बनवाने में कर्मचारी लगे रहे, ताकि शहर में स्वच्छता का सकारात्मक संदेश दिया जा सके।

मंडलायुक्त विकास कार्यों की समीक्षा समेत कई मुद्दों की पड़ताल के लिए जिला मुख्यालय पहुंचेंगे। वह पुलिस लाइन होकर कलेक्ट्रेट आएंगे। ऐसे में इन रास्तों पर उनकी नजर पड़नी स्वावभाविक है। गुरुवार को ईओ प्रमिता सिंह अपनी टीम के साथ इन मार्गों पर साफ-सफाई कराने के लिए दिन भर जुटी रहीं।

हिन्दुस्त

# बीडीओ तबादलाः धरने पर बैठे प्रधानों को पुलिस ने रोका



शिवपुर ब्लॉक मुख्यालय के पास धरने पर बैठे प्रधान।

**शिवपुर, संवाददाता।** बीडीओ की धमकी व विधायक के प्रोटोकॉल की अनदेखी से भड़के प्रधानों ने गुरुवार को ब्लॉक परिसर में पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत धरने पर बैठे, लेकिन पुलिस ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अधिसूचना का हवाला देकर धरना-प्रदर्शन को रोक दिया। आक्रोशित प्रधानों ने कहा कि छह सितंबर के बीच में बीडीओ को तबादला न होने की स्थिति में अगले दिन से 40 पंचायतों के प्रधान सामूहिक रूप से अनिश्चित कालीन धरना देंगे।

शिवपुर ब्लॉक मुख्यालय पर तीन दिन पहले जलजीवन मिशन का कार्यक्रम रहा। नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा, ब्लॉक प्रमुख समेत प्रधान भी शामिल हुए थे, लेकिन कार्यालय में मौजूद होने के बाद भी बीडीओ अमन कुमार वर्मा सभागार में गए न ही उनके प्रोटोकॉल का ही पालन किया। यही नहीं बुलाने गए प्रधानों से भी अभद्रता किया।

इससे नाराज प्रधान परिसर में धरने पर बैठ गए थे। इसके बाद उपजा विवाद डीएम मोनिका रानी व सीडीओ कविता मीना के पटल तक पहुंचा। प्रधान बीडीओ पर अवैध उगाही व अभद्रता करने के मामले में कार्रवाई को लेकर अड़े हुए हैं। इसी को लेकर वे लोग सुबह ब्लॉक परिसर में धरने पर बैठने के लिए पहुंचे। धरने प्रधानों के बैठने की खबर पाकर खैरीघाट एसओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची।

# जान बचाने के लिए तेंदुए से भिड़ गई किशोरी

संवाद न्यूज एजेंसी

मिहींपुरवा (बहराइच)। जंगल के किनारे बुधवार की शाम एक किशोरी पर तेंदुए ने हमला कर दिया। इस दौरान किशोरी बहादुरी दिखाते हुए तेंदुए से भिड़ गई। काफी देर संघर्ष के बाद ग्रामीण भी वहां पहुंच गए और तेंदुए को जंगल में खदेड़ दिया। घायल किशोरी को सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। सूचना पाकर मौके पर वन टीम पहुंच गई है।



तेंदुए के हमले में घायल किशोरी।

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मोतीपुर वन रेंज अन्तर्गत ग्राम गुलरा बक्सहिया निवासिनी सायरा बानो (15) पुत्री जगदीश बुधवार की शाम जंगल के किनारे अपने खेत के पास बकरी चराने गयी थी। तभी जंगल से निकले तेंदुए ने बकरी पर झपट्टा मारा। इस दौरान सायरा बानो बीच में आकर तेंदुए से भिड़ गई।

## सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर, वन विभाग की टीम पहुंची

वन क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा एसके तिवारी ने बताया कि बुधवार की शाम को जंगल के किनारे गुलरा बक्सहिया निवासिनी सायरा बकरी चरा रही थी। जंगल से निकलकर तेंदुए ने हमला कर घायल कर दिया है। वन विभाग की टीम को मौके पर भेजी गई है। ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

### तेंदुए से संघर्ष कर मां ने बचाई थी पुत्री की जान

कतर्नियाघाट के निशान गाड़ा रेंज के ग्राम रमपुरवा मटेही के मजरा नवीन पुरवा में बीते 13 जुलाई को मां के साथ खेत जा रही मनीषा (6) पर तेंदुए ने हमला कर उसकी गर्दन दबोच ली। तभी उसकी बहादुर मां अपनी पुत्री को अपनी ओर खींचा जबकि तेंदुआ उसे अपनी ओर खींच रहा था। कड़ा संघर्ष कर उसने अपनी पुत्री को तेंदुए से छुड़ा लिया था।

# किशोरी की हत्या करने वाला चचेरा भाई गिरफ्तार

**मिहींपुरवा (बहराइच)।** प्रेम संबंध के विरोध में चचेरी बहन की हत्या करने वाले भाई को बृहस्पतिवार को पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। प्रेमी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## प्रेमी को भी दबोच कर भेज दिया जेल

मोतीपुर थाना क्षेत्र के विश्राम गांव के मजरा चमारनपुरवा निवासी अनीता का पड़ोस में रहने वाले कमलेश उर्फ ठगई के साथ प्रेम प्रसंग था। कमलेश उसे फुसला कर भगा ले गया था। जिसके बाद घर वापस आने पर उसके चचेरे भाई श्रीराम उर्फ जीवा ने चाकुओं से गोद कर उसकी हत्या कर दी थी। हत्या के बाद से श्रीराम फरार था। प्रेमी कमलेश पर भी अपहरण का मुकदमा दर्ज था और वह भी फरार चल रहा था। दोनों आरोपियों को बृहस्पतिवार को पुलिस ने दबोच लिया।

प्रभारी थानाध्यक्ष मोतीपुर मनोज कुमार राव ने बताया कि किशोरी की मां ने कमलेश पर मुकदमा दर्ज करवाया था। उसे कुड़वा मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। हत्या करने वाले चचेरे भाई श्रीराम को गोपिया बैराज से दबोचा गया। (संवाद)

# दो किमी जाने में लग रहे 40 मिनट

## अस्पताल चौराहा, छावनी, घंटाघर, पीपल चौराहे पर हर समय जाम

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जाम से पूरा शहर कराह रहा है। पुलिस प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद भी इस समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। बृहस्पतिवार को जब अस्पताल चौराहा से घंटाघर, पीपल तिराहे तक का जायजा लिया गया तो दो किमी दूरी तय करने में 40 मिनट लग गए। रास्ते में मौजूद लोगों ने कहा कि यह रोज की समस्या है। न जाने इससे कब छुटकारा मिलेगा। इस दौरान कई जगह पर यातायात पुलिस भी नदारद मिली।

नगरवासियों को जाम से कब मुक्ति मिलेगी यह सवाल बना हुआ है। स्थानीय पुलिस और यातायात विभाग व्यवस्था सुधारने में असफल साबित हो रहे हैं। शहर के पीपल तिराहा से लेकर घंटाघर, छावनी चौराहा से डिगिहा तिराहा, डिगिहा तिराहा से अस्पताल चौराहा तक हर रोज जाम लगता है। जाम में फंसे लोग पुलिस प्रशासन को कोसते नजर आते हैं।

सड़क के दोनों तरफ ठेला खोमचा लगाने वालों ने स्थिति भयावह कर दी है। कार्रवाई के बजाए पुलिस की मौन सहमति मिल रही है। बृहस्पतिवार को सुबह अस्पताल चौराहा, घंटाघर छावनी, डिगिहा तिराहे पर जाम की स्थिति शुरू हो गई। दोपहर होते-होते वाहन रेंगते नजर आए।

राजी चौराहा निवासी रामेंद्र सिंह ने घंटाघर पर बताया कि वे मेडिकल कॉलेज में अपने बच्चे की दवा लेने जा रहे हैं। चांदपुरा से घंटाघर पहुंचने में 15 मिनट लग गए। जाम को देखकर लग रहा है कि अस्पताल पहुंचने में अभी आधा घंटा तो लग ही जाएगा। पीपल तिराहे पर मौजूद सचिन ने बताया कि यहां हर रोज सुबह से लेकर शाम तक जाम लगा रहता है। पीपल तिराहा से घंटाघर तक ढाई-तीन सौ मीटर में कभी-कभी 20 मिनट तक लग जाते हैं। इसी तरह जाम में फंसे रायपुर राजा निवासी मुवीन ने बताया कि डिगिहा तिराहा से अस्पताल चौराहा तक पहुंचने में 15 मिनट लग गया। वहीं बस स्टेशन के पास भी लगे जाम से लोग पूरा दिन परेशान रहे।



बहराइच में अस्पताल चौराहे के पास लगे जाम में फंसे वाहन। -संवाद

### नियमों का पालन कर जाम से बचें

शहर में यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस कर्मी भी तैनात रहते है। सड़क पर चलने वाले वाहन सवार भी नियमों का पालन करे जिससे जाम की समस्या दूर की जा सके।

**-कुवंर ज्ञानजंय सिंह,** एएसपी नगर

# पब्लिक की पहली पसंद बने दद्दन, हेमंत फिसड्डी

**बहराइच।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन द्वारा चलाए जा रहे पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम में जरवलरोड थाना प्रभारी को पहला स्थान मिला है। वहीं दरगाह थाना प्रभारी हरेन्द्र मिश्रा को इस सूची में दूसरा स्थान मिला है। जून महीने की इस रेटिंग में जनता ने नानपारा कोतवाल की कार्यशैली पर उन्हें सबसे कम मत दिए हैं और यह सूची में फिसड्डी साबित हुए हैं।

सभी थाना प्रभारियों को फरियादियों के साथ बेहतर संवाद करने की नसीहत के साथ हर माह जनता से राय भी ली जाती है। जून में जनता द्वारा दी गई रेटिंग में जरवलरोड थाना प्रभारी दद्दन सिंह 80.90 प्रतिशत मत पाकर सूची में अव्वल रहे। दरगाह थाना प्रभारी को दूसरा, रामगांव थाना प्रभारी अमितेन्द्र सिंह को तीसरा तो हुजूरपुर थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह चौथा स्थान मिला है। नानपारा कोतवाल हेमंत कुमार फिसड्डी साबित हुए हैं। उन्हें 47.63 प्रतिशत मतों के साथ 23वां स्थान मिला है। रानीपुर थाना प्रभारी आरके पांडेय 22वें और हरदी थाना प्रभारी रहे अंजनि कुमार राय को 21वां स्थान मिला है। -संवाद

# हत्या आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**बहराइच।** हत्या आरोपी की तरफ से प्रस्तुत की गई जमानत अर्जी सुनवाई के बाद न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश राम प्रकाश पांडेय की कोर्ट ने खारिज कर दी। शासकीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी पवन निवासी ग्राम चहलवा थाना सुजौली के खिलाफ वर्ष 2021 में हत्या के आरोप का एक मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसी मामले में आरोपी की तरफ से कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने इसका विरोध किया। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी को जमानत देने से इंकार कर अर्जी निरस्त कर दी। संवाद

# पुलिस ने प्रदर्शन रोकवाया

**खैरीघाट (बहराइच)।** शिवपुर ब्लॉक से दो सौ मीटर दूर पर बिना अनुमति प्रधानों के प्रदर्शन को पुलिस ने हटवा दिया। मंगलवार को प्रधानों ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। चेतावनी दी थी कि अगर बीडीओ का स्थानांतरण नही हुआ तो बृहस्पतिवार से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। बृहस्पतिवार को धरना-प्रदर्शन के लिए लोग मौके पर पहुंच गए। तभी पहुंची पुलिस ने चुनाव आचार संहिता का हवाला देते हुए प्रशासन से अनुमति लेने के बाद प्रदर्शन करने की हिदायत दी। प्रधानों ने प्रक्रिया शुरू की और बिना अनुमति के बैनर व ध्वनि विस्तारक यंत्र लगा कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी प्रदर्शन स्थल पहुंचे और बैनर व ध्वनि विस्तारक यंत्र को हटवाते हुए धरना-प्रदर्शन रुकवा दिया। -संवाद

## ई-रिक्शा पलटा, चार घायल

**नवाबगंज।** नानपारा-नवाबगंज मार्ग पर बृहस्पतिवार दोपहर नानपारा की ओर से सवारियों को लेकर एक ई-रिक्शा नवाबगंज की ओर आ रहा था। अवधूत गांव के पास सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। हादसे में ई- रिक्शा सवार नवाबगंज हरिहरपुर निवासी पहाड़ी (35), ई-रिक्शा चालक ओमकार (28), शाकरून (25) व श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर निवासी ननके खान (55) घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल भेजवाया। -संवाद

## दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

**पयागपुर।** अपहरण के बाद किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बनियागांव निवासी आरोपी विकास पर किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज था। बृहस्पतिवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पटिहाट मोड़ से दबोच कर जेल भेज दिया। -संवाद

## रामनरेश हत्याकांड में एक और गिरफ्तार

**बहराइच।** रिसिया थाना क्षेत्र निवासी रामनरेश की उसके ही बहनोई व भांजों ने भाला मार कर हत्या कर दी थी। प्रकरण में रिसिया पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। प्रकरण के एक आरोपी कृपाराम को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। इससे पूर्व पुलिस इस मामले में आरोपी चिरई व दिलीप को बीते बुधवार को दबोच चुकी है। (संवाद)

# तेंदुए के हमले में किशोरी घायल, हालत गंभीर



तेंदुए के हमले में घायल बन्नो ● जागरण

**संसू, मिहींपुरवा/मोतीपुर(बहराइच) :** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मोतीपुर वन क्षेत्र के गुलरा बक्सहिया गांव में तेंदुए के हमले में 15 वर्षीय किशोरी घायल हो गई।

जगदीश की 15 वर्षीय पुत्री सायरा बानो उर्फ बन्नो जंगल से सटे अपने खेत की रखवाली करने जा रही थी, तभी झाड़ियों से निकल कर आए तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। चीख सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे। तेंदुए के जबड़े में किशोरी को देख ग्रामीणों ने हांका लगाया। इसके बाद तेंदुआ भाग गया। किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर लाया गया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया। वन क्षेत्राधिकारी मोतीपुर एसके तिवारी ने बताया कि परिवारजन को वन विभाग की ओर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# मुख्यमंत्री को वादा याद दिलाने के लिए ब्लाक मुख्यालयों पर प्रदर्शन

## ग्राम रोजगार सेवकों ने बीडीओ को सौंपा आठ सूत्री मांगपत्र

संसू, बहराइच : मुख्यमंत्री को वादा याद दिलाने के लिए रोजगार सेवकों ने ब्लाक मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया। फखरपुर, नवाबगंज, बलहा, तेजवापुर एवं महसी ब्लाक मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर कई ब्लाकों में मांगपत्र सौंपा गया।

ज्ञापन में हिमाचल, राजस्थान, मध्य प्रदेश की तरह वेतनमान/मानदेय में बढ़ोतरी करने, ग्राम विकास अधिकारी भर्ती में 50 प्रतिशत कोटा निर्धारित करने, ग्राम रोजगार सेवक से मूल ग्राम पंचायत के साथ-साथ रिक्त ग्राम पंचायतों में कार्य लिए जाने एवं मनरेगा की यूजर आइडी पासवर्ड सिर्फ ग्राम रोजगार सेवक को ही दिए जाने की मांग शामिल है। इसके अलावा कोविड के अलावा दुर्घटना में मृतक के आश्रित को सेवा में समायोजित करने, ईपीएफ कटौती की धनराशि मनरेगा कर्मचारियों के यूएएन खाते में भेजे जाने, नियमित कर राज्य कर्मचारी का दर्जा देने के साथ ग्राम विकास सहायक पदनाम किए जाने, पूर्व वित्तीय वर्षों का बकाया मानदेय दिलाए जाने की मांग शामिल रही।



तेजवापुर ब्लाक परिसर में बीडीओ अजय प्रताप सिंह को मांग पत्र सौंपते उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार संघ के पदाधिकारी ● जागरण

**महसी/ तेजवापुर:** जिलाध्यक्ष विद्याधर वाजपेयी ने कहा कि चार अक्टूबर 2021 को डिफेंस एक्सपो वृंदावन कालोनी लखनऊ में आयोजित मनरेगा कार्मिकों के सम्मेलन की घोषणाओं पर शासन स्तर से कोई निर्णय नहीं लिया गया। ग्राम रोजगार सेवक संघ के पदाधिकारियों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री को संबोधित आठ सूत्री मांगपत्र बीडीओ तेजवापुर अजय प्रताप सिंह को सौंपा। घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने व मांगपत्र में शामिल मांगों का समाधान करने की मांग की। इस मौके पर पंकज कुमार आर्य, दिलीप कुमार, अंकित यादव, गिरिजा शंकर, अयूब, अरविंद, अमिरका, श्रवण सिंह समेत संगठन पदाधिकारी शामिल रहे।

# दिनदहाड़े बहन की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**जासं, बहराइच :** विश्राम गांव में विवाद के दौरान बीच-बचाव करने आई किशोरी की हत्या कर फरार होने वाले चचेरे भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपित के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम उसकी तलाश में छापेमारी कर रही थी।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के विश्राम चमारनपुरवा निवासी ननकू और उनके भाई कुन्नी प्रसाद के बीच रविवार देर शाम विवाद हो गया था। मामला तूल पकड़ने पर बीच-बचाव कराने ननकू की बेटी अनीता आ गई। इससे नाराज चचेरे भाई श्रीराम ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से वह जख्मी हो गई। उसे जब तक अस्पताल ले जाने की तैयारी की जाती, तब तक उसकी मौत हो गई। मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर श्रीराम के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। गुरुवार को निरीक्षक मुहम्मद अफजल खान, उप निरीक्षक मनोज कुमार राव, हेड कांस्टेबल मुलायम यादव, रविशंकर पांडेय, रमाकांत सिंह और दीपक यादव की टीम ने आरोपी श्रीराम उर्फ जीवा को गोपिया बैराज के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त चाकू को पुलिस ने बरामद कर सीज कर दिया है।

# हत्थे नहीं चढ़े आरोपित, कुर्की को चस्पा की नोटिस

बहराइच। मारपीट व धमकी के मामले में लंबे समय से पुलिस पकड़ से दूर गुलरा टेपरा गांव के आठ आरोपितों के घर बुधवार को पुलिस ने डुगडुगी पिटवाकर नोटिस चस्पा किया है। चार सितंबर तक न्यायालय में सपर्मण न करने पर संपत्ति कुर्क करने की चेतावनी दी गई है। प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर बुधवार को उप निरीक्षक मंतराम सहित टीम को गांव भेजा गया। पुलिस टीम ने आरोपी ग्रामीणों के घर नोटिस चस्पा किया।

हिन्दुस्त

# अनियंत्रित ई रिक्शा पलटा, सात घायल

नवाबगंज। नानपारा की तरफ से सवारियों को लेकर आ रहा ई रिक्शा अवधूत गांव व मगंली नाथ के बीच मे सामने आ रहे बाइक को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर मार्ग के किनारे खड्ड में पलट गया। ई रिक्शा में बैठे नवाबगंज हरिहरपुर के पहाड़ी, ई रिक्शा चालक ओमकार शाकरून , श्रावस्ती के मल्हीपुर निवासी ननके खान जो अपनी ससुराल नवाबगंज बंवहरिया से अपने घर जा रहे थे। घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय पीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# बारिश में गिरी दीवार, बचे परिजन

बहराइच। गुरुवार को मिहींपुरवा नगर पंचायत के वार्ड 13 नयापुरवा के पारसनाथ का मकान की दीवार भरभरा कर गिर गई। आवाज सुनकर घर के लोग बाहर निकल आए। पीड़ित ने बताया कि पीएम आवास योजना के लिए कई बार आवेदन किया गया, लेकिन अभी तक लाभ नहीं मिला।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-25-08-2023

# मारपीट के दोषी दंपती को ढाई साल की जेल

श्रावस्ती। सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम फत्तेहपुर में 13 साल पहले अनुसूचित जाति के एक युवक के साथ हुई मारपीट के मामले में अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश एससी एसटी कोर्ट उमेश कुमार ने आरोपी दंपती को दोषी करार देते हुए ढाई साल की जेल के साथ ही तीन हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

**13 साल पहले के मामले में एससी-एसटी कोर्ट का आदेश**

अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता प्रेम कुमार मिश्रा ने बताया कि सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम फत्तेहपुर निवासी अनुसूचित जाति की ललिता देवी ने 10 मार्च 2010 को सिरसिया थाने में गांव के ही जगतराम पुत्र रामविलास व उसकी पत्नी रूपरानी के खिलाफ अपने पति को पीटने व जाति सूचक गाली देने का आरोप लगाया था।

विवेचना के बाद सिरसिया पुलिस ने 7 जुलाई 2010 को दंपती के खिलाफ मारपीट व एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में न्यायालय पर आरोप पत्र दाखिल किया था। कोर्ट ने आरोपी दंपती को मारपीट करने का दोषी मानते हुए बृहस्पतिवार को वाद का निस्तारण करते हुए सजा सुनाई। (संवाद)

# चरस तस्कर की जमानत अर्जी खारिज

श्रावस्ती। भिनगा कोतवाली पुलिस ने लालपुर महरी निवासी उमेश पासवान को पतिझिया मोड़ के पास एक किलो चरस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिसकी ओर से विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस की अदालत में जमानत प्रार्थना पत्र पेश किया गया था। जिसका विशेष अभियोजक द्विजेंद्र कुमार मिश्रा व अरूण कुमार सिंह ने विरोध किया। इसके बाद बृहस्पतिवार को अपर जिला जज सुदामा प्रसाद ने आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है। (संवाद)

# पति-पत्नी को ढाई महीने का कारावास

श्रावस्ती। सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर निवासी जगत राम पुत्र राम बिलास यादव व पत्नी रुपरानी के विरुद्ध मारपीट करने व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के आरोप में सात जुलाई 2010 को एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामला न्यायालय में विचाराधीन था। जिसमें न्यायालय की ओर से दोनों को दो माह छह माह की कठोर कारवास की सजा सुनाई गई। साथ ही तीन हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया गया।

# एसपी ने सुनी पीड़ितों की परेशानी

**श्रावस्ती।** आम लोगों की समस्या सुनने के लिए एसपी कार्यालय में बृहस्पतिवार को एक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता एसपी प्राची सिंह ने करते हुए पीड़ितों की परेशानी को सुनकर उन्हें समयबद्ध स्तर पर निस्तारित कराने का निर्देश संबंधित जिम्मेदारों को दिया। इस दौरान ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र से बाईस पीड़ितों ने अपनी समस्याएं पुलिस को बताई। इसमें से दस मामले भूमि विवाद से तो चार पारिवारिक विवाद व आठ अन्य विवाद से संबंधित थे। (संवाद)

# पुलिस ने परखी बैंकों की सुरक्षा

**श्रावस्ती।** बैंकों की सुरक्षा जांचने के लिए पुलिस ने बृहस्पतिवार को विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सभी थानों के वरिष्ठ उप निरीक्षकों ने बैंकों में मौजूद सीसीटीवी, सायरन सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों की क्रियाशीलता को परखा। एसपी प्राची सिंह ने बताया कि बैंक परिसर में होने वाली टप्पेबाजी व धोखाधड़ी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए ही सभी थाना के प्रभारियों को अपने अपने कार्यक्षेत्र में संचालित बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था परखने का निर्देश दिया गया था। (संवाद)

# महिला सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

**श्रावस्ती।** महिला में सुरक्षा की जागरूकता के लिए पुलिस ने बृहस्पतिवार को कई स्थानों पर चौपाल का आयोजन किया। महिला पुलिस की शक्ति मोबाइल टीम ने जगतजीत व जेतवन इंटर कॉलेज इकौना में जुटी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह महिला हिंसा व छेड़छाड़ की घटना पर चुप्पी कदापि न साधे। इसके खिलाफ अपनी आवाज मुखर करें। (संवाद)